दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित

वर्ष 41 | चंडीगढ़, सोमवार, 06 अप्रैल, 2026 | बैशाख कृष्ण पक्षः चतुर्थी-विक्रमी संवत-2083 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 94 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12

अधिकतम 28 डिग्री से.
न्यूनतम 18 डिग्री से.
सूर्योदय 6.07
सूर्यास्त 6.44
सोना 24 कैरेटः 1,51,080.00
चांदी (प्रति किलो): 2,50,000
सेंसेक्स : 73.319.55
अमेरिका : 92.74
कैनेडियन : 66.79
आस्ट्रेलिया : 64.24

बातों बातों में मन की बात
उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि
बहुत मुश्किल नहीं है, जिंदगी की सच्चाई समझना, जिस तराजू पर दूसरों को तौलते हैं, उस पर कभी खुद बैठ कर देखिए।

न्यूज ब्रीफ

सरकार की अपील ऑनलाइन ही बुक करायें सिलेंडर

नई दिल्ली। ऑनलाइन बुकिंग के बढ़ने के बावजूद रसोई गैस वितरण एजेन्सियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों को देखते हुए सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन माध्यम से ही एलपीजी सिलेंडर बुक करायें और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जायें। पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने रविवार को एक बार फिर दोहराया कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति के प्रभावित होने के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की सुचारु और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठा रहा है।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने जैतो को दी 28.68 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात

जैतो के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर को 30 बिस्तरों वाले अस्पताल में किया जाएगा अपग्रेडः मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

फरीदकोट, 5 अप्रैल। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को राज्य भर में विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए फरीदकोट के जैतो में 28.68 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें कम्युनिटी हेल्थ सेंटर को 30 बिस्तरों वाले अस्पताल में अपग्रेड करना तथा पीने के साफ पानी और खेल ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश शामिल है। उन्होंने कहा कि 2022 में 'झाड़ू' (आप का चुनाव चिन्ह) के लिए लोगों के जनादेश ने शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के सपनों को साकार करने की नींव रखी, जो अब पूरे हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 'आप' के शासन मॉडल की तुलना विपक्षी दलों से करते हुए कहा कि जहां 'आप' साफ पानी, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और महिलाओं को आर्थिक सहायता दे रही है, वहीं पारंपरिक पार्टियां हमेशा लोगों की सेवा करने में विफल रही हैं। उन्होंने भाजपा, कांग्रेस और अकाली दल पर तीखा हमला बोलते हुए उनके शासनकाल पर सवाल उठाए और उन पर भाई-भतीजावाद तथा आपराधिक तत्वों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने बढ़ती गरीबी और मुश्किलों के लिए केंद्र सरकार को भी जिम्मेदार ठहराया। 13 अप्रैल को बैसाखी के दिन होने वाले विशेष सत्र में एक साल तक कोई जमानत न देने और उम्रकैद की सजा का प्रावधान रखने वाला सख्त बेअदबी विरोधी कानून बनाने की घोषणा करते हुए भगवंत सिंह मान ने 2027 के चुनावों को अपनी सरकार के पक्ष में स्पष्ट माहौल बताया। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस का संबंध शुरू से ही सिख विरोधी दंगों से जुड़ा रहा है, वहीं अकाली दल अपने काले कारनामों के कारण पूरी तरह बदनाम हो चुका है और केवल उनकी 'आप' पार्टी ही बेहतर शासन-आधारित एकमात्र विकल्प है, जो रंगला पंजाब बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

जैतो की धरती ने हमेशा इतिहास रचा

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि जैतो की धरती ने हमेशा इतिहास रचा है, जिसे उनकी पार्टी सलाम करती है। उन्होंने कहा कि साहित्य हो या संघर्ष, जब भी किसी क्षेत्र में जरूरत पड़ी, जैतो हमेशा आगे बढ़कर सबसे आगे खड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अकालियों को दी गई हर वोट गुरु और गुरबाणी की बेअदबी के पक्ष में फैसला होगी। उन्होंने कहा कि अकालियों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी कर हर व्यक्ति की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अकालियों ने महान गुरुओं की बाणी का अपमान किया और बहिबल कलां तथा बरगाड़ी में निर्दोष लोगों पर गोली चलाने का आदेश दिया था। उन्होंने कहा कि अकालियों ने श्री अकाल तख्त साहिब का भी गंभीर अपमान किया है। उन्होंने आगे कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदारों की नियुक्ति भी अकालियों की मनमानी से होती है, जो पंजाब के लोगों के साथ अन्याय है।

बेअदबी और निर्दोष मारे गए लोगों के मुद्दों पर चुप्पी साध लेते हैं पूर्व सीएम

विकास के दावों का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दावा करते हैं कि उनके शासनकाल में राज्य में बड़े पैमाने पर विकास हुआ, लेकिन कोटकपूरा, बहिबल कलां और अन्य स्थानों पर जहां श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी हुई और निर्दोष मारे गए, उन मुद्दों पर वे चुप्पी साध लेते हैं। अकाली दल की 'पंजाब बचाओ यात्रा' पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस यात्रा का असली नाम 'परिवार बचाओ यात्रा' होना चाहिए। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अकाली नेता यह स्पष्ट करें कि 15 वर्षों तक राज्य को लूटने के बाद अब वे किससे पंजाब को बचाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अकालियों ने राज्य को बेरहमी से लूटा और पंजाबियों की मानसिकता को भावनात्मक रूप से कुचला। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न माफियाओं को संरक्षण दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अकाली नेतृत्व को कभी माफ नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे कई पीढ़ियों के विनाश के लिए जिम्मेदार हैं। उनके लंबे कुशासन के दौरान नशे का व्यापार बड़े पैमाने पर बढ़ा-फूला। उन्होंने आगे कहा कि इन नेताओं के हाथ लाखों युवाओं के खून से रंगे हुए हैं, जो इन नेताओं के सरकारी वाहनों के जरिए राज्य में सप्लाई किए जाने वाले नशों का शिकार हुए। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के पाप माफ नहीं किए जा सकते और अकालियों को उनके कुकर्मों की लंबी सूची के लिए लोग कभी भी माफ नहीं करेंगे।

कांग्रेस में हर नेता राज्य का मुखिया बनना चाहता है

कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि कांग्रेस में हर नेता राज्य का मुखिया बनना चाहता है। उनके पास कार्यकर्ताओं से ज्यादा मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उनके शीर्ष नेता ने हाल ही में एक रैली के दौरान उन्हें सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस एक विभाजित पार्टी है, जो आंतरिक खींचतान के कारण बिखरने के कगार पर है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उन्हें एकजुट करने के लिए भेजे गए नेताओं को उनके नाम तक सही से बोलना नहीं आता।

2027 के चुनाव में लोगों के पास चुनने के लिए तीन कलमें होंगी

2027 के चुनाव की रूपरेखा के बारे में बताते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि लोगों के पास चुनने के लिए तीन कलमें होंगी। उन्होंने कहा कि पहली कलम कांग्रेस की है, जिसकी स्याही श्री हरिमंदिर साहिब पर हमले, 1984 के दंगों और अन्य सिख-विरोधी रुख का प्रतीक है। इसी तरह दूसरी कलम अकालियों की है, जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की स्याही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि तीसरी कलम आप की है, जो जन-हितैषी और विकासशील पहलों के जरिए राज्य को फिर से रंगला पंजाब बनाकर इसकी शान बहाल कर रही है।

चंडीगढ़ स्थित पंजाब बीजेपी हैड-क्वार्टर पर ग्रेनेड अटैक मामला, डीजीपी गौरव यादव ने दी जानकारी

दो मुख्य आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार, अब तक 7 गिरफ्तारियां

- आईएसआई समर्थित विदेशी हैंडलरों ने वारदात को अंजाम देने के लिए 2 लाख रुपये के इनाम का किया था वादा
- आरोपी अमनप्रीत सिंह ने फेंका था ग्रेनेड, गुरतेज सिंह ने अपने मोबाइल फोन पर वारदात की थी रिकॉर्डिंग

अर्थ प्रकाश/ रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चंडीगढ़ ग्रेनेड हमले के मामले में कार्रवाई जारी रखते हुए पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने चंडीगढ़ पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन और हरियाणा पुलिस की सहायता से दो मुख्य आरोपियों-जिन्होंने चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय के बाहर हैंड ग्रेनेड फेंका था-को हरियाणा के रेवाड़ी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान गुरतेज सिंह और अमनप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो दोनों रूपनगर जिले के रतनगढ़ के निवासी हैं। आरोपी अमनप्रीत सिंह का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ एसएएस नगर और हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में चोरी और लूट के मामले दर्ज हैं। यह कार्रवाई इस मामले में शामिल पांच अन्य आरोपियों-बलविंदर लाल उर्फ शमी, जसवीर सिंह उर्फ जस्सी, चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी, रूबल चौहान और मनदीप उर्फ अभिजोत शर्मा-की गिरफ्तारी के एक दिन बाद की गई, जिनके पास से एक हैंड ग्रेनेड और एक .30 बोर जिगाना पिस्तौल बरामद की गई थी।

डीजीपी गौरव यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि इन ताजा गिरफ्तारियों के साथ इस मामले में शामिल सभी सात आरोपी अब पुलिस हिरासत में हैं। इस दौरान एडीजीपी काउंटर इंटेलिजेंस अमित प्रसाद, एडीजीपी आंतरिक सुरक्षा एस.के. वर्मा, आईजीपी इंटेलिजेंस डॉ. सुखचैन सिंह गिल और एआईजी एसएसओसी एसएएस नगर दीपक पारिक भी मौजूद थे।

हरजीत सिंह लाडी ने 2 लाख के ईनाम का लालच देकर करवाया था हमला

डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को पुर्तगाल स्थित आईएसआई समर्थित विदेशी हैंडलर बलजोत सिंह उर्फ जोत और जर्मनी से हरजीत सिंह लाडी द्वारा 2 लाख रुपये के इनाम का लालच देकर इस हमले को अंजाम देने के लिए उकसाया गया था। उन्होंने कहा कि विदेशी हैंडलरों के निर्देश पर आरोपियों ने इस हमले की योजना बनाई और इसे अंजाम देने के लिए कई स्तरों (कटआउट्स और सब-मॉड्यूल) का इस्तेमाल किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी गुरतेज सिंह ने खुलासा किया कि वह लगभग छह महीने पहले सोशल मीडिया के माध्यम से एक विदेशी हैंडलर के संपर्क में आया था। उसके निर्देश पर गुरतेज ने अपने साथियों रूबल चौहान और मनदीप उर्फ अभिजोत शर्मा के साथ मिलकर 28 मार्च 2026 को एसबीएस नगर के गांव भरापुर में जसवीर उर्फ जस्सी से हथियार और ग्रेनेड की खेप प्राप्त की थी और बाद में अमनप्रीत सिंह को साथ लेकर वारदात को अंजाम दिया। डीजीपी के अनुसार, 1 अप्रैल को रेकी करने के बाद अमनप्रीत सिंह ने ग्रेनेड फेंका, जबकि गुरतेज सिंह ने हैंडलर के निर्देशानुसार इस पूरी घटना को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। डीजीपी गौरव यादव ने चंडीगढ़ और हरियाणा के डीजीपी का धन्यवाद करते हुए इस पूरे मामले का पर्दाफाश करने और आरोपियों को पकड़ने में चंडीगढ़ पुलिस और हरियाणा पुलिस की एसटीएफ की अहम भूमिका की सराहना की।

दावा

गुवाहाटी स्थित राजीव भवन में मुख्यमंत्री ने की प्रेस वार्ता

असम में भाजपा सरकार के इरादे इस बार सफल नहीं होंगेः सुक्खू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला/गुवाहाटी। असम की राजधानी गुवाहाटी स्थित राजीव भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने असम की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि असम में भाजपा सरकार, प्रदेश की संपदा को नुकसान पहुंचाने वाले फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि असम सरकार ने अडानी पावर के साथ 6000 मेगावाट विद्युत उत्पादन का समझौता किया है, जो असम की जनता के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि पावर परचेज एग्रीमेंट 6.30 रुपये प्रति यूनिट की दर पर किया गया है, जबकि सौर ऊर्जा परियोजनाओं से बिजली 2.50 से 3 रुपये प्रति यूनिट के बीच उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इस समझौते में अनियमितताओं की आशंका है और इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि असम में कांग्रेस की सरकार बनने पर ऐसे सभी मामलों की जांच करवाई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

सुक्खू ने कहा कि पिछले दस वर्षों से असम में भाजपा सत्ता में है, लेकिन इसके बावजूद राज्य की अर्थव्यवस्था और रोजगार के मोर्चे पर अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावों में जाति और धर्म के आधार पर राजनीति करती रही है, लेकिन इस बार जनता उनके झांसे में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा अपने राजनीतिक इरादों में सफल नहीं होगी। हिमाचल प्रदेश का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 2.83 लाख रुपये हो गई है, जो राष्ट्रीय औसत से लगभग 64 हजार रुपये अधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य में 125 यूनिट तक दो मीटरों पर मुफ्त बिजली दी जा रही है, जबकि अति गरीब परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरडीजी के रूप में हिमाचल प्रदेश के लोगों को मिलने वाली 8-10 हजार करोड़ रुपये वार्षिक सहायता को बंद किया गया है, लेकिन इसके बावजूद वित्तीय अनुशासन के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में साक्षरता दर उच्च है और शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से सुधार किया जा रहा है। पर्यटन क्षेत्र में भी बेहतर कार्य हो रहा है। अनाथ बच्चों को ÷चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट÷ घोषित कर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी सरकार ने ली है। साथ ही, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की गई है।

पंजाब के सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक बनाने की ओर बड़ा कदम

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान 6 अप्रैल को पीआरटीसी की 100 नई बसों को दिखाएंगे हरी झंडी: चीमा

भगवंत मान सरकार द्वारा पी.आर.टी.सी. के बेड़े में 100 मिडी और 309 साधारण बसें शामिल करने के लिए 125 करोड़ रुपये का निवेश

परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा पी.आर.टी.सी. के लिए 125 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट की रूपरेखा पेश, साथ ही किलोमीटर स्कीम के तहत 254 बसें चलाई जाएंगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। पंजाब के सार्वजनिक परिवहन बुनियादी ढांचे का कायाकल्प करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान 6 अप्रैल, 2026 को पेप्सू रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (पी.आर.टी.सी.) की 100 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जो आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की पूरे सूबे में आधुनिक, कुशल और सुलभ आवागमन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

इस पहल पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए, पंजाब के वित्त और परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि भगवंत मान सरकार सार्वजनिक परिवहन बुनियादी ढांचे को पुनर्जीवित करने और पूरे पंजाब के लोगों के लिए एक भरोसेमंद और सुलभ परिवहन नेटवर्क सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा, 'इन बसों को हरी झंडी दिखाना इस दिशा में सरकार के निरंतर प्रयासों का स्पष्ट प्रमाण है।'

पी.आर.टी.सी. के आधुनिकीकरण अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, 'पंजाब सरकार कुल 100 मिडी और 309 साधारण बसों की खरीद के लिए लगभग 125 करोड़ रुपये का पूंजीगत निवेश कर रही है, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से बेड़े में शामिल किया जाएगा। सार्वजनिक परिवहन की बढ़ती मांग को तेजी से पूरा करने और कॉर्पोरेशन की परिचालन क्षमता को और बढ़ाने के लिए, पी.आर.टी.सी. किलोमीटर स्कीम के तहत 254 अतिरिक्त साधारण बसें भी चलाई जाएंगी।' उन्होंने कहा कि यह रणनीतिक कदम मुख्य मार्गों पर कुशल सेवा प्रदान करने को सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है।

किलोमीटर स्कीम वाली बसों को शामिल करके आवागमन प्रबंधन को भविष्य की जरूरतों के अनुसार सक्रिय रूप से तैयार कर रही पंजाब सरकार

परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आगे कहा, 'पी.आर.टी.सी. और पनबस के बेड़े में एक हजार से अधिक नई और किलोमीटर स्कीम वाली बसों को शामिल करके, राज्य सरकार पंजाब के आवागमन प्रबंधन को भविष्य की जरूरतों के अनुसार सक्रिय रूप से तैयार कर रही है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि यह विस्तार भगवंत मान सरकार की सार्वजनिक बेड़े के आधुनिकीकरण और सार्वजनिक परिवहन को यात्रा के भरोसेमंद साधन के रूप में मजबूत करने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, 'इस पहल का उद्देश्य न केवल बेहतर संपर्क के माध्यम से आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाना है, बल्कि पूरे पंजाब में यात्रियों के आराम और सड़क सुरक्षा को भी प्राथमिकता देना है।'

परिवहन के विकास के बारे में व्यापक रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए, वित्त मंत्री ने पनबस के लिए एक महत्वाकांक्षी विस्तार योजना भी साझा की। उन्होंने कहा, 'सरकार द्वारा पनबस के बेड़े में कुल 606 बसें शामिल करने की योजना है। इस व्यापक योजना में 387 नई बसें शामिल हैं, जिन्हें सीधे तौर पर बेड़े में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, किलोमीटर स्कीम के तहत, पनबस 19 वोल्वो बसें, 100 एच.वी.ए.सी. बसें और 100 साधारण बसें शामिल करेगी।'

सीमा पार से नशा तस्करी मॉड्यूल से जुड़े दो व्यक्ति 4.13 किलो हेरोइन सहित अमृतसर से गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपी यूरोप-आधारित हैंडलरों और जेल में बंद गुर्गों के सीधे संपर्क में थे: डीजीपी गौरव यादव

आगे की जांच जारी; और गिरफ्तारियां व बरामदगियां होने की संभावना: सीपी अमृतसर गुरप्रीत भुल्लर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अमृतसर, 5 अप्रैल। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने दो आरोपियों को 4.13 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार कर सीमा पार से चल रहे नशा तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान कपूरथला, फगवाड़ा के पलाही गेट निवासी आतिश सुमन (22) और अमृतसर के गांव बोपाराय कलां निवासी स्विंदर सिंह उर्फ सुंदरी (28) के रूप में हुई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किये गये आरोपी यूरोप-आधारित हैंडलरों और जेल में बंद गुर्गों के सीधे संपर्क में थे, जो सीमा पार से नशे की तस्करी और फिर माझा तथा दोआबा क्षेत्रों में इसकी सप्लाई में उक्त मुलजिमों की मदद करते थे। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के तहत पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

डीजीपी ने कहा कि पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए मामले में आगे-पीछे के संबंधों की जांच की जा रही है। कार्रवाई के विवरण साझा करते हुए पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने आरोपी आतिश सुमन को 220 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था, जिसकी आगे की पूछताछ में 670 ग्राम और हेरोइन बरामद की गई, जिससे उसके पास से कुल 890 ग्राम हेरोइन बरामद हो गयी है।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आतिश सुमन द्वारा किए गए खुलासे के आधार पर पुलिस टीमों ने उसके साथी स्विंदर सिंह उर्फ सुंदरी को भी गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास से 3.24 किलो हेरोइन की बड़ी बरामदगी हुई है। उन्होंने आगे कहा कि इस संबंध में आगे की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां तथा बरामदगी होने की संभावना है। इस संबंध में अमृतसर के पुलिस थाना सुल्तानविंड में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-बी, 21-सी और 29 के तहत एफआईआर नंबर 64 दिनांक 27-03-2026 दर्ज की गई है।

गैंगस्टरों ते वार का 75वां दिन: पंजाब पुलिस ने 527 स्थानों पर की छापेमारी; 241 गिरफ्तार

पुलिस टीमों ने 108 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की, 84 को पूछताछ के बाद रिहा किया

लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर गुप्त रूप से सूचना दे सकते हैं

'युद्ध नशों विरुद्ध' के 400वें दिन 120 नशा तस्कर 1.6 किलोग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक मुहिम 'गैंगस्टरों ते वार' के 75वें दिन पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित 527 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों ते वार' पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही एक व्यापक मुहिम है, जिसकी शुरुआत पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा 20 जनवरी 2026 को की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय में सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं। 75वें दिन पुलिस टीमों ने 9 हथियार बरामद करते हुए 241 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही इस मुहिम के तहत अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 19,115 तक पहुंच गई है। इसके अलावा 108 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 84 व्यक्तियों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पांच भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। जनता से अपील की गई है कि वे एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से गैंगस्टरों और वांछित अपराधियों के बारे में जानकारी साझा करें। इसी दौरान पुलिस ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 400वें दिन भी कार्रवाई जारी रखते हुए 120 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 1.6 किलोग्राम हेरोइन, 164 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 8,890 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इसके साथ ही पिछले 400 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 57,169 हो गई है। नशा मुक्ति अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज 27 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना ने 2 लाख परिवारों को आर्थिक बर्बादी से बचाया: डॉ. बलबीर सिंह

लाइफलाइन डायलिसिस पर मौजूद 68,000 से अधिक गुर्दा रोगियों सहित कैंसर, हृदय रोग और लकवा के मामलों को पूरी तरह कवर किया गया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में शुरू की गई 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा दे रही है। इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी व्यक्ति का इलाज उसकी आर्थिक स्थिति पर निर्भर न हो। नवजात शिशुओं की गंभीर देखभाल से लेकर जटिल सर्जरी और दीर्घकालिक बीमारियों के उपचार तक, यह योजना लाखों परिवारों को समय पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह के अनुसार, इस योजना ने अब तक 2 लाख से अधिक परिवारों को आर्थिक संकट से बचाया है। कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां परिवारों को भारी खर्च उठाने के बजाय बिना किसी भुगतान के तुरंत इलाज मिल सका। उदाहरण के तौर पर, एम्स बठिंडा में समय से पहले जन्मे एक शिशु, जिसका वजन 1.5 किलोग्राम से कम था, के इलाज पर 4.35 लाख रुपये का खर्च आया, जिसे सरकार ने पूरी तरह वहन किया।

इस योजना के तहत 900 से अधिक सरकारी और निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। अब तक 2 लाख से अधिक उपचार और 40,000 से ज्यादा सर्जिकल प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं, जिन पर 300 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया गया है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि योजना ने आम लोगों को बड़ी राहत दी है।

योजना के अंतर्गत सबसे अधिक लाभ डायलिसिस, कैंसर उपचार, हृदय रोग, ऑर्थोपेडिक सर्जरी और श्वसन रोगों के मरीजों को मिला है।

राज्य में 68,000 से अधिक किडनी रोगियों को नियमित डायलिसिस सुविधा दी जा रही है, जिस पर 14 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए हैं। यह उन गरीब परिवारों के लिए बड़ी सहायता है, जिनके लिए नियमित डायलिसिस का खर्च उठाना मुश्किल होता है।

कैंसर के इलाज में भी इस योजना का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कीमोथेरेपी, रेडिएशन और सर्जरी सहित 14,000 से अधिक मामलों का उपचार किया गया है, जिन पर 35 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हुए हैं। इससे मरीजों को निरंतर और समुचित इलाज मिल रहा है।

हृदय रोगों के इलाज को भी इस योजना के तहत सुलभ बनाया गया है। पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ में 'डबल-स्विच कार्डियक ऑपरेशन' जैसी जटिल सर्जरी, जिसकी लागत निजी अस्पतालों में 5 से 8 लाख रुपये तक होती है, को 4.41 लाख रुपये में पूरी तरह कवर किया गया। अब तक 5,700 से अधिक हृदय रोग उपचार, जिनमें एंजियोप्लास्टी और पेसमेकर प्रत्यारोपण शामिल हैं, इस योजना के तहत किए गए हैं।

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि डायलिसिस, कैंसर और हृदय रोग जैसी बीमारियों में समय पर इलाज बेहद जरूरी होता है।

उन्होंने बताया कि केवल पिछले कुछ महीनों में ही 68,000 से अधिक डायलिसिस सत्रों को वित्तीय सहायता दी गई है, जो हजारों परिवारों के लिए राहत का कारण बना है। इस योजना का एक सकारात्मक प्रभाव यह भी है कि अब लोग समय पर इलाज के लिए आगे आ रहे हैं। पहले आर्थिक तंगी के कारण लोग इलाज टालते थे, लेकिन अब नियमित और फॉलो-अप उपचार में भी वृद्धि देखी जा रही है।

राज्य सरकार लोगों को स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। जमीनी स्तर पर कैंप लगाकर पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाया जा रहा है। कुल मिलाकर, 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' पंजाब में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, सस्ता और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

9-बॉल चैंपियनशिप में नितिन शर्मा की शानदार जीत पर हुआ भव्य स्वागत

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी, 5 अप्रैल। राष्ट्रीय 9-बॉल चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर लौटे युवा खिलाड़ी नितिन शर्मा का शहर में जोरदार और यादगार स्वागत किया गया। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे शहर में उत्साह की लहर दौड़ा दी, मानो किसी त्योहार जैसा माहौल बन गया हो। जैसे ही नितिन अपने घर पहुंचे, बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, स्थानीय लोग और शुभचिंतक उनका स्वागत करने उमड़ पड़े। फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और तालियों की गूंज के बीच उनका भव्य अभिनंदन किया गया। हर किसी के चेहरे पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। नितिन ने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार खेल प्रदर्शन से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके पिता राकेश शर्मा और माता शशि शर्मा इस मौके पर भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, 'नितिन ने दिन-रात मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया है, यह हमारे लिए गर्व और खुशी का पल है।' चैंपियनशिप के दौरान नितिन का प्रदर्शन बेहद दमदार रहा। सेमीफाइनल में उन्होंने 6-रेड स्नूकर के विश्व चैंपियन एस. श्रीकृष्ण को

हराकर फाइनल में जगह बनाई, जो उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा का शानदार उदाहरण है।

फाइनल मुकाबले में उनका सामना 28 बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी से हुआ। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और नितिन ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंत में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हालांकि, उनके खेल ने दर्शकों और विशेषज्ञों को खासा प्रभावित किया और उन्हें एक उभरते सितारे के रूप में देखा जा रहा है। अब नितिन की नजरें अंतरराष्ट्रीय मंच पर हैं। वे जल्द ही विश्व 9-बॉल पूल चैंपियनशिप और प्रो 9-बॉल लीग में हिस्सा लेने की तैयारी कर रहे हैं। नितिन की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि मेहनत, लगन और जुनून से किसी भी सपने को हकीकत में बदला जा सकता है।

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 05:00 PM ONWARDS DATE:05/04/2026

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 RANGER SUNDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 15 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 16.25 Lakhs)

D 72769

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 10,000/- Each)

51964 52146 65883 70571 88535

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- Each)

6570 8374

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- Each)

0950 5181 8343 8703 8764

5th Prize Amount (125) Rs. 1,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- Each)

3744 3828 4364 8148 9969

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs. 570/- Each)

3407 5496 5944 6421 8159

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10 /-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs. 115/- Each)

0004	0005	0006	0045	0079	0096	0099	0103	0110	0152
0162	0165	0179	0180	0195	0201	0231	0232	0234	0235
0242	0279	0287	0303	0316	0329	0346	0359	0361	0362
0371	0379	0397	0425	0427	0436	0446	0482	0484	0531
0535	0610	0615	0617	0636	0641	0666	0681	0690	0721
0723	0732	0760	0765	0791	0807	0813	0825	0847	0851
0852	0855	0864	0883	0907	0925	0951	0962	0965	0983
0984	1006	1007	1014	1015	1025	1032	1037	1053	1055
1061	1075	1100	1110	1113	1143	1145	1167	1173	1183
1197	1199	1202	1237	1239	1241	1251	1267	1327	1332
1341	1354	1410	1411	1416	1436	1439	1460	1473	1488
1522	1525	1559	1565	1615	1625	1635	1649	1671	1673
1681	1690	1692	1693	1703	1705	1721	1725	1726	1745
1751	1761	1781	1782	1785	1789	1808	1809	1815	1820
1833	1835	1839	1843	1851	1853	1855	1880	1885	1908
1914	1930	1940	1946	1951	1957	1964	1995	2010	2014
2020	2042	2046	2066	2069	2076	2117	2118	2137	2153
2167	2173	2188	2195	2213	2232	2236	2241	2243	2254
2266	2268	2296	2303	2307	2310	2336	2342	2349	2355
2359	2384	2390	2435	2462	2465	2517	2555	2557	2572
2617	2623	2630	2650	2653	2655	2666	2673	2676	2679
2683	2688	2696	2704	2711	2715	2728	2734	2753	2761
2762	2773	2783	2808	2838	2847	2854	2875	2890	2907
2925	2931	2948	2952	2958	2967	3000	3019	3021	3034
3037	3042	3046	3072	3080	3095	3115	3136	3140	3148
3157	3165	3201	3246	3258	3259	3268	3270	3283	3312
3389	3403	3432	3464	3466	3479	3485	3495	3499	3509
3519	3530	3537	3540	3571	3572	3581	3588	3591	3629
3643	3652	3683	3685	3690	3716	3747	3755	3757	3767
3772	3789	3798	3800	3805	3815	3832	3867	3894	3903
3915	3938	3956	3965	3977	4001	4012	4018	4041	4055
4082	4100	4122	4145	4168	4178	4183	4204	4214	4228
4232	4243	4245	4252	4260	4302	4322	4343	4350	4358
4369	4421	4458	4473	4481	4511	4516	4520	4524	4546
4571	4586	4609	4615	4643	4688	4700	4701	4714	4722
4728	4742	4759	4766	4781	4786	4803	4812	4814	4834
4861	4862	4924	4925	4928	4943	4955	4956	4978	4989
5003	5009	5032	5053	5065	5067	5072	5097	5102	5113
5210	5214	5238	5260	5271	5274	5275	5288	5296	5302
5312	5324	5326	5388	5392	5405	5406	5414	5418	5440
5444	5465	5470	5475	5477	5507	5511	5515	5523	5564
5574	5577	5620	5630	5641	5652	5728	5742	5756	5803
5819	5831	5852	5864	5920	5956	5982	5983	6001	6004
6006	6012	6020	6021	6026	6041	6047	6050	6062	6076
6083	6087	6092	6108	6125	6151	6167	6183	6184	6186
6202	6230	6235	6250	6265	6288	6293	6300	6302	6312
6325	6365	6403	6406	6412	6450	6475	6482	6502	6547
6566	6582	6584	6631	6685	6686	6708	6717	6719	6740
6767	6791	6812	6813	6824	6831	6841	6844	6847	6874
6877	6880	6881	6886	6894	6921	6924	6926	6956	6964
6966	7019	7040	7079	7113	7123	7134	7171	7191	7202
7239	7256	7265	7272	7279	7308	7348	7359	7400	7406
7435	7493	7549	7581	7601	7629	7651	7652	7660	7686
7702	7710	7714	7736	7737	7759	7788	7812	7815	7823
7826	7830	7860	7875	7884	7896	7911	7927	7964	7971
7981	8019	8042	8071	8084	8091	8100	8117	8123	8129
8133	8138	8141	8142	8147	8166	8192	8223	8238	8239
8263	8276	8305	8347	8357	8358	8375	8408	8452	8459
8483	8499	8510	8511	8523	8534	8541	8563	8570	8578
8611	8659	8670	8696	8719	8721	8733	8738	8742	8755
8757	8761	8763	8768	8787	8790	8812	8820	8824	8829
8834	8870	8881	8886	8889	8891	8898	8914	8949	8950
8952	8954	8958	8964	8979	8997	9011	9036	9039	9055
9074	9076	9139	9144	9152	9159	9198	9200	9202	9214
9217	9218	9219	9230	9233	9240	9257	9262	9263	9268
9283	9333	9359	9364	9370	9375	9405	9425	9434	9436
9444	9445	9461	9490	9497	9517	9523	9531	9548	9550
9602	9615	9636	9645	9656	9695	9701	9703	9714	9723
9733	9743	9746	9752	9757	9758	9764	9795	9800	9812
9819	9821	9823	9870	9883	9900	9903	9912	9923	9938

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Check the final result with Official Gazette Notification

विधायक रंधावा ने किया डेराबस्सी हलके की मंडियों का दौरा

धनौनी, अमलाला, लालड़ू, जड़ौत, तसिंबली, समगौली की अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद शुरू करवाई

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी, 5 मार्च। हलका विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा ने धनौनी, अमलाला, लालड़ू, जड़ौत, तसिंबली और समगौली की अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद प्रक्रिया का शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर उन्होंने गेहूं लेकर आए किसानो को सिरोपाओ पहनाकर सम्मानित किया तथा मुंह मीठा करवाकर खरीद प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत की।

उन्होंने धनौनी मंडी में किसान मेजर सिंह (गांव परागपुर) की एम.एम. ट्रेडर्स तथा किसान राजबीर सिंह पुत्र अमर सिंह की जगन्नाथ पवन कुमार (जे.एन.पी.के.) के माध्यम से बोली लगवाकर खरीद शुरू करवाई।

अमलाला मंडी में किसान सरबजीत सिंह पुत्र सज्जन सिंह की एन.एन. एंटरप्राइजेज में, लालड़ू मंडी में किसान नविंदर कुमार की जूमा राम भगवान दास की दुकान पर, जड़ौत मंडी में किसान गुरलाल सिंह पुत्र बनारसी दास की करण एंटरप्राइजेज में, तसिंबली मंडी में किसान बलजीत सिंह पुत्र संत सिंह की आढ़ती रघुनाथ दास सोहन लाल तथा समगौली मंडी में किसान जय सिंह पुत्र छज्जू सिंह की आढ़ती मंगला ट्रेडिंग कंपनी की दुकान पर खरीद प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान मानवीय संवेदना व्यक्त करते हुए गांव अंताला की सुमन रानी, जिनके पति सुखबीर सिंह की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी, तथा गांव भूखड़ी की रजनी देवी, जिनके पति रणधीर सिंह की खेत में करंट लगने से मृत्यु हो गई थी, को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

इस अवसर पर एस.डी.एम. डेराबस्सी, चेयरमैन मार्केट कमेटी, मंडी सचिव, किसान विंग के पदाधिकारी, नगर काउंसिल प्रधान, गांवों के पंच-सरपंच, ब्लॉक समिति सदस्य, आढ़तीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

फ्री बिजली के दावों पर भारी पड़ रही कटौती: जीरकपुर में रोजाना लंबे पावर कट से लोग बेहाल

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर, 5 अप्रैल। शहर में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। करीब साढ़े छह लाख की आबादी वाला जीरकपुर इन दिनों दिनभर लगने वाले पावर कट से जूझ रहा है। हालात यह हैं कि एक दिन बिजली आती है तो अगले ही दिन लंबी कटौती झेलनी पड़ती है।

लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग पिछले एक सप्ताह से मेंटेनेंस के नाम पर लगातार कटौती कर रहा है। कभी ग्रिड सुधार, कभी खंभे लगाने और कभी तार बदलने के बहाने दिनभर बिजली बंद रखी जा रही है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सरकार द्वारा हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जब महीने में 10 से 15 दिन ही बिजली उपलब्ध हो, तो इस सुविधा का

कोई लाभ नहीं रह जाता। लगातार कटौती के चलते घरों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है और लोगों को दैनिक कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ढकोली निवासी अर्चना ने बताया कि पिछले दो दिनों से पूरे दिन बिजली गुल रहती है, जिससे गर्मी में घरों में रहना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि विभाग को मरम्मत कार्य के लिए हमेशा गर्मी का ही समय क्यों याद आता है। बलटाना के हरमिलाप नगर फेज-1 निवासी बालकिशन सिंह ने बताया कि पूरे सप्ताह कभी खंभे लगाए जा रहे हैं तो कभी नई तारें डाली जा रही हैं, जिससे लगातार बिजली बाधित हो रही है।

माया गार्डन सोसाइटी के निवासी सत्यवान ढांडा ने कहा कि आज के समय में बिजली के बिना घरों का कोई काम संभव नहीं है। पंखा, फ्रिज, पानी की मोटर और इलेक्ट्रिक उपकरण सब बंद हो जाते हैं, जिससे लोगों को भारी दिक्कत होती है।

वहीं, राजेश पठानिया ने विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि कई जगहों पर टूटे खंभों पर ही लाइन चल रही है और तारों का जाल फैला हुआ है, जिससे खतरा बना रहता है।

बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए सरकार ने की करीब साढ़े चार सौ करोड़ रुपये की राशि जारी: रंधावा

डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए सरकार द्वारा करीब साढ़े चार सौ करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इस बजट से खराब ट्रांसफॉर्मर, टूटे खंभे और नीचे लटक रहे तारों को बदला जा रहा है। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा का कहना है कि मरम्मत कार्य तेजी से जारी है और एक सप्ताह के भीतर बिजली कटौती पर काबू पा लिया जाएगा, जिससे लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

किसानों को खरीद के नाम पर गुमराह कर रहा विपक्ष : नायब सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महम में धन्यवाद एवं विकास रैली को किया संबोधित

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक, 5 अप्रैल। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, अब किसानों को खरीद के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। इनके समय में जो भ्रष्टाचार चलता था, वो दुकाने अब बंद हो गई हैं तो इन्हें दर्द हो रहा है, लेकिन मैं, प्रदेश के किसानों को विश्वास दिलाता हूं कि किसानों का एक एक दाना खरीदा जाएगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जिला रोहतक के महम में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली के दौरान उपस्थित जन का अभिवादन करते हुए। साथ में हैं सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा, सांसद श्री रामचंद्र जांगड़ा व अन्य गणमान्य। (05.04.2026)

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी रविवार को महम में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 202 करोड़ 77 लाख रुपये लागत की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए हैं। मुख्यमंत्री ने हलके के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की, साथ ही रैली संयोजक एवं राज्यसभा सांसद श्री रामचंद्र जांगड़ा द्वारा रखे गए मांग पत्र की सभी मांगों का अवलोकन करवाने उपरांत लागू करवाने का आश्वासन भी दिया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि महम की धरती हरियाणा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मानचित्र पर एक विशेष स्थान रखती है। महम की धरती लोकतांत्रिक मूल्यों, राजनीति, परंपरा और सामाजिक चेतना का एक सशक्त केंद्र है। हम सब जानते हैं कि महम चौबीसी के चबूतरे पर लिए गए फैसलों ने हमेशा समाज को दिशा दी है। यह सामूहिक नेतृत्व, भाईचारे, न्याय और जनमत की शक्ति का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को धरातल पर उतारा है। सरकार ने विकास करते समय इस बात का ध्यान नहीं रखा कि वह क्षेत्र हमारी पार्टी के विधायक का है अथवा विपक्ष के विधायक का। इसका प्रमाण यह है कि सरकार ने महम हलके में विकास कार्यों पर पिछले साढ़े 11 वर्षों में 1 हजार 328 करोड़ रुपये खर्च किए हैं,जबकि, कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में मात्र 584 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। इनमें से भी काफी पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया था।

गेटपास के नाम पर विपक्षी गुमराह कर रहे: मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को विपक्ष द्वारा गेट पास के नाम पर झूठ फैलाते हुए गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि किसी भी किसान को परेशानी नहीं होगी। फसल खरीद के लिए ड्यूटियां सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने 11 सालों में किसानों को मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 16 हजार 160 करोड़ रुपये की राशि दी है,लेकिन, कांग्रेस सरकार के 10 साल के शासनकाल में 1 हजार 138 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि जारी की गई थी। कांग्रेस सरकार तो किसानों की 269 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि बकाया छोड़कर चली गई थी। इसे बीजेपी सरकार ने वर्ष 2014 में जनसेवा का दायित्व संभालने के बाद जारी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खराबे का मुआवजा देने में भी जमीन आसमान का अंतर है। कांग्रेस ने केवल और केवल 10 साल में झूठ बोलकर वोट बटोरने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान हित वर्तमान सरकार की नीतियों के केंद्र में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें दुख होता है कि विपक्षी वैश्विक संकट के समय में सस्ती राजनीति करके वोटों की फसल काटना चाहते हैं। वे गलत बयानबाजी करके जनता में भ्रम पैदा करना चाहते हैं, लेकिन, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार 'राष्ट्र प्रथम' की नीति पर चलते हुए हर संकट में भारतीयों के साथ खड़ी है।

विकास कार्यो के लिए उठाए कई अहम कदम: मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट 2026-27 में शहरी विकास तथा अन्य विकास कार्यो के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए है। इसके तहत महिला सुरक्षा के लिए महम सहित लोहारू, बरवाला, नरवाना, समालखा, रादौर व पेहोवा में 7 नए महिला थाने बनाने का प्रावधान किया है। सरकार ने महम सहित कुल 18 स्थानों पर नए डायलिसिस केंद्र स्थापित करने का प्रावधान भी किया है। इसी प्रकार 21 नए खेल स्टेडियमों के निर्माण का प्रावधान किया है। इनमें जिला रोहतक, जींद, कैथल, झज्जर, चरखी दादरी, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद, यमुनानगर, सोनीपत, फतेहाबाद व पलवल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रोहतक सहित 13 जिलों में पराली आधारित कुल 200 मेगावाट की बायोमास बिजली परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी।गांवों की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों में भी नगर निकायों की भूमि पर रिहायशी कब्जाधारियों को कानूनी मालिकाना हक प्रदान करने के लिए एक नीति लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने तीसरे कार्यकाल में भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास और हर वर्ग के हितों की सुरक्षा के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं। बहन-बेटियों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' शुरू की गई है। इस योजना के तहत 2100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। अब तक 9 लाख 56 हजार बहन-बेटियों को 834 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। गरीब महिलाओं को अपनी रसोई चलाने के लिए हर महीने केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने किया 202.77 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक, 5 अप्रैल। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज महम (रोहतक) में आयोजित धन्यवाद व विकास रैली में 202.77 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 231.25 लाख रुपये की 2 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 118.84 करोड़ रुपये की सिंचाई विभाग की, 80 करोड़ 88 लाख 14 हजार रुपये की जनस्वास्थ्य विभाग की परियोजनाओं का शिलान्यास कोय। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने गांव सुंदरपुर में 74.04 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए स्कूल भवन का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और महम में इन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय लोगों को बेहतर जीवनयापन और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिन परियोजनाओं का उदघाटन किया है, उनमें 155.14 लाख रुपये की लागत से टाउन पार्क का नवीनीकरण और 76.11 लाख रुपये से महम के वार्ड-2 में सैनी सामुदायिक केंद्र का निर्माण कार्य शामिल है। वहीं मुख्यमंत्री ने सिंचाई व जल संसाधन विभाग द्वारा 8947 लाख रुपये की लागत से भिवानी सब-ब्रांच की रीमॉडलिंग, महम में बाढ़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए कई परियोजनाओं का भी शिल्यानास किया गया। उनमें 496 लाख रुपये की लागत से महम ड्रेन पर रिटेनिंग वॉल, 1238 लाख रुपये की लागत से भूमिगत पाइपलाइन (भैणी सुरजन, भैणी चंद्रपाल, समैण) बनाए जाने, 267 लाख रुपये की लागत से भैणी मातो से जुई फीडर पाइपलाइन, 106 लाख रुपये की लागत से बहलबा लिंक ड्रेन पाइपलाइन, 237 लाख रुपये की लागत से समैण से जुई फीडर पाइपलाइन, 319 लाख रुपये की लागत से मोखरा खेड़ी आरसीसी सुरक्षा दीवार, 139 लाख रुपये की लागत से समैण सोलर सबमर्सिबल पंप, 135 लाख रुपये की लागत से फरमाणा खास से करसोल माइनर पाइपलाइन के निर्माण कार्य शामिल है।

न्यूज ब्रीफ

देर रात पेड़ से टकराई कार, एक युवक की मौत

व्यासपुर (अप्रस/संजीव कुमार)। शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही इलाके में शोक का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव जोगीवाडा निवासी गोल्डी काटरवाली अपने रिश्तेदार सचिन के साथ शनिवार देर रात कार में सवार होकर किसी काम से बाहर गया हुआ था। देर रात दोनों युवक अपनी कार से वापस गांव जोगीवाडा लौट रहे थे। जब वे पीरथीपुर गांव से थोड़ा आगे पहुंचे तो अचानक कार अनियंत्रित हो गई जिस कारण चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार सड? किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार में सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने जोरदार आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर घायलों को कार से बाहर निकाला तुरंत पुलिस को सूचना दी और तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों घायलों का उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण सचिन की हालत लगातार नाजुक बनी रही। उपचार के दौरान सचिन ने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में कार के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है। रणजीतपुर पुलिस चौंकी प्रभारी नरेन्द्र कुमार का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी की जोगीवाड़ा के पास कार पेड़ से टकरा गई है दो युवक घायल है। रविवार को चौंकी पुलिस के अधिकारी अस्पताल में गए उस समय दोनों घयल बयान देने की हालत में नही थे। बाद दोपहर उनके पास अस्पताल से सचिन के मृत होने की सूचना आने पर जांच अधिकारी ने अस्पताल में पहुंचकर शव को डेड हाऊस में रखवा दिया है,शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

प्रभु यीशु मसीह के जी उठने का पर्व मनाया

पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलत्स्य)। पेंटिकोस्टल बिलीवर्स चर्च गुहला रोड पिहोवा में ईस्टर प्रभु यीशु मसीह के जी उठने का पर्व बड़ी खुशी के साथ मनाया गया । संगत के लोगों ने झूम झूम कर प्रभु यीशु मसीह की महिमा के भजन गाये । चर्च के पादरी प्रेम मसीह ने प्रभु यीशु मसीह के तीसरे दिन मुर्दो में से जी उठने के बारे में शुभ संदेश सुनाया और बताया कि यीशु मसीह ने पूरे जगत के लिए अपना बलिदान दिया और तीसरे दिन जी उठा फिर स्वर्ग में चला गया । इस मोके पर चर्च के प्रबंधक पादरी पॉलसन मसीह, पादरी रेनू पॉल, मसीह समाज प्रधान बलदेव मसीह, सलीमा, जॉर्ज मसीह, सुरेश और सैकड़ों लोग उपस्थित रहे और लंगर का विशेष प्रबंध किया गया।

किसानो की हर समस्या का समाधान करेगी भाजपा

पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलत्स्य)। गेहूं की फसल को लेकर किसानों को किसी प्रकार की भी समस्या न आए। इसके लिए अब भाजपा ने भी मोर्चा संभाल लिया है । भाजपा कार्यकर्ता भी अनाज मंडी में किसानों के सहयोग के लिए कार्य करेंगे तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी अधिकारियों से मिलकर करेंगे भाजपा के वरिष्ठ नेता व एमिनेंट पर्सन पूर्व जिला महामंत्री युधिष्ठिर बहल ने भी आज अनाज मंडी में जाकर निरीक्षण किया तथा आढ़तियों और किसानों से बात की। भाजपा नेता युधिष्ठिर बहल ने बताया की मौसम के कारण फिलहाल किसान फसल कटाई को लेकर दुविधा में है। किसान बुरी तरह से फंसा हुआ है। क्योंकि एक और तेज हवा व आधी उनके खेतों में खड़ी फसल को नीचे गिरा रही है ।वहीं पर बूंदाबांदी का भी उन्हें नुकसान झेलना पड़ रहा है ।वहीं दूसरी ओर अभी वह कटाई कर नहीं सकते क्योंकि गेहूं में नमी बहुत अधिक है ।अनाज मंडी में पड़ी फसल बारे भाजपा नेता ने बताया कि फसल में नमी अधिक होने के कारण उसे मंडी में सुखाया जा रहा है ।परंतु बदलता मौसम उस फसल को भी सूखने नहीं दे रहा ।अधिक नमी के कारण उसकी बोली भी नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी ।फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा।

किसान पर्यावरण व जनहित में पराली में आग ना लगाएं: रामचंद्र जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 5 अप्रैल। हैफेड के पूर्व डायरैक्टर एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने किसानों से अपील की है कि वे फसल कटाई के इस महत्वपूर्ण सीजन में पराली को आग के हवाले करने से बचें। उन्होंने कहा कि पराली जलाना न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि इससे जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम होती है, जिससे भविष्य की फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कैथल बातचीता करते हुए समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि पराली का सही प्रबंधन करके किसान अपनी आय में भी बढ़ोतरी कर सकते हैं। गेहूं के अवशेषों को जलाने से जहां वायु प्रदूषण बढ़ता है, वहीं मिट्टी के जरूरी पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि वे पराली को मशीनों की मदद से काटकर पशुओं के चारे के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा पराली को पावर प्लांट और गत्ता (कार्डबोर्ड) मिलों में बेचकर अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त की जा सकती है। रामचंद्र जडौला ने आगे कहा कि पराली से कंपोस्ट बनाकर जैविक खाद तैयार की जा सकती है, जो खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में सहायक होती है। खेत में बचे अवशेष जब मिट्टी में मिलते हैं तो वे प्राकृतिक खाद का काम करते हैं और फसल की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। रामचंद्र जडौला ने जोर देते हुए कहा कि यदि किसान पराली प्रबंधन के इन उपायों को अपनाते हैं तो उन्हें आर्थिक लाभ के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देने का अवसर मिलेगा।

सद्भाव यात्रा से भाईचारा मजबूत, विभाजनकारी राजनीति का जवाब: बृजेंद्र सिंह

183वें दिन 72 विधानसभा हलकों का पड़ाव पूरा, कैमला में जनसभा को किया संबोधित

अर्थ प्रकाश/ईशा

घरौंडा, 5 अप्रैल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की अगुवाई में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा ने रविवार को अपना 183वां दिन पूरा करते हुए 72 विधानसभा हलकों का पड़ाव भी पार कर लिया। इस दौरान घरौंडा हलके के गांव कैमला में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य समाज में भाईचारा मजबूत करना और विभाजनकारी राजनीति का मुकाबला करना है।

यात्रा की शुरुआत गांव कैमला से हुई, जो आगे अलीपुर खालसा और कोहंड तक पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए और समर्थन जताया। जनसभा को संबोधित करते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि बीजेपी समाज में जहर घोलकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि अगर लोग समस्या को समझेंगे नहीं, तो उसका समाधान भी संभव नहीं होगा।

पूर्व सांसद ने कहा कि 2024 के चुनाव में उन्हें उम्मीद थी कि कांग्रेस की जीत पक्की है, क्योंकि सरकार के खिलाफ माहौल था। लेकिन इसके बावजूद बीजेपी सत्ता में वापस आ गई। उन्होंने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि समाज में बोए गए जातीय बीज चुनाव तक असर दिखाने लगे थे।

बृजेंद्र सिंह ने कहा कि एकतरफा सरकार विरोधी माहौल होने के बावजूद भी कुछ लोग उसी दिशा में चले गए, जहां बीजेपी उन्हें ले जाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि विभाजन की राजनीति ने वोटिंग पर असर डाला और बीजेपी को इसका फायदा मिला। उन्होंने कहा कि बीजेपी दीमक की तरह काम करती है, जो दिखाई नहीं देती लेकिन अंदर ही अंदर समाज को कमजोर करती रहती है। इसी सोच के खिलाफ यह सद्भाव यात्रा निकाली जा रही है, ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके।

इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, रघबीर संधू, रामकिशन रोड़, रामधन कंबोज, जाट सभा के प्रधान भूपेंद्र लाठर, ललित गोराया, पीसीसी डेलीगेट इंद्रजीत, नरेश शर्मा, रविंदर कटारिया, पूर्व सरपंच संजीव गोस्वामी और जिला अध्यक्ष सेवा दल अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जनकपुरी कालोनी में 60 लाख से बनी सड़क का चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 5 अप्रैल। शहर के वार्ड नंबर 13 में स्थित जनकपुरी कालोनी की मुख्य सड़क 60 लाख रुपये में बनकर तैयार हुई। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने इस सड़क का उद्घाटन किया। वार्ड पार्षद ने नप चेयरपर्सन का इस सड़क का निर्माण कार्य करवाने पर आभार जताया। वार्ड वासियों ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से टूटी हुई थी। इस सड़क पर बने गड्ढों के साथ-साथ वर्षा होने पर जलभराव हो जाता था, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब सड़क के बनने से लोगों को काफी फायदा होगा। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि जिस सड़क का उद्घाटन करने वे आई है, यह सड़क एक सपना जैसी लगती थी। वर्षो से इस सड़क की मांग चली आ रही थी, लेकिन आज यह सपना साकार हुआ है। जब मैने यहां का दौरा किया तो देखा कि स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे किस तरह कठिनाई और असुविधा के बीच इस रास्ते से गुजरते हैं। यह दृश्य बेहद दुखदायी था। आज इस सड़क के बनने से न केवल उन बच्चों को राहत मिलेगी, बल्कि आसपास की तीन से चार कालोनियों के निवासियों को फायदा होगा। सुरभि गर्ग ने कहा कि 60 लाख रुपये में यह सड़क बनकर तैयार हो रही है। वार्ड पार्षद ने इस मांग को उनके समक्ष उठाया था, जो उन्होंने पूरा करने का काम किया। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि बिल्लू जांगड़ा, मनोनीत पार्षद सुरेश शर्मा, खुशीराम, बलवान मास्टर, रामेश्वर, सूरजमल, ईश्वर, कर्मवीर माजरा, कृष्ण माजरा, धर्मपाल मौजूद रहे।

रक्तदान की एक पहल जो बचा रही है हजारों जिंदगी: अशोक गुर्जर

अशोक गुर्जर एवं विजेंद्र मैहला ने रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कैथल, 5 अप्रैल। श्रीकृष्ण कृपा सेवा ट्रस्ट ढांड द्वारा राधा कृष्ण धर्मशाला के प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में भाजपा पानीपत जिला प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड एवं भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष एवं मार्कीट कमेटी चेयरमैन विजेंद्र मैहला जडौला शिरकत की। शिविर में पहुंचने पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अशोक गुर्जर व विजेंद्र मैहला का फूलों की माला डालकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने रक्दाताओं को बेज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर अपने संबोधन में हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने 'रक्तदान महादान' अभियान को समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक पहल बताते हुए सभी नागरिकों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान एक पहल जो बचा रही है हजारों जिंदगियां। युवाओं में रक्तदान का जज़्बा बढ़ रहा है समाज को मिल रही नई दिशा। रक्तदान करने से न केवल किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि यह स्वयं दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि रक्तदान न केवल एक मानवीय कर्तव्य है, बल्कि यह सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इस मौके पर ढांड मार्कीट कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र मैहला जडौला ने धार्मिक दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी धर्मों में मानव सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और रक्तदान उसी सेवा का एक श्रेष्ठ उदाहरण है। किसी अजनबी की जान बचाना सबसे बड़ा पुण्य है। सभी 'रक्तदान महादान' अभियान से जुड़कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।

गेहूं की खरीद शुरू करवाने के लिए भाकियू आज करेगी प्रदर्शन

कैथल (अप्रस)। गेहूं की खरीद शुरू करवाने के लिए कैथल की अनाज मंडी में सोमवार 6 अप्रैल को भारतीय किसान यूनियन प्रदर्शन करेगी। किसान नेता सतपाल दिल्लोंवाली ने कहा कि केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार ने घोषणा की थी कि 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू की जाएगी लेकिन आज 5 अप्रैल हो गई है और गेहूं खरीदने की सरकार की घोषणा झूठी साबित हुई है। सरकार ने किसानों को गुमराह किया है। ऊपर से हरियाणा सरकार ने अनाप-शनाप शर्तें लगाकर नई नीतियों की घोषणा की जिससे किसानों के साथ फसल बेचना बहुत मुश्किल हो चुका है। फसलों के खरीदने में सरकार के अधिकारी व व्यापारी घोटाला करते हैं और अब शर्तें किसानों पर लगा दी। मुख्यमंत्री नायब सैनी कहते थे अगर मेरी सरकार आई तो मैं कर्मचारियों अधिकारियों की चूड़ियां टाइट करूंगा लेकिन कर्मचारियों अधिकारियों पर तो जोर नहीं चला अलबत्ता वे किसानों की चूड़ियां टाइट करने लग गए। उन्होंने मां की कि जो ये शर्तें लगाई हैं हरियाणा सरकार इनको तुरंत वापस ले। जिस तरह पिछली वर्ष गेहूं की खरीद शुरू की गई थी उसी नीति के अनुसार गेहूं की खरीद शुरू की जाए नहीं तो आने वाले समय में पूरे हरियाणा में जाम किया जाएगा।

देश को राजनीतिक और सामाजिक दिशा देने का काम ब्राह्मण समाज ने किया

भगवान परशुराम का फरसा हमेशा अन्याय के खिलाफ उठा: संजय भाई जोशी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 5 अप्रैल। भाजपा के सबसे कुशल अनुभवी और वरिष्ठ रणनीतिकार संजय भाई जोशी ने कहा कि देश में ब्राह्मण समाज सनातन काल से ही समानता और समरसता का प्रवल समर्थक रहा हैं। देश को समय समय पर इस समाज ने दिशा दिखाने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम किसी एक जाति या विशेष बर्ग के भगवान नहीं थे अपितु वह समूची मानवता के रक्षक थे। उन्होंने हमेशा न्याय के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि देश में हमेशा से ब्राह्मण समुदाय ने सभी को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया हैं। जब जब यह समुदाय कमजोर हुआ है तब तब देश और समाज कमजोर हुआ हैं। ब्राह्मण समाज का योगदान व्यक्ति के जनम से लेकर मृत्यु तक अतुलनीय हैं। वह कुरुक्षेत्र के पीपली में निमंत्रण पैलेस में आयोजित भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हरियाणा के सीनियर विधायक दादा राम कुमार गौतम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा में पूर्व उप महाधिवक्ता राज कुमार शर्मा ने की। इस कार्यक्रम को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इससे पहले सुबह नौ बजे हवन किया गया। उसके बाद सुबह दस बजे से भजन और भगवान परशुराम प्रेरक संवाद किया गया। भगवान परशुराम जी के चित्र में सबसे पहले माल्यार्पण अतिथियों ने किा। कार्यक्रम म अतिथियों का स्वगत परंपरागत पगड़ी पहना कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रदेश के सीनियर विधायक दादा राम कुमार गौतम ने कहा कि भगवान परशुराम जी से अन्याय के खिलाफ लडने की प्रेरणा मिलती है। उनका फरसा हमेशा न्याय के लिए उठता था। ब्राह्मण ने जरुरत पडने पर शस्त्र और शास्त्र भी उठाए। देश हमेशा ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में चला हैं। समय समय पर ब्राह्मण समाज की अनदेखी और उपेक्षा की कीमत समाज और देश ने चुकाई हैं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पूर्व महाधिवक्ता राज कुमार शर्मा एडवोकेट ने कहा कि समाज और देश में जब जब ब्राह्मण समुदाय का अपमान हुआ हैं। देश के अस्थिरता और अशांति हैं। उन्होंने कहा कि आज ब्राह्मण समुदाय सत्ता पक्ष की अनदेखी और अपमान का शिकार हैं। उन्होंने कहा कि आज राजनीति में ब्राह्मणों की अनदेखी हो रही हैं। उन्होंने राजनीतिक दल इस समाज की अनदेखी कर रहे है। भाजपा पर निशान साधते हुए कहा कि भाजपा ने यूजीसी बिल को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। यदि देश का ब्राह्मण और समान्य समाज भाजपा के खिलाफ सडक पर उतरा तो भाजपा को सत्ता बचाना मुश्किल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बाह्मण समाज के मंत्रियों को सबसे कमजोर विभाग दे रखे हैं। भाजपा में टिकिटों के वितरण के समय इस बर्ग की उपेक्षा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों का इतिहास गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है कुछ लोग राजनीति करने के लिए ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ नफरत भरा जहर उगल रहे है । उन्होने कहा कि सरकार ब्रह्मणों के खिलाफ जातीय तौर अपमानजनक भाषण देने वाले तथा उन पर टिप्पणी करने वालों के खिलाफ एस सी एसटी एक्ट की तर्ज पर कानून बनाए। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा हरियाणा के प्रधान पवन शर्मा अजय शर्मा पीपली, जय कुमार शर्मा टेहा, जयपाल शर्मा, मथाना, राजवीर शर्मा उड़ाना, अशोक शर्मा पीपली, कैलाश शर्मा अन्तेड़ी, वेवदपाल शर्मा पीपली ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर हजारों की तादात में प्रदेश भर से समाज के साथ छत्तीस विरादरी के लोग पहुंचे।

भाजपा के लाखों कार्यकर्ता अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाकर आज मनाएंगे स्थापना दिवस

भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह भर चलेंगे कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को 47वां स्थापना दिवस प्रदेश में धूमधाम से मनाएगी। पार्टी के स्थापना दिवस पर लाखों कार्यकर्ता अपने-अपने घरों और हर बूथ पर भाजपा का झंडा फहराएंगे। पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल से सप्ताह भर तक प्रदेश में कई आयोजन होंगे। इस दौरान कार्यकर्ता अभियान चलाकर प्रदेश के गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल ब?ौली ने नेताओं की जिम्मेदारी तय की हुई है।

हरियाणा में 20 हजार 629 बूथ हैं और प्रत्येक बूथ पर 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान चलेगा। सप्ताह भर कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संवाद करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ता जनता से सीधा संवाद करते हुए मोदी और नायब सैनी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के निर्देशानुसार डा. भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सप्ताह भर प्रदेश में अनेकों कार्यक्रम होंगे। 13 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और शाम के समय दीपोत्सव का आयोजन होगा। 14 अप्रैल डा. भीम राव अंबेडकर जयंती बाबा साहब की मूर्तियों पर माल्याअर्पण किया जाएगा। इस दिन गोष्ठियां और विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 15 से 20 अप्रैल तक विचार प्रसार अभियान चलेगा जिसके अंतर्गत भाजपा के कार्यकर्ता बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाएंगे।

15 अप्रैल से 15 मई तक सभी संगठनात्मक जिलों में 36 घंटों का महाप्रशिक्षण अभियान भी चलाया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन और पार्टी की विचारधारा से से अवगत कराया जाएगा।

हरियाणा भाजपा मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि कार्यकर्ता भाजपा के 47वें स्थापना दिवस को उत्सव की तरह मनाएंगे। गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया सहित वरिष्ठ नेता रहेंगे। इस दौरान पार्टी कार्यालय में 10 बजे मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे।

अरविंद सैनी ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस को उत्सव की तरह मनाने की तैयारियां की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की तरफ से सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाएंगे।

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुग्राम में होगा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया रहेंगे मौजूद।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पार्टी कार्यालय गुरुकमल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया भी मौजूद रहेंगे।

न्यूज ब्रीफ

वेट लिफ्टिंग के लिए ट्रायल आज

सफीदों (अप्रस/दीवान)। नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में आज शुक्रवार को वेट लिफ्टिंग खेल नर्सरी स्लेक्शन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कोच गुलशन सैनी ने बताया कि इस ट्रायल में सफीदों ब्लाक के 8 से 18 आयु वर्ग के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। जो बच्चे इस ट्रायल में स्लेक्ट होंगे, उनको भत्ता सरकार की ओर से दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो बच्चा 14 वर्ष का होगा उसको 1500 रूपए प्रतिमाह तथा जो बच्चा 14 से 18 साल का होगा उसे 2000 रूपए प्रतिमाह दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह ट्रायल सायं 4 बजे शुरू होगा। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को ट्रायल में भेजे।

'पंजाब एवं हिमाचल की तरह लागू हो पेंशन वृद्धि'

कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)। रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा संबंधित एटक के पूंडरी ब्लाक की मासिक मीटिंग पुंडरी ब्लाक प्रधान राज सिंह मुंदडी की अध्यक्षता में बस स्टैंड पर हुई। मीटिंग का संचालन पूंडरी ब्लाक कैशियर जयभगवान सैनी ने किया। मीटिंग में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों पर विचार-विमर्श किया गया व प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा पूर्व में लिए गए फैसले अनुसार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन जिला प्रधान बलबीर श्योकंद व वीरभान शर्मा चेयरमैन के नेतृत्व में पुंडरी बस स्टैंड से विधायक सतपाल जांबा के निवास पर मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए जिला कैशियर अशोक वधवा व सुखपाल धीमान सलाहकार ने विधायक जांबा को मुख्यमंत्री के नाम रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर विस्तार से बताया कि रिटायर्ड कर्मचारियों को 65-70-75 वर्ष की आयु के उपरांत बेसिक पैंशन में क्रमशः 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत 15 प्रतिशत की वृद्धि की जाए जैसे कि पड़ोसी राज्य पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश में पहले से ही लागू है। मेडिकल कैशलेस की सुविधा धरातल पर लागू की जाए, कॉम्यूटेशन पेंशन की रिकवरी 15 साल की बजाय 12 साल में की जाए, मेडिकल भत्ता 1000 से बढकर 3000 किया जाए, पेंशनर की विधवा को भी एलटीसी की सुविधा प्रदान करते हुए एलटीसी के पुराने नियम को ही बरकरार रखा जाए व सीनियर सिटीजन को रेल एवं बस में पूर्व की तरह 50 प्रतिशत की सुविधा दी जाए। ज्ञापन सौंपने के शिष्टमंडल मंडल में सतपाल मैहला चेयरमैन पूंडरी ब्लॉक, पोप सिंह मलिक उपप्रधान पूंडरी ब्लाक, रामचंद्र सैनी, सुभाष जांबा मेहर सिंह बुच्ची, सतीश कुमार, पुरुषोतम शर्मा आदि काफी संख्या में रिटायर्ड कर्मचारी शामिल हुए। विधायक ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि रिटायर्ड कर्मचारियों के मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।

हेल्पलाईन नंबर पर दें नशा तस्करी की सूचनाः एसपी

कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)। नशे के विरुद्ध जारी लड़ाई में कैथल पुलिस पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ जुड़ी हुई है। इसके लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस नंबर-1933 की शुरुआत की है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि सरकार की इस पहल को देशभर में नशा तस्करी रोकने, नशे की लत से पीड़ित लोगों को सहायता उपलब्ध कराने और समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस मुहिम से कैथल पुलिस भी जुड़ी हुई है। पुलिस नशा विरोधी अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मानस हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। इस हेल्पलाइन के माध्यम से आमजन ड्रग तस्करी, नशा सेवन व इससे जुड़ी गतिविधियों की गोपनीय सूचना सांझा कर सकते हैं, सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त, हेल्पलाइन पर काउंसलिंग व पुनर्वास सुविधाएं भी उपलब्ध है। यह हेल्पलाइन देशभर की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स से भी जुड़ी हुई है जिससे सूचना मिलते ही तस्करों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस हेल्पलाइन का अधिक से अधिक प्रचार करें और नशे के खिलाफ इस लड़ाई में सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने बताया कि कैथल पुलिस नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत लगातार आमजन से संपर्क स्थापित करके नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाते हुए नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है। एसपी ने कहा कि सरकार का मानना है कि नशे के खिलाफ लड़ाई में प्रशासन के साथ-साथ समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। मानस हेल्पलाइन न केवल तस्करों पर सख्ती से कार्रवाई करने का माध्यम बनेगा, बल्कि यह उन लोगों के लिए भी एक नई उम्मीद साबित होगा जो नशे की गिरफ्त में हैं और इससे बाहर निकलना चाहते हैं।

पोक्सो एक्ट में पंजाब के युवक को किया गिरफ्तार

बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)। बराड़ा थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत पंजाब के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते माह बराड़ा थाना के अंतर्गत एक गांव की लड़की गांव से लापता हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्यवाई करते हुए लड़की को बरामद कर लिया था और इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इसी मामले में जांच करते हुए पुलिस ने अमृतसर के युवक प्रिंस पाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भाजपा हमारी मां है, इसके सम्मान के लिए रक्त की बूंद-बूंद समर्पित : मोहनलाल बड़ौली

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। 'अंत्योदय' और 'सर्वजन हिताय' के मंत्र के साथ भाजपा पार्टी ने एक नई राजनीतिक धारा को जन्म दिया। 6 अप्रैल भारतीय राजनीति का एक ऐतिहासिक दिन है। इसी दिन, वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की स्थापना हुई थी। आज, 2026 में, यह पार्टी 46 वर्ष का गौरवमयी सफर पूरा कर चुकी है। इस यात्रा में पार्टी ने संघर्ष, संगठन और सफलता के अनेक चरण देखे हैं।अटल जी ने कहा था- अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। आज भाजपा सारी चुनौतियों को ध्वस्त करके भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी है, केंद्र सहित डेढ़ दर्जन राज्यों में सरकार है और सबसे पुरानी पार्टी का दावा करने वाले पारिवारिक गिरोह न केवल सत्ता को तरस रहे हैं बल्कि अपनी तथाकथित पारंपरिक सीटें भी गँवा बैठे हैं।भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भाजपा के स्थापना दिवस पर सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जी और भारत रत्न अटल जी जैसे महापुरुषों ने संगठन को सींचने हेतु अपना सबकुछ समर्पित कर दिया। हमारे इन पितृपुरुषों के पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए शीर्ष नेतृत्व के संगठन कौशल और बूथ कार्यकर्ताओं के परिश्रम से आज भाजपा जन- जन के बीच सबसे लोकप्रिय राजनीतिक दल है।आज कमल का निशान देशवासियों के मन में विश्वास और आशा का नया प्रतीक बन गया है।बीते एक दशक में बीजेपी ने सेवा, सुरक्षा और सांस्कृतिक जागरण के जो कार्य किए हैं, वह अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक हैं । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, पार्टी ने सेवा ही संगठन के मंत्र को आत्मसात करते हुए देशवासियों के उत्थान हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया है। भाजपा सरकारें राष्ट्रहित, सुशासन और विकास के अपने संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के आशीर्वाद से हमारा हरियाणा प्रदेश भी स्वर्णिम और विकसित प्रदेश के रूप में पहचाना जा रहा है। भाजपा के स्थापना दिवस पर आज हम संकल्प पुनः दोहराते हैं कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की योजनाओं का लाभ जन - जन तक दिलाने तथा विकसित भारत के निर्माण हेतु कटिबद्ध एवं प्रतिबद्ध रहेंगे।भाजपा ने भारत की राजनीति में जो रास्ता चुना था, उस पर चलकर इसने सारी दुनिया को चकित किया है। पार्टी ने आज देश को भ्रष्टाचार, परिवारवाद, अपराधीकरण, जातिवाद, तुष्टिकरण, आतंकवाद जैसे घावों से मुक्ति दिलाई है। साथ ही उन सभी मुद्दों को हल करके राजनीति में नया अध्याय लिख चुकी है, जिनका पार्टी ने अपनी स्थापना के समय संकल्प लिया था। कश्मीर में धारा 370 की विदाई या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण से लेकर वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव तक के सभी संकल्प भाजपा ने पूरे किये हैं। अपनी कथनी और करनी से आज यह सर्वाधिक विश्वसनीय पार्टी बनी है तथा जिसको करोड़ों लोगों ने अपनाकर विश्व का सर्वोच्च दल बनाया है।आज की पीढ़ी को यह जानना चाहिए कि 1980 के दशक का कालखंड भारतीय राजनीति का टर्निंग प्वाइंट था, जब भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। देश के राष्ट्रवादी समूहों ने एक सपना देखा था, जिसमें भारतीय गौरव की पुनर्स्थापना, भारत के आध्यात्मिक उत्कर्ष, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता के विचार-बीज थे। आज वे बीज फलदार वृक्ष हो चुके हैं। 46 साल में वे सारे सपने साकार हो चुके हैं। राजनीतिक क्षेत्र में यह आश्चर्य का विषय हो गया है कि कैसे एक पार्टी 3 सीटों से अपनी यात्रा शुरू करते हुए सबसे बड़े लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी बनकर आज राजनीति के प्रतिमान बदल रही है। हालांकि भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को हुआ, परन्तु इसका अतीत भारतीय जनसंघ से जुड़ा है।स्वतंत्रता प्राप्ति तथा देश विभाजन के बाद बढ़ते अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, लाइसेंस-परमिट-कोटा राज, राष्ट्रीय असुरक्षा, राष्ट्रीय मसलों जैसे कश्मीर आदि पर घुटनाटेक नीति, अंतर्राष्ट्रीय मामलों में भारतीय हितों की अनदेखी आदि अनेक मुद्दों के गर्भ से जनसंघ का जन्म हुआ था।

भाजपा की स्थापना सुदृढ़, सशक्त भारत के निर्माण के लिए हुई थी

आपातकाल के बाद भाजपा की स्थापना सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु की गई थी, जिसमें पार्टी ने एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के मूल्यों से प्रेरणा लेकर 'विश्व गुरू' के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो। भाजपा की स्थापना किसी स्वार्थ अथवा महत्वकांक्षा प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि इस देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने के लिए की गई थी।आज हमारा जो वैभव है और हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, वह हजारों-लाखों कार्यकर्ताओं की तपस्या का परिणाम है जिन्होंने अपना पूरा जीवन पार्टी और पार्टी की विचारधारा के लिए समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा उद्देश्य गाँव, गरीब एवं किसानों का विकास है और हम इसके लिए कृतसंकल्पित हैं।

पूर्व सैनिकों ने पास किया चीफ जस्टिस सूर्यकांत का धन्यवाद प्रस्ताव

कैथल (अप्रस)। पूर्व सैनिकों की अप्रैल मास की मासिक मीटिंग हनुमान वाटिका में हुई। मीटिंग में नौसेना के लेफ्टिनेंट मेघ सिंह राणा को वरिष्ठ उप प्रधान और बीएसएफ के इंस्पेक्टर सोम दत्त शर्मा को मुख्य सलाहकार सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। ये दोनों पद खाली पड़े थे। प्रधान जगजीत फौजी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत द्वारा सैनिकों के कार्य और त्याग की प्रशंसा करने पर आभार जताया। उन्होंने वेटेरनस सहायता केंद्र अंबाला कैंट द्वारा ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक कैथल में 10 अप्रैल को लगने वाले स्पर्श पेंशन शिविर के बारे में बताया। एसोसिएशन के साथी सूबेदार रामगोपाल, इंस्पेक्टर सुरेश कुमार, धर्मचंद शर्मा, हवलदार थान सिंह, कैप्टन बलजीत मोर, एलडी बलविंदर सिंह आदि साथियों ने अपने सुझाव रखे। इस मौके पर कैप्टन नरेंद्र सिंह तंवर, कैप्टन मुख्तार जांगड़ा, हवलदार मदन सिंह, रिसालदार गोपीचंद पूंडरी प्रधान, सुबेदार रणबीर सिंह ढुल पूर्व प्रधान, सूबेदार रामचंद्र मलिक, दफेदार बलविंदर सिंह, सूबेदार मेजर खजान सिंह, हवलदार महेंद्र सिंह, हवलदार सरवन कुमार, हवलदार रामेश्वर दास, रिसालदार कर्मवीर भाल, सार्जेंट अर्जुन ढुल, हवलदार राजबीर, सूबेदार विजय कुमार, नायक रघुबीर सिंह, सूबेदार ज्योति राम, हवलदार अभे राम, सूबेदार धर्म चंद, हवलदार मदन सिंह चहल, दफेदार सतपाल कसान, रिशालदार कर्म चंद, हवलदार संजीव चौहान, सूबेदार मेवा सिंह, इंस्पेक्टर सुरेश कुमार, सूबेदार रामगोपाल वत्स, सूबेदार कृष्ण लाल, सीपीओ राजबीर सिंह भाना, सिग्नल मैन मगंत राम, एलडी बलविंदर सिंह, हवलदार ईश्वर सिंह, हवलदार बलदीश टाया, सूबेदार धर्म चंद, हवलदार मांगेराम, सुबेदार विरेंद्र सिंह, हवलदार थान सिंह व अन्य मौजूद रहे।

नीलम यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय एथलीट मीट शुरू

पहले दिन हुए रोप स्किपिंग, योगा, दौड़, शॉट पुट, डिसकस थ्रो के मुकाबले

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 5 अप्रैल। खेल हमारे जीवन की आवश्यकता है, स्वस्थ शरीर और दिमाग विकसित करने में खेल अहम भूमिका निभाते हैं। ये वक्तव्य नीलम यूनिवर्सिटी कैथल के कुलपति प्रोफेसर डॉ शमीम अहमद ने आज एथलीट मीट में बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा विश्वविद्यालय के झंडे का ध्वजारोहण किया गया और खिलाडियों ने मार्चपास्ट कर सलामी दी। ध्वजारोहण एवं मार्चपास्ट की प्रक्रिया विश्वविद्यालय चीफ एडमिन कप्तान अनिल कुमार एवं रामचंद के नेतृत्व में हुई। प्रो. डॉ शमीम अहमद ने दैनिक जीवन में खेल की महत्ता से अवगत करवाते हुए विद्यार्थियों को किसी एक खेल से जुड़ने के लिए मोटीवेट किया। प्रो वाइस चांसलर एवं एथलीट मीट का नेतृत्व कर रहे डॉ देवेंद्र सिंह ढुल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी व्यक्तित्व विकास में महत्ती भूमिका निभाते हैं। खेल से नेतृत्व विकास, आत्म विश्वास, सहयोग भावना जैसे गुणों का विकास होता है, जो जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए जरूरी हैं। इस एथलीट मीट के आयोजन के लिए एथलीट मीट ऑर्गेनाइजर सचिव मीनू राणा और उनकी टीम की भी सराहना की। प्रो. देवेंद्र सिंह ढुल ने प्रारंभ में इस एथलीट मीट के आयोजन उद्देश्य एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हरियाणवी गायक एमके मकड़ाना ने अपने संगीतमय प्रस्तुति से समा बांध दिया। डॉ अराधना एवं डॉ नीता कौशिक ने मंच संचालन का दायित्व निभाया। एथलीट मीट के पहले दिन छात्र छात्राओं ने रोप स्किपिंग, योगा, दौड़, शॉट पुट, लॉन्ग जंप, डिसकस थ्रो आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस एथलीट मीट में 550 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह जानकारी पीआरओ डॉ मनोज कुमार ने दी। इस अवसर पर चेयरमैन संदीप चहल, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ संदीप चहल, कुलसचिव प्रो आरके गुप्ता, संकाय डीन डॉ एकता चहल, डॉ रेखा गुप्ता, दाखिला निदेशक राजेंद्र गोयत, डॉ सुमन भुक्कल, परीक्षा नियंत्रक डॉ मंजीत जाखड़, डॉ गौतम, डॉ सुरेन्द्र कल्याण, डॉ डीडी शर्मा, डॉ राजीव पाल, डॉ रिचा मोर, खेल कार्यालय अधीक्षक शशिकांत, डॉ. मोनू शारीरिक शिक्षा विभाग, डॉ मंदीप, डॉ बलकार सिंह, संगीत, पिंकी सांगवान, प्राध्यापक अशोक कुमार, अमरजीत मोर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

10 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह उत्सव आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कैथल, 5 अप्रैल। सेवा संघ संस्था द्वारा पंजाबी सेवा सदन में 18 वां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया जिसमें 10 निर्धन कन्याओं का समारोह में और एक कन्या को उसके घर पर ही विवाह का सामान दिया गया। विवाह समारोह की अध्यक्षता शहर के जानेमाने समाज सेवी कंवल आहूजा और समूह के मुख्यातिथि सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं डायरेक्टर डा. डीपी गुप्ता थे। समारोह के विशिष्ट अतिथि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के पूर्व उप कुलपति डॉ एके चावला, मास्टर सुरेश जलमाना और अमरजीत छाबड़ा थे। विवाह समारोह में नव दंपतियों को महंत हरीश शास्त्री, महंत रमन पुरी, बाई सार शरणनद और बाबा रजनीश शाह आशीर्वाद देने पहुंचे। वर और वधु पक्ष के लोगों का स्वागत सेवा संघ के सदस्यों द्वारा किया गया। नव विवाहित जोड़ों को आवश्यक घरेलू सामान भी दिया गया। बारातियों के लिए जलपान व भोजन की व्यवस्था संघ द्वारा की गई। सभी दूल्हे खुशी खुशी बारत लेकर अपनी अपनी दुल्हनों को लेने आए थे। सेवा संघ के संस्थापक एवं अध्यक्ष शिव शंकर पाहवा और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी एके चावला ने संबोधित करते हुए कहा कि मानवता की सेवा को भगवान की सच्ची पूजा से बढकर भी माना गया है। धार्मिक ग्रंथों में भी ऐसा कहा गया है कि भगवान गरीब और जरूरतमंद इंसानों की सेवा करने वाले लोगों पर अपनी असीम कृपा बनाये रखते हैं और उन्हें सुख समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। संघ के सदस्य अरविन्द चावला और मोहिंदर खन्ना ने कहा कि सेवा संघ के सभी सदस्यों का एक मिशन है कि अधिक से अधिक लोगों की सेवा की जा सके। सेवा संघ के सदस्य चंद्र मालिक, जरनैल सिंह, भारत भूषण सतीजा, एनके मल्होत्रा, मदन खुराना, जगन गुगलानी, राजिंदर आहूजा, सचिन गुगलानी, नरेश कालड़ा, नरेश खरबंदा, सुरेश कालड़ा सहित अन्य कई सदस्यों ने लम्बे समय से सेवा करते आ रहे हैं। सांसद नवीन जिंदल की ओर भी समारोह में सहयोग राशि भेजी गई। इस गरीब कन्या विवाह समारोह में समाज सेवी मेला राम, अनीता बंसल, यशोदा अरोड़ा, जयंत मनचंदा गुरदेव सिंह और सतवंत कौर ने विशेष सहयोग दिया है। पाहवा ने सेवा सघ संस्था का इस पुण्य कार्य में सहयोग करने वाले समाज सेवियों और दानवीरों का धन्यवाद व्यक्त किया है।

मंडी के नए नियमों के खिलाफ किसानों का रोष, तुरंत वापस लेने की मांग

अर्थ प्रकाश/ईशा

घरौंडा, 5 अप्रैल। गांव गुढ़ा में रविवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता चौधरी बलबीर सिंह ने की। किसानों ने मंडियों में अनाज बेचने के लिए बनाए गए नए नियमों पर नाराजगी जताते हुए उन्हें तुरंत वापस लेने की मांग उठाई। साथ ही बेमौसमी बारिश से फसलों को हुए नुकसान पर गिरदावरी कराकर मुआवजा देने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

बैठक में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। किसानों ने कहा कि सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियम तुगलकी फरमान की तरह हैं, जिससे उन्हें मंडियों में अनाज बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि इन नियमों को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके।

बैठक में बेमौसमी बारिश से फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों ने कहा कि गिरदावरी कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही फसल बीमा योजना में वर्तमान नुकसान को शामिल करने और पॉलिसी की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराने की मांग की गई। किसानों ने फसलों का लाभकारी मूल्य लागत के आधार पर तय करने, किसानों का कर्ज माफ करने और बिजली की बड़ी लाइनों के खंभों व तारों के लिए मुआवजा देने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का समाधान होना बेहद जरूरी है।

ब्रह्मज्ञान के द्वारा ही भावों में बदलाव आता है: माता सुदीक्षा महाराज

गृहस्थ में रहते हुए सतगुरु की शिक्षाओं का अनुसरण करें

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मनीमाजरा, 5 अप्रैल। सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन पवित्र आर्शीवाद से संत निरंकारी सत्संग भवन, मौली जागरां में महिला समागम का आयोजन किया गया।जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने गीत, विचार, कविता, स्किट व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा सतगुरू की शिक्षाओं का यशोगान किया।

इस अवसर पर बहन सिमरन वर्मा जी, प्रचारिका, चंडीग? ने कहा कि सतगुरू की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने से ही सभी नकारात्मक पहलुओं का समाधान हो जाता है। उन्होंने एक उदाहरण से समझाते हुए कहा कि अकसर बाजार में कप? की दुकान पर कप? देखने जाते है, दुकानदार आपको कई वैरियटी के कप? दिखाता है। हमें चुनाव करना है कि क्या खरीदना है। इसी प्रकार आज समागम में श्रद्धालुओं से विचार, गीत आदि श्रवण किए हैं, परन्तु हम उसमें से क्या सिखलाई लेकर जाते हैं यह हम पर निर्भर करता है। लेकिन कोशिश करें कि यहां मिली सारी सिखलाई को जीवन में अपनाएं।

उन्होंने आगे कहा कि अगर हम सत्संग के अंदर तो दास भावना से युक्त होकर रहते हैं परन्तु अन्यथा मन अभिमान से भरा हुआ हो तो हमारी भी हालत उस सांप जैसी है जो बेशक अच्छा नजर आ रहा है, परंतु उसके शरीर में जहर है जो कभी हानि पहुंचा सकता है। जब तक मेरे अंदर अवगुण के भाव हैं जो दूसरों का निरादर, निंदा , नफरत , दूसरों का सत्कार न करना आदि अंदर के जहर को नहीं निकालते तो हर कोई आपका अपना नहीं बन पाएगा। सतगुरू प्यार से ही खुश होता है।

उन्होंने कहा कि सतगुरू हमें ब्रह्मज्ञान से जो?कर हमारी नकारात्मकता को सकारात्मकता में परिविर्तित करता है। हमारे अंदर की मिठास, आदर के भावों को जीवन में लाता है। जिस प्रकार किसी को एक कप चाय का चीनी डालकर व चम्मच देकर दिया गया हो परंतु वो बिना चीनी मिलाए चाय पीएगा तो पहले वाले घूंट में उसे चीनी की मिठास नहीं मिलेगी लेकिन अंतिम के कुछ घूंट मीठे लगेंगे। इसलिए सतगुरू हमें अवगुणों को गुणों में सेवा, सिमरन व सत्संग द्वारा परिविर्तित कर देता है।

उन्होंने कहा कि सत्संग में सीखने से भाव से जाकर ही सीखा जा सकता है और सुकून मिलता है। जब भी सत्संग में आए भाव लेकर आए अभाव नहीं। सत्संग में अकसर आना क्यों जरूरी है इसे एक मां ने बच्चे को उदाहरण द्वारा समझाते हुए कहा कि एक कोयला के टुकड़े को अंगीठी में डाला, फिर उसे निकालकर राख में रख दिया। कोयला राख में मिलकर ठंडा होते ही अपने असली स्वरूप में आ गया। इसी प्रकार मां ने फिर कोयले को राख से निकाला ओर अंगीठी में दोबारा डाल दिया, आग की तपिश में गया अब फिर से वो चमक रहा था और गर्माहट दे रहा था। इसी प्रकार जब संसार में रहते हमारे मन पर भी निंदा, चुगली, नकारात्मका के भावों की धूल पड़ जाती है जो साधसंगत में आते ही जब संतजनों के वचनों की तपिश मिलती है तो अभाव भाव बदल जाते हैं।

चंडीगढ़ के छात्र की थापली नदी में डूबने से मौत

8 दोस्तों संग मोटरसाइकिलों पर घूमने गया, नदी में कदम रखते ही गहरे पानी में समाया, दोस्त मदद के लिए चिल्लाते रहे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला, 5 अप्रैल। मोरनी के पास थापली में दोस्तों का घूमने का जो प्लान शुरू हुआ था, वह चंडीगढ़ के राम दरबार इलाके के 22 साल के एक युवक के लिए दुखद साबित हुआ। रविवार को युवक की घग्गर नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक अभिषेक बीए तीसरे साल का छात्र था। वह अपने करीब आठ दोस्तों के साथ मोटरसाइकिलों पर मोरनी आया था। नदी में तैरते समय, वह अचानक एक गहरे हिस्से में फिसल गया और डूब गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मामले की पुष्टि करते हुए मोरनी चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र और एएसआई सत्यवीर सिंह कहना था कि युवक अभिषेक अपने साथियों के साथ घूमने आया था और प्रशासन की चेतावनी के बावजूद नदी में उतरने से यह हादसा हुआ। घटना के समय अभिषेक के साथ प्रदीप, आकाश, सनी कुमार यादव, जतिन जायसवाल, सुमित, अमर, संजीव और कार्तिक समेत अन्य दोस्त मौजूद थे, जिनकी उम्र 22 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है।



सेक्टर 6 में मृतक अभिषेक के परिजन विलाप करते हुए। दूसरी ओर मोरनी की थापली में नदी जिसमें अभिषेक की डूबने से मौत हो गई।

नदी में 16 फीट गहरे गड्ढे

पुलिस के अनुसार, नदी का यह हिस्सा ऊपर से उथला और पानी धीरे बहता हुआ दिखता है, लेकिन इसमें अचानक 15-16 फीट गहरे गड्ढे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ग्रुप नदी की गहराई में अचानक आने वाले बदलाव को समझ नहीं पाया। शायद युवक को तैरना नहीं आता था और वह गहरे पानी में फंस गया। उसके दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की और बाहर से चिल्लाते रहे, लेकिन कुछ ही मिनटों में वह पानी में गायब हो गया। इस तरह, नदी की गहराई के कारण उनकी कोशिशें नाकाम रहीं। सूचना मिलने पर, स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे पानी से बाहर निकाला। उसे तुरंत पंचकूला के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिवार की आर्थिक मदद में दे रहा साथ

अभिषेक अपने परिवार की आर्थिक मदद के लिए पार्ट-टाइम काम भी करता था। इस दुखद खबर से उसका परिवार पूरी तरह टूट गया है। रिश्तेदार अस्पताल पहुंचे और उनका रो रो कर बुरा हाल था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

पुलिस ने जारी की चेतावनी, गोताखोर की तैनाती की मांग

पुलिस ने नदी में उतरने वाले लोगों को चेतावनी दी है कि वे मोरनी इलाके में नदियों में प्रवेश करते समय विशेष सावधानी बरतें, क्योंकि नदी की असमान गहराई और पानी के नीचे छिपे गहरे गड्ढे जानलेवा साबित हो सकते हैं। उधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की तरफ से ऐसे संवेदनशील इलाकों में गोताखोर की तैनाती की जानी चाहिए और सार्वजानिक तौर पर पर्यटकों की जानकारी के लिए गोताखोर का संपर्क नम्बर भी सूचना बोर्ड पर लगाना चाहिए।

नगर निगम के मुख्य अभियंता ने सेक्टर 26 के परिवहन क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण किया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। चंडीगढ़ नगर निगम के मुख्य अभियंता श्री संजय अरोरा ने आज सेक्टर 26 के परिवहन क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में चल रहे बुनियादी ढांचागत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और चंडीगढ़ परिवहन संघ द्वारा उठाए गए मुद्दों का समाधान किया गया। निरीक्षण अधीक्षण अभियंता श्री के. पी. सिंह और नगर निगम के सभी संबंधित विभागों के कार्यकारी अभियंताओं की उपस्थिति में किया गया।

निरीक्षण के दौरान, मुख्य अभियंता ने परिवहन क्षेत्र में सीवर व्यवस्था के उन्नयन की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 95त्न कार्य पहले ही पूरा हो चुका है और शेष कार्य 15 अप्रैल 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। सीवर नेटवर्क में सुधार से दुकानदारों और परिवहन संचालकों को बार-बार होने वाली रुकावटों की समस्या का समाधान होगा।

टीम ने क्षेत्र में वर्षा जल निकासी और क्षतिग्रस्त सड़क नालियों की समस्या का भी निरीक्षण किया। यह सूचित किया गया कि तूफानी जल निकासी प्रणाली के उन्नयन का कार्य आवंटित कर दिया गया है और यह 6 अप्रैल 2026 से शुरू होगा। इसे एक महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि सुचारू जल निकासी सुनिश्चित हो सके और बरसात के मौसम में जल जमाव को रोका जा सके।

मुख्य अभियंता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित समय-सीमा का सख्ती से पालन करें और कार्यों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें, क्योंकि परिवहन क्षेत्र शहर का एक प्रमुख वाणिज्यिक और रसद केंद्र है। उन्होंने परिवहन संघ के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि नगर निगम उनकी नागरिक समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

नगर निगम ने दोहराया कि सेक्टर 26 स्थित परिवहन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए सभी इंजीनियरिंग विभागों द्वारा समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी काबू

आरोपी के कब्जे से दो देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। यूटी सेंट्रल डिविजन के एसडीपीओ दलबीर सिंह की टीम को उस वक्त बड़ी कामयाबी मिली।जब सैक्टर 24 पुलिस चौंकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर नीरज कुमार की टीम ने अवैध रूप से हथियार रखने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।पकड़े गए आरोपी की पहचान सेक्टर 25 के रहने साढ़े 18 साल के कृष उर्फ काका के रूप में हुई है।पकड़े गए आरोपी को पुलिस जिला अदालत में पेश कर रिमांड हासिल कर सकती है। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते एसडीपीओ सेन्ट्रल दलबीर सिंह भिंडर की सुपरविजन में सैक्टर 24 पुलिस चौंकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर नीरज कुमार की टीम में। शामिल अमरजीत सिंह अन्य पुलिस पार्टी के। साथ शनिवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सैक्टर 25 स्थित गैस एजेंसी मोड़ के पास पहुंची तो पुलिस पार्टी ने एक संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से अवैध रूप से दो देसी कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

सैक्टर 24 चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियो के दिशा निर्देशों के चलते अगर किसी भी अपराधी या फिर नशा तस्कर ने एरिया में सप्लाई की वारदात को अंजाम दिया तो पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। किसी को भीं बख्शा नहीं जाएगा।

मोहाली की सड़कों पर लड़की का आधी रात को डांस

मिनी स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहनकर जमकर निकाली गालियां, वीडियो वायरल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मोहाली, 5 अप्रैल। मोहाली में आधी रात एक लड़की कार से उतरकर तेज म्यूजिक पर डांस करती है। वह गंदी और अश्लील शब्द बोलती है। लड़की को इस तरह देखकर भीड़ लग जाती है। कुछ लोग उसका वीडियो भी बनाते हैं, लेकिन लड़की को कोई फर्क नहीं पड़ता है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा है, जिसे फेज-3बी2 का बताया जा रहा है। पुलिस का सोशल मीडिया विंग भी इसकी जांच कर रहा है। लेकिन कोई भी इस मुद्दे पर कुछ नहीं बोल रहा है। जबकि इसे देखने वाले कमेंट में लिख रहे हैं - 'गंद पंजाब के नहीं, बाहर वाले डालते हैं। अन्य स्टेटों वाले पंजाब व पंजाबी ही बदनाम करने हैं। रब भला करे।'

यह वीडियो जिस अकाउंट से वायरल हुआ है, उसकी तरफ से हेडिंग में लिखा है- 'यह देख लो मोहाली 3बी2 का हाल, रज कर नशे से कैसे गंद बोल रही है।' इसके नीचे वीडियो चल रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि रात का समय है। सड़क से ट्रैफिक निकल रहा है।

एक लड़की कार से नीचे उतरकर डांस कर रही है। वह हाथों से इशारे करते हुए कुछ गा रही है, जिसमें वह गंदी-गंदी गालियां भी बोल रही है। लड़की हल्के स्लेटी रंग की मिनी स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहना हुआ है। ड्रेस से अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह किसी पार्टी में शामिल होकर लौटी थी।

चंडीगढ़ में महिला के कान के कुंडल झपटे, घर के पास टहल रही थी, एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने की वारदात, सीसीटीवी में कैद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। चंडीगढ़ के पॉश इलाके में शनिवार रात करीब 8.00 बजे सेक्टर 33 में बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के साथ स्नेचिंग की वारदात हुई है। कोठी नंबर 12 के ठीक सामने एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने महिला के कान के कुंडल झपट लिए और पलक झपकते ही फरार हो गए। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों के अनुसार, वारदात उस समय हुई जब महिला अपने घर के पास टहल रही थी। तभी एक्टिवा पर सवार दो युवक आए। उन्होंने एक्टिवा धीमी की और जैसे ही महिला के करीब पहुंचे, पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर उनके कान से कुंडल खींच लिए। महिला के शोर मचाने से पहले ही बदमाश मुख्य सड़क की ओर भाग निकले।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। इसका एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। यह वीडियो रात 7.55 पीएम से 8.15 पीएम के बीच की है।

सेक्टर 43 के तीनों ग्रीन बेल्ट में वाल्किंग ट्रेक को दुबारा बिछाने का कार्य शुरू : प्रेम लता

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। सैक्टर 43 के तीनों ग्रीन बेल्ट में सैक्टर निवासियों की सुविधा के लिए वॉकिंग ट्रैक को दोबारा बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस कार्य का शिलान्यास आज स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के समीप वाले ग्रीन बेल्ट में पार्षद प्रेमलता द्वारा किया गया। इस ट्रैक को 15 साल बाद निवासियों और सीनियर सिटीजन की मांग पर यह कार्य किया गया क्योंकि छोटे छोटे खड्डों के कारण वॉक के दौरान मुश्किल होती थी।

इस शिलान्यास समारोह में एस डी ओ हिमांशु, आर डब्लू ए प्रतिनिधि अशोक पराशर, विक्रम चोपड़ा, राजेश राय, एच एस कलेर, लोकेश चोपड़ा, सर्व प्रकाश शर्मा, आर के नैयर, शोभा देवी, नीलम, मंजीत कौर सहित सेक्टर-43 के गणमान्य निवासियों विशेषकर ग्रीन बेल्ट में नियमित रूप से सैर करने वाले भाई-बहनों ने भाग लिया और पार्षद प्रेमलता का धन्यवाद किया।

निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारियां शुरू : लक्की

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। आगामी दिसंबर 2026 में प्रस्तावित नगर निगम चुनावों को लेकर चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी तैयारियों को तेज करते हुए संगठनात्मक ढांचे को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का अभियान शुरू कर दिया है।

इसी क्रम में बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) और बूथ कमेटियों की बैठकों का सिलसिला पिछले तीन दिनों से लगातार जारी है।

आज तीसरे दिन पार्टी द्वारा शहर के पांच वार्डों में लगातार बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें बूथ कमेटियों और बीएलए के सदस्यों को चुनावी रणनीति, संगठनात्मक मजबूती और आगामी एसआईआर को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

पिछले दो दिनों से मनीष तिवारी सांसद चंडीगढ़, और एच एस लक्की अध्यक्ष, चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, स्वयं विभिन्न वार्डों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं और बूथ स्तर के पदाधिकारियों से संवाद कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बूथ कमेटियों की अहम भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार रहने का आह्वान किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने कहा कि पार्टी का स्पष्ट लक्ष्य दिसंबर 2026 के नगर निगम चुनाव हैं और कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाकर इस लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस पार्टी अपने दमखम पर शहर के 35 के 35 वार्डों में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और अधिकतम सीटों पर विजय प्राप्त कर नगर निगम में कांग्रेस का मेयर बनाएगी।

सांसद मनीष तिवारी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ कमेटी किसी भी चुनाव की रीढ़ होती है। यदि बूथ स्तर पर संगठन मजबूत होता है, तो पार्टी की जीत सुनिश्चित होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर जनसंपर्क बढ़ाने और मतदाताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का आह्वान किया।

पार्टी द्वारा पिछले तीन दिनों में शहर के 15 वार्डों में बूथ कमेटियों की सफलतापूर्वक बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। कल पांच और वार्डों में बैठकें प्रस्तावित हैं, जबकि शेष 15 वार्डों में भी आने वाले दिनों में इसी प्रकार की बैठकें आयोजित की जाएंगी। कांग्रेस पार्टी ने लक्ष्य रखा है कि अप्रैल माह के भीतर सभी 35 वार्डों में बूथ कमेटियों और बीएलए का पूर्ण गठन कर लिया जाएगा।

इसके पश्चात मई माह में पार्टी द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ताओं को एसआईआर प्रक्रिया और चुनावी प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि चुनाव के दौरान पार्टी पूरी तैयारी और रणनीति के साथ मैदान में उतर सके।

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का मानना है कि मजबूत संगठन, प्रशिक्षित कार्यकर्ता और प्रभावी बूथ प्रबंधन के बल पर पार्टी आगामी नगर निगम चुनावों में शानदार प्रदर्शन करेगी और शहर की जनता को एक जवाबदेह एवं विकासोन्मुख प्रशासन प्रदान करेगी।

बैंक धोखाधड़ी मामला : उपभोक्ता आयोग ने दिया मुआवजा देने का आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल । जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, चंडीगढ़ ने एक अहम फैसले में बैंक ऑफ इंडिया को ग्राहक के साथ हुई ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के मामले में जिम्मेदार ठहराते हुए ठहराया हुए बैंक को शेष राशि लौटाने के साथ-साथ मुआवजा और ब्याज देने के निर्देश दिए ।

चंडीगढ़ निवासी दीपक कुमार झा ने बैंक ऑफ इंडिया में अपना बचत खाता और इंटरनेट बैंकिंग सेवा शुरू करवाई थी। 13-14 अप्रैल 2021 की रात उनके खाते से करीब 2,62,700 रुपये की अनधिकृत निकासी हो गई। उस समय उनका मोबाइल फोन बंद था और उन्होंने कोई वन टाइम पासवर्ड साझा नहीं किया था।

पीड़ित ने 14 अप्रैल को ही बैंक और साइबर क्राइम सेल को सूचना दी। जांच के दौरान बैंक ने 5 फरवरी 2022 को 2,47,474 रुपये वापस कर दिए, लेकिन 15,226 रुपये की राशि लंबित रही।

सुनवाई के दौरान बैंक यह साबित नहीं कर पाया कि लेनदेन ग्राहक की सहमति से हुआ था। आयोग ने भारतीय रिजर्व बैंक के 2017 के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि यदि ग्राहक समय पर सूचना देता है, तो उसकी ÷जीरो लायबिलिटी÷ बनती है और बैंक पर राशि वापस करने की जिम्मेदारी होती है। आयोग ने अपने फैसले में कहा कि बैंक द्वारा समय पर पूरी राशि वापस न करना सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार है।

अंततः आयोग ने बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिया कि वह शेष 15,226 रुपये 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ लौटाए और साथ ही 20,000 रुपये मुआवजा व मुकदमे का खर्च भी अदा करे।

चंडीगढ़ में अगले तीन दिन बारिश के आसार, तेज हवाओं को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। शहर में मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी है। रविवार देर शाम शहर के कई हिस्सों में बारिश दर्ज की गई, जबकि कुछ इलाकों में मौसम सूखा बना रहा। बारिश के चलते ठंडी हवाएं चलने से मौसम खुशनुमा बना रहा और लोगों को गर्मी से राहत मिली। विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री और न्यूनतम 16.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, बीते 24 घंटों में 4.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 7 से 9 अप्रैल तक शहर में बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। विभाग ने 7 और 8 अप्रैल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है, खासकर खुले स्थानों और पेड़ों के आसपास जाने से बचने को कहा गया है।

अगले 24 घंटों के दौरान आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। सोमवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रहने का अनुमान है। मंगलवार को मौसम और अधिक बदलेगा, बारिश की संभावना के साथ अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 18 डिग्री रह सकता है। बुधवार को भी बारिश के आसार बने रहेंगे, जिससे अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम 16 डिग्री तक गिर सकता है। मौसम में इस बदलाव से जहां गर्मी से राहत मिलेगी, वहीं तेज हवाओं और बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो सकता है। मौसम विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की है।

ऑलेंजर्स गली क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए रजिस्ट्रेशन उत्साहजनक रिस्पांस के साथ बंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। यूटी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा चंडीगढ़ पुलिस के सहयोग से आयोजित होने वाले आगामी ऑलेंजर्स गली क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया उत्साहजनक रिस्पांस के साथ औपचारिक रूप से बंद हो गई है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हुई थी और पांचवें दिन ही निर्धारित संख्या पूरी हो गई। कुल 18 पुलिस स्टेशनों को रजिस्ट्रेशन केंद्र बनाया गया था और प्रत्येक पुलिस स्टेशन ने 16 टीमों को कोऑर्डिनेट किया। इस टूर्नामेंट के लिए निर्धारित 288 टीमों ने सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें 256 लड़कों की टीमें और 32 लड़कियों की टीमें शामिल हैं। यह टूर्नामेंट चंडीगढ़ डोमिसाइल के 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य ग्रासरूट स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देना और युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक संगठित मंच प्रदान करना है।

एक्टिवा स्कूटर पर सवार दो शातिर आरोपी महिला की गोल्ड चैन और हैंड बैग छीन कर फरार। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। थाना 26 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत एक पीडिता महिला के घर के पास से एक्टिवा स्कूटर पर सवार दो शातिर आरोपी उसकी गोल्ड चैन और हैंड बैग छीन कर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 27 की रहने वाली पीडिता महिला ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े 8 बजे उसके घर के पास धोबी से कपड़े लेकर घर की तरफ आ रही थी। इसी दौरान एक्टिवा स्कूटर पर सवार दो शातिर पीछे से आए। पीछे बैठे आरोपी ने महिला के गले से उसकी गोल्ड चैन और हैंड बैग छीन कर तेज रफ्तार से फरार हो गए। जिसके चलते हड़कप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। मामले की सूचना तुरंत थाना 26 पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चंडीगढ़ सीनियर सिटीजन्स एसोसिएशन चैप्टर मूनलाइट ने मनाया वैसाखी मिलन समारोह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। चंडीगढ़ सीनियर सिटीजन्स एसोसिएशन के चैप्टर मूनलाइट द्वारा अप्रैल 2026 का वैसाखी मिलन समारोह कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 50बी में धूमधाम से आयोजित किया गया, जिसमें 34 कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटियों का प्रतिनिधित्व करते हुए 200 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। जसमनप्रीत सिंह, डिप्टी मेयर मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिसने एकता और सामूहिक भावना को दर्शाया। अशोक गोयल, सचिव ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया, जिसके बाद रोचक तंबोला सत्र ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। जसमनप्रीत सिंह, डिप्टी मेयर ने चैप्टर मूनलाइट की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु निरंतर सराहनीय कार्य कर रही है।

कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण अप्रैल 2026 के ई-मूनलाइट न्यूज़लेटर का विमोचन रहा, जो 1000 से अधिक परिवारों तक इसकी पहुंच और सदस्य-आधारित पहलों के विस्तार को दर्शाता है। इसके साथ ही वर्ष 2026-27 के फ्लायर का भी विमोचन किया गया, जिसमें चैप्टर मूनलाइट की उपलब्धियों एवं सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को दर्शाया गया। नए घर और नए सदस्यों का स्वागत डॉ. जसपाल सिंह कालरा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जीवन और आपसी संबंधों का भी उत्सव मनाया गया, जिसमें 20 जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठों को संगीत, ढोल की धुनों और उपहारों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। वैसाखी के उपलक्ष्य में सदस्यों ने पारंपरिक व्यंजनों जैसे सरसों का साग, मक्की की रोटी और छोले भटूरे का आनंद लिया, जिसने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया और सभी ने इसकी सराहना की। सदस्यों की भागीदारी बढ़ाने हेतु पंक्चुअलिटी लकी ड्रॉ और बेस्ट व्हाट्सएप संदेश पुरस्कार जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वैसाखी बंपर लकी ड्रॉ रहा, जिसमें 5 भाग्यशाली सदस्य विजेता रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक रिखी द्वारा किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों जैसे अमर विर्दी, प्रेम सिंगला, तरसेम राज और टैगोर थिएटर से जुड़े रजनीश चोपड़ा ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन भांगड़ा और नृत्य के साथ हुआ। अंत में सामुदायिक भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

सम्पादकीय

तो फिर हुआ साबित आईएसआई पंजाब में चाहती है अशांति फैलाना

चंडीगढ़ में पंजाब भाजपा के राज्य मुख्यालय पर ग्रेनेड हमले को शुरुआत में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते जितने मामूली तरीके से लिया गया था, अब उसकी परतें हटने के बाद यह निश्चित हो जाना चाहिए कि किस प्रकार पाकिस्तान और दुनिया के दूसरे देशों में बैठे भारत विरोधी पंजाब में दहशत और आतंकवाद का दौर लौटाने को बेचैन हैं। सामने आ रहा है कि ग्रेनेड फेंकने की इस वारदात की पटकथा आईएसआई ने रची है और पुर्तगाल एवं जर्मनी में बैठे हैंडलर्स के इशारे पर इसे अंजाम दिया गया। अब हमले के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि इस हमले में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन संभव है यह हमला केवल धमाका करने के लिए था। पूरे पंजाब और चंडीगढ़ में ऐसे धमाकों के जरिए आतंकी कोई संदेश देना चाहते हैं और वह संदेश लंबे समय से भारतीय सुरक्षा एजेंसियां डिकोड करती आ रही हैं। पंजाब को लेकर पहले भी केंद्र की ओर से साफ किया गया है कि राज्य में आतंकवाद को लौटाने की भरपूर चेष्टाएँ की जा रही हैं और आईएसआई की इस हमले में संलिप्तता यह साबित करने को काफी है कि आतंकी कभी भी और कहीं भी पहुंच पाने में कामयाब हो रहे हैं। और यह भी कि वे बेहद शातिर तरीके से बेरोजगार युवाओं को इसमें संलिप्त करके अपने मंसूबे पूरे की कोशिश कर रहे हैं।

मालूम हो पुलिस के उच्चाधिकारी भी इसे गंभीर खतरा बता चुके हैं कि पंजाब में उग्रवाद को पुनर्जीवित किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में विदेश में चल रही गतिविधियों का जिक्र किया। जनमत संग्रह 2020 के मकसद से ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक रैली का आयोजन किया गया था, इसी तरह की घटनाएं कनाडा आदि देशों में आमतौर पर हो रही हैं। वास्तव में राजनीति की चौसर बैठाने वालों और खुराफाती दिमाग के लोगों की यह साजिश होती है। देश जब बाहरी खतरों से जूझ रहा है, तब आंतरिक सुरक्षा को कमजोर करने वाली ताकतों को भी मुंहतोड़ जवाब दिये जाने की जरूरत है। यह कहना सारगर्भित है कि आंतरिक सुरक्षा देश की बड़ी समस्याओं में से एक है, लेकिन सवाल यह है कि हम समाधान क्यों नहीं ढूंढ पाए हैं, क्योंकि इसमें बाहरी संबंध हैं।

गौरतलब है कि पंजाब ने भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के वक्त जो झेला वह ऐसा इतिहास है, जोकि प्रत्येक भारतीय के दिल में टीस पैदा कर देता है। इसके बाद एक और दौर आया जब खालिस्तान के नाम पर प्रदेश में आतंकवाद का ऐसा दौर चला जिसने हजारों मासूमों की जिंदगियां छीन ली और आर्थिक, सामाजिक फ्रंट पर राज्य को बहुत पीछे कर दिया। इसी दौर ने देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री की जान ले ली। इसी दौर ने पंजाब में एक मुख्यमंत्री का जीवन छीन लिया। मचे कोहराम ने फिर हजारों लोगों को मौत के मुंह में धकेल दिया वहीं उनके वारिसों की जिंदगी में अंधेरा भर दिया। आखिर इतना सब कुछ होने के बावजूद पंजाब की जनता फिर से ऐसे किसी भयावह दौर के लिए तैयार है? दरअसल, यह सवाल इसलिए पूछा जा रहा है क्योंकि सेना और सरकार एवं राजनीतिकों ने ऐसी आशंकाएं सामने रखी हैं, वहीं पंजाब में निरंतर जारी नशे और हथियारों की खेप, सीमा पार घुसपैठ की कोशिशें, हिंदू समाज से जुड़े लोगों पर हमले, उनकी हत्याएं और प्रमुख इमारतों को उड़ाने की धमकियां, भारत के खिलाफ जंग का ऐलान आदि घटनाओं का इशारा इस तरफ जाता है कि आखिर वह कौन है, जोकि पंजाब और भारत में अशांति चाहता है।

निश्चित रूप से पंजाब अब अपनी सही राह पर है। राज्य में इस समय सामाजिक सौहार्द और कानून एवं व्यवस्था है। हालांकि इसी शांति और व्यवस्था पर किसी की नजरें टिकी हैं और चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय पर हमला इसकी एक छोटी से झलक है। दरअसल, यह ऐसी चुनौती है, जिसका वास्ता केवल पंजाब से नहीं है, अपितु पूरे देश से है। पंजाब ही देश की पहली लाइन ऑफ डिफेंस है। उसकी स्थिरता देश की स्थिरता है। उसकी सुरक्षा पूरे देश की सुरक्षा है। इसी वजह से यहां होने वाली आतंकी वारदातों के दौरान देश आंखें बंद नहीं कर सकता।

मालूम हो पुलिस के उच्चाधिकारी भी इसे गंभीर खतरा बता चुके हैं कि पंजाब में उग्रवाद को पुनर्जीवित किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में विदेश में चल रही गतिविधियों का जिक्र किया। जनमत संग्रह 2020 के मकसद से ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक रैली का आयोजन किया गया था, इसी तरह की घटनाएं कनाडा आदि देशों में आमतौर पर हो रही हैं। वास्तव में राजनीति की चौसर बैठाने वालों और खुराफाती दिमाग के लोगों की यह साजिश होती है। देश जब बाहरी खतरों से जूझ रहा है, तब आंतरिक सुरक्षा को कमजोर करने वाली ताकतों को भी मुंहतोड़ जवाब दिये जाने की जरूरत है। यह कहना सारगर्भित है कि आंतरिक सुरक्षा देश की बड़ी समस्याओं में से एक है, लेकिन सवाल यह है कि हम समाधान क्यों नहीं ढूंढ पाए हैं, क्योंकि इसमें बाहरी संबंध हैं। उग्रवाद को सैन्य बल से नहीं निपटाया जा सकता। इसके लिए एक ऐसा दृष्टिकोण अपनाना होगा जिसमें सभी एजेंसियां, सरकार, नागरिक प्रशासन, सेना और पुलिस एकीकृत तरीके से काम करें। जाहिर है इसके सैन्य समाधान से पहले राजनीतिक-सामाजिक समाधान की भी जरूरत है।

विधायी नेतृत्व: नीतिनिर्धारण में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की परिवर्तनकारी शक्ति

दैनिक अर्थ प्रकाश

भारत के समक्ष एक असाधारण अवसर है–अपनी विधायिकाओं को नया आकार देने, महिलाओं केनेतृत्व को आगे बढ़ाने और एक ऐसे लोकतंत्र की रचना करने का-जो सही मायनों में अपने लोगों की शक्ति को प्रतिबिंबित करता हो। जब महिलाएं शासन में अपना उचित स्थान ग्रहण करती हैं, तब सभी की आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर नीतियां बनती हैं, और राष्ट्र अधिक उद्देश्य और शक्ति के साथ आगे बढ़ता है।

सितंबर 2023 में पारितसंविधान (एक सौ छठा संशोधन) अधिनियम – नारी शक्ति वंदन अधिनियम –हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक सुधारों में से एक है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनाया गया यह कानून हमारे देश के लोकतांत्रिक ढाँचे में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाने की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के विजन में निहित यह ऐतिहासिक कानून, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों के आरक्षण का प्रावधान करते हुएविकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक साहसिक कदम है।

यह मात्र संवैधानिक प्रावधान से कहीं बढ़कर है–यह एक परिवर्तनकारी विजन का संस्थागत रूप है, जहाँ महिलाएं केवल लोकतंत्र में भागीदारी ही नहीं करतीं, बल्कि उसके ताने-बाने को भी आकार देती हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास कोदिए गए निरंतर समर्थन ने लंबे समय से चली आ रही उम्मीदों को हकीकत में बदलने की मजबूत प्रेरणा प्रदान की है।

भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं को केवल अधिक महिलाओं की ही नहीं, बल्कि ऐसी महिलाओं की आवश्यकता है जिनके पास नीतिगत परिणामों को आकार देने के लिए अधिकार, क्षमता और पर्याप्त अवसर हों। वर्तमान सरकार ने पिछले एक दशक में महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण निवेश किया है, जिससे इस विधायी परिवर्तन के लिए मजबूत आधार तैयार हुआ है।जन धन खाताधारकों में 56 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं, जिससे वित्तीय समावेशन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलता है। मुद्रा योजना के लगभग 67 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं, जो उद्यमिता में उनकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत 73 प्रतिशत से अधिक मकान महिलाओं के नाम पर हैं, जबकि उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शनों ने घरेलू जीवन स्तर में सुधार किया है।ये सभी कदम एक स्पष्ट नीतिगत दिशा –भागीदारी के जरिए सशक्तिकरण-की ओर इंगित करते हैं हालांकि, अब ध्यान भागीदारी से आगे बढ़कर निर्णय-लेने तक पहुँचने पर केंद्रित है।

हमारे देश का अपना अनुभव एक मजबूत मानक प्रस्तुत करता है। स्थानीय स्तर पर, अब पंचायती राज संस्थाओं में चुने गए प्रतिनिधियों में से लगभग 50 प्रतिशत महिलाएँ हैं, यानी 12 लाख से अधिक नेताओं के रूप में वे स्थानीय शासन को दिशा दे रही हैं। उनका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।महिला-नेतृत्व वाली स्थानीय संस्थाओं ने विकास से जुड़े जल, स्वच्छता, शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य देखरेख जैसे प्रमुख मुद्दों पर लगातार ध्यान केंद्रित किया है, जो दर्शाता है कि नेतृत्व में विविधता नीति निर्माण में सकारात्मक बदलाव लाती है।

अब यह प्रश्न नहीं रह गया है कि महिलाएँ प्रभावी नेतृत्व कर सकती हैं या नहीं; इसके प्रमाण पहले से मौजूद हैं। अब समय आ गया है कि भारत की उच्च विधायी संस्थाएं महिलाओं के नेतृत्व को पूर्ण रूप से अपनाएँ और उसे बढ़ाएँ। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने पहले ही आधार तैयार कर दिया है, जो सार्थक प्रतिनिधित्व के लिए एक मजबूत संरचनात्मक नींव प्रदान करता है।राजनीतिक दलों के पास अब इस गति को आगे बढ़ाने–उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया को नए सिरे से परिभाषित करने, चुनावी अभियान के लिए वित्तीय संसाधनों तक पहुँच का विस्तार करने तथा महिला नेताओं के लिए स्पष्ट और सशक्त मार्ग तैयार करने का जबरदस्ता अवसर है। उचित सुधारों के साथ, राजनीतिक दल विधायी समावेशन को विजनसे जीवंत और जीती-जागती हकीकत में परिवर्तित कर सकते हैं।

सरकार संसद और राज्य विधानसभाओं में संस्थागत तत्परता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पहली बार निर्वाचित होने वाले विधायकों को सशक्त नीतिगत अनुसंधान, समग्र विधायी प्रशिक्षण और मजबूत सहकर्मी नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करके, सरकार उन आधारों में निवेश कर रही है जो बढ़ी हुई भागीदारी को अधिक प्रभावी और सटीक निर्णय-लेने में परिवर्तित करते हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व मेंहमारी सरकार महिलाओं के नेतृत्व में विकास के विजन पर लगातार कार्य करती रही है, और उसने नारी शक्ति को भारत की विकास गाथा के केंद्र में स्थापित किया है। इस अधिनियम का पारित होना विधायी स्तर पर इसविजन को दर्शाता है। यदि इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाया जाए, तो इसकी संभावनाएं असाधारण हैं। वास्तविक प्रभाव के साथ प्रतिनिधित्व असर को कई गुणा बढ़ा देता है। वास्तविक ताकत के साथ उपस्थिति सुधार को तेज करती है। भारत दोनों को अपनाने के लिए तैयार है–और इससे होने वाले लाभ परिवर्तनकारी होंगे। जैसे-जैसे देश 2047 तक विकसित भारत बनने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता है, इसकी विधायी संस्थाओं की शक्ति एक महत्वपूर्ण कारक होगी। महिलाओं के विधायी नेतृत्व को बढ़ाना केवल निष्पनक्षता का मामला नहीं है; यह स्वयं शासन को सुदृढ़ करने के बारे में है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने वास्तविक संभावनाओं का क्षण उत्पन्न किया है। अब इस क्षण को स्थायी परिवर्तन में बदलने का अवसर और शक्ति दोनों ही राजनीतिक संस्थाओं, दलों और नीति निर्माताओं के पास मौजूद हैं।

प्रगति का असली पैमाना उन महिलाओं में दिखाई देगा, जो केवल सीटों पर बैठतींही नहीं, बल्कि उन्हें अधिकारपूर्वक संचालित भी करती हैं–जो साहसिक कानून तैयार करती हैं, परिवर्तनकारी एजेंडे तय करती हैं, और आने वाली पीढ़ियों के लिए शासन के स्वरूप को नया आकार देती हैं। इस बिल के लागू होने के साथ, भारत की विधायिकाओं की केवल संरचनाही नहीं बदलेंगी–बल्कि उनके उद्देश्य, शक्ति और वादे भी बदलेंगे।

–श्रीमती अन्नापूर्णा देवी,
भारत सरकार की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं)

हरियाणा की डायरी: साप्ताहिक कॉलम

पांव भले रुके फिर भी बाबा के बुलंद हौसले

लेखक: चंद्रशेखर धरणी
स्वतंत्र पत्रकार

पिछले काफी दिनों से घर में गिरने से दोनों पांव में हुए फ्रैक्चर के कारण ऊर्जा मंत्री अनिल विज चलने फिरने में असमर्थ होने के कारण बेड रेस्ट पर है। लेकिन इसके बावजूद भी उनके हौसले काबिले तारीफ हैं। जिन्होंने जहां इतनी तकलीफ होने के बावजूद भी राज्यसभा की वोट भी डाली। प्रदेश और हल्के के विकास का कोई भी काम न रूके इसके लिए घर से ही फाइलों का निपटारा कर रहे हैं।अनिल विज के जज्बे को सलाम किया जा रहा है।पैरों का फ्रैक्चर अब खुल चुका है।बाबा वाकर के सहारे चलना शुरू हो चुके हैं।

विकास के पहिए की गति रैलियों के माध्यम से और तेज कर रहे हैं नायब सैनी

मौजूदा समय में प्रदेश के हर कोने में भाजपा के मंत्रियों और विधायकों द्वारा रैलियां की जा रही हैं। जहां बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सैनी पहुंच रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री दिल खोलकर लोगों की मांगों को पूरा करने में लगे हुए हैं जिसके लिए उन्होंने खजाने के मुंह पूरी तरह से खोल दिए हैं वैसे भी हरियाणा के वित्त मंत्री का कार्यभार भी मुख्यमंत्री नायब सैनी के पास ही ही है। जिस प्रकार से मुख्यमंत्री द्वारा रेलिया में बड़ी-बड़ी सौगातें दी जा रही हैं । जिसके चलते आने वाले दिनों में इससे प्रदेश के विकास की गति कई गुना तेज होगी।

थारी नाक नीचे कोनी औन दी

सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के हल्के में रखी गई मुख्यमंत्री की रैली के दौरान एक बार फिर से पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने हुड्डा पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि सारी की सारी नौकरियां रोहतक वालों को दी जाती थी। मैं नाम नहीं लेना चाहती लेकिन कितने ही नेता हुड्डा के दरबार में द्वारपाल की भांति बैठे रहते थे।लेकिन मैंने लड़ झगड़ कर तुम्हारे हिस्से के काम कराए कभी भी तुम्हारी नाक नीचे नहीं होने दी।

श्रुति को तुम्हारे हवाले कर रही हूं

पहले बेटी के लिए विधानसभा सीट का त्याग किया अब राज्यसभा कार्यकाल खत्म होने के बाद किरण चौधरी ने भावुक अपील करते हुए हल्का वासियों से कहा की अब इसे आपके हवाले कर रही हूं। यह बड़ी सौभाग्यशाली है जिसे नायब सैनी जैसा मुख्यमंत्री मिला है। इसने दिल्ली में मेरे चुनाव में और यहां भिवानी में अपने दादाजी के चुनाव में बचपन में ही वोट मांग रखे हैं इसे यहां हर घर हर कोई जानता है। यह अपने पिता का नाम रोशन करेगी। यही नहीं उन्होंने हलके के लोगों से कहा कि जो भी व्यक्ति दाएं बाएं गए हैं उसे भी वापस ले आओ क्योंकि भाजपा आने वाले 40 साल तक भी कहीं जाने वाले नहीं है।

कांग्रेस की महिला विधायकों की जुगल बंदी

आजकल हरियाणा में कांग्रेस की दो महिला विधायकों की जुगल बंदी देखते ही बनती है। राज्यसभा चुनावों में क्रास वोटिंग के खेल के बाद अनुशासन समिति के समक्ष भी इन विधायकों का स्टैंड क्लियर था कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को दिखा कर कांग्रेस के उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध के पक्ष में मतदान किया है।इन दोनों विधायकों ने पिछले दिनों मीडिया के समक्ष आकर जो बयान दिए उन पर यह आज भी कायम हैं।परिणाम भले ही राज्यसभा में कांग्रेस के पक्ष में गए।मगर कांग्रेस की गुटबंदी चरम सीमा पर सार्वजनिक हो चुकी है।जो मर्जी हो भाजपा के लिए स्थिति पूर्णतया सुखद है।

वेल्यूबल भंडारी

राज्य सभा चुनावों में आजाद उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करवाने में सक्रिय मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव तरुण भंडारी भाजपा के लिए वेल्यूबल भंडारी साबित हुए है। अतीत में हरियाणा फिर हिमाचल व अब फिर हरियाणा के अंदर राज्यसभा चुनावों में खेला कर भंडारी ने अपना सिक्का साबित कर दिया है।भाजपा की धार्मिक प्रमुखों की मैनेजमेंट संभालने वाले भंडारी राजनीति में भी कारगर भूमिका निभा रहे हैं।केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व हरियाणा के सी एम नायब सिंह सैनी के भरोसेमंद तरुण भंडारी ने हाल ही में यह बयान देकर की अच्छे लोगों के लिए भाजपा के दरवाजे सदैव खुले है,कांग्रेस में तारपीडो करने के संकेत दे दिए है।

अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

पंजाब विधानसभा में विपक्ष का वाकआउट सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में आज भी समूचे विपक्ष ने भिन्न मांगों को लेकर सदन से वाकआउट किया। आज प्रश्नकाल समाप्त होते ही बसपा के निर्मल सिंह निम्मा ने राज्य में पंजाबी भाषा को बढ़ावा देने के लिए सदन में बहस की मांग की लेकिन अध्यक्ष हरनाम दास जौहर ने उनकी यह मांग अस्वीकार कर दी इस पर सभी बसपा सदस्यों ने रोष स्वरूप सदन से वाकआउट किया। मार्क्सवादी तरसेम जोधा ने मर्यादा का प्रश्न उठाना चाहा। उनका आरोप था कि सचिवालय के बाहर खड़े सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें अनाधिकृत रूप से परेशान किया तथा जनता दल तथा अकाली दल के सदस्यों ने भी उनकी इस मांग से सहमति जताई। लेकिन अध्यक्ष द्वारा उनकी मांग नामंजूर कर दिये जाने पर इन दलों के सभी सदस्य सदन से बाहर चले गए। इसके उपरान्त आज 32 दिन के बजट सत्र के बाद विधानसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई।

हिंसा से विरोध नहीं!

डंकल विरोधियों द्वारा कल राजधानी में अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन किया गया जिससे उनमें और पुलिस में जमकर संघर्ष हुआ। फलस्वरूप 43 पुलिस कर्मी और 36 प्रदर्शनकारी हताहत हो गए। यह कोई अच्छी बात नहीं। विरोध का ढंग भी ऐसा आपेक्षित नहीं कि लोकतंत्र को मजाक बना दिया जाए और सख्ती भी ऐसी नहीं होनी चाहिए कि विरोध का अधिकार ही न रहे। दरअसल डंकल प्रस्ताव को लेकर आम लोगों के विचारों में काफी मतभेद चला आ रहा है। सरकार ने लोगों की नब्ज को ठीक तरह से समझा और परखा भी नहीं- क्योंकि डंकल प्रस्ताव को यदि भारत द्वारा मान लिया जाता है तो उनके विचार से हम अपनी आर्थिक स्वतंत्रता को गिरवी रख देंगे।

ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

- 1606 - राजकुमार खुसरो ने अपने पिता मुग़ल शासक जहाँगीर के ख़िलाफ़ बग़ावत की।
- 1929 - प्रसिद्ध हिन्दी सेवी और प्रकाशक महाशय राजपाल का निधन।
- 1930 - महात्मा गांधी ने अपनी स्वतंत्र भारत की माँग पर ज़ोर देने के लिए सविनय अवज्ञा आन्दोलन आन्दोलन छेड़ा।
- 1931 - प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सुचित्रा सेन का जन्म।
- 1942 - जापानी लड़ाकू विमानों ने पहली बार भारतीय क्षेत्रों पर बमबारी की।
- 1956 - भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी दिलीप वेंगसरकर का जन्म।
- 1966 - भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया।
- 1980 - भारतीय जनसंघ से अलग होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थापना।
- 1982 - दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित उपनिवेश फ़ाकलैंड पर अर्जेन्टीना ने अधिकार किया।
- 1985 - पाब्लो पिकासो के समकालीन विश्वविख्यात कलाकार मार्क शागल का पेरिस में देहांत।
- 1998 - गोरी प्रक्षेपास्त्र का पाकिस्तान द्वारा सफल प्रक्षेपण।
- 1999 - नेपाल में पुन: पांच सौ रुपये के भारतीय नोट चलाने की घोषणा।
- 2000 - कराची की एक अदालत ने आतंकवाद व विमान अपहरण के मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ को उम्र क़ैद की सज़ा सुनायी।
- 2001 - भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारतीय राजनीति के पुरोधा चौधरी देवी लाल का निधन।
- 2003 - उत्तरी होंडुरास की जेल में हुए दंगे के कारण 86 क़ैदी मारे गये।
- 2005 - कुर्द नेता जलाल तालाबानी को ईराक का नया राष्ट्रपति चुना गया।
- 2007 - बांग्ला लेखिका लीला मजूमदार का निधन।
- 2008 - केन्द्र की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के मंत्रिमण्डल में सात नए चेहरों को शामिल किया गया।
- 2010 - भारत के वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी और भारत दौरे पर आए अमेरिकी वित्त मंत्री टिमोथी गेथनर ने आर्थिक साझेदारी के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

बोल ब्यूटीफुल

अभिजीत चोकसी: भारत 30 वर्षों में पहली बार इंजीनियरिंग वस्तुओं का शुद्ध निर्यातक बन गया है। वित्त वर्ष 2012 में जहां इस मोर्चे पर 32 अरब डालर का घाटा होता था, उसी मोर्चे पर अब छह अरत डालर का लाभ दर्ज हुआ है।

रोशाना आसिया पोपल: पाकिस्तान हर तरफ से शर्मसार हो रहा है। भारत ने उसे दलाल देश कह दिया। ईरान ने उसके मध्यस्थता प्रस्ताव को खारिज कर दिया। संयुक्त अरब अमीरात ने उससे अपना कर्जा वापस मांगा है और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया ने अफगानिस्तान में उसके अत्याचारों की पोल खोली है।

तवलीन सिंह: ट्रंप ने तो कहा था कि उन्होंने ईरान की ऐसी कमर तोड़ दी है कि वह पलटवार करने में सक्षम ही नहीं बचा। फिर ईरान कैसे अमेरिकी लड़ाकू विमानों को गिरा रहा है।

दो भारत की कहानी: एक मोटापे से ग्रस्त, दूसरा कुपोषण–भूख से त्रस्त

दैनिक अर्थ प्रकाश

प्रधानमंत्री जी देश से ओबेसिटी (मोटापा) खत्म करने की बात करते हैं, जो निस्संदेह एक आवश्यक और समयोचित पहल है। बदलती जीवनशैली, फास्ट फूड और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण मोटापा आज एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। लेकिन इससे भी अधिक जरूरी यह है कि देश में कुपोषण और भुखमरी की समस्या को जड़ से समाप्त किया जाए। यह ऐसा क्षेत्र है, जहां व्यक्ति अकेले लड़ाई नहीं लड़ सकता, बल्कि यह जिम्मेदारी मुख्य रूप से सरकार और नीतिगत हस्तक्षेपों की होती है।

भारत आज एक विरोधाभासी स्थिति का सामना कर रहा है। एक ओर समाज का एक वर्ग अधिक भोजन और असंतुलित जीवनशैली के कारण मोटापे और उससे जुड़ी बीमारियों से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर देश की बड़ी आबादी आज भी पर्याप्त और संतुलित भोजन से वंचित है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (NFHS-5) के अनुसार देश में लगभग 22 से 24 प्रतिशत पुरुष और 24 से 26 प्रतिशत महिलाएं ओवरवेट या मोटापे की श्रेणी में आती हैं। केरल, पंजाब, दिल्ली और तमिलनाडु जैसे राज्यों में यह आंकड़ा 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जो शहरी और संपन्न वर्गों में बढ़ती समस्या को दर्शाता है।

इसके विपरीत, कुपोषण की तस्वीर कहीं अधिक चिंताजनक है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं जैसे WHO, UNICEF और Global Burden of Disease की रिपोर्टों के अनुसार भारत में हर वर्ष लगभग 8 से 10 लाख बच्चों की मौतों में कुपोषण प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देता है। पांच साल से कम उम्र के बच्चों की कुल मौतों में करीब 65 से 70 प्रतिशत मामलों में कुपोषण एक प्रमुख कारण होता है। यह आंकड़े इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि कुपोषण केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकट है।

कुपोषण के कारण बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बाधित होता है। कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के चलते निमोनिया, डायरिया, खसरा और मलेरिया जैसी बीमारियां जानलेवा साबित हो जाती हैं। इसी कारण कुपोषण को 'छुपा हुआ हत्यारा' कहा जाता है। इसके साथ ही एनीमिया की समस्या भी देश में व्यापक रूप से फैली हुई है। 6 महीने से पांच साल के लगभग 67 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से ग्रसित हैं, जबकि 15 से 49 वर्ष की महिलाओं का बड़ा वर्ग भी इसकी चपेट में है। एनीमिया न केवल स्वास्थ्य को कमजोर करता है, बल्कि मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को भी बढ़ाता है।

भुखमरी के संदर्भ में स्थिति और जटिल हो जाती है। भले ही 'सिर्फ भूख' से होने वाली मौतों का सटीक आंकड़ा उपलब्ध न हो, लेकिन यह निर्विवाद है कि कुपोषण और भोजन की कमी से जुड़ी समस्याएं हर साल लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं। यह केवल भोजन की उपलब्धता का नहीं, बल्कि पोषण, जागरूकता, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का भी प्रश्न है।

यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना आवश्यक है। मोटापे से व्यक्ति खुद काफी हद तक लड़ सकता है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और अनुशासित जीवनशैली अपनाकर इसे नियंत्रित किया जा सकता है। लेकिन कुपोषण और भुखमरी ऐसी समस्याएं हैं, जिनका समाधान व्यक्तिगत स्तर पर संभव नहीं है। इसके लिए व्यापक सरकारी नीतियां, संसाधनों का न्यायसंगत वितरण और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है।

सरकार ने इस दिशा में कई योजनाएं शुरू की हैं। स्कूलों में मिड-डे मील योजना, आंगनवाड़ी सेवाएं और 'पोषण अभियान' जैसे कार्यक्रम कुपोषण को कम करने के उद्देश्य से लागू किए गए हैं। इन योजनाओं का लक्ष्य बच्चों और महिलाओं को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना है। लेकिन वास्तविकता यह है कि इन योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक समान रूप से नहीं पहुंच पा रहा है। कई क्षेत्रों में गुणवत्ता, निगरानी और संसाधनों की कमी के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं।

कुपोषण के पीछे केवल भोजन की कमी ही नहीं, बल्कि पोषक तत्वों की कमी, स्वच्छ पेयजल का अभाव, खराब स्वच्छता व्यवस्था, शिक्षा की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच भी जिम्मेदार हैं। इसलिए समाधान भी बहुआयामी होना चाहिए। केवल भोजन उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं, बल्कि संतुलित और पौष्टिक आहार सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि मोटापे के खिलाफ चल रहे अभियानों के साथ-साथ कुपोषण और भुखमरी के खिलाफ एक सशक्त राष्ट्रीय रणनीति तैयार की जाए। योजनाओं का विस्तार करने के साथ-साथ उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्थानीय स्तर पर निगरानी व्यवस्था मजबूत की जाए और जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि लोग पोषण के महत्व को समझ सकें।

जब तक देश का हर बच्चा और हर महिला पर्याप्त पोषण प्राप्त नहीं कर लेता, तब तक 'स्वस्थ भारत' का सपना अधूरा रहेगा। इसलिए यह कहना बिल्कुल उचित है कि मोटापे पर नियंत्रण जरूरी है, लेकिन उससे कहीं अधिक जरूरी है कुपोषण और भुखमरी को समाप्त करना। यही वह दिशा है, जो देश को एक स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकती है।

– सतीश मेहरा

सोझा के पास पर्यटकों के वाहन के साथ दर्दनाक हादसा

टेंपो ट्रैवलर खाई में गिरा, तीन की मौत; 20 घायल

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

बंजार (कुल्लू)। जिला कुल्लू के बंजार उपमंडल में एनएच-305 औट-लुहरी मार्ग पर सोझा के समीप देर रात एक भीषण सड़क हादसा पेश आया, जिसमें 3 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। सभी घायल और मृतक अलग-अलग राज्यों से आए पर्यटक बताए जा रहे हैं।

हादसे के बाद स्थानीय प्रशासन, पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे और तुरंत रेस्क्यू अभियान चलाया गया। घायलों को उपचार के लिए तुरंत बंजार अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर कर दिया गया। देर रात करीब 2:30 बजे तक 17 घायलों को कुल्लू अस्पताल लाया गया। जिनमें से तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ भेजा गया। इस वाहन में चालक सहित 23 लोग सवार थे। मृतकों में एक पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं।

मरने वालों की पहचान : दीपाली पत्नी करण विष्णु गार्डन दिल्ली, सिमरन पत्नी रोहित कोटा राजस्थान व अमित पुत्र हीराबेन नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ट्रैवलर वाहन में सवार पर्यटक सोझा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घायलों की पहचान इस प्रकार है : अभिनव मोदी (21) निवासी कुरुक्षेत्र (हरियाणा), करण (35) निवासी दिल्ली, कियान (5) निवासी दिल्ली, मोहित (30) निवासी नई दिल्ली, गिन्नी (3) निवासी नई दिल्ली, आदित्य नारायण (21) निवासी कटक (ओडिशा), चालक लियाकत हुसैन (37) निवासी राजौरी (जम्मू-कश्मीर), अंचल (25) निवासी करौली (राजस्थान), मधुप शर्मा (23) निवासी जयपुर (राजस्थान), आयुषी शर्मा (26) निवासी पुणे (महाराष्ट्र), रोहित मेहरा (25) निवासी कोटा (राजस्थान), फिजा (24) निवासी सीकर (राजस्थान), आर्य जैन (24) निवासी मलेरकोटला (पंजाब), निकिता (27) निवासी नई दिल्ली, हरदीप सिंह (24) निवासी लखनऊ (उत्तर प्रदेश), दीनू सैफी (26) निवासी अमरोहा (उत्तर प्रदेश), शशि (पता अज्ञात), अनुराग (21) निवासी जयपुर (राजस्थान) तथा अर्नव (24) (पता अज्ञात)।

हादसे के बाद कुछ समय के लिए एनएच-305 पर यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में बहाल कर दिया गया।

टेंपो ट्रेवलर दुर्घटना में घायल लोगों को दी प्रशासन ने फौरी राहत

कुल्लू (अशेष शर्मा)। उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने जानकारी दी कि शनिवार सांय बंजार सोझा के पास एक टेंपो ट्रेवलर दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी। इस वाहन में चालक को मिलाकर कुल 23 लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही बंजार से राहत एवं बचाव दल तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचकर राहत बचाव कार्यों में

जुट गए थे। सभी घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया गया था जहां इनका उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक छ घायलों को उपमंडलाधिकारी बंजार के माध्यम से पांच हज़ार प्रत्येक के हिसाब से कुल 30 हजार रुपए की राहत राशि प्रशासन की ओर से तुरन्त फ़ौरी राहत के तौर पर प्रदान की गई है तथा अन्य सभी घायलों को भी राहत राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सभी घायलों का उपचार में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा कि इस दुखद घटना में तीन लोगों की मृत्यु हो गई है। जिसमें से एक मृतका दीपाली के परिवार को 25 हज़ार की राहत राशि जारी की गई है। उन्होंने बताया कि दो शवों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू की मोर्चरी के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही इनके परिजनों द्वारा इनके शवों की पहचान की पुष्टि की जाती है, इनके परिजनों को मृतकों के शव सौंपकर इन्हें राहत राशि प्रदान कर दी जाएगी।

प्रख्यात शिक्षाविदों ने राज्यपाल से की भेंट

राज्यपाल ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए उद्योग-शिक्षा सहयोग पर दिया बल

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

शिमला। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से प्रख्यात शिक्षाविदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज लोक भवन, शिमला में भेंट की और उच्च शिक्षा, शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा संस्थागत विकास से जु? विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल में महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप सिंह वालिया, राजकीय महाविद्यालय गुरदासपुर, पंजाब के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार भल्ला तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के डॉ. राज कुमार सिंह शामिल थे। शिक्षाविदों ने राज्यपाल को अपने-अपने संस्थानों में चल रही विभिन्न शैक्षणिक पहलों से अवगत करवाया तथा शोध के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार करने और शैक्षिक पहुंच ब?ाने के लिए मार्गदर्शन का अनुरोध किया। राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने में गहरी रुचि व्यक्त की और उद्योग एवं शिक्षण संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय, छात्रों में शोध की प्रवृत्ति तथा युवाओं के समग्र विकास पर बल दिया। गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालयों को पारंपरिक पाठ्यक्रमों से आगे ब?कर नवाचार, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण के केंद्र के रूप में उभरना चाहिए।

ऊना में 1000 करोड़ के पेयजल व सिंचाई कार्य प्रगति पर : अग्निहोत्री

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

ऊना। ऊना जिले में जल शक्ति विभाग की विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अधिकारियों को निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को समयबद्ध रूप से पेयजल और सिंचाई सुविधाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में लगभग 1000 करोड़ रुपये की पेयजल और सिंचाई परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इनमें करीब 550-600 करोड़ रुपये के पेयजल तथा 350-400 करोड़ रुपये के सिंचाई कार्य शामिल हैं।

उपमुख्यमंत्री ने लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने और आवश्यक प्रस्ताव समय पर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने भभौर साहिब से पोलियां बीत तक 175 करोड़ रुपये की नई पेयजल योजना को भी तेजी से आगे बढ़ाने को कहा।

उन्होंने बताया कि मार्च 2026 तक जिले में 233 पेयजल योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 54 योजनाओं पर कार्य जारी है। इसके अलावा 595 सिंचाई योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं, जिससे 18,796 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त हुई है, जबकि 67 योजनाएं निर्माणाधीन हैं। अग्निहोत्री ने बताया कि जिले में अब तक 3,266 हैंडपंप स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त 7 मल निकासी (सीवरेज) योजनाएं भी प्रगति पर हैं। एडीबी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि 19 योजनाओं में से 7 पूरी हो चुकी हैं और शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने 22.74 करोड़ रुपये की लागत से बन रही संतोषगढ़ सीवरेज योजना के शेष कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

जल प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 600 ट्यूबवेल संचालित हैं। जिन ट्यूबवेलों की मरम्मत या पुनर्निर्माण आवश्यक है, उनके लिए समेकित डीपीआर तैयार कर रिमॉडलिंग की जाएगी।

साथ ही, सभी ट्यूबवेलों को नवीन क्रम संख्या (री-नंबरिंग) देकर विधानसभा-वार अद्यतन डाटा तैयार किया जा रहा है, ताकि वर्तमान जरूरतों के अनुरूप उनका वैज्ञानिक और व्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता जल शक्ति अंजू शर्मा, प्रमुख अभियंता परियोजना धर्मेंद्र गिल, चीफ इंजीनियर रोहित दुबे, अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान और जल शक्ति वृत ऊना के सभी अभियंता के साथ साथ अन्य उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत बोल में कांग्रेस को मिला भरपूर जनसमर्थन, बसपा के कई कार्यकर्ता शामिल

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

ऊना। ग्राम पंचायत बोल में आज कांग्रेस पार्टी के पक्ष में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला, जहाँ बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की जनहितैषी नीतियों तथा प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता और गरीब वर्ग के लिए किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी ऊना के अध्यक्ष देशराज गौतम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष देशराज गौतम ने सभी नव-शामिल साथियों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलवाई तथा उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव से गरीब, किसान, मजदूर और आम जनमानस की आवाज रही है और आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम में पंचायत प्रधान इकबाल सिंह सोनी, बल खालसा से दर्शन सिंह, सुरेश कुमार , माया देवी पूर्व बीडीसी सदस्य सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान जिन प्रमुख व्यक्तियों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, उनमें हंसराज भारती, शिवालिक भारती, शिवकुमार, चमनलाल, गुरबचन चंद, गुरनाम सिंह, जोगराज, जितेंद्र कुमार, रोहित, जीता सिंह, मखन सिंह, रोशनलाल, सायना, आशा देवी, कुशल्या देवी, सीता देवी, माया देवी, बसंतो देवी, ज्योति सहित अन्य लोग शामिल रहे। अंत में जिला अध्यक्ष देशराज गौतम ने सभी नए साथियों का कांग्रेस परिवार में हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में शामिल प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा और उनके हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मूल उद्देश्य समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना और उनकी आवाज को मजबूती देना है।

न्यूज ब्रीफ

प्राचीन महादेव मंदिर पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा

ऊना (रोहित शर्मा)। हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी श्रीकांत शर्मा और सह प्रभारी संजय टंडन रविवार सुबह जिला मुख्यालय पहुंचे। हिमाचल के प्रवास पर पहुंचे दोनों नेताओं का भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सिंह सत्ती, पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो, जिलाध्यक्ष श्याम मिन्हास और प्रदेश भाजपा सह मीडिया प्रभारी राजकुमार पठानिया बा भाजपा कार्यकर्ता ने भव्य स्वागत किया। हमीरपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने पहुंचे श्रीकांत शर्मा और संजय टंडन ने जिला मुख्यालय पहुंचने ही पांडव काल के प्राचीन महादेव मंदिर कोटला कलां पहुंचकर भगवान शिव का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर उन्होंने मंदिर परिसर का संक्षिप्त दौरा करते हुए व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

हरोली के पदक विजेता पहलवान साहिल चाड को डिप्टी सीएम ने दी बधाई

ऊना (रोहित शर्मा)। हरोली विधानसभा क्षेत्र के बीटन गांव के पहलवान चौधरी साहिल चाड ने रविवार को डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री से उनके

गोंदपुर जयचंद स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। हाल ही में छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में साहिल चाड ने कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर हिमाचल प्रदेश और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर डिप्टी सीएम ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल को नई पहचान दिला रहे हैं, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उल्लेखनीय है कि साहिल चाड इससे पहले राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के पलवल में भाग ले चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल भी हासिल किया है।

विवाद में पर्यटक ने नकली पिस्तौल से धमकाया

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के मतियाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर दिल्ली से आए पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पर्यटक ने पिस्तौल जैसी दिखने वाली वस्तु निकाल ली, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, घटना मतियाना बाजार में गलत तरीके से ओवरटेक करने को लेकर हुई। पर्यटकों की गाड़ी ने एक स्थानीय व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिसके बाद कहासुनी हाथापाई में बदल गई। इसी दौरान पर्यटकों में से एक ने पिस्तौल जैसी दिखने वाली वस्तु निकालकर लोगों को डराने की कोशिश की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि थाना ठियोग में शाम 5:50 बजे सूचना मिली कि दिल्ली नंबर की ऑडी कार में सवार 2 पर्यटकों का मतियाना बाजार में विवाद हुआ है। बताया गया कि एक स्थानीय व्यक्ति को टक्कर मारी गई और झगड़े के दौरान स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने के लिए पिस्तौल जैसी दिखने वाली वस्तु दिखाई गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने प्रेमघाट चौक, ठियोग में नाका लगाया, जहां उक्त वाहन को उसके सवारों सहित रोक लिया गया। पिस्तौल जैसी दिखने वाली वस्तु बरामद की गई, जो जांच में एक साधारण चीनी निर्मित लाइटर निकला।

बारिश-ओलावृष्टि ने किसानों और बागवानों की चिंताएं बढ़ाई

अप्रैल में दिसंबर जैसी ठंड, हिमाचल में बर्फबारी-ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है, जिससे अप्रैल महीने में ही लोगों को दिसंबर जैसी ठंड का एहसास होने लगा है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश के कई हिस्सों में बर्फबारी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया है और किसानों-बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। प्रदेश के लाहौल-स्पीति, कुल्लू की ऊंची चोटियों पर रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है। वहीं निचले क्षेत्र में बारिश का दौर जारी है। ?

मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल खराब मौसम से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। 9 अप्रैल तक प्रदेश में ओलावृष्टि और तेज हवाओं को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। 4 से 7 अप्रैल के बीच कुल्लू, शिमला, सोलन और मंडी में तेज हवाओं के साथ बिजली कड़कने की संभावना जताई गई है। वहीं 7 से 9 अप्रैल के बीच एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से फिर व्यापक बारिश हो सकती है।

इस बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों और बागवानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। खेतों में खड़ी गेहूं और मटर की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं सेब के बगीचों में इस समय फूल खिलने का दौर चल रहा है, ऐसे में ओलावृष्टि से बागवानों को बड़े आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है।

इसके अलावा तेज हवाओं के कारण प्लम और आड़ू जैसे गुठलीदार फलों को भी नुकसान पहुंचा है। रविवार को भी कुल्लू तथा लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर लगातार बर्फबारी का दौर जारी रहा जबकि निचले इलाकों में बारिश ने ठंड बढ़ा दी है।

अमरूद तोड़ने पर मासूम बच्ची को बांधकर पीटा, वीडियो वायरल होते ही मचा हड़कंप

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

ऊना। जिला ऊना की ग्राम पंचायत बहडाला से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है। यहां मामूली सी बात–अमरूद तोड़ने–को लेकर एक प्रवासी मासूम बच्ची के साथ हैवानियत की हदें पार कर दी गई। बच्ची को घर के अंदर सीढ़ियों की रेलिंग से बांधकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है।

इस दिल दहला देने वाली घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें डरी-सहमी बच्ची रोते हुए बार-बार गुहार लगाती सुनाई दे रही है–÷अंकल मुझे बचा लो।÷ वीडियो सामने आने के बाद पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बहडाला गांव में एक पूर्व सैनिक ने बच्ची को अमरूद तोड़ते हुए पकड़ लिया। आरोप है कि गुस्से में आकर उसने बच्ची को जबरन घर के अंदर खींच लिया और सीढ़ियों की रेलिंग से उसके हाथ-पांव बांध दिए। इसके बाद उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया।

इसी दौरान स्थानीय निवासी रोहित जसवाल वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने बच्ची की चीख-पुकार सुनी और शक होने पर घर के अंदर पहुंचे। अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए–मासूम बच्ची बंधी हुई थी और रहम की भीख मांग रही थी। रोहित जसवाल ने तुरंत साहस दिखाते हुए हस्तक्षेप किया, घटना का वीडियो बनाया और बच्ची को बंधन मुक्त करवाया। बाद में बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया।

कुल्लू के क्राइस्ट चर्च में धूमधाम से मनाया गया ईस्टर का त्योहार

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

कुल्लू। जिला मुख्यालय स्थित क्राइस्ट चर्च में रविवार को ईस्टर का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोगों ने चर्च में एकत्रित होकर विशेष प्रार्थना सभा में भाग लिया।

प्रार्थना सभा के दौरान प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की महिमा का वर्णन किया गया। पादरी ने अपने संदेश में कहा कि ईस्टर आशा, प्रेम और नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने सभी से प्रेम, भाईचारे और मानवता की सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और विशेष आराधना का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बच्चों और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और ईस्टर की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर चर्च परिसर को सुंदर ढंग से सजाया गया था। प्रार्थना सभा के बाद लोगों ने एक-दूसरे को ईस्टर की बधाई दी और सुख-शांति की कामना की।

ईस्टर के इस पावन अवसर पर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल बना रहा।र्क

अरलू कुंदों में बैडमिंटन प्रतियोगिता, रोमांचक मुकाबलों में नादौन, जसाना व अरलू ने मारी बाजी

अर्थ प्रकाश/अभिषेक कुमार

बंगाणा। उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत अरलू के गांव अरलू कुंदों में स्थानीय युवाओं द्वारा आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिला?ियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से करवाई जा रही इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 20 टीमें अपना दमखम दिखा रही हैं प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनका दर्शकों ने खूब आनंद लिया, दूसरे दिन का पहला मैच हटली और नादौन के बीच खेला गया। इस क? संघर्ष में नादौन की टीम ने अपने शानदार तालमेल और खेल कौशल की बदौलत हटली को शिकस्त देकर जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला जसाना और चिनौर के बीच हुआ। इस मैच में जसाना की टीम शुरू से ही हावी रही और अंततः विजेता बनकर उभरी, मेजबान टीम अरलू और शांतला के बीच हुए मुकाबले में अरलू के खिला?ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और अगले दौर में अपनी जगह पक्की की। आयोजक कमेटी के सदस्यों ने बताया कि खेल के समापन पर विजेता और उपविजेता टीमों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता की विजेता टीम को ?7,100 की नकद राशि और उपविजेता टीम को ?5,100 के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किए जाएंगे।

अरलू कुंदों के युवाओं द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की क्षेत्र भर में सराहना हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से न केवल युवाओं की खेल प्रतिभा निखरती है, बल्कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रहते हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं की टोली दिन-रात जुटी हुई है।

1.75 करोड़ के साइबर फ्रॉड में आरोपी 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

पंचकूला। 1.75 करोड़ रुपए के साइबर ठगी के मामले में साइबर क्राइम थाना टीम ने आरोपी रौनक ठक्कर वासी गुजरात को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर 5 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया। इस मामले में पंचकूला वासी शिकायतकर्ता ने 31 जुलाई 2024 को साइबर थाना पंचकूला में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 5 जुलाई 2024 को शिकायतकर्ता को फेसबुक पर शेयर मार्केट से संबंधित एक विज्ञापन दिखाई दिया, जिसे उसने लाइक किया। इसके बाद उसे व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक प्राप्त हुआ, जिसके जरिये उसे शेयर बाजार में निवेश कर दुगुना लाभ कमाने का लालच दिया गया। इसी झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने बड़ी राशि का निवेश कर दिया और कुल मिलाकर उससे करीब 1 करोड़ 75 लाख रुपये की ठगी की गई। साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि शिकायत की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना पंचकूला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4), 336(3), 338, 340 व 61 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

विधानसभा चुनाव 2024 में पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप, 7 दिनों में मांगा जवाब

नगर निगम चुनाव से पहले कांग्रेस ने पूर्व मेयर उपिंदर कौर और रावल को थमाया नोटिस

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

पंचकूला। नगर निगम चुनाव से कांग्रेस पार्टी में सब कुछ ठीक होता दिखाई नहीं दे रहा है। इसका कारण यह है कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में अपने ही दो दिग्गज नेताओं समेत चार लोगों को नोटिस भेजा है। ये नोटिस पूर्व मेयर उपिंदर कौर आहलूवालिया और नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन रह चुके रविंद्र रावल के अलावा धनेन्द्र आहलूवालिया और नरेश रावल को भेजे हैं। बता दें कि हाल ही में उपिंदर कौर आहलूवालिया के मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद उनके भाजपा में जाने की अटकलें तेज रहीं। हालांकि, पूर्व मेयर की तरफ से अभी तक उस मुलाकात को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की। वहीं रविंद्र रावल, जिनको पंजाबी समुदाय का समर्थन प्राप्त है, नगर निगम चुनाव में मेयर सीट पर चुनाव लडऩे का पार्टी के समक्ष दावा पेश कर दिया है।

अब अनुशासन समिति की तरफ से भेजे गए नोटिस पर दोनों नेताओं को 7 दिनों में जवाब देने को कहा गया है। राजनीति से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी आगामी चुनावों से पहले संगठन को मजबूत और अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से इस तरह के कदम उठा रही है। इस नोटिस के बाद प्रदेश कांग्रेस की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और अब सभी की नजरें संबंधित नेत्री के जवाब और पार्टी की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

विधायक चंद्रमोहन ने की शिकायत : अनुशासन समिति की तरफ से यह नोटिस 4 अप्रैल को समिति के चेयरमैन धर्मपाल मलिक द्वारा जारी किया गया। नोटिस में कहा गया है कि पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है कि वर्ष 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में पंचकूला सीट से वह पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार थे, लेकिन संबंधित नेत्री उपेन्द्र वालिया, धनेन्द्र वालिया, रविन्द्र रावल, नरेश रावल ने उनके खिलाफ काम किया। इसे पार्टी विरोधी गतिविधि माना गया है।

आरोप गंभीर, आचरण नियमों के खिलाफ : मामले पर अनुशासन समिति की बैठक में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया है। समिति का मानना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है, जिससे पार्टी की एकता, अखंडता और वैचारिक प्रतिबद्धता को नुकसान पहुंचता है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि ऐसा आचरण पार्टी संविधान और स्थापित नियमों के खिलाफ है।

7 दिनों में मांगा जवाब, पूछा कार्रवाई क्यों न की जाए

समिति ने उपेन्द्र वालिया समेत सभी चार नेताओं को सात दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं और पूछा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने पर एकतरफा कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। यह नोटिस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी भेजा गया है, जिनमें भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, बीके हरिप्रसाद और केसी वेनूगोपाल शामिल हैं।

स्टार्टअप की कमाई से जरूरतमंद बच्चों को बैग-बोतल वितरित किए

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

न्यू- चण्डीगढ- खरड़। भारत के समाज में बदलाव लाने के लिए उम्र नहीं, बल्कि सोच और जज़्बा अधिक मायने रखता है–इस बात को साबित कर दिखाया है स्थानिय , सनसिटी परिक्रमा में रहने वाली दो युवा जेंजी छात्राओं में से , हिया गुप्ता और काव्या गर्ग ने। इन दोनों ने मिलकर अपने ऑनलाइन स्टार्टअप ÷हाईका चार्म को ÷ के माध्यम से न केवल आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की, बल्कि अपनी कमाई से जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान भी लाई गई है । हाल ही में हिया गुप्ता और काव्या गर्ग ने एनजीओ ÷प्रणाम इंडिया फाउंडेशन÷ के सहयोग से सरकारी स्कूल, गांव बिल्ला में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग और वाटर बॉटल वितरित की।

इस पहल का उद्देश्य उन बच्चों की मदद करना था, जो संसाधनों की कमी के कारण अपनी पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। हिया गुप्ता और काव्या गंग ने बताया कि उन्होंने ÷हाईका चार्म को ÷ नाम से इंस्टाग्राम पर एक ऑनलाइन स्टार्टअप शुरू किया है, जिसमें वे छोटे-छोटे गिफ्ट हैंपर तैयार कर ऑनलाइन बेचती हैं। खास बात यह है कि वे यह काम अपनी सेविंग से करती हैं और उससे होने वाली आय का एक हिस्सा समाज सेवा में लगाती हैं।

नगर निगम चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों को मिलेगा प्रशिक्षण, बैठक में फैसला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। नगर निगम के 20 वार्डों में होने वाले चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने संभावित प्रत्याशियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह फ़ैसला रविवार को पंचकूला के पंजाबी भवन, सेक्टर 15 में आयोजित आगामी नगर निगम चुनावों की तैयारियों को लेकर एक विशेष बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला पार्टी अध्यक्ष संजय चौहान ने की।

बैठक में मुख्य रूप से आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर्स श्याम शर्मा, तरुण शर्मा व बसन्त अहलावत बैठक में उपस्थित थे। संजय चौहान समेत पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र रावल और अन्य ने उनका स्वागत किया। यह बैठक संभावित प्रत्याशियों को प्रशिक्षण देने और चुनावी रणनीति पर गहन मंथन करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।इस बैठक में आये हुए एआईसीसी कोऑर्डिनेटरस नें सभी संभावित उम्मीदवारों को चुनाव संबंधी जानकारी प्रदान की। संजय चौहान अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ने अपने संबोधन में सभी संभावित प्रत्याशियों व कॉरिडिनेटर्स का स्वागत किया वहीं अजय गौतम नें मंच संचालन व सभी का धन्यवाद किया।

बैठक में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविन्द्र रावल, जिला कांग्रेस कमेटी पंचकूला के उपाध्यक्ष अजय गौतम, उपाध्यक्ष भुला राम, विकास भट्ट उपप्रधान,वित्त सचिव सुनीता मान, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष मुनीर बेगम, वरिष्ठ नेता गुरभाग धमाला, गफूर मोहम्मद, दीपक चौहान, रविन्द्र यादव, राजीव गांधी पंचायती राज कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा, पूर्व जिला पार्षद चंचल शर्मा, आर एस चौहान, संजीव गोयल, सुनील वशिष्ठ, पूर्व पार्षद संदीप सोही, पूर्व पार्षद प्रेम मलिक, पूर्व पार्षद गौतम प्रशाद, जिला अध्यक्ष महिला सेवा दल सुनीता शर्मा, और रणदीप राणा जिला सचिव सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक दल ने निगम चुनावों से पहले चंडीगढ़ इकाई को किया लॉन्च

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़। आगामी दिसंबर 2026 में होने वाले चंडीगढ़ नगर निगम चुनावों से पहले राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) ने अपने संगठनात्मक विस्तार के तहत रविवार को चंडीगढ़ इकाई की औपचारिक शुरुआत की।

इसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान की। इस अवसर पर कई नेताओं और समर्थकों ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उनके साथ प्रभुद्ध कुमार (राष्ट्रीय सचिव), दिलप्रीत सिंह (प्रदेश प्रभारी, पंजाब), विनय प्रधान (प्रभारी, जम्मू-कश्मीर), ओ.डी. त्यागी (प्रदेश महासचिव, उत्तर प्रदेश), नरेंद्र चिकारा (प्रदेश महासचिव, हरियाणा) और अजीत सिंह मोहाली (प्रदेश अध्यक्ष, पंजाब) सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

मीडिया को संबोधित करते हुए त्यागी ने कहा कि यह पहल पार्टी के संगठन को मजबूत करने और पारंपरिक क्षेत्रों से बाहर राजनीतिक विस्तार करने की रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का संगठन अब देश के 14 राज्यों में सक्रिय है और अब चंडीगढ़ में भी संगठन को औपचारिक रूप से स्थापित किया जाएगा। साथ ही पंजाब में पार्टी की आवाज को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मजबूत आधार के बाद पार्टी ने पंजाब और हरियाणा में भी अपना आधार बनाया है और अब चंडीगढ़ में संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने विस्तार रणनीति के तहत हाल ही में जम्मू-कश्मीर में सभी सीटों पर चुनाव लड़ा था।

नंदी गोशाला कोट में नवनिर्मित यज्ञशाला का भव्य शुभारंभ, गौ रक्षा और राष्ट्रभक्ति का गूंजा शंखनाद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। नंदी गो सेवा सदन पंचकूला सौजन्य से आज ग्राम कोट स्थित नंदी गौशाला में नवनिर्मित यज्ञशाला का भव्य शुभारंभ किया एवं विशाल यज्ञ का आयोजन किया ।

इस पावन अवसर पर भक्ति, योग और गौ-सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौ सेवक एवं गौ रक्षक महामंडलेश्वर स्वामी विश्वामित्र गिरी जी महाराज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ नीरज पाराशर प्रधान, शिव मंदिर सेक्टर-21, शकुंतला देवी मित्तल और दीपक गर्ग प्रधान, नंदी गौ सेवा समिति भगवान दस मित्तल, राजेश गौतम यज्मान के रूप में सम्मिलित हुए। यज्ञ का विधि-विधान पूर्वक संचालन पंडित राम प्रसाद शास्त्री जी द्वारा किया गया। स्वामी विश्वामित्र जी महाराज ने कहा किया कि हमें गौ-पालक के साथ-साथ गौ-रक्षक बनने की आवश्यकता है। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 27 अप्रैल को गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करवाने हेतु देश की प्रत्येक तहसील में 31,000 नागरिकों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम सौंपा जाएगा। आर्य रमेश चंद्र बावा~ उन्होंने वैदिक संदेश देते हुए सृष्टि संवत और भारतीय नववर्ष (विक्रम संवत) के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यज्ञो वै श्रेष्ठतमम् कर्म है, अतः यज्ञ को जीवन का अनिवार्य अंग बनाना चाहिए। दीपक शर्मा (कोषाध्यक्ष नंदी गौ सेवा सदन ने गौ माता के संरक्षण और संवर्धन पर जोर देते हुए लोगों से विशेष अवसरों पर यज्ञशाला में सेवा देने की अपील की। प्रेम आहुजा पतंजलि प्रभारी ने पहला सुख निरोगी काया का मंत्र देते हुए उन्होंने योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। निर्मला विरमानी, बिंदु मदान, योगराज चौधरी, आर्य नरेश गोयल और अमित बंसल ने मधुर भजनों के माध्यम से ईश्वर भक्ति और गौ-सेवा की महिमा का गुणगान किया। नंदी गौ सेवा सदन के कषाध्यक्ष दीपक शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

न्यूज ब्रीफ

कुलभूषण गोयल बने एबीएएस के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान

पंचकूला। नगर निगम पंचकूला के पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (एबीएएस) का राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान चुना गया है। इस पद के लिए कुल छह सदस्यों ने नामांकन किया था, जबकि चार पद निर्धारित थे। प्रक्रिया के दौरान दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिसके बाद कुलभूषण गोयल निर्वाचित घोषित किए गए। उनके साथ राजेंद्र अग्रवाल, पूरणमल अग्रवाल और सत्य भूषण जैन को भी राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया है। कुलभूषण गोयल पिछले लगभग 40 वर्षों से अग्रवाल समाज की विभिन्न सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे अग्रवाल सभा पंचकूला के प्रधान रह चुके हैं और इसके बाद उन्हें एबीएएस में प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने लगभग 18 वर्षों तक इस पद पर रहते हुए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके नेतृत्व में अग्रोहा शक्तिपीठ, अग्रोहा (हरियाणा) में कई सराहनीय विकास कार्य संपन्न हुए। अपने निर्वाचन पर कुलभूषण गोयल ने सभी सदस्यों और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

खरड़ में पी-3वाई शिविर आयोजित

खरड़ (चंडीगढ़) । चंडीगढ़ के निकट खरड़ स्थित अलकजर होटल, निज्जर चौक में आयोजित पी-3वाई शिविर ने लोगों को जीवन में सकारात्मक बदलाव की नई दिशा दी। इस विशेष शिविर का संचालन पी-3वाई की प्रशिक्षक पुष्पिंद्रा महाजन द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक लोगों ने भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि पी-3वाई सिस्टम के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन की सुखद इच्छाओं को पूर्ण करने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। प्रशिक्षक पुष्पिंद्रा महाजन ने बताया कि पी-3वाई एक पूर्णतः प्रैक्टिकल योग पद्धति है, जिसमें परम योग और परम श्वास के अभ्यास से शरीर को नई ऊर्जा और शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत प्रभावी है।

डीबेल्स में नए सत्र की शुरुआत

पंचकूला। दास एंड ब्राउन एक्सपीरिएंशियल लर्निंग स्कूल (डीबेल्स) में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में दो विशेष ओरिएंटेशन कॉन्क्लेव आयोजित किए गए, जिनमें नए विद्यार्थियों के अभिभावकों का स्वागत किया गया। दोनों कार्यक्रम स्कूल के दास ऑडिटोरियम में आयोजित हुए। प्रिंसिपल अंजू मेहता ने बताया कि फ्रवेयर क्यूरियोसिटी बिगिन्सफ्र थीम पर आधारित फिन एड 2.ह का आयोजन किया गया, जिसमें फिनलैंड की शिक्षा पद्धति, बच्चों के पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और समग्र विकास पर विशेषज्ञों द्वारा अभिभावकों के साथ जानकारी सांझी की गई । इसके पश्चात अभिभावकों को स्कूल की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया और शिक्षकों से संवाद का अवसर दिया गया।

एसडी कॉलेज के रीडर्स क्लब ने यादगार अंदाज में किया सत्र 2025-26 का समापन, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के रीडर्स क्लब की ओर से नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया (एनडीएलआई) के सहयोग से 2025ङ्क26 सत्र के समापन पर कॉलेज लाइब्रेरी में ÷मोमेंट्स एंड माइलस्टोन्स~ ए फेयरवेल सोइरी÷ शीर्षक से समापन समारोह आयोजित किया। समारोह के दौरान पूरे सत्र की गतिविधियों और उपलब्धियों की झलक प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए क्लब के साथ बिताए पलों को याद किया, जिससे माहौल भावुक और उत्साहपूर्ण बना रहा।

समापन समारोह में सांसद मनीष तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने क्लब के कोर व सक्रिय सदस्यों को परिसर में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने क्लब सदस्यों से संवाद करते हुए रीडिंग सर्कल सत्रों, उनकी पढ़ने की रुचियों और सत्र के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ने की आदत बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ना केवल शिक्षा का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवनभर चलने वाली प्रक्रिया है।

समापन समारोह में कॉलेज प्रबंधन के प्रमुख सदस्य भी उपस्थित रहे। इस दौरान फाइनेंस सेक्रेटरी जतिंदर भाटिया, जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. पीके बजाज, प्रो. एसके शर्मा और प्रो.एससी वैद्य सहित गवर्निंग बॉडी के अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की और इस तरह की गतिविधियों को आगे भी जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

क्लब संयोजक डॉ. गुरप्रीत सिंह ने रीडर्स क्लब और एनडीएलआई क्लब की पहलों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन गतिविधियों ने छात्रों में बौद्धिक जुड़ाव को बढ़ावा दिया है और उन्हें साहित्यिक व शैक्षणिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए हैं।

विवेकानंद मानव सेवा सोसायटी द्वारा आयोजित 29वें रक्तदान शिविर में 141 यूनिट रक्त एकत्र

अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। विवेकानंद मानव सेवा सोसायटी, कालका-पिंजौर द्वारा गीता भवन, कालका में 29वें रक्तदान शिविर एवं अंगदान जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर के लिए कुल 165 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से रोटरी ब्लड बैंक सोसायटी, सेक्टर-37, चंडीगढ़ की टीम द्वारा 141 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इसके अतिरिक्त, 41 लोगों ने स्वेच्छा से अंगदान का संकल्प लिया।

इस शिविर में सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एचएमटी टाउनशिप, पिंजौर के एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी सराहनीय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवेक अत्रेय (पूर्व आईएएस अधिकारी, प्रेरक वक्ता एवं प्रख्यात लेखक) ने सोसायटी के सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न संस्थाओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। सभी अतिथियों ने सोसायटी द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

सोसायटी के ऑर्गेनाइजर पीयूष पुंज, जनरल सेक्रेटरी डॉ. अजय वर्मा एवं प्रधान नरेंद्र गुप्ता ने सोसायटी की गतिविधियों को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। क्षेत्र की अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं जैसे–पंजाबी सभा अरोड़ा खत्री, श्री श्याम बालाजी सेवा संघ, हित चैरिटेबल ट्रस्ट, एक कदम मानवता की ओर, यूथ जेनरेशन क्लब (सूरजपुर), श्री ब्राह्मण सभा, एचएमटी पिंजौर-कालका, कालका-पिंजौर टेंट एसोसिएशन–तथा क्षेत्र के प्रमुख पत्रकारों को भी उनके सामाजिक योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया।

ओवाईए ने जीती इंटर- एल्यूमनाई ट्रॉफी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। एक्स-विवेकाइट एसोसिएशन (ईवीए) द्वारा जीबी लीजेंड्स के सहयोग से आयोजित 7वां ईवीए इंटर-एल्यूमनाई गोल्फ टूर्नामेंट बड़े उत्साह के साथ आज संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में पूरे उत्तर भारत के 24 प्रमुख स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 150 गोल्फ खिलाड़ी एक साथ आए। यह टूर्नामेंट 18 होल्स में डबल पियोरिया फॉर्मेट में खेला गया। प्रतिभागियों ने कई कैटेगिरीज़ में मुकाबला किया और शानदार खेल दिखाया।

विजेताओं को 5 लाख रुपए के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ओवाईए (ओल्ड यादविंदरियन एसोसिएशन ङ्क वाईपीएस, मोहाली) ने इंटर- एल्यूमनाई ट्रॉफी जीती, जबकि ईवीए कप पर अंगद मठा? ने कब्ज़ा जमाया। पुरस्कार वितरण समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया, जिनमें चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी; जीबी रियल्टी के संस्थापक और चेयरमैन गुरिंदर भट्टी; हरियाणा के एडवोकेट जनरल परविंदर सिंह चौहान; और पंजाब के एडीजीपी नौनिहाल सिंह शामिल थे।

मैकेबी क्लब में परोसा जा रहा था हुक्का, मालिक गिरफ्तार

तड़के 4 बजे पुलिस ने रेड कर क्लब से बरामद किए 2 हुक्के

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। प्रदेश सरकार की सख्ती के बावजूद क्लबों में प्रतिबंधित हुक्का परोसने के आरोप में पंचकूला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सेक्टर-5 स्थित मैकेबी क्लब में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हुक्का बार का पर्दाफाश किया। पुलिस टीम ने मौके से 2 हुक्के बरामद किए हैं और क्लब के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 5 अप्रैल की सुबह करीब 4 बजे सेक्टर-5 थाना में जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर मनदीप सिंह अपनी टीम के साथ सेक्टर-5 क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान गुप्त सूत्रों ने सूचना दी कि मैकेबी क्लब में अवैध निकोटिन युक्त हुक्का चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने क्लब में छापेमारी के दौरान क्लब मालिक शुभम गुप्ता निवासी नारायणगढ़ मौके पर मौजूद मिला। पुलिस ने वहां से दो हुक्के बरामद किए। बरामद हुक्कों से निकोटिन के सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा।आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223, 271, 272 और कोटपा एक्ट की धारा 4 के तहत थाना सेक्टर-5 में मामला दर्ज किया गया है।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि मैकेबी क्लब में अवैध रूप से परोसा जा रहा हुक्का न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए एक गंभीर खतरा भी है। हमने क्लब मालिक को गिरफ्तार कर कड़ी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि शहर में कहीं भी नियमों का उल्लंघन कर चलाए जा रहे हुक्का बारों को बख्शा नहीं जाएगा। हमारी टीमें लगातार निगरानी पर हैं और ऐसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की कठोर स्ट्राइक जारी रहेगी।

महाराजा सूरजमल की प्रतिमा से युवाओं को राष्ट्र भक्ति और साहस का संदेश मिलेगा: मोहन लाल बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोनीपत में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण किया

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सोनीपत में अजेय हिंदू हृदय सम्राट शिरोमणि महाराजा सूरजमल की मूर्ति स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। इस अवसर पर मोहन लाल बड़ौली ने महाराजा सूरजमल को युद्ध कौशल, रणनीति और वीरता के अद्वितीय प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल की यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ी को देश भक्ति और साहस का संदेश देती रहेगी। कार्यक्रम के बाद बड़ौली ने पत्रकारों के सवालों के जवाब भी दिए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि महाराजा सूरजमल महान शासक, अजेय योद्धा और कुशल रणनीतिकार थे। महाराजा सूरजमल ने कभी कोई युद्ध न हारने का गौरव भी प्राप्त है और उन्होंने अपनी प्रजा व किसानों के कल्याण के लिए अनेकों काम किए। वे एक न्यायप्रिय और धर्मनिरपेक्ष शासक थे जिन्होंने किसानों को बहुत महत्व दिया।

बड़ौली ने कहा कि महाराजा सूरजमल को एक महान राष्ट्रभक्त और अजेय योद्धा के रूप में याद किया जाता है, जो समानता और सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल ने अनेकों लडाइयां लड़ी, उनकी लड़ाई भी इतिहास में दर्ज है।पत्रकारों से बातचीत करते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने भाजपा को जिताने का मन बना लिया है। इस बार तृणमूल कांग्रेस की हार तय है। उन्होंने कहा कि जनआशीर्वाद से असम में भी तीसरी बार सरकार बनाकर भाजपा इतिहास रचेगी।एक अन्य सवाल पर बड़ौली ने कहा कि भाजपा किसान हित की पार्टी है। नायब सरकार ने मंडियों में अच्छी व्यवस्था लागू की है, ताकि किसानों को कोई तकलीफ ना हो। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी दी है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसानों का एक-एक दाना को नायब सैनी सरकार खरीदेगी। बड़ौली ने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे संकल्प के साथ पूरा करती है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भरद्वाज, विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना सबके लिए जरूरी है: राजेश नागर

एकॉर्ड अस्पताल ने तिगांव में मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया, 200 लोगों ने कराई जांच

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद के तिगांव क्षेत्र में एकॉर्ड अस्पताल के सहयोग पर से स्वस्थ तिगांव की ओर एक कदम अभियान के तहत निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन करने के बाद मंत्री राजेश नागर ने कहा कि ऐसे शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का माध्यम हैं और सरकार भी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। नागर ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं क्योंकि रोग का समय पर पता चलने से उसका इलाज सरल हो जाता है। अजय नागर वाटिका में आयोजित इस शिविर में 200 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। शिविर के दौरान अस्पताल के आर्थोपेडिक विभाग के चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. उमेश कोहली ने मंत्री का स्वागत किया।

अस्पताल के आर्थोपेडिक डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार के बताया कि बदलती जीवनशैली के कारण हड्डी और जोड़ से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। संतुलित आहार और व्यायाम से इन समस्याओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने कहा कि हृदय रोगों के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, समय पर जांच जरूरी है। नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी मनोचा, डॉ. उमेश कोहली, कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जन डॉ. बिज्जू शिवम पिल्लई, फेफड़े रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील नागर ने भी लोगों को रोगों की जांच के प्रति जागरूकता किया। इस दौरान शिविर में मरीजों को निःशुल्क शुगर, ब्लड प्रेशर, बीएमडी, ईसीजी और पीएफटी जैसी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

मुलाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 14.26 ग्राम हेरोइन और स्कूटी सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

अम्बाला छावनी। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मुलाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने 14.26 ग्राम हेरोइन और एक स्कूटी सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जसविंदर सिंह उर्फ बिन्दर, निवासी गांव सिरसगढ़, जिला अंबाला के रूप में हुई है। थाना मुलाना के सहायक उप निरीक्षक छत्रपाल सिंह और सह उप निरीक्षक धर्मपाल सिंह की टीम ने सूचना तंत्र के आधार पर सिरसगढ़ से बुढ़िया एम.एम. रोड पर घेराबंदी की। इस दौरान स्कूटी पर सवार आरोपी जसविंदर सिंह को संदिग्ध अवस्था में काबू किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 14.26 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी जसविंदर सिंह एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी थाना मुलाना और थाना शहजादपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत नया मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर रिमांड हासिल किया है। रिमांड के दौरान पुलिस यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि नशा तस्करी के तार और कहां-कहां जुड़े हैं और इस नेटवर्क में कौन-कौन से अन्य लोग संलिप्त हैं।

पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

मेहनत, धैर्य और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी: विधायक कृष्णा गहलावत

ब्राह्मण समाज की ओर से शहर में किया गया भव्य एवं प्रेरणादायक सम्मान समारोह का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। ब्राह्मण समाज की ओर से रविवार को शहर में एक भव्य एवं प्रेरणादायक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जिले के होनहार युवाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में राई हलका की विधायक कृष्णा गहलावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली और पूरे वातावरण में उत्साह व गर्व का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित करना और अन्य युवाओं को भी उच्च लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करना था। विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संबोधन में सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि यह केवल मेहनत, धैर्य और निरंतर प्रयास से ही प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो लोग आसान रास्तों की तलाश करते हैं, वे अक्सर अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं, जबकि सच्ची सफलता वही होती है जो कठिनाइयों का सामना करके हासिल की जाए।

उन्होंने आगे कहा कि हर असफलता हमें कुछ नया सिखाती है और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इसलिए युवाओं को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखते हुए ईमानदारी से मेहनत करनी चाहिए। समय के साथ उनकी लगन और परिश्रम उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक अवश्य पहुंचाएंगे। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा को धैर्य, अनुशासन और आत्मविश्वास की असली परीक्षा बताते हुए कहा कि इसमें सफलता प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है और यह समाज व देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने का भी प्रतीक है।

समारोह में केवल यूपीएससी ही नहीं, बल्कि खेल और न्यायपालिका के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया गया। ब्राह्मण समाज के प्रधान अशोक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने युवाओं को निरंतर प्रयास करते रहने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर अशोक शर्मा, रघुवर दयाल गौड, देवेंद्र कौशिक, राजीव जैन, सुरेंद्र शर्मा, जयतीर्थ दहिया, रामधन शर्मा, कुलदीप नांगल, नीरज अत्रे, रामपाल शास्त्री, नीरज शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने जहां सम्मानित युवाओं का मनोबल बढ़ाया, वहीं अन्य छात्रों को भी कड़ी मेहनत कर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

रोहतक: पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने किया संसद का दौरान, संसद की कार्यवाही देखी

अर्थ प्रकाश/ सुकरमपाल

रोहतक। हरियाणा पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली स्थित संसद का दौरा किया और संसद की कार्यवाही देखी। इस प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई हरियाणा पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष रिंकू परमार ने की। पत्रकारों के संसद दौरे का इंतजाम रोहतक लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल पत्रकारों ने संसद के अधिकारियों व कर्मचारियों से भी मुलाकात की और राज्यसभा व लोकसभा की तमाम प्रकार की कार्यवाहियों की जानकारी हासिल की। पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल जब संसद में पहुंचा उस समय लोकसभा ने जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा चल रही थी। पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने चर्चा में भाग लिया और अपनी बात रखी। जिलाध्यक्ष परमार ने बताया कि यह विधेयक कुछ अधिनियमों में संशोधन करके अपराधों को निर्दिष्ट श्रेणी से निकालने और तर्कसंगत बनाने का प्रयास करता है। इसे जीवन तथा व्यापार में सुगमता लाने के लिए विश्वास आधारित शासन को और मजबूत करने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और जुर्माने तथा दंड को अपराध के अनुपात में संशोधित करने के उपाय शामिल हैं। इसमें 23 मंत्रालयों द्वारा प्रशासित 79 केंद्रीय अधिनियमों में संशोधन का प्रस्ताव है। कुल 784 प्रावधानों में संशोधन प्रस्तावित है। इनमें 717 प्रावधानों को व्यापार में सुगमता लाने और 67 प्रावधानों को जीवन में सुगमता लाने के लिए इस संशोधन में प्रस्?तावित किया गया है। पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ पत्रकार सुभाष बजाज, तारीफ शर्मा, दीपक खोखर, सोमप्रकाश, नवीन कुंडू व जोगेंद्र खुंडिया शामिल थे। इससे पहले पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए भी गया था। जिलाध्यक्ष रिंकू परमार का कहना है कि हरियाणा पत्रकार संघ लगातार पत्रकारों के हित के लिए कार्य कर रहा है।

ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के चालान कर दी सख्त हिदायत: सतीश सैनी

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। शहरी यातायात पुलिस ने रविवार को शहरी ट्रैफिक इंचार्ज सतीश सैनी के नेतृत्व में मुख्य सड़कों पर नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के चालान काटकर कार्रवाई की। इस दौरान चालकों को कड़ी चेतावनी भी दी गई। वहीं शहरी ट्रैफिक इंचार्ज सतीश सैनी ने बताया कि वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के तहत लगातार नियम बताकर जागरूक किया जाता है, बावजूद इसके चालक धडल्ले से अपनी नियम तोड़ने का प्रयास करते नजर आते हैं। जिस पर आम जनमानस और चालकों को आइएसआइ मार्क हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ा करने सहित अन्य यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। जांच के दौरान बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, कागजात अधूरे होने, गलत पार्किंग पर कार्रवाई की गई। कुछ मामलों में चालकों को मौके पर ही नियमों की जानकारी देकर भविष्य में सावधानी बरतने की हिदायत दी गई। वहीं उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना लाइसेंस वाहन न चलाएं। नाबालिगों को वाहन न सौंपें और सड़क पर नियमों का पालन कर वाहन चलाएं।

ई-रिक्शा चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने ई-रिक्शा चोरी करने के आरोप में सुरजीत सिंह उ? संदीप वासी बुटान खेडी जिला करनाल हाल वासी लाडवा को गिरफ्तार करके चोरीशुदा ई-रिक्शा बरामद करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में सन्नी वासी विकास नगर लाडवा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है। 11 दिसम्बर 2025 को समय करीब 8 बजे उसने अपनी अपनी ई-रिक्शा घर के बाहर गली मे खडी की थी। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे जब उसने देखा तो उसकी ई-रिक्शा वहां नहीं मिली जिसको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच की गई।

4 अप्रैल 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 के सहायक उप निरीक्षक लखन सिंह, सुरेन्द्र, नरेश, मुख्य सिपाही ललित व दिनेश की टीम ने ई-रिक्शा चोरी करने के आरोपी सुरजीत सिंह उर्फ संदीप वासी बुटान खेडी जिला करनाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चोरीशुदा ई-रिक्शा बरामद की गई। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया।

ट्रांसफार्मर का सामान चोरी, आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। जिला पुलिस ने ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने के तीन आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार किया है। थाना शाहबाद की टीम ने ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने के आरोपी रोहित वासी धन्तौरी जिला कुरुक्षेत्र को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसडीओ बिजली विभाग शाहबाद कार्यालय से प्राप्त शिकायत के माध्यम से बताया गया कि नामपता नामालूम चोरों द्वारा 13/14 जनवरी 26 की रात्रि को थाना शाहबाद एरिया गांव यारा के किसान शरदा राम के खेत से ट्रांसफार्मर से सामान चोरी कर लिया था।

नीलामी सूचना

[illegible]

AP-124

स्व. मास्टर महेंद्र सिंह की स्मृति में बेनीवाल परिवार का सराहनीय योगदान, जाट सभा में कक्ष निर्माण हेतु 5.51 लाख दान

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। शहर के प्रतिष्ठित बेनीवाल परिवार नें समाज में निस्वार्थ सेवा, सहानुभूति और एकता का प्रतीक बन कर जरूरतमंदों की मदद करते हुए समाज में एक विशिष्ट सामाजिक पहचान, सम्मान और आत्मिक संतोष प्रदान करनें वाला कार्य किया हैं। परिवार का स्व. मास्टर महेंद्र बेनीवाल के पदचिन्हो पर चलकर समाज निर्माण कार्यो में विशेष सहयोग देने का सिलसिला निरंतर जारी हैं। इसी कड़ी में रविवार कों नप पार्षद मनीष बेनीवाल सहित उन्के परिजनों नें घर के मुखिया स्व. मास्टर महेंद्र सिंह बेनीवाल के मरणोप्रान्त उनकी स्मृति में जाट सभा में एक कमरा निर्माण हेतु सवा पांच लाख रुपए दिए। इस अवसर पर पार्षद मनीष बेनीवाल नें बताया कि हम अपने पूर्वजों द्वारा दी गई सही और अच्छी सीख श्रेष्ठ व्यक्ति के गुणों में से एक है दानी होना। जिससे दूसरों की सहायता के लिए अपनी वस्तुओं का दान करना मानवता की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक माना जाता है को अपने जीवन में शामिल कर उनके पदचिन्हो पर चलते हुए सवा पांच लाख रूपये का चैक उन्के बड़े पापा प्रधान कुलदीप बेनीवाल के करकमलो से अध्यक्ष महासिंह के नेतृत्व में सभा पदाधिकारियों कों सुपुर्द किया।

वहीं गोल्डन पार्क समिति प्रधान पवन बेनीवाल ने बताया कि उनके पिता शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने समाज में शिक्षण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिन्होंने हमेशा दूसरों की मदद कर अपनी व्यक्तिगत पहचान को मजबूत करते हुए दुसरो के लिए प्रेरक बने।

वही जाट सभा प्रधान महासिंह नें कहा कि बेनीवाल परिवार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनका दिया दान हजारों लाखों लोगों के लिये सेवा में काम आएगा। बेनीवाल परिवार द्वारा कमरें निर्माण हेतु धनराशि का दान एक अत्यंत सराहनीय और परोपकारी कार्य है। ऐसे दान से न केवल भौतिक निर्माण संभव होता है, बल्कि जरूरतमंदों या संस्था को एक सुरक्षित आश्रय मिलता है। यह निस्वार्थ भाव से समाज की भलाई के लिए किए गए सहयोग का उत्तम उदाहरण है। इस अवसर पर सरपंच रणदीप कादियान , डा. मलिक, राजबीर कादियान आदि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

सरकार पलवल जिले के समग्र विकास के लिए कर रही निरंतर कार्य: खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कुशलीपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक भवन के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

पलवल। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर विकसित किया जा रहा यह सामुदायिक भवन क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा केंद्र के रूप में स्थापित होगा। हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम रविवार को गांव कुशलीपुर (वार्ड नंबर-10) में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक भवन परिसर में चारदीवारी, ट्रैक और पार्क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास करने के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह भवन किसी एक वर्ग तक सीमित न होकर छत्तीस बिरादरी सहित सभी समाजों के लिए खुला रहेगा, जहां सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि इस परियोजना की लंबे समय से मांग की जा रही थी और अब सरकार द्वारा इसे मूर्त रूप दिया जा रहा है। लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत से भवन के मुख्य हॉल का निर्माण किया जाएगा, जबकि एक करोड़ रुपए की लागत से चारदीवारी, ट्रैक, पार्क एवं अन्य सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे। इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए एक उपयुक्त वातावरण प्राप्त होगा। श्री गौतम ने यह भी घोषणा की कि परिसर में भगवान परशुराम जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जो समाज को प्रेरणा देने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि यह भवन सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और क्षेत्र के विकास का एक सशक्त माध्यम बनेगा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पलवल जिले के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए जिले में स्टेडियम, आधुनिक ट्रैक और खेल नर्सरी स्थापित की जा रही हैं, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि पहली बार बड़े स्तर पर खेल नर्सरी शुरू की गई हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को भी आगे बढने का मौका मिलेगा।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनसेवा करना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पलवल का सर्वांगीण विकास कार्य किया जा रहा है। जनता के सहयोग और आशीर्वाद से विकास कार्यों को गति मिल रही है और आगे भी इसी प्रकार क्षेत्र की प्रगति के लिए कार्य जारी रहेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम सहित अन्य गणमान्य जन का फूल मालाएं पहनाकर और पगड़ी बांधकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी पलवल के चेयरमैन पंकज विरमानी, जिला ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष विनोद शर्मा, जिला ब्राह्मण सभा के महासचिव डॉ. संपत शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी इंद्रपाल शर्मा, राजेश शर्मा, समाजसेवी ज्ञानचंद सुबेदार, मोतीराम, नैमिचंद शर्मा, लता भारद्वाज, हरीश कुलेना, अनुज, सुरीराम भारद्वाज, आजाद पाठक, लेखराज, प्रेम सिंह, हेतराम पाठक, गंगादान, चिमनलाल, हरकेश शास्त्री, रामचंद्र पाठक, रवि, जे.पी. पाठक सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH.: 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

सार्वजनिक सूचना

मैं, मंगलन अब्दुल वाजिद पुत्र यूसुफ अली निवासी मिनर्वा अकादमी फुटबॉल क्लब एनएच 21 वीपीओ दाउं एसएएस नगर ने अपना नाम बदलकर अब्दुल वाजिद एम रख लिया है और अब से अब्दुल वाजिद एम के नाम से जाना जाऊंगा।
एपी-117

मैं, सरोज बाला पत्नी रविंदर कुमार वासी गांव व डाक नन्हेड़ी तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर सरोज देवी से सरोज बाला रखा है।

मैं, भूषण पुत्र चेतन वासी गांव व डाक उचाना कलां तहसील उचाना जिला जींद ने अपने नाबलिग पुत्र का नाम बदलकर काफी गिल से तन्नू दिलोद रखा है।

मैं, आशा कदयान पत्नी गौरव कदयान वासी मकान नं. 517, जीवन विहार, कुंजपुरा रोड करनाल ने अपना नाम बदलकर आशा रानी से आशा कदयान रखा है।

मैं, विपिन कुमार पुत्र भगवान दास वासी वार्ड नं. 10, अनाज मंडी रतिया तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर विपिन गोयल रखा है।

मैं, राधा रानी पत्नी राधे श्याम वासी 56 डी एस पी रोड, अम्बेडकर नगर फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर राधिका रखा है।

मैं, विनोद कुमार पुत्र Sudan सिंह वासी गांव चपला मोरी जिला फतेहाबाद ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर बेबी ऑफ विनोद कुमार से हर्षिता रखा है।

मैं, राम धारी पुत्र राम सिंह वासी गांव मोची वाला जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर रामधारी रखा है।

मैं, स्वर्ण कौर पत्नी जसवंत सिंह वासी मकान नं. 32, वार्ड नं. 10, नजदीक कैनरा बैंक, तरावड़ी करनाल ने अपना नाम बदलकर Swaran कौर से स्वर्ण कौर रखा है।

मैं, सविता पत्नी विकास चोपड़ा वासी मकान नं. 1453 सैक्टर 13 अर्बन एस्टेट, करनाल ने अपना नाम बदलकर सविता से सविता चोपड़ा रखा है, शादी के बाद।

मैं, Manjeet कौर पत्नी सुखदेव सिंह वासी मेहता रोड मकबूलपुरा अमृतसर ने अपना नाम बदलकर Manjit कौर रखा है।

मैं, करुणा अरोड़ा पत्नी सुनील अरोड़ा वासी मकान नं डी-94, कलन्दरी गेट, करनाल ने अपना नाम बदलकर करुणा से करुणा अरोड़ा रखा है।
एपी-118

मैं, Malkit कौर पत्नी चुन्नी लाल निवासी गांव सारला कला, सब तहसील गन्नौर, तहसील राजपुरा, जिला पटियाला ने अपना नाम Malkiat कौर से बदल कर Malkit कौर रख लिया है।
एपी-122

I, Surender Chauhan S/o Balakram, R/o Village Kishaur, P.O. Kuthar, Tehsil Deha (ST), Distt. Shimla (H.P.), declares that my minor son 'Baby of Seema Chauhan' (DOB: 16/01/2020) is now known as 'Sparsh Chauhan' for all purposes.

I, Kavita Devi W/o Naresh Kumar, R/o H.No.1763, Block B, Nirvana Society, Sec-49B, Chandigarh, have changed my name from Kavita Devi to Kavita Raj for All purposes
एपी-119

मैं, साहिब सिंह पुत्र रतन सिंह, निवासी गांव निमनाबाद, तहसील सफीदों, जिला जींद-126112 (हरियाणा), ने अपना नाम 'साहिब सिंह' से बदलकर 'साहब सिंह' रख लिया है।
एपी-120

I, Service No: 15323254P Rank: Hav Name: Santhosh MK Presently residing at 163 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed My Name from SANTHOSH MK to SANTHOSH M K. Vide Affidavit Dated: 28/03/2026 before Ist Class megistrate Prayagraj, Uttar Pradesh
एपी-121

मैं, सुकीर्ति जायसवाल पत्नी कपिल नरूला, निवासी मकान नंबर 3285/1, सेक्टर 45बी, चंडीगढ़, यह घोषणा करती हूँ कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में शुभांग नरूला दर्ज है, जबकि जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उसका सही नाम हार्दिक नरूला है।
एपी-123

आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

हर घर बने संस्कारशाला : हरविन्द्र कल्याण

बोले -देश व संस्कृति से जुड़ाव जरूरी, कई धार्मिक कार्यक्रमों में की शिरकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

करनाल, 5 अप्रैल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि देश को फिर से परम वैभव पर पहुंचने के लिए शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में अच्छे संस्कार डालें और उनमें परिश्रम का भाव पैदा करें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य परिवार की प्रगति से पहले यह होना चाहिए कि हर घर संस्कार शाला बने। श्री कल्याण आज घरौंडा हलके के गांव दहा, चौरा और शेखपुरा खालसा में आर्य समाज के वार्षिकोत्सव, बेगमपुर में संत सम्मलेन और घरौंडा में सनातन धर्म मंदिर में आयोजित विराट सत्संग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस भाव और अनुशासन की समाज और राष्ट्र को जरूरत है वह आर्य समाज की सभा में देखने को मिल रहा है। यह सौभाग्य की बात है कि हम ऐसे राष्ट्र में पैदा हुए जहां की प्राचीन संस्कृति महान व समृद्ध है। एक समय था जब देश परम वैभव पर था। इसे सोने की चिड़िया कहते थे। इसका कारण उस समय का ज्ञान, चरित्र और पुरुषार्थ था। महान संस्कृति हमारी असली ताकत है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश व संस्कृति के प्रति जुड़ाव सभी में, विशेष कर युवाओं में होना चाहिए। अभिभावक बच्चों को अच्छाई- बुराई का अंतर समझाएं ताकि वे बड़े होकर श्रेष्ठ व कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनकर परिवार के साथ-साथ राष्ट्र के विकास में भी योगदान दे सकें। उन्होंने अपील की कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए सहभागिता सुनिश्चित करें। श्री कल्याण ने कहा कि मुगलों और अंग्रेजों के शासन के कारण भारत में लंबा कालखंड गुलामी का रहा। उस दौरान न केवल देश को आर्थिक रूप से कमजोर किया गया बल्कि यहां के संसाधनों को भी जमकर लूटा गया। इस गुलामी का कारण समय-समय पर पैदा हुए जयचंद और कुछ हमारी कमियां रहीं। उस दौर में सबसे बड़ा नुकसान संस्कृति पर चोट करके किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए महापुरुषों की कुर्बानियों को याद करते हुए और उनके दिखाएं रास्ते पर चलना जरूरी है। सरकार भी महापुरुषों की जयंती राज्य स्तर पर मना रही है। उन्होंने कहा कि हमारा व्यवहार व संस्कार बच्चों में परिलक्षित होते हैं। इस बात का ध्यान रखना होगा कि जीवन में कोई ऐसा काम न करें जिसे खुद की तरक्की तो हो पर राष्ट्र पीछे रह जाए। आज देश यशस्वी व राष्ट्रभक्त प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। पिछले 11 सालों में घरौंडा हल्के में काफी प्रगति की है। इलाके के विकास और सुख शांति के माहौल को बनाए रखने के लिए मिलकर आगे बढना होगा। दहा गांव में श्री कल्याण का पटका पहनाकर व चौरा में कृपाण भेंट कर स्वागत किया गया। दहा में सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने भी विचार रखे। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, आर्य समाज से जुड़े राजकुमार, सत्यदेव, श्यामलाल, प्रशांत आर्य, विपिन आर्य, प्रवीण भारद्वाज, सत्यदेव संजय खैन्ची और घरौंडा एसडी मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, पुरुषोत्तम सेठी आदि मौजूद रहे।

हरविंदर पाल सिंह फिजिकली हैंडीकैप्ड एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए

करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)। आज फिजिकली हैंडीकैप्ड एसोसिएशन पंजाब एन्ड चण्डीगढ़ की एक बैठक सामुदायिक केंद्र सेक्टर-41 में संस्था के पदाधिकारियों के चुनाव हेतु आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से हरविंदर पाल सिंह को अध्यक्ष चुना गया, जिन्होंने विनोद नागपाल का स्थान लिया। इनके अलावा वीणा देवी को जिला सचिव, अमृतजीत सिंह को संयुक्त सचिव, रविंदर सिंह को कोषाध्यक्ष, रमेश कुमार को प्रेस सचिव तथा रवि को सलाहकार नियुक्त किया गया जबकि राकेश धीमान, कुलवंत कौर, रिंकू शर्मा, अरुण कुमार, सुरिंदर सिंह एवं अवतार सिंह को कार्यकारी सदस्य बनाया गया।इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरविंदर पाल सिंह ने कहा कि वे दिव्यांगजनों की समस्याओं को चण्डीगढ़ प्रशासन के समक्ष प्रभावी रूप से उठाएंगे वह उन्हें हल करने का प्रयास करेंगे । उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों के साथ उनकी कठिनाइयों एवं अधिकारों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया तथा उन्हें आश्वस्त किया कि विकलांगजन अधिकार अधिनियम 2016 को चंडीगढ़ में प्रभावी रूप से लागू करवाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

एशियन फेडरेशन कबड्डी के अध्यक्ष गुलाब सैनी ने कामधेनु अमृत दुग्धशाला के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/दीवान

सफीदों, 5 अप्रैल। एशियन फेडेरेशन कबड्डी के अध्यक्ष गुलाब सैनी जी ने नगर की श्री गौरक्षानन्द गौशाला में कामधेनु अमृत दुग्धशाला के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया, इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग जी भी मौजूद थे। इस दुग्धशाला के भवन निर्माण पर 50 लाख रुपए के लगभग खर्च आया है। अपने संबोधन में गुलाब सैनी जी ने कहा कि इस गौशाला से उनकी बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं और भविष्य में भी जब भी इस गौशाला को किसी भी तरह के सहयोग की आवश्यकता होगी वह उसके लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

इसके अलावा उन्होंने शीघ्र ही सफीदों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कब्बड्डी प्रतियोगिता करवाने का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी है ताकि उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास और ज्यादा हो सके तथा युवा पीढ़ी नशे जैसी कुरीतियों से भी बची रहे। सफीदों के खेल स्टेडियम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह काफी शानदार है और कबड्डी को आगे बढ़ाने के लिए ही यहां पर इस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। भविष्य में कबड्डी को आगे बढ़ाने की खातिर सफीदों में विशेष प्रयास किया जाएगा।

गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग ने इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रदेश सरकार की प्रशंसा करते हुए बताया कि कांग्रेस की सरकार में प्रदेश गौ सेवा आयोग का बजट महज 2 करोड़ रुपए ही था जो अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी की बदौलत 600 करोड़ के करीब पहुंच गया है जिससे प्रदेश की सभी रजिस्टर्ड गौशालाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है तथा इन गौशालाओं को केवल 2 रुपए प्रति यूनिट पर ही बिजली भी उपलब्ध कराई जा रही है ताकि से सभी गौशाला आसानी से गौमाता की सेवा कर सकें।

स्वामी श्री गौरक्षानन्द गौशाला के अध्यक्ष पाले राम राठी जी ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाज के दानवीर लोगों की मदद के चलते ही आज यह गौशाला सफलतापूर्वक आगे बढ़ती जा रही है। इस अवसर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे हजारों लोगों ने भोजन प्रशाद ग्रहण किया।

न्यूज ब्रीफ

यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, पुलिस ने किए चालान

मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)। मुलाना पुलिस ने नेशनल हाईवे पर धीन गांव के पास यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए कई वाहन चालकों के चालान किए। इस दौरान पुलिस टीम ने सीट बेल्ट न लगाने और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। अभियान की अगुवाई कर रहे इंचार्ज धर्मबीर सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें ताकि हादसों से बचा जा सके।

बाला सुंदरी मंदिर में श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)। लाडवा-रादौर मार्ग पर स्थित प्राचीन माता बाला सुंदरी मंदिर परिसर में रविवार को लायंस क्लब के पूर्व प्रधान विशाल गर्ग की ओर से श्रद्धालुओं के लिए हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विशाल गर्ग ने बताया कि इन दिनों लाडवा में आठ दिवसीय माता बाला सुंदरी मेले का आयोजन चल रहा है, जिसमें दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु मां भगवती के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से प्रसाद वितरण का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि मां भगवती की कृपा से ही ऐसे सेवा कार्य करने का अवसर मिलता है। मां बाला सुंदरी सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। हमें समाज सेवा और धर्म के मार्ग पर चलते रहने की प्रेरणा भी मां से ही मिलती है। इस मौके पर मंदिर परिसर में मां भगवती की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती भी की गई। प्रसाद वितरण में संजय गर्ग, मानव गर्ग, अमन गर्ग, अनिल गर्ग, सीमा, रीमा, आंचल, दीपिका और शशि बाला सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी सहयोग दिया।

ई-रिक्शा चोरी के आरोप में एक और आरोपी गिरफ्तार

लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)। लाडवा में ई-रिक्शा चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने चोरी की गई ई-रिक्शा भी बरामद कर ली गई। पकड़े गए चोर की पहचान सुरजीत ङ्क्षसह उर्फ संदीप निवासी बुटान खेडी जिला करनाल हाल निवासी लाडवा के रूप में हुई है। प्रेस को जारी ब्यान में पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में सन्नी निवासी विकास नगर लाडवा ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है। गत वर्ष की 11 दिसम्बर को समय करीब 8 बजे उसने अपनी ई-रिक्शा घर के बाहर गली में खड़ी की थी। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे जब उसने देखा तो उसकी ई-रिक्शा वहां नहीं मिली। उन्होंने लाडवा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई। मामले की जांच करते हुए गत दिवस अपराध अन्वेषण शाखा-2 के सहायक उप निरीक्षक लखन ङ्क्षसह, सुरेंद्र, नरेश, मुख्य सिपाही ललित व दिनेश की टीम ने ई-रिक्शा चोरी करने के आरोपी सुरजीत उर्फ संदीप को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चोरीशुदा ई-रिक्शा भी बरामद कर ली गई। आरोपी को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया गया।

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में 'विश्व शान्ति यज्ञ' का आयोजन

कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)। विश्व में शान्ति और आपसी सौहार्द की पुनीत भावना के निमित्त गुरुकुल कुरुक्षेत्र के ब्रह्मचारियों द्वारा आज 'विश्व शान्ति यज्ञ' किया गया जिसमें यज्ञ ब्रह्मा की महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन सुनील शास्त्री द्वारा किया गया। यज्ञ में गुरुकुल के सभी छात्रों ने सहभागिता की और पूरे मनोयोग से यज्ञ सम्पन्न कराया। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान धर्मवीर आर्य के विशेष आग्रह पर सभा से संबद्ध सभी गुरुकुल, शिक्षण संस्थान और आर्य समाजों में रविवार 5 अप्रैल 2026 को 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' की पावन भावना को लेकर 'विश्व शान्ति यज्ञ एवं प्रार्थना सभा' का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यज्ञ से जहां हमारे भीतर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है, वहीं समाज में शान्ति, सद्भाव और सकारात्मक विचारों का प्रसार होता है। यह आर्य प्रतिनिधि सभा की एक जागरूक सामाजिक पहल है जिसका सभी को खुले दिल से स्वागत करना चाहिए।

कांबोज धर्मशाला में मासिक बैठक का आयोजन

अर्थ प्रकाश/योगेश

रादौर, 5 अप्रैल। हरियाणा पेंशनर वेलफेयर सोसायटी की ओर से रविवार को शहर की कांबोज धर्मशाला में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान ओम प्रकाश बडशामी ने की। बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा एलटीसी अगले ग्रुप वर्ष के लिए बंद कर दी गई है। जो पेंशनर अब घूमने जायेगा, उसके बिलो के अनुसार एलटीसी बिलो का भुगतान किया जायेगा। सभी से सरकार के उपरोक्त फैसले की घोर निंदा की। उन्होंने सरकार से पहले जैसी व्यवस्था किए जाने की मांग की। सरकार पेंशनरों की कोई मांग नहीं मान रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार 65, 70, 75 वर्ष पर 5, 10 व 15 प्रतिशत भत्ता, मेडिकल भत्ता 3 हजार रूपये किया जाये, कैश लेस ठीक ढंग से लागू किया जाये। वहीं कोर्ट निर्णय सभी पर लागू किया जाये। कोर्ट निर्णय अनुसार जिसकी कमुटैश राशि 15 वर्ष कटी है, उसकी 3 वर्ष की राशि वापिस की जाये। कोरोना महामारी में काटा गया डीए वापिस किया जाये। इस अवसर पर मास्टर बलजीत सिंह, अमृतलाल, योगेश शर्मा, रामेश्वर दास, चानन दास, रामचंद्र, राजपाल, राजकुमार, बीर सिंह, कुलदीप शर्मा, सतीश, ऋषिपाल, नरोतम नागर, कृष्णलाल, हंसराज आदि मौजूद रहे।

आर्य समाज मंदिर में हवन यज्ञ व रक्तदान शिविर, 155 यूनिट रक्त संग्रह

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने किया 39 वी बार रक्तदान

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

नारायणगढ़, 5 अप्रैल। आर्य समाज मंदिर नारायणगढ़ में जितेंद्र गर्ग परिवार द्वारा अपने पूज्य पिता स्वर्गीय मा. राम निरंजन जी एवं माता स्वर्गीय श्रीमती मगनमूर्ति जी की पावन स्मृति में हवन यज्ञ और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिवारजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राम निरंजन जी समाज सेवा, सादगी और जनहित के कार्यों के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उनकी स्मृति में आयोजित यह हवन यज्ञ और रक्तदान शिविर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है, जो नई पीढ़ी को सेवा और संस्कारों की राह दिखाता है। वे आर्य समाज से भी जुड़े रहे ओर जीवन भर उन्होंने समाज सेवा के कार्य किए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सेवा भाव से जुड़े आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि हवन यज्ञ हमारी प्राचीन परंपरा का प्रतीक है, जो हमें आध्यात्मिक ऊर्जा और संस्कार प्रदान करता है, वहीं रक्तदान शिविर मानवता की सेवा का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि यह सीधे किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का कार्य करता है। उन्होंने स्वयं 39वीं बार रक्तदान कर युवाओं से नियमित रक्तदान करने का आह्वान किया और कहा कि समाज को स्वस्थ व संवेदनशील बनाने में ऐसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।

इस अवसर पर जितेंद्र गर्ग ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके माता-पिता ने हमेशा सेवा, संस्कार और समाज के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उनकी स्मृति में यह आयोजन करना परिवार के लिए भावनात्मक और गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी समाज सेवा के ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे। रक्तदान शिविर में 155 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्त संग्रह पीजीआई चंडीगढ़ की टीम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आर्य समाज नारायणगढ़ के पदाधिकारी चंद्र पाल शास्त्री, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा, मार्केट कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र राणा कुराली, राकेश बिंदल, मंगू राम कंजाला सहित भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

शरीर के तापमान एवं मानसिक तनाव को नियंत्रित रखने में सहायक है पुदीना : डॉ. सुमिरन कौर

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

कुरुक्षेत्र, 5 अप्रैल। देश के कई हिस्सों में गर्मी तेजी से बढ़ रही है। चिलचिलाती धूप और तपती गर्मी में ठंडक का अहसास देने के लिए पुदीना सबसे अच्छा और आसान प्राकृतिक उपाय है। हरी और सुगंधित पुदीना की छोटी-छोटी पत्तियां न सिर्फ ताजगी भरी खुशबू देती हैं, बल्कि तन और मन दोनों को शीतलता प्रदान करती हैं।

गर्मियों में पुदीना का सेवन कई बीमारियों से बचाव में भी बेहद कारगर साबित होता है। पुदीना पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें मौजूद मेंथोल शरीर को प्राकृतिक ठंडक देता है।यह कहना है जानी-मानी आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ.सिमरन कौर का।

आज एक विशेष मुलाकात में उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में पुदीना चटनी, रायता, जूस, पन्ना, सलाद या पानी में मिलाकर पीने से गर्मी का असर काफी कम हो जाता है और पुदीना गर्मियों में शरीर का तापमान नियंत्रित रखने का सबसे सरल तरीका है।आयुर्वेद में पुदीने का खासा स्थान है और इसके सेवन से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। पुदीना पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। यह अपच,गैस,एसिडिटी और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है, पेट को हल्का रखता है और भूख बढ़ाने में भी मदद करता है। पुदीना डिहाइड्रेशन से बचाव में भी कारगर है। गर्मियों में पसीना ज्यादा आने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। पुदीने का पानी पीने से डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होती और दिनभर ताजगी बनी रहती है।

डॉ. सिमरन ने बताया कि पुदीना सिरदर्द और तनाव कम करता है,पुदीने की चाय सिरदर्द और मानसिक तनाव को दूर करने में बहुत फायदेमंद है। सुबह खाली पेट पुदीने वाला पानी पीने से पूरे दिन ऊर्जा और ताजगी बनी रहती है। पुदीना एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। यह शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है और मौसमी बीमारियों से बचाव में मदद करता है। इसके सेवन से पसीने की दुर्गंध कम या खत्म होती है। इसके अलावा यह मोटापा घटाने में सहायक है।

एक दिवसीय प्रसिद्ध व ऐतिहासिक मेले का आयोजन 19 को

रादौर (अप्रस)। अक्षय तृतीया के अवसर पर रविवार 19 अप्रैल को गांव धौलरा में स्थित भगवान बलभद्र जी के मंदिर में एक दिवसीय प्रसिद्ध व ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेकर भगवान बलभद्र जी के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर व माथा टेक कर प्रार्थना करेंगे। वहीं अपने परिजनों के लिए सुख शांति की कामना करेंगे। यह जानकारी देते हुए मेला कमेटी के सदस्य व गांव धौलरा के पूर्व सरपंच संजू धौलरा ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। भगवान बलभद्र जी के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की मुरादे पूरी होती है। भगवान बलभद्र जी की मूर्ति सैकड़ों वर्ष पहले तालाब की खुदाई के दौरान मिली थी।

बारिश से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के बाहर जलभराव, राज्यपाल के दौरे से पहले प्रशासन में मची अफरा-तफरी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

नरवाना, 5 अप्रैल। नरवाना में शनिवार देर रात्रि हुई तेज बारिश के चलते नरवाना प्रशासन की पोल उस समय खुल गई जब पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के मुख्य द्वार के बाहर भारी जलभराव हो गया। स्थिति उस समय और गंभीर बन गई जब 5 अप्रैल को हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष का कुरुक्षेत्र से हिसार जाते समय कुछ समय के लिए नरवाना के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रुकने का कार्यक्रम तय था। सुबह जैसे ही प्रशासनिक अधिकारियों की नजर रेस्ट हाउस के बाहर जमा पानी पर पड़ी, अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में जन स्वास्थ्य विभाग की मशीन को मौके पर बुलाया गया और तुरंत पानी निकासी का कार्य शुरू कराया गया। कर्मचारियों ने तेजी से काम करते हुए कुछ ही समय में स्थिति को काफी हद तक नियंत्रण में कर लिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे के दोनों ओर बने नालों की लंबे समय से सफाई नहीं की गई है, जिसके कारण बारिश का पानी सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर जमा हो जाता है। इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें भी की जा चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। परिणामस्वरूप हर बार बारिश के बाद शहरवासियों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। आज की घटना ने एक बार फिर प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया। आम दिनों में जहां इस समस्या की अनदेखी की जाती है, वहीं वीआईपी दौरे के कारण अचानक सक्रियता दिखाई गई। लोगों का कहना है कि यदि नियमित रूप से नालों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न ही नहीं होगी।

रेस्टोरेंट्स पर मेहरबान प्रशासन खतरे में है लोगों की सेहत व सुरक्षा

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

टोहाना, 5 अप्रैल। शहर टोहाना के आसपास बीचो-बीच में मुख्य बाजारों में चल रहे अधिकांश रेस्टोरेंट्स व फास्ट फूड प्वाइंट सरकार के कानून व सुरक्षा मनको की सरेआम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं न तो किसी के पास भी शॉप एक्ट के तहत लाइसेंस है और नए ही नगर परिषद द्वारा नक्शा इनके द्वारा पास करवाया गया है और ने ही सेफ्टी नॉर्मस का पालन किया जाना इन्होंने जरूरी समझा है इन सब कर्मियों के बावजूद भी प्रशासन की ओर से उनके विरुद्ध कोई भी सख्त कदम उठाया जाना हैरानी का विषय है टोहाना शहर में दर्जनों ऐसे होटल रेस्टोरेंट हैं जो बिना किसी पंजीकरण के खुला कारोबार कर रहे हैं कई रेस्टोरेंट वालों ने नगर परिषद के नियमों के अनुसार भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान को चलाने के लिए बिल्डिंग प्लान का नक्शा पास होना अत्यंत आवश्यक है लेकिन टोहाना शहर की स्थिति इसके विपरीत है कई शहर के नामी होटल व रेस्टोरेंट ऐसे भवनों में चल रहे हैं जिनका नक्शा कभी नगर परिषद में जमा ही नहीं हुआ कुछ जगह पर तो रेस्टोरेंट अवैध निर्माण के तहत खड़े किए गए हैं इसके अलावा टोहाना शहर के अधिकतर रेस्टोरेंट में फायर सेफ्टी की कोई भी व्यवस्था नहीं है कोई अलार्म सिस्टम भी दिखाई नहीं देता और ना ही कोई फायर एग्जिट है अगर कभी आग लग जाए तो वहां से निकलना तक संभव नहीं है जिससे कभी भी इन रेस्टोरेंट में बहुत बड़ा हादसा हो सकता है शहर में प्रशासन के विरुद्ध एक ही चर्चा है कि इन सभी रेस्टोरेंट और होटल पर प्रशासन मेहरबान है पता नहीं क्यों अंदेशा। आप ही लगा सकते हैं।

जींद में भी सफीदों की तर्ज पर विकास कार्यों की झड़ी लगेगी : कृष्ण बेदी

अनाज मंडी में गेहूं खरीद की पूरी तैयारी, धमतान साहिब में बिजली सबडिवीजन को मिली मंजूरी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

नरवाना, 5 अप्रैल। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि जिस प्रकार नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सफीदों विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगाई गई है, उसी तर्ज पर जींद विधानसभा क्षेत्र में भी तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे। नरवाना के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनसमस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री बेदी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने सरकार को लगातार तीसरी बार आशीर्वाद दिया है, ऐसे में जनता का धन्यवाद करना मुख्यमंत्री का कर्तव्य बनता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जींद क्षेत्र में भी विकास की गति तेज की जाएगी और किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

गेहूं खरीद के सीजन को लेकर मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अनाज मंडियों में पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं और सोमवार को अनाज मंडी का दौरा भी करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी किसान, व्यापारी या पल्लेदार को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी और पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होगी।

धमतान साहिब में बिजली विभाग के सबडिवीजन को मंजूरी मिलने पर कृष्ण कुमार बेदी ने बताया कि यह मांग मुख्यमंत्री के नरवाना दौरे के दौरान रखी गई थी, जिसे उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि धमतान साहिब क्षेत्र के लोगों को पहले नरवाना और गढ़ी तक जाना पड़ता था, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती थी। अब एसडीओ के वहीं बैठने से स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

गैस की किल्लत पर बोलते हुए मंत्री ने इसे वैश्विक समस्या बताते हुए कहा कि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे हालातों के कारण पूरी दुनिया प्रभावित है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तरह से सुनिश्चित की हैं, जिससे आम लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि गैस की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन की सख्ती का ही असर है कि अब वितरण व्यवस्था सुचारू हो गई है और गांवों में भी गैस की होम डिलीवरी शुरू कर दी गई है। मंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है, सरकार हर नागरिक तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मदमहेश्वर: जहां मनमोहक स्वरूप में विराजित हैं भगवान शंकर एवं माता पार्वती

भगवान आशुतोष शशांक शेखर हिमालय पर्वत पर अनेक स्थानों पर एवं विभिन्न देवालयों में विराजमान हैं। हिमालय पर उत्तराखंड में चार धाम केदारनाथ, बद्रीनाथ (बद्रीनारायण या बद्रीविशाल) गंगोत्री व यमुनोत्री प्रतिष्ठित हैं। इन सबके कपाट लगभग एक ही समय में खुलते व बंद होते हैं। केदारनाथ अपने संपूर्ण स्वरुप में पंच केदार कहे जाते हैं जो हिमाचल पर्वत पर अलग अलग स्थानों पर स्थापित हैं। इन्हीं पंच केदार में से एक हैं मदमहेश्वर या मध्यमहेश्वर। हिन्दू पंचाग के अनुसार वैशाख से कार्तिक तक यहां के मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खुले रहते हैं।

केदारनाथ, तुंगनाथ, रुद्रनाथ, मदमहेश्वर और कल्पेश्वर, ये पंच केदार माने जाते हैं। जिनके दर्शन के लिए यात्रा भी इसी क्रम से की जाती है। हिमालय पर्वत की कठिन राह पर जो पैदल चलने में सक्षम होते हैं,वे ही इनके दर्शन कर पाते हैं। मदमहेश्वर मंदिर समुद्र तल से लगभग 3500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह रांसी गांव से लगभग 20 किमी दूर है। उखीमठ से रांसी लगभग 30 किमी है। उखीमठ में उस ओंकारेश्वर मंदिर के दर्शन होते हैं, जहां शीतकाल में भगवान केदारनाथ की प्रतिमा पूजा के लिए रखी जाती है। सभी केदार स्थान वास्तव में भगवान महादेव शिव के बैल स्वरूप की पीठ के पूजन-स्थल है। बैल (नंदी) के शरीर पर गर्दन के बाद और पीठ के पहले जो संरचना बनती है वह शिवलिंग की तरह होती है, यहां इसी को शिव का प्रतीक रूप माना गया है। शिव का वाहन नंदी है। केदार का अर्थ ही शिव के बैल स्वरूप की पीठ है।

महाभारत में पाण्डवों ने कौरवों एवं द्रोणाचार्य, कृपाचार्य सहित अनेक ब्राह्मणों का वध कर दिया था, फलस्वरूप उन्हें 'ब्रह्महत्या' का दोष लगा, जब इससे मुक्त हुए बिना मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं, जानकर इसके निवारण की राह उन्होंने योगीराज श्रीकृष्ण ने जाननी चाही तो उन्होंने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कहा, तब वे हिमालय गए परंतु शिव पाण्डवों से कुपित थे। अतः उन्हें दर्शन देना नहीं चाहते थे। इसलिए वे अपने निर्धारित स्थानों से छिपकर अपना स्वरूप नंदी का बनाकर 'गुप्तकाशी' क्षेत्र में विचरण करने लगे परंतु आस्था,श्रद्धा व भक्ति के साथ उनकी खोज में लगे पाण्डवों को उनका स्थान ज्ञात हो गया और उन्होंने नंदी स्वरूप में केदार (शिवलिंग) के उठान को देखकर उन्हें पहचान लिया। तब शिव वहीं पर्वत श्रृंखला में पृथ्वी में समाने लगे। पाण्डव

भीम ने उन्हें पूरी शक्ति से पकड़ना चाहा और अन्ततः पूंछ भी उसके हाथों से सरक गई। तब पाण्डवों की विनती पर शिव ने अपने शरीर के पांच अंगों को पांच स्थान पर प्रकट कर उन्हें इसका ज्ञान कराया। उत्तराखंड के पांच स्थानों पर शिव वास्तविक रूप में प्रकट हुए, तब पाण्डव इन पंच केदार स्थानों पर पहुंचकर और उनकी आराधना कर दोषमुक्त हुए।।

भगवान शिव ने अपना जो स्वरूप पांडवों को दिखाया उसके अनुसार उनका धड़ केदारनाथ में, भुजाएं तुंगनाथ में, मुख रुद्रनाथ में, मध्यमभाग यानी नाभि और उदर मदमहेश्वर (मध्यमहेश्वर) में तथा जटा कल्पेश्वर में प्रकट हुई थीं। पाण्डवों ने इन पांचों स्थान पर भगवान शंकर के मंदिर बनवाए और यहां पूजा-आराधना कर मोक्ष का अपना मार्ग प्राप्त किया।

मदमहेश्वर की समुद्र तट से 3500 मीटर की ऊंचाई पर है। मदमहेश्वर मंदिर के भीतर श्रीविग्रह साकार स्वरूप में है। काले प्रस्तर की एक ही शिला को तराशकर उसमें पृष्ठ भाग व सामने भगवान शिव व पार्वती विराजित किए गए हैं। शिव बैठे हुए विशेष मुद्रा में हैं, जिनकी बायीं जंघा पर पार्वती विराजमान है और दोनों एक-दूसरे को देख रहे हैं। दोनों के मस्तक पर मुकुट शोभायमान है। पार्वती जी के शरीर पर वस्त्र व अलंकरण है। वहीं शिव मात्र कोपीनधारी हैं, मस्तक पर चंद्रमा व गंगा है, गले में सर्प है। एक ओर त्रिशूल भी शोभायमान है, नीचे भी संरचनाएं हैं तथा हाथों में डमरू व अन्य अस्त्र भी हैं। छवि बड़ी ही मनमोहक है। यहां शिवलिंग भी प्रतिष्ठित है। इस मदमहेश्वर मंदिर से लगभग 3 किमी दूर और समुद्र तट से लगभग 3700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, 'बूढ़ा मदमहेश्वर मंदिर' जहां तक लोग सारी कठिनाई झेलकर भी जाना चाहते हैं।

अहिंसा और शांति से ही टलेगी युद्ध की विभीषिका: उपाध्याय गुप्ति सागर महाराज

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपाध्याय गुप्ति सागर महाराज ने कहा है कि पूरा विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा है, कई देशों के बीच चल रहा युद्ध मानवता एवं संपदा को नष्ट कर रहा है। भगवान महावीर का संदेश जीओ और जीने दो पर चल कर ही युद्ध की विभिषका को टाला जा सकता है।महाराज गुप्ति सागर दिगंबर जैन मंदिर मंडी में भगवान महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रधालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। उपाध्याय गुप्ति सागर ने कहा कि भगवान महावीर के अहिंसा, शांति, करुणा, प्रेम एवं सहयोग के सिद्धांत पर चल कर स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भगवान महावीर के संदेशों से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।भगवान महावीर को रथ में सवार करके नगर दर्शन के लिए बैंड बाजों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं निवर्तमान मेयर राजीव जैन समेत अनेक श्रद्धालु नाचते गाते भगवान के रथ को खींच रहे थे। शोभा यात्रा का बाजारों में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में दीदी रंजना शास्त्री, अधिवक्ता सुरेश जैन, भूषण जैन, जय कुमार जैन, अशोक जैन, मुकेश जैन, मनीष जैन, आनंद जैन, राजकुमार जैन, राजीव जैन, राकेश जैन, चतरसेन जैन, सौरभ जैन, अमित जैन, सुबोध जैन, योगेश जैन, राजेश जैन, रमेश जैन, विमल जैन, रजत जैन, रामपाल जैन, मनोज जैन, निशा जैन, शशि जैन, राखी जैन, शिल्पी जैन, सरिता जैन, दीदी रंजना शास्त्री आदि सैंक?ो जैन समाज के पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रही ।

मुलाना में 14.26 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

मुलाना। मुलाना थाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 14.26 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गांव सिरसगढ़ निवासी जसविंद्र उर्फ बिंद्र हेरोइन बेचने का काम करता है और वह स्कूटी पर सिरसगढ़ से मेडिकल कॉलेज की ओर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बुढियो-सिरसगढ़ रोड पर नाका लगाकर आरोपी को काबू किया।

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 14.26 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस ने आरोपी की स्कूटी, नकदी और मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया है। मुलाना थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 2024 में भी दो एनडीपीएस के मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस पता करेगी कि आरोपी नशा कहां से लेकर आता है। उक्त आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

इंसान को चाहत है दुनियावी प्राप्तियों की

संसार में दुनियावी दौलतों की चाहना तो हर किसी को है लेकिन इस सच्ची दौलत की चाहना किन्हीं विरलों को ही हुआ करती है। स्वामी विवेकानन्द जी ने इस सम्बन्ध में कहा है कि ऐ इन्सान, इस सत्य की प्राप्ति की तुझे इतनी तीव्र इच्छा होनी चाहिए, जितनी एक डूबते हुए इन्सान को पानी से बाहरे निकलने की होती है। लेकिन ऐसी इच्छा रखने वाले हमें हर जगह नहीं मिलते। बाहरी रूप से तो ऐसी इच्छा रखने वाले अनेकों मिल जाते हैं क्योंकि हर स्थान पर बन्दगी हो रही है जिन्हें देखकर ऐसा लगता है कि वास्तव में ही ये प्रभु प्रेमी प्रभु की चाहत रखते हैं लेकिन अगर इन्सान गौर से अपने अन्दर झाँककर देखे तो अक्सर सांसारिक पदार्थों के लिए, रुके हुए काम बनाने के लए, कोई शारीरिक ताकत के लिए, राजसत्ता हासिल करने के लिए, कोई राजनीतिक या आर्थिक समर्थाएं प्राप्त करने के लिए ही अक्सर यह सभी कुछ किया जा रहा होता है। लेकिन सामने निशाना दुनियावी प्राप्ती होती हैं। एक उदाहरण भी है कि मालिक प्रभु ने नारद जी को कहा कि आप बहुत दावा करते हैं कि संसार में स्थान स्थान पर सारे प्रभु की बन्दगी करते हैं, प्रभु प्रेमी हैं। अगर सचमुच ऐसा है तो आप उन्हें यहाँ मेरे पास ले आइए। नारद जी निकल पड़े। पृथ्वी

सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

लोक पर आकर कहने लगे कि चलो आपको प्रभु ने बुलाया है। पहले ता सभी लोग कुछ न कुछ बहाने बनाने लगे लेकिन नारद जी के बार-बार कहने पर कुछ लोग तैयार हो गए। नारद जी उन्हें लेकर प्रभु-धाम की ओर चल पड़े। कुछ दूर ही चले थे कि उन लोगों में हलचल मच गई। कुछ लोग एक विशेष दिशा में भागने लगे। नारद जी ने पूछा तो बाकी बचे लोगों ने बताया कि किसी ने कहा है कि उधर चाँदी की खान है इसलिए वे लोग उधर भाग गये हैं। हमें तो आपके साथ जाना है, इसलिए यहीं खड़े हैं। थोड़ा आगे जाकर फिर वही हलचल होने लगी। फिर पूछा तो लोगों ने बताया कि उधर कोई सोने की खान है इसलिए कुछ लोग उधर भाग रहे हैं। अब बहुत थोड़े लोग रह गये जिन्हें लेकर नारद जी आगे बढ़ने लगे। थोड़ा आगे जाने पर फिर वही हलचल। मालूम हुआ कि उधर हीरे की खान है। सभी लोग उस ओर भाग रहे हैं। नारद जी अकेले ही रह गये। उन्होंने भागते हुए इन्सान को पकड़ा और कहा, तू तो मेरे साथ चल ताकि मैं मालिक से आँखें तो मिला सकूँ, क्योंकि वहां तो मैं दावा करके आया था कि सभी लोग प्रभु प्रेमी हैं। नारद जी उसे लेकर मालिक प्रभु के समक्ष पहुँचे। प्रभु ने कहा-नारद जी आप तो कहते थे कि बहुत लोग हैं, यह ता अकेला ही है। नारद जी बोले, महाराज, एक तो लाया हू, इसे ही स्वीकार कर लें। इतने में वह इन्सान बोला, नारद जी, जल्दी करो, मुझे देर हो गई तो वे लोग सारे हीरे ले जायेंगे। मेरे हिस्से में कुछ नहीं आयेगा। यह कह कर वह भी भाग गया।

कहने का भाव, आम इन्सान को चाहत है दुनियावी प्राप्तियों की, प्रभु की चाहत नहीं है। इसके विपरीत दूसरी ओर मीरा है जिसको दुनियावी दौलत उपलब्ध है लेकिन सन्तुष्टी नहीं हो रही है, खालीपन महसूस हो रहा है।

तभी तो वह कह रही है ङ्क

लकड़ी जल कोयला भई, कोयलाभई है राख। मैं अभागन यूँ जली कोयला भई न राख।

वह उन महलों को, पदार्थों को महत्ता नहीं दे रही है, एक लकड़ी की तरह सुलग रही है। क्यों सुलग रही है, क्या कोई कमी है? नहीं। महल है, राजा क घर पैदा हुई है।

पंचांग

सोमवार, 6 अप्रैल, 2026, सूर्योदयः 06:06 ए एम, सूर्यास्तः 06:45 पी एम, चन्द्रोदयः 11:03 पी एम, चन्द्रास्तः 08:08 ए एम, शक सम्वतः 1948 पराभव, विक्रम सम्वतः 2083 सिद्धार्थी, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः चैत्र, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः सोमवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः चतुर्थी - 02:10 पी एम तक, नक्षत्रः अनुराधा - 02:57 ए एम, अप्रैल 07 तक, योगः सिद्धि - 03:25 पी एम तक, करणः बालव - 02:10 पी एम तक, द्वितीय करणः कौलव - 03:21 ए एम, अप्रैल 07 तक, सूर्य राशिः मीन, चन्द्र राशिः वृश्चिक, राहुकालः 07:41 ए एम से 09:16 ए एम, गुलिक कालः 02:00 पी एम से 03:35 पी एम, यमगण्डः 10:51 ए एम से 12:25 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:00 पी एम से 12:51 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:51 पी एम से 01:41 पी एम, दुर्मुहूर्तः 03:22 पी एम से 04:13 पी एम, अमृत कालः 03:19 पी एम से 05:07 पी एम

भविष्य फल

मेषः आज का दिन खास रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। आपको किसी अपने का सपोर्ट मिलेगा।

वृषः आज आप जीवन के सभी क्षेत्रों में सुधार पाएंगे और आपको यश की सहज प्रगति होगी। व्यवसाय में उन्नति और आपकी वित्तीय स्थिति में काफी सुधार संभव है।

मिथुनः ऑफिस के कामो में आपका मन लगेगा। नौकरी, बिजनेस और करियर के मामलों में आगे बढ़ने का समय है। आपकी पहचान और हैसियत बढ़ सकती है।

कर्कः पुराने किए हुए कामों से फायदा हो सकता है। पुराना दोस्त भी अचानक काम आ सकता है। किसी धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

सिंहः आज का दिन ठीक रहने वाला है। कुछ कामों में कॉन्फिडेंस की कमी हो सकती है। बेहतर होगा कि अपना कॉन्फिडेंस कम न होने दें, मन लगाकर काम करें।

कन्याः व्यावसायिक और वित्तीय प्रयासों से आपको लाभ मिलेगा। पुराने निवेशों से भी आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

तुलाः आज आप धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता जरूर दिलाएंगे। आर्थिक स्थिति लगातार मजबूत रहेगी।

वृश्चिकः आज आप कोई अनबन या उलझा हुआ मामला सुलझाने की कोशिश कर सकते हैं। इसमें सफलता मिलने के भी योग हैं।

धनुः आज का दिन खुशियां लेकर आया है। आज आपकी सोच और प्लानिंग स्पष्ट रहेगी। आपकी कल्पना शक्ति का विस्तार होगा।

मकरः भाग्य आपको अपने वास्तविक लक्ष्य से विपरीत दिशा की ओर ले जाने को अग्रसर है। उतावलेपन में लिया हुआ कोई भी निर्णय निश्चय ही हानि की ओर उन्मुख करेगा, अतः कोई भी निर्णय लेते समय धैर्य बनाये रखें।

कुंभः व्यावसायिक फैसलों को लेने के लिहाज से आज का दिन बेहतर है। समय पर आवश्यक वस्तु न मिलने से तनाव रहेगा।

मीनः दोस्तों के साथ कोई कार्यक्रम भी बन सकता है। पैसों की स्थिति में सुधार करने की कोशिश करें। कोई बड़ा फैसला आज आप ले सकते हैं।

रोहतक में कांग्रेस की मासिक बैठक, संगठन मजबूती और जन मुद्दों पर चर्चा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक। रोहतक अंबेडकर चौक कांग्रेस भवन कार्यालय में मासिक बैठक का आयोजन किया गया द्य जिसकी अध्यक्षता कुलदीप केडी की के द्वारा कि गई जिसमे संगठन एवं स्थानीय मुद्दों को लेकर चर्चा हुई द्य कांग्रेस कार्यालय में मुख्य रूप से रोहतक के विधायक भारत भूषण बत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ में जिला अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस रोहतक के बलवान रंगा व एसी सेल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र बाल्मिकी व उनकी नवनियुक्त एसी सेल कांग्रेस कमेटी का भी बड़ी धूमधाम से स्वागत किया गया। सभी रोहतक कांग्रेस परिवार ने एक मत में फैसला लिया की। कांग्रेस की नीतियों को घर घर तक पहुंचाएंगे और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेंगे। और बीजेपी सरकार की जन विरोधी नीतियों को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। इस मीटिंग में मुख्य रूप से पंकज सचदेवा विकास गोयल सुभाष तायल संगीता सहरावत कविता शर्मा सुनील बड़क। अनिल दुरैजा भूपेंद्र बुधवार सोनू जांगड़ा मनीष दत्त चरणजीत शर्मा ताराचंद बागड़ी रोबिन सचदेवा सुलभ गुगलानी कदम अहलावत राजवीर बैरागी जितेंद्र बाल्मीकि। भगतराम अनुराग परवाना विजय ठेकेदार। चांद नागर परीक्षित दुग्गल विनोद काका राजबीर बनियानी सतबीर बागड़ी राज कपूर लोटिया परमिंदर राणा समुंदर सिंह वाल्मीकि विनोद लोट किरण धर्मवीर कलसन गुरदयाल पवार सुरेश संजय बिरला विनय एवं नवनियुक्त पदाधिकारी मौजूद रहे

नगर निगम द्वारा रेलवे रोड पर डेकोरेटिव फैंसी लाइट्स लगाने का कार्य जारी

33 लाख की लागत से लगाए जा रहे 36 फैंसी डेकोरेटिव लाइट पोल

विधायक निखिल मदान ने मौके पर पहुंच किया कार्य का निरीक्षण

90 वाट की लाइट्स से रोशन होगी रेलवे रोड

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। रविवार दोपहर विधायक निखिल मदान शहर के रेलवे रोड पर पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम सोनीपत द्वारा रेलवे रोड पर निगम कार्यालय से गीता भवन चौक तक 36 फैंसी डेकोरेटिव लाइट पोल लगाने के कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित निगम अधिकारियों और एजेंसी प्रतिनिधि को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक निखिल मदान ने बताया कि इस कार्य में 33 लाख रुपये की लागत से 36 फैंसी 90 वॉट की डेकोरेटिव लाइट लगाने का काम किया जाएगा। साथ ही आगामी दो साल तक इन लाइट्स की मरम्मत और वार्षिक रखरखाव का जिम्मा एजेंसी द्वारा किया जाएगा। आज पोल लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अगले दो दिन में सभी पोल पर लाइट्स लगाकर चालू कर दी जाएगी।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि इन लाइट्स के शुरू होने से रेलवे रोड की सुंदरता बढ़ेगी। साथ ही पर्याप्त रोशनी होने से अपराध और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। रेलवे रोड पर लाइट्स लगाने के बाद उसकी गुणवत्ता देखते हुए दूसरी जगह पर लाइट्स लगाने का कार्य भी किया जाएगा। अभी पूरे शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य भी चल रहा है। इस अवसर पर अनिल वलेचा, नवीन कुमार, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

भगवान परशुराम सेवा समिति ने किया मासिक हवन यज्ञ का आयोजन

19 अप्रैल को धूम धाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव: सुरेंद्र राजू शर्मा

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

अम्बाला छावनी। भगवान परशुराम सेवा समिति रजि. 1069, अंबाला कैंट द्वारा अप्रैल माह के प्रथम रविवार को भगवान परशुराम मंदिर, नगल करधान, अंबाला छावनी में मासिक हवन यज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। मंदिर के पंडित शंभू दयाल ने भगवान परशुराम जी की 108 पवित्र आहुतियों के साथ हवन यज्ञ संपन्न करवाया। इस मासिक हवन यज्ञ के मुख्य यजमान समिति सदस्य रजनीश शर्मा, उनकी धर्मपत्नी सुमन लता शर्मा एवं उनका परिवार रहे। सभी श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डालकर भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

हवन यज्ञ के उपरांत समिति के उप प्रधान रविंद्र बिल्ला शर्मा का जन्मदिन भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा केक काटकर जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया।

समिति के महासचिव सुरेंद्र राजू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में भव्य भगवान परशुराम संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस संध्या में प्रवीण शर्मा एंड पार्टी द्वारा भगवान परशुराम जी के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी तथा धार्मिक रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर समिति द्वारा मंदिर के आसपास के वृद्धजनों एवं होनहार बच्चों को सम्मानित भी किया जाएगा।

समिति के हवन इंचार्ज सतीश शर्मा ने बताया कि समिति पिछले लगभग 12 वर्षों से प्रत्येक माह के पहले रविवार को मासिक हवन यज्ञ का आयोजन निरंतर करती आ रही है। साथ ही हर माह हवन यज्ञ में नए सदस्य को मुख्य यजमान बनाने की परंपरा निभाई जाती है।

इस अवसर पर प्रधान अतुल शर्मा, महासचिव सुरेंद्र राजू शर्मा, रजनीश शर्मा, श्रीमती सुमन लता शर्मा, नीतीश शर्मा, उप प्रधान रविंद्र बिल्ला शर्मा, हवन इंचार्ज सतीश शर्मा, डॉ. राकेश भारद्वाज, सुरेश कौशिक, संदीप शर्मा, ममता शर्मा, अनिल शर्मा, परवीन शर्मा धनाना सहित समिति के अन्य सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

संविधान निर्माता डा.भीम राव अंबेडकर जन्मोत्सव उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

कलायत। कलायत के लांबा खेड़ी गांव संविधान निर्माता डा.भीम राव अंबेडकर जन्मोत्सव उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व रत्न डा.भीम राव अंबेडकर समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा, सामाजिक जागरूकता व समाज के विकास से जुड़े पहलुओं को लेकर व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान स्कूल बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये आयोजन में रंग भरे। बाबा साहब की शिक्षाओं का गमन करने पर संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर ब्लॉक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि नरेंद्र धानियां ने शिरकत की। उनके साथ ब्लॉक समिति सदस्य रामभूल, जसविंदर राणा, रामप्रताप शर्मा, जितेंद्र राणा व अन्य गणमान्य लोग पहुंचे। कार्यक्रम में कमेटी सदस्यों द्वारा वाटर कूलर की सुविधा प्रदान करने की मांग रखी गई। तुरंत ब्लाक समिति चेयरपर्सन ज्योति धानियां संपर्क साधा गया। चेयरपर्सन ने ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 2 वॉटर कूलर स्थापित करवाने की घोषणा की। इस अवसर पर विश्व रत्न डा.भीम राव अंबेडकर समिति प्रधान रामबिलास बडवर, उप प्रधान शमशेर सिंह, संस्थापक सवाइया राम, बेदप्रकाश फौजी, राजेश खुमरा, रोहित बड़वर, रणधीर बडवर, रिषीपाल बडवर, विक्रम बडवर, सचिव खुशीराम खुमरा, भारत भूषण, ओमप्रकाश बडवर, राधेश्याम बडवर व अन्य समिति सदस्य मौजूद रहे। आयोजन समिति सदस्यों ने कार्यक्रम में पहुंचने मेहमानों का ग्रामीणों के साथ पुरजोर अभिनंदन किया। साथ ही यह भरोसा दिलाया कि ग्रामीण विकास की दिशा में जिस स्तर पर विश्व रत्न डा.भीम राव अंबेडकर समिति की जरूरत महसूस की जाएगी वे तत्पर रहेंगे।

कुरुक्षेत्र फायर सेफ्टी संस्थान में सर्टिफिकेट वितरण समारोह

अर्थ प्रकाश/दलबीर सिंह मलिक

थानेसर। आज पिपली रोड स्थित कुरुक्षेत्र फायर सेफ्टी संस्थान में सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार डिप्टी डायरेक्टर हरियाणा रोजगार विभाग विशिष्ट अतिथि डॉ. जगमाल सिंह भूतपूर्व सीएमओ, रणजीत सिंह असिस्टेंट डायरेक्टर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने सभी फायरमैन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फायर सेफ्टी कोर्स जहां माल की हानि से बचाता है, वहीं देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक है। उन्होंने बच्चों को भारत सरकार में नई खाली पड़ी फायरमैन की भर्ती के बारे तथा पोर्टल के बारे में जानकारी दी। कैप्टन गुरमेल सिंह ने संस्थान व फायर सेफ्टी कोर्स को विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि देश की सेवा से लेकर तकरीबन 20 विभागों में यह कोर्स काम आता है। कोई भी 12वीं पास छात्र एक वर्षीय फायर सेफ्टी कोर्स करके विभिन्न विभागों में सेवाएं देकर रोजगार प्राप्त कर सकता है। डॉ राजेंद्र सैनी डायरेक्टर ने मुख्य अतिथि व आए हुए अतिथियों को बुक व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस मौके पर परमिंदर सिंह, एमडी लिटिल मिलेनियम प्रेम पब्लिक स्कूल, सूबेदार मेजर रविंद्र कौशिक, एसडीओ एच एस ओबराय, मैनेजर घनश्याम, रेखा रानी व स्टाफ मौजूद रहा।

21st CENTURY HOLISTIC EDUCATION!
ADMISSION OPEN FOR ACADEMIC SESSION 2026-27
Playway to Grade XII (All Streams)
ACKNOWLEDGED WITH THE TOP EXTRACURRICULAR ACTIVITY AWARD IN THE HARYANA REGION.
VIDE Code No. 531061 An ISO 9001-2008 Certified
BRILLIANCE WORLD
Affiliated To CBSE New Delhi... school of perfection...
INDOOR ACTIVITIES: CHESS, ART & CRAFT, CAROM BOARD, KARATE, GYMNATIC, TABLE TENNIS
OUTDOOR ACTIVITIES: TENNIS, SWIMMING, BASKETBALL, SKATING, FOOTBALL, BADMINTON
SCHOLARSHIPS For Admission TILL 30.04.2026 (On Admission Fees)
1. For Up to 90% Marks 75% (Discount)
2. For Up to 80-90% Marks 50% (Discount)
(BOARDING/ DAY - BOARDING FACILITY UP TO CLASS XII)
7837540700, 7696366700 brillianceworldschool.com Site No. 1, Sector 12, Panchkula - 134112 REGISTER NOW FOR A BRIGHT FUTURE!

New Dr. Juneja's Roop Mantra
Ayurvedic Face Cream & Face Washes
No. 1 BRAND
INDIA'S MOST TRUSTED BRAND
Clinically Tested*
सुंदर Skin का मंत्रा
आयुर्वेदिक क्रीम रूप मंत्रा
Scars • Wrinkles • Pimples • Dull Skin
24x7 Helpline: 87259 66666 • www.roopmantra.com • Available at all medical & general stores

NAVKAAR Jewellers Since 1996
द्वारा प्रस्तुत Digital Gold
Tricity's 1st Digital Gold App
कहीं भी, कभी भी सोना खरीदें!
आभूषण के लिए रिडीम करें
हमेशा सबसे अच्छी कीमत!
100% सुरक्षित भंडारण
आसान मासिक SIP
सिंगल क्लिक पर गिफ्ट
उपयोग करना शुरू किजिए
नवकार ज्वैलर्स डिजिटल गोल्ड ऐप!
Download Today!
बचत करना शुरू करें
स्मार्टली ट्रेड @ सबसे अच्छी कीमत हमेशा
अधिक जानकारी के लिए कॉल करें : 9876628837
पर उपलब्ध है

इंस्पेक्टर सतिंदर कुमार की टीम को मिली कामयाबी

दो अलग अलग मामलों में हेरोइन सप्लाई व कमानीदार चाकू रखने का आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। यूटी साउथ डिविजन की थाना 34 पुलिस को फिर उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली। जब पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में हेरोइन की सप्लाई और कमानीदार चाकू रखने के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान चाकू रखने वाले आरोपी सैक्टर 45 निवासी आशीष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 34 के प्रभारी इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार और सैक्टर-45 बुड़ैल चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम शनिवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। समय करीब रात साढ़े 9 बजे का होगा।पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सैक्टर 45 स्थित पार्क नजदीक ट्यूबवेल के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

केस नंबर-2: जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियो के दिशा निर्देशों के चलते थाना 34 के प्रभारी इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार की टीम शनिवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सैक्टर 45 स्थित मंडी ग्राउंड के पास पहुंची तो समय करीब साढ़े 5 बजे का होगा। पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से 7.24 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव बुडैल के रहने वाले 22 वर्षीय सौरभ के रूप में हुई है।

भगवान परशुराम भवन युवाओं के लिए लक्ष्य प्राप्त करने का बनेगा माध्यमः मंत्री डॉ अरविंद शर्मा

चंडीगढ़ (अप्रस)। हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि झज्जर में स्थापित होने वाला भगवान परशुराम भवन इलाके में जरूरतमंदों की सेवा और युवाओं को लक्ष्य प्राप्त करने का माध्यम बनेगा। मंत्री आज सेक्टर 9, झज्जर में परशुराम भवन का शिलान्यास के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के तीसरे कैम्पस के पास हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 26 में चार एकड़ में भगवान परशुराम विरासत पार्क विकसित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समुदाय हमेशा 36 बिरादरी को साथ लेकर चला है, जिसकी बदौलत सामाजिक व्यवस्था मजबूत हुई है।

FIND US ON
SPENZA Ceramics
WALL, FLOOR & VITRIFIED TILES
TILING SOLUTION (Adhesive, Epoxy)
www.spenzaceramics.com
SCO 445-46, 2nd Floor Cabin No.206, Sector 35 C, Chandigarh - 160035
Tel 0172 3500930 Mob 9316507105, 9316907105

ट्राईसिटी में एक ही नाम
Yaksh
WEDDING BAZAAR
DULHA SAHEB
SECTOR 7-C
सगाई से विदाई तक शादी का सारा सामान एक ही छत के नीचे
दूल्हे की शेरवानी और दुल्हन का लहंगा चाहे खरीदे, चाहे RENT पर लें
बहना और भाभी के लिए डिज़ाइनर लहगों की पूरी रेंज ON RENT
दूल्हे और बरातियों के लिए लाईव पगड़ी बांधी जाती हैं
ब्राइडल लहंगा, ब्राइडल ज्वैलरी, चूड़ा राजस्थानी, बैंगल और कलीरे
शेरवानी, सेहरा, कलंगी, पगड़ी, मोती माला, तलवार और पंजाबी जूती
SCF 24, SECTOR 7-C, (INNER MARKET) CHANDIGARH. CONTACT: 93161-08440

MIKKY
BRASS BAND
ROYAL BAND FOR ROYAL MARRIAGE
FANCY LIGHT, IMPORTED FIRE WORKS, PUNJABI DHOL, BAGPIPER BAND, PALKI, BAGGI, RATH
MIKKY PALACE
SHAZADPUR, DISTT. AMBALA
SCF-23, 1st FLOOR, SECTOR -18C, CHANDIGARH
(M) 9814004938, 7986365312

RS 1983
Steel Industries
AN ISO 9001 : CERTIFIED COMPANY
Specialists in : DISPLAY RACKS/TROLLIES
Mfrs. of : Fancy Display Racks, Restaurants Furniture & Shopping Trolley, Racks, Trollies, Basket & Fabrication of MS/SS/Aluminum
Also Undertaken Govt. & General Order Suppliers
Plot No. 130, INDUSTRIAL AREA, PHASE-2, CHANDIGARH
Contact : 9915588039, 0172-3189169
www.rssteelindustries.com Email : rs.steel130@gmail.com

ONLY TO BRING OUT, THE LARGEST EVER RANGE OF DECORATIVE FANS
USHA Hunter
USHA AEROLUX
Breezalit
Where with White Blades
Antique Power with Antique Black Blades
New Branze with Coffee Beech Blades
cata Spain EUROPEAN INNOVATIONS FOR A BETTER LIVING
LUFT
Distribution AMRIT ELECTRICALS PRIVATE LIMITED
SCO 26, Sector-26, MM, Ph.:4630426, 9814016237, Electric City : 426-A, Indl. Area, Phase-II,Chandiarh Ph. :4640426, 9814016237 Email : amritelectricals@gmail.com, www.armitelectricals.com

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

नकारात्मक नैरेटिव का मुंहतोड़ जवाब दें युवा कार्यकर्ता: मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि लगातार सत्ता से दूर रहने से हताश और निराश हो चुके विपक्ष की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलाए जाने वाले नकारात्मक नैरेटिव का शब्दों की मर्यादा में रहकर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए वे खुद को मुस्तैद रखें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विपक्ष की तरफ से मनगढ़ंत आरोपों का एक नया वार शुरू होगा, उस पर प्रतिवार और उसका प्रतिवाद करने के लिए भाजपा की बूथ स्तर की टीम खुद को मजबूत रखे।

मुख्यमंत्री योगी, रविवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई के मालवीय नगर मंडल की तरफ से आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंघिया स्थित एक मैरेज हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमारे युवाओं को विकास भी करना है और विरासत का भी सम्मान करना है। देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए मुस्तैद जवानों को दुश्मन के मंसूबों का काम भी तमाम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे डबल इंजन सरकार के अच्छे कार्यों का प्रचार-प्रसार करते हुए अपने बूथ पर सजग और सतर्क रहें। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने उ.प्र. के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था, वे हर दृष्टि से फेल होकर आज सोशल मीडिया का सहारा लेंगे। झूठे, मनगढ़ंत आरोप लगाकर तमाम प्रकार के निगेटिव नैरेटिव सेट करने का वे प्रयास करेंगे। इसका जवाब देने के लिए बूथ स्तर के कार्यकताओं को तैयार रहना होगा। निगेटिव नैरेटिव सेट करने की मंशा वाले लोगों के शासन में माफिया की गुंडागर्दी, फिरौती वसूली, बहन-बेटियों और व्यापारियों की असुरक्षा, पर्व-त्योहारों पर दंगे के चलते मातम जैसे माहौल के सभी दृश्य निकालने पड़ेंगे। पेपर की कटिंग्स निकालनी प?ेगी। उस समय के दृष्टांत निकालने पड़ेंगे और शब्दों की मर्यादा में पूरी आक्रामकता के साथ जवाब देने के लिए अपने आप को तैयार करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी पॉजिटिव चीजों को आगे बढ़ाना है। अच्छे कंटेंट बनाकर हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकते हैं। हर एक क्षेत्र में कुछ न कुछ नया हुआ है और उसको हम आगे बढ़ने का काम करेंगे। इससे स्वाभाविक रूप से हम डबल इंजन की सरकार के अभियान को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर पाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति सदैव सत्य और सनातन के साथ रही है। प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण, वीर अभिमन्यु, गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और उनके चार पुत्रों, स्वामी विवेकानंद, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और वीर सावरकर के जीवन का उद्धरण देते हुए कहा कि ये सब उसी युवा ऊर्जा शक्ति के प्रतीक और प्रेरणा हैं जिन्होंने सब कुछ देश और धर्म के लिए किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस मामले में सबसे सौभाग्यशाली है कि देश की 56 से 60 फीसदी कार्यशील युवा आबादी यहां है। यह युवा ऊर्जा अगर सकारात्मक कार्यों के साथ जुड़ जाए तो उत्तर प्रदेश को कहां से कहां पहुंचाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो युवा इस बार प्रथम बार मतदाता होंगे वे सभी इस बात को नहीं जानते होंगे की 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में क्या कुछ होता था। कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में व्यापक तीसरे दिन दंगा होता था। पर्व और त्यौहार आने से पहले लोगों के मन में आशंका खड़ी हो जाती थी। गुंडागर्दी चरम पर थी, हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार चलती थी। व्यापारी, उद्यमी, चिकित्सक, शिक्षक, गरीब, साहूकार सबको गुंडा टैक्स देना पड़ता था। बिजली बमुश्किल से तीन-चार घंटे आती थी। गांवों में तो एक सप्ताह आती थी और दूसरे सप्ताह नहीं आती थी। सड़कें तब गड्ढे जैसी थीं। तब यही उत्तर प्रदेश की सही पहचान थी।

इजराइल में पूरी तरह सुरक्षित हैं उ.प्र. के 6000 से अधिक श्रमिक, योगी सरकार लगातार संपर्क में

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। इजराइल में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के 6000 से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर सभी श्रमिकों की नियमित निगरानी की जा रही है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम लगातार इजराइल में भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं और वहां मौजूद भारतीय, विशेषकर यूपी के श्रमिकों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इजराइल में कार्यरत सभी भारतीय श्रमिक सुरक्षित हैं और फिलहाल किसी भी तरह की आपात स्थिति या बड़े खतरे की सूचना नहीं है।

इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ शन्मुगा सुंदरम लगातार यूपी के श्रमिकों के विषय में अपडेट ले रहे हैं। डॉ शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ टेलीफोन पर उनकी लगातार बातचीत हो रही है। 11, 17 और 28 मार्च को साझा किए गए अपने संदेशों में भारतीय राजदूत ने उन्हें स्पष्ट रूप से बताया है कि सभी भारतीय श्रमिक, जिनमें उत्तर प्रदेश के श्रमिक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा परिस्थितियों में स्वाभाविक रूप से कुछ चिंता का माहौल है, लेकिन किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग नहीं आई है। दूतावास सभी के साथ लगातार संपर्क में है और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखा जा रहा है। राजदूत ने यह भी जानकारी दी कि कुछ उ.प्र. के श्रमिकों ने हाल ही में भारत से गए पत्रकारों का आतिथ्य भी किया, जो इस बात का संकेत है कि स्थिति नियंत्रण में है और श्रमिक सामान्य जीवन जी रहे हैं। भारतीय दूतावास की प्रथम सचिव डॉ. गरिका तेजेश्वर ने भी प्रमुख सचिव के साथ वार्तालाप में पुष्टि की है कि यूपी के सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और अब तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि कुछ भारतीय नागरिक, मुख्य रूप से व्यापारी और छात्र स्वेच्छा से वापस लौटे हैं, जिनकी जॉर्डन के रास्ते यात्रा में दूतावास ने सहायता की। यदि कोई श्रमिक लौटना चाहता है, तो उसके लिए भी यही व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि दूतावास के कंट्रोल रूम को अब तक कोई गंभीर या आपातकालीन संदेश प्राप्त नहीं हुआ है और सभी श्रमिक स्थानीय सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार इस पूरे मामले पर गंभीरता से नजर बनाए हुए है। प्रमुख सचिव श्रम डॉ. शन्मुगा सुंदरम नियमित रूप से दूतावास के संपर्क में रहकर श्रमिकों की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि विदेशों में कार्यरत प्रदेश के सभी श्रमिक सुरक्षित रहें और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। उत्तर प्रदेश के श्रमिकों तक भी सरकार का यह संदेश स्पष्ट रूप से पहुंच चुका है कि किसी भी परिस्थिति में सरकार उनके साथ खड़ी है और यदि वह घर लौटना चाहेंगे तो उनकी हर संभव मदद की जाएगी।

प्रमुख सचिव श्रम डॉ. शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि इजराइल की पॉपुलेशन एंड इमिग्रेशन अथॉरिटी द्वारा संचालित कॉल सेंटर भी भारतीय श्रमिकों की सहायता के लिए सक्रिय है, जहां विभिन्न भाषाओं में सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इजराइल में समय-समय पर मिसाइल हमलों की घटनाएं सामने आ रही हैं, फिर भी वहां रह रहे भारतीयों, विशेषकर उत्तर प्रदेश के श्रमिकों की स्थिति सामान्य बनी हुई है। सरकार और दूतावास दोनों ही मिलकर हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

गठबंधन सरकार में महिलाएं असुरक्षित, कानून-व्यवस्था फेल: विदादला रजनी

अर्थ प्रकाश/ बोम्मा रेड्डी

चिलकलुरिपेट। पूर्व कैबिनेट मंत्री विदादला रजनी ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर तेलुगु देशम पार्टी,जनसेना,भाजपा, की गठबंधन सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने हाल ही में पालनाडु जिले में एक महिला सरकारी कर्मचारी पर हुए हमले को फेल हो रहे कानून-व्यवस्था का चौंकाने वाला उदाहरण बताया।

चिलकलुरिपेट में मीडिया से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में महिलाओं के खिलाफ हमले, परेशानी और अत्याचार तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार महिलाओं को बेसिक सुरक्षा भी दे पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि रेड बुक गवर्नेंस÷ ने पुलिस का ध्यान पब्लिक सेफ्टी से हटाकर पॉलिटिकल टारगेटिंग पर लगा दिया है, जिससे महिलाओं में असुरक्षा बढ़ रही है और यहां तक कि आत्महत्या के मामले भी बढ़ रहे हैं।

रजनी ने कहा कि वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी के राज में, आंध्र प्रदेश पुलिस देश में सबसे अच्छी पुलिस में से एक थी, जिसे दिशा ऐप, दिशा पुलिस स्टेशन और ज़ीरो स्न्रढ्ढक्र जैसे सिस्टम का सपोर्ट मिला था। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि मौजूदा गठबंधन राज में, पुलिसिंग के स्टैंडर्ड बहुत गिर गए हैं। उन्होंने कहा कि पालनाडू की घटना, जिसमें एक हमलावर ने एक महिला के घर में घुसकर जघन्य अपराध किया, सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तरह से नाकामी दिखाती है। उन्होंने सवाल किया कि जब ऐसी घटनाएं हो रही हैं तो पुलिस क्या कर रही है और आरोप लगाया कि शासन या पुलिसिंग में कोई ईमानदारी नहीं है।

रजनी ने मांग की कि सरकार जागे और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत सख्त कदम उठाए। उन्होंने अधिकारियों से कानून और व्यवस्था पर ध्यान देने, ड्रग्स और शराब जैसी गैर-कानूनी गतिविधियों को कंट्रोल करने और ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने का आग्रह किया।

सुखदेव सिंह रिएत शिरोमणि अकाली दल दिल्ली में शामिल: हरमीत सिंह कालका

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने ऑल इंडिया रामगढ़िया विश्वकर्मा फेडरेशन के अध्यक्ष सरदार सुखदेव सिंह रिऐत के शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट में शामिल होने पर उनका दिल से स्वागत किया। इस अवसर पर सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट परिवार में नई और समर्पित शख्सियतों का शामिल होना हमेशा खुशी और गर्व का विषय होता है। उन्होंने कहा कि सरदार सुखदेव सिंह रिऐत का विशाल अनुभव, मजबूत नेतृत्व और पंथ तथा समाज के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता शिरोमणि अकाली दल दिल्ली को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

उन्होंने आगे कहा कि सरदार सुखदेव सिंह रिऐत की दूरदर्शी सोच, सेवा भावना और सामाजिक भलाई से जुड़े कार्यों के प्रति उनकी लगन न केवल शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट को मजबूत करेगी, बल्कि संगत और समाज की सेवा में भी वे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। सरदार हरमीत सिंह कालका ने विश्वास व्यक्त किया कि सरदार सुखदेव सिंह रिऐत का पार्टी से जुड़ना दिल्ली में शिरोमणि अकाली दल की संगठनात्मक शक्ति को और विस्तार देगा तथा पंथक और सामाजिक मुद्दों को और अधिक प्रभावशाली तरीके से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस शुभ अवसर पर शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट के कार्यकर्ताओं और संगत में खुशी और उत्साह की लहर देखने को मिली तथा सभी ने मिलकर सरदार सुखदेव सिंह रिऐत को उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं।

झारखंड की राजनीति में राजद को नजरअंदाज करना संभव नहीं है: तेजस्वी यादव

रांची (अप्रस)। बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने गठबंधन के सहयोगियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि झारखंड की राजनीति में राजद को नजरअंदाज करना संभव नहीं है। झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को कार्निवल हॉल में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के भव्य सम्मान समारोह में तेजस्वी यादव का स्वागत किया। पारंपरिक झारखंडी अंदाज में ढोल-नगाड़ों और सजे तोरणद्वारों के बीच उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि पार्टी ने सात में से चार सीटें जीतकर अपनी ताकत का परिचय दिया है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि राजद को और अधिक सीटें मिलतीं, तो नतीजे और भी चौंकाने वाले होते। श्री यादव ने बिहार के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि मशीन तंत्र और धन तंत्र जैसी चुनौतियों के बावजूद उनका वोट बैंक 1 करोड़ 70 लाख से बढ़कर 1 करोड़ 90 लाख तक पहुंच गया है। पार्टी में टूट-फूट की अटकलों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यह लालू प्रसाद यादव की पार्टी है, जो न झुकती है और न टूटती।

समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: केशव

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वर्तमान सरकार महापुरुषों के सम्मान और उनके विचारों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। गाजियाबाद के घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि सरकार महापुरुषों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है, जिससे समाज में सकारात्मक दिशा का संचार हो रहा है।

यह आयोजन प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप के आमंत्रण पर किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने तकनीकी माध्यम से मोबाइल फोन के जरिए जनसभा को संबोधित करते हुए महर्षि कश्यप के योगदान को स्मरण किया और उनके आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह आयोजन पहले छोटे स्तर पर शुरू हुआ था, जो अब महाकुंभ का रूप ले चुका है। उन्होंने महर्षि कश्यप के नाम पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित करने का प्रस्ताव भी रखा। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, सहायक उपकरण तथा अन्य लाभकारी सामग्री वितरित की गई। साथ ही विभागीय प्रदर्शनी के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

सतीश प्रदीप

सचिवालय के बाहर कर्मचारियों के लिए बैठने-पेयजल की व्यवस्था नदारद, वर्षों से समस्या जस की तस

अर्थ प्रकाश / बोम्मा रेड्डी

वेलागापुड़ी। अमरावती की राज्य सचिवालय प्रांगण वेलागापुड़ी मैं कर्मचारियों को बसों के इंतजार करते हुए नीचे ही बैठना पड़ता है कई वर्षो से यह हाल यूं ही बना पड़ाहै ना आराम से कुर्सियां है ना कोई व्यवस्था धूप छाँव इसी तरह बाहर बैठे रहते हैं एक छोटा सा बस स्टॉप है यहां 6 बजे नियमित घूमती है लगभग 3000 से ज्यादा कर्मचारी होंगे दिन भर दफ्तर के काम से माथा पट्टी करने के बाद जब बाहर आते हैं ना हम कोई प्याऊ है ना पेयजल कीव्यवस्था है बाहर विश्राम कक्ष के लिए 20 बाय 10 का कमरा है वह भी टूटी-फूटी व्यवस्थाओं में जर्जर है कई 10 साल से इस विषय पर कई बार कर्मचारियों ने बताया किंतुअब तक कोई शुद्ध नहीं लिया समाचार पत्र को कर्मचारी संगठन वालों ने बताया कि कम से कम राजधानी घोषणा के बाद तो यह व्यवस्था सुधर जाना चाहिए धूप से बचने का भी कोई व्यवस्था नहीं कम से कम सीमेंट कुर्सियां और छत परपीने का सेट बनवाना जरूरी है।

नगर निगम चुनाव से पहले आरएलडी ने चंडीगढ़ इकाई लॉन्च की, संगठन विस्तार पर जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। आगामी दिसंबर 2026 में होने वाले चंडीगढ़ नगर निगम चुनावों से पहले राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) ने अपने संगठनात्मक विस्तार के तहत रविवार को चंडीगढ़ इकाई की औपचारिक शुरुआत की।

इसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान की। इस अवसर पर कई नेताओं और समर्थकों ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उनके साथ प्रभुद्ध कुमार (राष्ट्रीय सचिव), दिलप्रीत सिंह (प्रदेश प्रभारी, पंजाब), विनय प्रधान (प्रभारी, जम्मू-कश्मीर), ओ.डी. त्यागी (प्रदेश महासचिव, उत्तर प्रदेश), नरेंद्र चिकारा (प्रदेश महासचिव, हरियाणा) और अजीत सिंह मोहाली (प्रदेश अध्यक्ष, पंजाब) सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

मीडिया को संबोधित करते हुए त्यागी ने कहा कि यह पहल पार्टी के संगठन को मजबूत करने और पारंपरिक क्षेत्रों से बाहर राजनीतिक विस्तार करने की रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का संगठन अब देश के 14 राज्यों में सक्रिय है और अब चंडीगढ़ में भी संगठन को औपचारिक रूप से स्थापित किया जाएगा। साथ ही पंजाब में पार्टी की आवाज को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मजबूत आधार के बाद पार्टी ने पंजाब और हरियाणा में भी अपना आधार बनाया है और अब चंडीगढ़ में संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने विस्तार रणनीति के तहत हाल ही में जम्मू-कश्मीर में सभी सीटों पर चुनाव लड़ा था। चंडीगढ़ नगर निगम चुनावों के बारे में उन्होंने कहा कि पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। जल्द ही कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की जाएगी और शहर में सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा। पंजाब से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए त्यागी ने कहा कि हालिया बाढ़ के दौरान किसानों को भारी नुकसान हुआ, लेकिन उन्हें अभी तक पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि किसानों के अधिकारों और समस्याओं को लेकर जल्द ही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मिलने का समय लिया जाएगा। उन्होंने पंजाब में बढ़ते कैंसर मामलों पर भी चिंता जताई और कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर प्राथमिकता से काम करना चाहिए।

डेराबस्सी में रोहिणी कौशल बनीं 'स्वच्छ भारत मिशन' की ब्रांड एंबेसडर

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी, 5 अप्रैल। नगर परिषद डेराबस्सी द्वारा एक अहम पहल करते हुए समाजसेवी रोहिणी कौशल को 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में नगर निगम काउंसिल डेराबस्सी के कार्यकारी अधिकारी रवनीत सिंह ढट्ट द्वारा उन्हें आधिकारिक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जिसमें उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। जारी प्रमाण पत्र के अनुसार, रोहिणी कौशल शहर में स्वच्छता, सफाई और जनजागरूकता से जुड़े अभियानों को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगी। वह आम नागरिकों को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगी तथा लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित करेंगी। आवश्यकता पड़ने पर वह संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठकें भी आयोजित करेंगी, ताकि योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

स्वच्छ भारत मिशन भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य देश को स्वच्छ और खुले में शौच से मुक्त बनाना है। इस मिशन के तहत शौचालय निर्माण, कचरा प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल और सफाई व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाता है। साथ ही, लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं। इस योजना के माध्यम से शहरों और गांवों में साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे बीमारियों को रोकने और स्वस्थ वातावरण बनाने में मदद मिलती है।

रोहिणी कौशल की नियुक्ति से उम्मीद जताई जा रही है कि डेराबस्सी क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर जागरूकता और अधिक बढ़ेगी। उनके प्रयासों से लोगों में सफाई के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी और शहर को स्वच्छ बनाने के अभियान को नई गति मिलेगी।

श्री पुण्डरीक गोस्वामी की भागवत कथा 12 अप्रैल से

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। कलयुग में भक्ति का प्रचार चरम पर है। संतो का कहना है ये प्रचार ही भक्ति की लहर है इसमें जो बह गया वो भवसागर से पार हो गया। भक्ति की लहर के इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए चंडीगढ़ सेक्टर 17, सर्कस ग्राउंड में 12 से 18 अप्रैल बरसाना प्रकट उत्सव श्री राधा रस भागवत कथा होने जा रही है।

प्रसिद्ध कथावाचक श्री पुण्डरीक गोस्वामी द्वारा कथा कही जाएगी। गौरी शंकर सेवादल गौशाला सेक्टर 45, चंडीगढ़, तेजस्विनी फाउंडेशन पंचकूला और ट्रेस लाउन्ज की भक्ति भाव से कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का समय सायं 4 बजे से 7 बजे तक रहने वाला है। आयोजक विनोद शर्मा, मुनीश बजाज, राहुल महाजन, हर्ष शर्मा और सुमित शर्मा ने बताया की ये कथा बहुत ही अच्छे लेवल पर करवाई जा रही है इस भागवत कथा में पुरे उत्तर भारत से लोग पहुंच रहे है हमारी और से सब इंतजाम किये गए है।

दशकों तक अस्थायी कर्मचारियों से काम लेना 'श्रम शोषण', सेवाएं नियमित करने के आदेश: उच्च न्यायालय

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

अमरावती। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि स्थायी आधार पर रिक्तियों को भरे बिना दशकों से कर्मचारियों की सेवाओं का उपयोग करना 'श्रम शोषण' है। यह निष्कर्ष निकाला गया है कि आवश्यक और निर्बाध कार्यों के लिए अस्थायी रूप से 'अस्थायी' के नाम पर कर्मचारियों का उपयोग करना असंवैधानिक है। इसने कहा कि जब तक सरकार हमेशा एक आदर्श मालिक नहीं होती, तब तक वह नागरिकों के शोषण के साधन के रूप में कार्य नहीं कर सकती। उच्च न्यायालय ने आपत्ति जताई कि राज्य सरकार शिक्षित लोगों और सभी योग्य लोगों को स्थायी आधार पर कम मजदूरी के लिए बाहरी या अनुबंध के आधार पर काम पर रख रही है और विभिन्न विभागों में रिक्तियों को स्थायी आधार पर और उचित चयन प्रक्रिया के माध्यम से नहीं भर रही है। इसने कहा कि अनुबंध के आधार पर काम पर रखे गए कर्मचारियों का उपयोग दशकों से किया जा रहा है। यह दशकों से काम कर रहा है

उच्च न्यायालय ने कई लोगों की सेवाओं को नियमित करने का आदेश उच्च न्यायालय ने कहा कि कर्मचारियों ने अपनी सेवाओं को नियमित करने के लिए कहा तो सरकार ने कहा कि

आपकी नियुक्तियां ठीक से नहीं हुई और स्वीकृत पदों के अनुसार नियुक्तियां नहीं की गईं। उनसे दशकों की सेवा के बाद, सरकार ने तकनीकी कारण बता कर बच टाल नही सकती है । उनके हक बनती है जिनके बहाने से इनकार करना संभव नहीं है। इस हद तक, जस्टिस बट्टू देवानंद और जस्टिस सुबेंदु शमन की बेंच ने हाल ही में फैसला सुनाया है। इसने सरकार को दो महीने के भीतर याचिकार्ताओं की सेवा को नियमित करने का निर्देश दिया। विजयवाड़ा नगर निगम में टाइपिस्ट, ट्रेसर, कार्य निरीक्षक, कार्यालय अधीनस्थ, वाडमेन, माली, इलेक्ट्रीशियन और चालकों को आदेश दिया जाए कि वे दशकों से चालक के रूप में काम कर रहे उन्हें नियमित करने का आदेश दिया जाए। के. श्रीनिवास और 36 अन्य ने 2018 में एपी प्रशासनिक न्यायाधिकरण एपीएटी से संपर्क किया।

के. नारायण रेड्डी, टीएस तेलुगु गंगा परियोजना में काम कर रहे हैं ताकि सेवाओं को नियमित करने के लिए भी आदेश दिया जा सके। खजमैनुद्दीन ने भी एपीएटी में याचिका दायर की। 2018 में, ट्रिब्यूनल, जिसने इनकी जांच की, ने उनकी याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि याचिकाकर्ता सेवाओं के नियमितीकरण के लिए पात्र थे। इन सभी ने 2018 में उच्च न्यायालय में तीन अलग-अलग याचिकाएं दायर कीं, जिसमें ट्रिब्यूनल के फैसले को चुनौती दी गई थी। बेंच ने अंतिम सुनवाई की और इन मुकदमों पर फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता 1987 और 1989 में नाममात्र मस्टर रोल (एनएमआर) के कर्तव्यों में शामिल हो गए। 1993 तक, उनकी नौकरियों को केवल इस कारण से नियमित नहीं किया गया था कि उन्होंने पांच साल की सेवा पूरी नहीं की।

वीआईपी रोड बनी 'खतरे की सड़क'

गड्ढे, खुले बरसाती पानी के चेंबर और सीवर ओवरफ्लो से लोगों की बढ़ी परेशानी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर, 5 अप्रैल। शहर की प्रमुख और व्यस्त सड़कों में शामिल वीआईपी रोड इन दिनों बदहाली का शिकार होकर लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे, टूटे हिस्से और खुले पड़े बरसाती पानी के चेंबर हादसों को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से शिकायतें किए जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।सड़क के कई हिस्सों में बरसाती पानी के चेंबर के ढक्कन पूरी तरह गायब हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हर पल खतरा बना रहता है। वहीं कई स्थानों पर सीवर ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है बल्कि आसपास बदबू और गंदगी का माहौल भी बना हुआ है।

गर्मी बढ़ने के साथ स्थिति और गंभीर होती जा रही है। गंदे पानी के जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बीमारियों के फैलने का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। रात के समय यह समस्या और खतरनाक हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में गड्ढे और खुले बरसाती पानी के चेंबर नजर नहीं आते। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सड़क किसी जोखिम से कम नहीं है। कई लोग पहले ही इन गड्ढों और खुले बरसाती पानी के चेंबर की वजह से गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

स्थानीय दुकानदारों ने प्रशासन की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए बताया कि उन्हें खुद ही अस्थायी उपाय करने पड़ रहे हैं। कई जगह दुकानदारों ने ईंट-पत्थर या लकड़ी रखकर लोगों को आगाह करने की कोशिश की है, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो सके। उनका कहना है कि समस्या काफी समय से बनी हुई है, लेकिन हालात दिन-ब-दिन और खराब होते जा रहे हैं।

स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि वीआईपी रोड की तुरंत मरम्मत करवाई जाए, गड्ढों को भरा जाए और खुले बरसाती पानी के चेंबर पर ढक्कन लगाए जाएं। साथ ही शहर की सीवरेज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याओं से निजात मिल सके।

सीवरेज सिस्टम की कमी बढ़ा रही समस्या

जीरकपुर की सीवरेज व्यवस्था भी इस समस्या की एक बड़ी वजह बनकर सामने आ रही है। शहर में फिलहाल केवल एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) है, जिसकी क्षमता 17.5 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) है। तेजी से बढ़ती आबादी और शहरी विस्तार के चलते यह क्षमता अब अपर्याप्त साबित हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा जरूरतों को देखते हुए शहर में अतिरिक्त एसटीपी स्थापित करना बेहद जरूरी है। यदि समय रहते इस दिशा में कदम नहीं उठाए गए, तो सीवर ओवरफ्लो और गंदगी की समस्या लगातार बनी रहेगी और आने वाले समय में और भी विकराल रूप ले सकती है।

नगला रोड पर सीवरेज ओवरफ्लो से हालात बदतर, गंदे पानी से बीमारियों का खतरा बढ़ा

स्थानीय लोगों का आरोप नहीं किया जा रहा समस्या का स्थाई समाधान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर, 5 अप्रैल। जीरकपुर के नगला रोड स्थित बाजीगर बस्ती के पास सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या ने एक बार फिर गंभीर रूप ले लिया है। पिछले चार दिनों से लगातार सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क की हालत पहले ही खराब है और जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं। ऊपर से सीवरेज का गंदा पानी भर जाने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों के लिए यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। गंदगी और बदबू के चलते आसपास रहने वाले लोगों का जीना दूभर हो गया है।

इस सड़क के आसपास दर्जनों रिहायशी सोसाइटियां हैं, जहां हजारों लोग निवास करते हैं। रोजाना बड़ी संख्या में लोग इस मार्ग का उपयोग करते हैं, लेकिन सीवरेज ओवरफ्लो के कारण उन्हें रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा कुछ समय पहले इस समस्या को अस्थायी रूप से ठीक किया गया था, लेकिन अब फिर से स्थिति जस की तस हो गई है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर लापरवाही बरत रहा है।

लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो यह समस्या बड़े स्तर पर बीमारियों को जन्म दे सकती है। उन्होंने नगर परिषद से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है।

इस बारे में नगर परिषद का पक्ष जानने के लिए के सवनीत सिंह को फोन किया गया परंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया।

नगला रोड़ पर सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या वर्षो पुरानी है। नगर परिषद अधिकारियों को इस संबंधी जानकारी होने के बावजूद भी इसका स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा।

अर्जुन स्थानीय निवासी

नगला रोड़ पिछले चार दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या दोबारा से शुरू हो गई है जिस कारण आसपास के क्षेत्र में बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है।

सुखदेव सिंह स्थानीय निवासी

ढकोली अंडरब्रिज के पास ट्रेन हादसे में अज्ञात महिला की मौत, शव की पहचान में जुटी पुलिस

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर, 5 अप्रैल। गांव गाजीपुर (ढकोली) स्थित अंडरब्रिज के पास शनिवार देर रात एक दर्दनाक ट्रेन हादसे में करीब 25 से 30 वर्ष की अज्ञात महिला की मौत हो गई। घटना रात करीब 1.40 बजे की बताई जा रही है। हादसा इतना भयावह था कि महिला का चेहरा पूरी तरह कुचल गया, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया है।

मौके पर पहुंची पुलिस को मृतका के पास से सैमसंग कंपनी का एक टूटी स्क्रीन वाला मोबाइल फोन मिला। जांच के दौरान मोबाइल में दो सिम कार्ड (नंबर 82838-73084 और 84272-61216) चालू हालत में पाए गए। कंपनी रिकॉर्ड के अनुसार, एक सिम नंबर 82838-73084 भोली पुत्री शाम सुंदर निवासी गली रांझे वाली, अमृतसर के नाम पर दर्ज है। वहीं दूसरे नंबर से जुड़ी जानकारी की भी जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, मृतका के शरीर पर कोई विशेष पहचान चिन्ह नहीं मिले हैं। उसका रंग गोरा, कद लगभग 5 फीट 4 से 5 इंच, बाल काले और छोटे हैं। चेहरे की पहचान चपटे कानों और थोड़े लंबे चेहरे से की जा सकती है।

फिलहाल शव को पहचान के लिए सिविल अस्पताल डेराबस्सी के मोर्चरी में रखवाया गया है। जीआरपी लालरू के जांच अधिकारी एएसआई मनोहर लाल मामले की जांच कर रहे हैं।

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस महिला के बारे में कोई जानकारी हो, तो वे तुरंत संपर्क करें।

प्रिंसीपल पर स्कूल के बाहर खड़ी कार का ऐंटीना उतारने का आरोप, थाने तक पहुंचा मामला

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर, 5 अप्रैल। पीरमुछल्ला स्थित हिलव्यू ज्वॉइंट स्ट्रीट में एक निजी स्कूल के बाहर खड़ी कार का ऐंटीना उतारने को लेकर विवाद खड़ा हो गया, जो थाने तक पहुंच गया। सोसाइटी निवासियों ने स्कूल की प्रिंसिपल पर कार को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस ने शिकायत तो दर्ज कर ली है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

घटना शनिवार की बताई जा रही है। सोसाइटी के लोगों के अनुसार, नाइंटी डिग्री मोड़ पर स्थित स्टार मोंटेसरी स्कूल के बाहर खड़ी कार का ऐंटीना स्कूल की प्रिंसिपल सुमनदीप द्वारा उतार लिया गया। यह पूरी घटना स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें प्रिंसिपल कार के आसपास घूमती और ऐंटीना खोलती नजर आ रही हैं। आरोप है कि इस दौरान एक हेल्पर भी उनके साथ मौजूद थी।

इस मामले में रेखा, सोनाली, सुलेखा, मनोज, सुखविंदर कौर, अनीता, मीनाक्षी, रामधारी, अनिल कुमार, रोहित और कार मालिक अजय तिवारी सहित कई लोगों ने ढकोली थाने में शिकायत दी है। लोगों ने प्रिंसिपल के व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पिछले छह महीनों से उसी स्थान पर गाड़ी पार्क की जा रही थी, ऐसे में अचानक इस तरह की हरकत करना गलत है।

कैसे खुला मामला

कार मालिक अजय तिवारी ने बताया कि वह ज्वॉइंट स्ट्रीट में किराए के मकान में रहते हैं। उन्होंने अपनी कार को स्कूल गेट से हटकर दीवार के पास इस तरह खड़ा किया था कि रास्ता बाधित न हो। उन्हें गाड़ी हटाने के लिए किसी ने कोई सूचना भी नहीं दी। बाद में जब वह कार की सर्विस कराने गए तो पता चला कि ऐंटीना गायब है। इसके बाद मकान मालिक के साथ मिलकर सीसीटीवी फुटेज देखी गई, जिसमें पूरी घटना सामने आ गई। इससे सोसाइटी के लोगों में नाराजगी बढ़ गई और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

प्रिंसिपल का पक्ष

प्रिंसिपल सुमनदीप का कहना है कि कार बिना अनुमति के स्कूल के सामने खड़ी की गई थी और उन्हें यह भी पता नहीं था कि कार किसकी है। उन्होंने कहा कि कार मालिक किराएदार है और उसे सोसाइटी के लोग भड़का रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि उन्होंने ढकोली थाना एसएचओ के सामने ऐंटीना वापस कर दिया ।

सुभाष शर्मा ने क्रिकेट टूर्नामेंट में दिखाई मौजूदगी, युवाओं को खेलों से जुड़ने का दिया संदेश

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी, 5 अप्रैल। पंजाब वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष शर्मा ने डेराबस्सी के इंडस वैली स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और युवाओं को खेलों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुभाष शर्मा ने कहा कि पंजाब सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है और युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में स्पोर्ट्स अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने बताया कि बैदवान यूथ क्लब द्वारा 4 और 5 अप्रैल को आयोजित इस क्रिकेट टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई प्रमुख टीमें हिस्सा ले रही हैं। सुभाष शर्मा ने टूर्नामेंट के आयोजकों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और इसी उद्देश्य से वे पिछले दो वर्षों से लालरू में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन करवा रहे हैं। भविष्य में भी वे ऐसे आयोजनों को समर्थन देते रहेंगे। इस मौके पर स्वर्ण सिंह टिवाना, बलविंदर सिंह आलमगीर, सोनू, संजीव कुमार और गुरपाल सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

बिजली पोल गिरा, बड़ा हादसा टला : शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने पर भड़के योगेश अरोड़ा सोनी

10 और बिजली के खंभे खतरनाक, 18 अगस्त 2025 को बिजली विभाग को दी थी लिखित शिकायत

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर, 5 अप्रैल। वार्ड 27 में लापरवाही का एक और गंभीर मामला सामने आया है, जहां आज एक बिजली का पोल अचानक गिर गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन यह हादसा प्रशासन की अनदेखी और संभावित बड़े खतरे की साफ चेतावनी बनकर सामने आया है। समाजसेवी योगेश अरोड़ा सोनी ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि वार्ड में पहले से ही कई बिजली पोल जर्जर हालत में खड़े हैं। उनके अनुसार, वार्ड में ऐसे करीब 11 खतरनाक बिजली पोल चिन्हित किए जा चुके हैं, जिनकी पूरी जानकारी उनके पास मौजूद है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इन खतरनाक पोलों को लेकर 18 अगस्त 2025 को संबंधित विभाग को लिखित शिकायत भी सौंपी गई थी। बावजूद इसके, इतने लंबे समय के बाद भी विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे आज यह हादसा सामने आया।

योगेश अरोड़ा सोनी ने वार्ड की अन्य समस्याओं की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर बिजली के मीटर बॉक्स टूटे हुए हैं, कई खुले पड़े हैं और कई पोल बेहद कमजोर स्थिति में हैं। ऐसे हालात कभी भी बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं, जिससे लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी तरह का हंगामा करना नहीं, बल्कि वार्ड के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सभी खतरनाक पोलों की तुरंत जांच कर उन्हें बदला जाए और खराब मीटर बॉक्स को भी दुरुस्त किया जाए।

अरोड़ा ने शासन और प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनकी खामोशी आम लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो जनता इस मुद्दे का जवाब आगामी चुनाव में अपने वोट के जरिए देगी।

स्थानीय निवासियों में इस घटना के बाद दहशत और नाराजगी का माहौल है। लोगों ने भी प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो कोई बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है।

'मौके का जायजा लेने के बाद खस्ता हाल बिजली के खंभों को जल्द बदलवा दिया जाएगा।'

— राकेश भाटिया, एसडीओ, बिजली विभाग जीरकपुर

सृष्टा कुमारी को सेवानिवृत्ति पर पावरकाम उप मंडल दक्षिणी ने दी भावभीनी विदाई

अर्थ प्रकाश/दिनेश भारद्वाज

पठानकोट 5 अप्रैल। प्रत्येक सरकारी कर्मचारी की आकांक्षा होती है कि वह अपनी सर्विस बेदाग और कर्तव्यनिष्ठा से निभाते हुए सेवानिवृत हो। कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे प्रत्येक सरकारी संस्थान में कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार होने से जहां एक तरफ मानसिक तनाव से कर्मचारी गुजरते हैं, वहीं दूसरी तरफ इस मानसिक तनाव और अतिरिक्त कार्यभार होने के चलते कई तरह की बीमारियां भी उन्हें घेर लेती हैं। इन्हीं समस्याओं से पार पाते हुए अपनी ड्यूटी को पूरी तन्मयता एवं ईमानदारी से निभा कर सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी बहुत सौभाग्यशाली होते हैं। पावरकाम पठानकोट के उप मंडल दक्षिणी में सीनियर क्लर्क मैडम सृष्टा कुमारी की सेवा निवृति पर उप मंडल अधिकारी उत्तरी इंजी. जितेंद्र शर्मा ने उपरोक्त भावपूर्ण शब्द कहे। इस अवसर पर एक सादा परंतु प्रभावशाली कार्यक्रम जे. डी. गार्डन में किया गया। उप मंडल अफसर उत्तरी इंजीनियर जितेन्द्र शर्मा, राजिंदर सिंह, प्रकाश चंद, सुमेश महाजन, अनिल कुमार नीला ने सृष्टा कुमारी को फूलों के हार पहनाकर शुभ कामनाएँ दी। एसडीओ जितेंद्र शर्मा ने कहा कि जहाँ एक जिम्मेदार कर्मचारी की सेवानिवृति पर खुशी का माहौल है, वहीं स्टाफ की लगातार हो रही कमी के कारण चिंता भी स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत रिक्त पदों पर भर्ती करनी चाहिए क्योंकि स्टाफ की कमी एवं अतिरिक्त कार्य बोझ के कारण कर्मचारी हाई बी पी, शुगर आदि बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इस अवसर पर सहायक लेखा अफसर आकाश कुमार एवं साहिल कुमार के साथ नरेश शर्मा, राज कुमार आदि ने दफ्तर की तरफ से सृष्टा कुमारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दक्षिणी उप मंडल के समूह स्टाफ ने ड्यूटी के दौरान मैडम की कर्तव्य निष्ठा और अपने कार्य को समय पर निपटाने की क्षमता का बखान करते हुए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की और भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी प्रदान कीं। परिवार की तरफ से उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जलपान एवं नाश्ते की व्यवस्था भी की गई।

खरड़ में पी–3वाई शिविर आयोजित

साधना से स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन का संदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

खरड़, 5 अप्रैल। चंडीगढ़ के निकट खरड़ स्थित अलकजर होटल, निज्जर चौक में आयोजित पी-3वाई शिविर ने लोगों को जीवन में सकारात्मक बदलाव की नई दिशा दी। इस विशेष शिविर का संचालन पी-3वाई की प्रशिक्षक पुष्पिंद्रा महाजन द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक लोगों ने भाग लेकर लाभ प्राप्त किया।

शिविर के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि पी-3वाई सिस्टम के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन की सुखद इच्छाओं को पूर्ण करने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। इस विधा में परम नाद के अभ्यास से मन को नियंत्रित करने, तनाव कम करने और मानसिक शांति प्राप्त करने के उपाय सिखाए गए। साथ ही यह भी बताया गया कि नियमित अभ्यास से व्यक्ति की बुरी आदतें धीरे-धीरे समाप्त होने लगती हैं।

प्रशिक्षक पुष्पिंद्रा महाजन ने बताया कि पी-3वाई एक पूर्णतः प्रैक्टिकल योग पद्धति है, जिसमें परम योग और परम श्वास के अभ्यास से शरीर को नई ऊर्जा और शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत प्रभावी है। शिविर में पी-3वाई के माध्यम से विभिन्न रोगों को दूर करने की क्षमता का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे देखकर उपस्थित लोग काफी प्रभावित हुए। प्रतिभागियों ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस साधना से उन्हें मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ।

इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में पी-3वाई जैसी विधाएं लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही हैं। यह न केवल तनाव और चिंता को कम करती है, बल्कि व्यक्ति को आत्मिक संतुलन और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा भी देती है। शिविर के अंत में प्रशिक्षक द्वारा सभी प्रतिभागियों को नियमित अभ्यास जारी रखने और इस ज्ञान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

जीरकपुर में डॉग बाइट पर लगेगा ब्रेक

33 लाख के प्रोजेक्ट को मिली हरी झंडी, शुरू होगा 2000 कुत्तों की नसबंदी अभियान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर, 5 अप्रैल। शहर में पिछले कुछ समय से डॉग बाइट (कुत्तों के काटने) की घटनाओं में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी, जिसे देखते हुए नगर परिषद पूरी तरह गंभीर है। अब इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित डॉग स्टरलाइजेशन (नसबंदी) प्रोजेक्ट के शुरू होने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। इस प्रोजेक्ट के लिए कावा को एनओसी मिल गई है एनओसी मिलते ही नगर परिषद एक्शन मोड में आ गई है और संबंधित %कावा% संस्था को बिना किसी देरी के धरातल पर काम शुरू करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की इस तत्परता से शहरवासियों ने राहत की सांस ली है।

शहर को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए जीरकपुर नगर परिषद ने एक बहुत ही व्यावहारिक और बड़ी योजना तैयार की है। परिषद ने शहर में कुत्तों की आबादी को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित करने के लिए लगभग 33 लाख रुपये का एक विशेष बजट आवंटित किया है। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी 'कावा' संस्था को सौंपी गई है, जिसके तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 2000 आवारा कुत्तों की नसबंदी की जाएगी। बजट पास होने और संस्था तय होने के बाद केवल पशुपालन विभाग की एनओसी का इंतजार था। विभाग की टीम ने भबात स्थित डॉग हॉस्पिटल का निरीक्षण कर कुछ जरूरी सुधार सुझाए थे। नगर परिषद ने तत्परता दिखाते हुए उन सभी तकनीकी कमियों को तुरंत पूरा कर लिया, जिसके सुखद परिणाम स्वरूप अब विभाग से हरी झंडी मिल गई है।

प्रशासन का कड़ा रुखः सोमवार से शुरू होगा अभियान

नगर परिषद इस योजना को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसका तुरंत लाभ जनता तक पहुंचाना चाहती है। एनओसी मिलते ही अधिकारियों ने 'कावा' संस्था को स्पष्ट आदेश दिए हैं कि फील्ड में उतरकर काम शुरू किया जाए। संस्था को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि यदि सोमवार तक धरातल पर नसबंदी का काम शुरू नहीं किया गया, तो नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के इस सख्त और सकारात्मक रुख से स्पष्ट है कि प्रशासन अब जनता की सुरक्षा को लेकर कोई ढील बरतने के मूड में नहीं है। जल्द ही इस अभियान का असर शहर की सड़कों और कॉलोनियों में दिखाई देने लगेगा।

कावा संस्था ने भरी हुंकारः जनता को राहत देना हमारी प्राथमिकता

नगर परिषद के निर्देशों और एनओसी मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए 'कावा' संस्था के प्रतिनिधि प्रदीप बजाज ने कहा एनओसी न होने के कारण हमारे हाथ बंधे हुए थे, लेकिन अब हम पूरी क्षमता के साथ मैदान में उतरने को तैयार हैं। हमारी टीमें पूरी तरह तैयार हैं, सोमवार को डॉग पान्ड को सेनिटाइज किया जाएगा और उसके बाद डॉग पकड़ने का काम भी शुरू हो जाएगा। हम तय समय सीमा के भीतर 2000 कुत्तों की नसबंदी का लक्ष्य पूरा करेंगे।

दंगल में युवाओं को दिया नशे से दूर रहने का संदेश

अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव के समापन समारोह में पहुंचे मंत्री राजेश धर्माणी

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

बिलासपुर। अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव भराड़ी के समापन समारोह में प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेला कमेटी द्वारा उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत और सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माता टौणी देवी मंदिर भराड़ी से प्रातः 11 बजे निकाली गई भव्य शोभा यात्रा से हुई, जिसमें ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच श्रद्धालु एवं कलाकार नाचते-गाते हुए छिंज स्थल तक पहुंचे। इसके उपरांत आयोजित विशाल दंगल में देश के विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने अपने दमखम और कौशल का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया।

छोटी माली के मुकाबलों में पप्पू नैना देवी और प्रिंस बड़ा के बीच हुए सेमीफाइनल में पप्पू नैना देवी विजेता रहे, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में अनु करेर ने राहुल लदरौर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें पप्पू नैना देवी ने अनु करेर को हराकर हिमाचल केसरी का खिताब अपने नाम किया और ग्रीष्मोत्सव भराड़ी के विजेता बने।

बड़ी माली के मुकाबलों में लाली फगवाड़ा ने सेमीफाइनल में इरफान जम्मू को हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में विक्की चंडीगढ़ ने संजीव तलवंडी को पराजित किया। फाइनल में लाली फगवाड़ा और विक्की चंडीगढ़ के बीच लंबा और कड़ा मुकाबला चला, जिसमें अंततः लाली फगवाड़ा विजेता रहे और बड़ी माली का खिताब अपने नाम किया।

इस अवसर पर मंत्री राजेश धर्माणी ने विजेता और उपविजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए युवाओं से नशे, विशेषकर चिट्टे जैसी घातक प्रवृत्तियों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं तथा समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी और स्थानीय जनता को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं।

दंगल में महिला पहलवानों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें साक्षी बिलासपुर और बबली कपाहड़ा के बीच आकर्षक मुकाबला देखने को मिला। इसके अतिरिक्त ऊना जिले के नंदपुर गांव के सगे भाई समर और राघव ने भी अपनी कुश्ती कला से दर्शकों को प्रभावित किया। उनके पिता इंद्रजीत की पहलवानी परंपरा की झलक भी इस मंच पर स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

कार्यक्रम के अंत में मेला कमेटी के प्रधान करतार सिंह चौधरी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों के सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर सदर के पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान ख्यालीराम शर्मा, नायब तहसीलदार प्यारेलाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। रात्रि में ग्रीष्मोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

बाबा बालक नाथ का चमत्कार! एक अरदास से खुल गई 3 साल के मासूम की जुबान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शाहतलाई। उत्तर भारत के प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई में आस्था और चमत्कार का एक बेहद भावुक प्रसंग सामने आया है। यहां दिल्ली से आए एक परिवार की मन्नत पूरी होने पर खुशी के आंसू छलक पड़े। जो 3 वर्षीय बच्चा जन्म के बाद से बोल नहीं पाता था, वह अब बाबा की कृपा से स्पष्ट रूप से बोलने लगा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली निवासी 3 वर्षीय बालक सिमरन के माता-पिता पिछले वर्ष शाहतलाई दरबार पहुंचे थे। उस समय सिमरन बोलने में पूरी तरह असमर्थ था। परेशान परिजनों ने मंदिर के पंडित सरवण कुमार शर्मा के माध्यम से बाबा बालक नाथ के चरणों में एक अरदास करवाई थी और मन्नत मांगी थी कि उनका बच्चा सामान्य बच्चों की तरह बोलने लगे।

एक साल के भीतर ही दिखा चमत्कार : परिवार का कहना है कि अरदास के बाद एक वर्ष के भीतर ही सिमरन ने चमत्कारिक रूप से बोलना शुरू कर दिया। अब वह स्पष्ट रूप से शब्दों का उच्चारण कर रहा है। बच्चे को बोलता देख परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बाबा जी का आभार व्यक्त करने के लिए यह परिवार एक बार फिर शाहतलाई दरबार पहुंचा। मंदिर में जब परिवार ने शीश नवाकर धन्यवाद की अरदास की, तो उनकी आंखें नम थीं और चेहरों पर असीम संतोष झलक रहा था।

खाली हाथ नहीं लौटता कोई श्रद्धालु : पंडित सरवण

पंडित सरवण कुमार शर्मा ने बताया कि कलियुग में बाबा बालक नाथ की महिमा अपरंपार है। सिमरन के मामले में पिछले वर्ष की गई अरदास का ही यह फल है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से जो भी श्रद्धालु बाबा के दरबार में आता है, वह कभी खाली हाथ नहीं लौटता। गौरतलब है कि इन दिनों शाहतलाई में चैत्र मास के मेले चल रहे हैं। ऐसे में सिमरन की यह कहानी श्रद्धालुओं के बीच आस्था का एक नया संचार कर रही है। यहां दूर-दराज से लोग इसी तरह अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं और मुराद पूरी होने पर बाबा का गुणगान करते वापस आते हैं।

बंजार की बदहाल सड़कों व ठप बस सेवाओं पर सरकार घिरी, जनता के साथ घोर उपेक्षा : शौरी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

कुल्लू। आज भारतीय जनता पार्टी, बजौरा मंडल की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी स्वयं कार्यकर्ताओं के बीच मौजूद रहे। बैठक के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं ने स्थानीय समस्याओं को विस्तारपूर्वक विधायक के समक्ष रखा तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

बैठक के उपरांत जारी प्रेस वक्तव्य में विधायक शौरी ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बंजार विधानसभा क्षेत्र वर्तमान सरकार की घोर उपेक्षा का शिकार बन चुका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अधिकांश बस रूट बंद पड़े हैं, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़कों की हालत इतनी दयनीय है कि छोटी गाड़ियों के लिए भी सफर जोखिम भरा हो गया है।

उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर बंैठी माता मंदिर, सिद्वा, दाड़ुधार तथा छेत-पानी जैसे संवेदनशील स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में लगातार हो रहे भूस्खलन के बावजूद स्थायी समाधान के लिए न तो सरकार गंभीर है और न ही संबंधित विभाग कोई ठोस कदम उठा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, अन्य मुख्य सड़कों पर भी कई ऐसे ब्लैकस्पॉट बन चुके हैं, जहां वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है और उन्हें अपनी तथा सवारियों की सुरक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

विधायक शौरी ने कहा कि पर्यटन सीजन अभी प्रारंभ भी नहीं हुआ है, लेकिन सड़कों पर घंटों जाम लगना शुरू हो गया है, जो सरकार की लचर व्यवस्था को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पास न तो सड़कों की स्थायी मरम्मत और रख-रखाव की कोई ठोस नीति है और न ही यातायात को सुचारू बनाने के लिए प्रभावी योजना।

अंत में उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र ही स्थिति में सुधार के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो वह समय दूर नहीं जब बंजार विधानसभा क्षेत्र की जनता को सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

गोपाल योजना के तहत 14.68 करोड़ वितरित बेसहारा गौवंश का संरक्षण होगा सुनिश्चित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। राज्य सरकार ने बेसहारा गौवंश की बढ़ती समस्या के समाधान तथा किसानों की फसलों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान गोपाल योजना के अंतर्गत 14.68 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। इस राशि से राज्य में बेसहारा गायों की उचित देखभाल और आश्रय सुनिश्चित किया गया।

बेसहारा पशुओं से उत्पन्न गंभीर समस्याओं, विशेषकर फसलों को होने वाले नुकसान को देखते हुए सरकार ने समस्या के समाधान की दिशा में ठोस प्रयास किए हैं। बेसहारा पशुओं के कारण फसलों को होने वाले नुकसान से किसानों को भारी आर्थिक हानि उठानी पड़ती थी, जिससे कुछ स्थानों पर किसानों को कम खेती या खेती छोड़ने तक के लिए मजबूर होना पड़ता था।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि गौवंश की देखभाल के दृष्टिगत सरकार ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए पंजीकृत गौशालाओं तथा अभ्यारण्यों में गायों के रखरखाव के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इन गौशालाओं को दिया जाने वाला मासिक अनुदान 700 रुपये से बढ़ाकर 1,200 रुपये प्रति गाय किया गया है, जो 1 अक्तूबर, 2025 से प्रभावी है। यह वित्तीय सहायता हिमाचल प्रदेश गौ सेवा आयोग के माध्यम से वितरित की जा रही है, जिससे पशुओं का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित हो रहा है।

प्रवक्ता ने बताया कि बेसहारा गौवंश के उचित पुनर्वास से न केवल किसानों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो रहा है बल्कि किसान पुनः खेती की ओर प्रेरित हो रहे हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी के साथ-साथ सड़क सुरक्षा में भी सुधार होगा।

उन्होंने बताया कि बजट 2026-27 में बेसहारा गौवंश के पुनर्वास के लिए कई नए प्रावधान किए गए हैं। हाल के वर्षों में राज्य सरकार ने कई गौ अभ्यारण्य और बड़े गौसदनों की स्थापना की है।

15 अप्रैल तक भुगतान नहीं हुआ तो आर-पार की लड़ाई, पेंशनभोगी संघ की चेतावनी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन के खंड बंजार की समीक्षा बैठक विश्राम गृह लारजी में खंड अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष एल आर गुलशन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रदेशाध्यक्ष एल.आर. गुलशन ने कहा कि 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तथा उसके बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पेंशनरों के संशोधित वेतनमान का एरियर, संशोधित पेंशन व ग्रेच्युटी, 40 प्रतिशत पेंशन कम्युटेशन, लीव इनकैशमेंट, मेडिकल बिल और जुलाई 2023 से देय 13 प्रतिशत महंगाई भत्ते की पांच किस्तों सहित जनवरी 2022 से लंबित महंगाई भत्ते के एरियर का एकमुश्त भुगतान किया जाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार खराब आर्थिक हालात का हवाला देकर पेंशनरों और कर्मचारियों की करोड़ों रुपये की देनदारियों को टाल रही है। वर्ष 2026-27 के बजट में भी इन देनदारियों के भुगतान का कोई प्रावधान नहीं किया गया, जिससे पेंशनरों में भारी रोष है।

एल.आर. गुलशन ने कहा कि पेंशनरों के प्रतिनिधिमंडल कई बार मुख्यमंत्री से मिल चुके हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले हैं। उन्होंने कर्मचारियों के वेतन में 3 प्रतिशत कटौती का भी विरोध किया।

इस दौरान उन्होंने पेंशनरों की संयुक्त संघर्ष समिति और पेंशनर फ्रंट के नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे आपसी वर्चस्व की लड़ाई में उलझे हुए हैं और पेंशनरों की मांगों को प्रभावी ढंग से नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने निष्कासित नेता आत्मा राम शर्मा पर भी सरकार के साथ मिलकर राजनीति करने का आरोप लगाया। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 15 अप्रैल तक सभी वित्तीय देनदारियों का एकमुश्त भुगतान नहीं किया गया, तो पेंशनर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।

न्यूज ब्रीफ

चंबा में पिकअप गिरने से युवक की मौत

चंबा। जिले के भरमौर क्षेत्र में थल्ला रोड पर शुक्रवार देर रात एक पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि हादसा सड़क धंसने के कारण हुआ है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने आज लोक निर्माण विभाग (PWD) के खिलाफ प्रदर्शन किया और PWD अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सड़क धंसने के बावजूद न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए और न सुरक्षा के इंतजाम किए गए। इससे यह हादसा हुआ है। इस दौरान ग्रामीणों ने लगभग चार घंटे तक चक्का जाम किया। इसके बाद स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा। तब जाकर प्रशासन ने लोगों को शांत किया। ग्रामीणों ने सड़क किनारे साइन बोर्ड, पैरापिट और अन्य सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की। हादसे में मदन लाल की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि मनोज कुमार (पुत्र पवन कुमार) गंभीर रूप से घायल है। मदन लाल अपने पीछे पांचवीं और केजी क्लास में पढ़ने वाले दो छोटे बच्चे व पत्नी छोड़कर गए है। उनके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय वाहन में सवार दोनों युवक आपस में चचेरे भाई थे।

घायल मनोज कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर किया गया है, जहां उनका उपचार जारी है और हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी।

4 दिनों से लापता चालक का खेत में मिला शव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बिलासपुर। जिले के भराड़ी थाना अंतर्गत लद्दा गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब चार दिनों से लापता एक व्यक्ति का शव खेत से बरामद हुआ। मृतक की पहचान 42 वर्षीय सुरेश कुमार के रूप में हुई है, जो पेशे से चालक था। पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा लिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरेश कुमार 1 अप्रैल से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता था। वह अपने रोजमर्रा के काम निपटाने के बाद घर से लगभग की ओर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों की शिकायत पर भराड़ी पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। पुलिस ने जांच के दौरान सुरेश के मोबाइल की अंतिम लोकेशन ट्रेस की, जो लद्दा स्कूल के पास मिली। इसी सुराग के आधार पर जब पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने सर्च ऑपरेशन चलाया, तो स्कूल के समीप एक खेत में सुरेश का शव बरामद हुआ।

अज्ञात युवकों और मोबाइल पर टिकी जांच: इस मामले में पुलिस कई संदिग्ध पहलुओं पर काम कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सुरेश को आखिरी बार दो अज्ञात युवकों के साथ देखा गया था। पुलिस अब उन युवकों की पहचान और तलाश में जुटी है। वहीं, पुलिस ने मृतक के पास से उसका मोबाइल फोन और जेब से 500 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस को उम्मीद है कि मोबाइल की कॉल डिटेल्स और डेटा के विश्लेषण से मौत से पहले के घटनाक्रम का पता चल सकेगा।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार : फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है और ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही है। डीएसपी विशाल वर्मा ने बताया, "शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह हत्या है या सामान्य मृत्यु। मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। पुलिस हर संभावित पहलू से मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।" बता दें कि सुरेश के परिवार में उनकी पत्नी और बुजुर्ग माता-पिता हैं (पिता डाक विभाग से सेवानिवृत्त हैं)। इस घटना के बाद से परिवार सदमे में है।

सरकार कर्ज लेकर घी पी रही, जनता को नहीं मिला फायदा : सत्ती

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

ऊना। हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने प्रदेश सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में सत्ती ने कहा कि मौजूदा सरकार "कर्ज लेकर घी पीने" की नीति पर काम कर रही है और अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल में 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज ले चुकी है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से भी हिमाचल को लगातार हजारों करोड़ रुपये की सहायता मिलती रही है, लेकिन इसके बावजूद आम जनता को कोई ठोस लाभ नहीं मिला। उल्टा, सरकार ने विभिन्न प्रकार के टैक्स लगाकर लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ाया है। सत्ती ने सवाल उठाया कि आखिर इतने बड़े कर्ज और संसाधनों का उपयोग कहां किया गया, यह प्रदेश की जनता को समझ नहीं आ रहा।

विधायक ने ऊना विधानसभा क्षेत्र के रामपुर स्थित संतोषगढ़ रोड पर पिछले तीन वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़े पुल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसके पुनर्निर्माण के लिए सरकार ने कोई फंड जारी नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्थायी वैली ब्रिज बनाकर लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी गई हैं।

सत्ती ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि ऊना क्षेत्र में माफिया का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, जिससे अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के करीबी लोगों के होटलों में गोलीबारी और हत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं, जबकि सरकार इन मामलों में गंभीर नहीं दिख रही।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले अब अधिकारियों के स्तर से ही उजागर होने लगे हैं और इसकी जांच शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच सकती है। सत्ती ने मुख्यमंत्री से जवाब मांगते हुए कहा कि जनता को यह बताया जाना चाहिए कि उनके पैसे का उपयोग किस प्रकार किया गया है।

गुप्त सूचना मिलने से युवक-युवती से चिट्टा बरामद

बिलासपुर। शहर में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए युवक-युवती से चिट्टा बरामद किया है। पुलिस को गत दिवस सूचना मिली थी कि वार्ड नंबर-5 में गुरुद्वारा के समीप रहने वाली कुमारी शीतल उर्फ डेजी अपने रिहायशी मकान में अवैध मादक पदार्थों का कारोबार कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांधी मार्किट स्थित उक्त स्थान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान कमरे में मौजूद कुमारी शीतल उर्फ डेजी तथा चंदन कुमार के कब्जे से 0.90 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने थाना सदर में आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

स्कूल में पेपर से छेड़छाड़, फॉरेंसिक रिपोर्ट में खुलासा, बिलासपुर के झंडूता स्कूल का मामला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बिलासपुर। जिले के झंडूता स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योरा से जुड़े परीक्षा परिणाम विवाद ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। छात्रों और उनके अभिभावकों ने बिलासपुर स्थित सर्किट हाउस में एक प्रेसवार्ता कर उत्तर पुस्तिकाओं में कथित छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं।

प्रेसवार्ता में अंकित कुमार, मोनिका, अंजली, श्रेष्ठा भारती, शालिनी, निधि शर्मा और अक्षय कुमार सहित कई छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों देशराज, विक्की, भोला देवी और संजय गौतम के साथ मौजूद रहे। परिजनों ने बताया कि इन छात्रों का परीक्षा केंद्र झंडूता में बनाया गया था। परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाएं कुछ समय तक स्कूल में ही रखी गईं और बाद में बोर्ड को भेजी गईं। जब परिणाम घोषित हुआ, तो विशेष रूप से ड्राइंग विषय में छात्रों को अत्यंत कम अंक प्राप्त हुए, जिससे सभी हैरान रह गए।

इस पर छात्रों और अभिभावकों ने स्कूल शिक्षा बोर्ड में शिकायत दर्ज करवाई। जांच के बाद आई फॉरेंसिक रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है, जिसमें उत्तर पुस्तिकाओं की लिखाई और उत्तरों के साथ छेड़छाड़ (टेंपरिंग) की पुष्टि हुई है।

एक साल बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं : परिजनों का कहना है कि इस गड़बड़ी के कारण कई मेधावी छात्र मेरिट सूची से बाहर हो गए। उनका आरोप है कि यह मामला केवल ज्योरा स्कूल के 11 छात्रों तक सीमित है, जिससे संदेह और गहरा हो जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिस केंद्र पर परीक्षा आयोजित हुई, उसी को एग्जामिनेशन कलेक्शन सेंटर बनाया गया, जो नियमों के विपरीत है।

परिजनों का कहना है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद एक साल बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रेसवार्ता के दौरान छात्रों और अभिभावकों ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

हिमाचल चेस्टर-हिल विवाद की जांच के आदेश, डीसी सोलन को धारा 118 में कार्रवाई को कहा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार ने चेस्टर हिल-2 और चेस्टर हिल-4 प्रोजेक्ट से जुड़े जमीन विवाद में कड़ा रुख अपनाते हुए डीसी सोलन को जांच के आदेश जारी किए हैं। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मामले में हिमाचल प्रदेश टेनेंसी एंड लैंड रिफॉर्म एक्ट 1972 की धारा 118 के तहत उल्लंघन का केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

सरकार ने 6 दिसंबर 2025 को डीसी सोलन को लिखे पत्र को भी निरस्त कर दिया है, जिसमें चेस्टर हिल विवाद में कार्रवाई रोकने को कहा गया था। सरकार ने यह भी कहा है कि संबंधित सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद कानून के अनुसार उचित निर्णय लिया जाए।

इन आदेशों के बाद चेस्टर हिल्स जमीन सौदों में कथित अनियमितताओं और संभावित घोटाले में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की संभावना तेज हो गई है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जांच में बेनामी लेनदेन सिद्ध होता है, तो संबंधित जमीन सरकार में निहित (वेस्ट) की जा सकती है।

जमीन खरीद में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों की संभावना

रिपोर्ट में आय और संपत्ति के बीच असामान्यता की ओर भी इशारा किया गया है। सीमित आय के बावजूद बड़े पैमाने पर भूमि खरीद को संदिग्ध बताते हुए इसकी विस्तृत जांच की आवश्यकता जताई गई है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार इस जांच रिपोर्ट को पहले सचिवालय स्तर पर आगे नहीं बढ़ाया गया।

एसडीएम सोलन की जांच से फर्जीवाड़े का खुलासा : इस पूरे मामले की पृष्ठभूमि में सोलन के एसडीएम (नागरिक) की विस्तृत जांच रिपोर्ट है, जिसमें चेस्टर हिल्स रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में गंभीर अनियमितताओं के संकेत दिए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रोजेक्ट से जुड़ी जमीन भले ही कागजों में एक स्थानीय कृषक के नाम पर दर्ज है, लेकिन वास्तविक विकास, निर्माण, मार्केटिंग और फ्लैटों की बिक्री एक गैर-कृषक फर्म द्वारा संचालित की जा रही थी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि संयुक्त विकास समझौते (छद्म) के जरिए, जमीन से जुड़े अधिकांश अधिकार डेवलपर को हस्तांतरित कर दिए गए थे। दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि फ्लैट खरीदारों से प्राप्त भुगतान सीधे डेवलपर फर्म के खातों में जमा हुए। खरीदारों द्वारा प्रस्तुत एग्रीमेंट, रसीदें और बैंक लेनदेन भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि परियोजना का वास्तविक वित्तीय और व्यावसायिक नियंत्रण डेवलपर के पास था।

विकास कार्यों के बाद मिलेगी स्थायी राहत : गौरव गौतम

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पानी व सीवरेज परियोजना का किया शुभारंभ, लगभग 850 करोड़ की लागत से पलवल में सीवरेज व जलापूर्ति व्यवस्था होगी सुदृढ़

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

पलवल। हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सकारात्मक राजनीति के माध्यम से विकास कार्यों को गति दे रही है और पलवल में पहली बार इतने बड़े स्तर पर सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया गया है। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम रविवार को पलवल में वार्ड नंबर-12 जवाहर नगर कैंप स्थित धीगड़ा भवन परिसर में पानी एवं सीवरेज लाइन परियोजना का विधिवत नारियल फोड?र शुभारंभ करते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि अमृत 2.0 योजना के तहत लगभग 332 करोड़ रुपये की लागत से पूरे शहर में सीवरेज और रैनीवेल परियोजना के तहत लगभग 522 करोड़ रुपए की लागत से जल आपूर्ति नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा। यह परियोजना पलवल के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगी, जिससे वर्षों पुरानी जल निकासी और पेयजल समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने कहा कि अमृत योजना के तहत लाइन पार के इलाकों में जल निकासी और मीठा पानी उपलब्ध हो, इसको लेकर विशेष तौर पर संसाधन और कार्य तेजी से किए जाएंगे। वहीं विकास कार्य करवाकर सरकार लाइन पार के इलाकों की सूरत बदलने को लेकर प्रतिबद्ध है

खेल राज्य मंत्री ने कहा कि बड़े विकास कार्यों के बाद मिलने वाली सुविधाएं लंबे समय तक लाभकारी होंगी। यह परियोजना भविष्य में बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कार्यों के दौरान धैर्य रखें और प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और जनता को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने जानकारी दी कि पलवल में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम का उन्नयन लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जहां आधुनिक लाइटिंग और ट्रैक की व्यवस्था होगी, जिससे खिलाड़ी दिन-रात अभ्यास कर सकेंगे। इसके अलावा आगरा चौक से न्यू कॉलोनी तक लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से मॉडल रोड का निर्माण कार्य भी शुरू किया जाएगा, जिससे शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि शहर में 10 से 15 स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी विकसित किए जाएंगे, ताकि जलभराव की समस्या को कम किया जा सके। मंत्री ने स्वच्छता पर भी विशेष बल देते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने में आमजन की भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे सफाई के प्रति जागरूक रहें और प्रशासन का सहयोग करें। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने मुख्य अतिथि खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया।

शहर में बिछाई जाएगी जलापूर्ति पाइपलाइन व सीवरेज लाइन : अधीक्षण अभियंता

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पलवल के अधीक्षण अभियंता अजय तनेजा ने बताया कि इस परियोजना के तहत शहर में जलापूर्ति पाइप लाइन और सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान गलियों को नुकसान होने पर उन्हें पूरी तरह से पुनर्स्थापित किया जाएगा, जिसमें कच्ची गलियों को मोटरेबल बनाया जाएगा तथा पक्की गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि परियोजना में उच्च गुणवत्ता की डीआई पाइपलाइन का उपयोग किया जाएगा, जिसकी खरीद उच्च स्तरीय समिति द्वारा की गई है। साथ ही पुराने जल कनेक्शनों को निशुल्क पुनर्स्थापित किया जाएगा, जबकि नए कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करना होगा। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि नालों की सफाई अब पूरे वर्ष नियमित रूप से करवाई जाएगी और शहर में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कार्य के दौरान सहयोग करें और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके।

थाना सदर रतिया पुलिस का सघन तलाशी अभियान, नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

रतिया, 05 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक श्रीमति निकिता खट्टर, आईपीएस* के दिशा-निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार सख्त एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना सदर रतिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों की रोकथाम को लेकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। यह अभियान थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें डॉग स्क्वॉड तथा कमांडो टीम का विशेष सहयोग लिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नशा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करना तथा आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को मजबूत करना रहा।

तलाशी अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों, सार्वजनिक स्थलों, गली-मोहल्लों, संदिग्ध ठिकानों व मुख्य मार्गों पर गहन जांच की गई। डॉग स्क्वॉड की सहायता से संभावित स्थानों को बारीकी से खंगाला गया, वहीं कमांडो टीम द्वारा पूरे क्षेत्र में सतर्क निगरानी रखी गई।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया तथा नशे से दूर रहने की अपील की। साथ ही आमजन से यह भी आग्रह किया गया कि नशा तस्करी से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें।

जिला पुलिस द्वारा इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि नशा मुक्त समाज के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

स्वास्थ्य व आयुष मंत्री आरती सिंह राव कल लेंगी जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक

पलवल (दयाराम वशिष्ठ)। जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक मंगलवार 07 अप्रैल को सुबह 10 बजे जिला सचिवालय पलवल के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान व आयुष मंत्री आरती सिंह राव करीब 20 परिवादों की सुनवाई करेंगी। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने यह जानकारी देते हुए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित तिथि और समय पर बैठक में रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

गुरुनानकपुरा मोहल्ला में पैदल गश्त अभियान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में चौकी पुलिस द्वारा जनसुरक्षा व अपराध नियंत्रण पर विशेष फोकस

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

फतेहाबाद, 05 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा जनसुरक्षा सुनिश्चित करने व अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुनानकपुरा मोहल्ला में पुलिस चौकी गुरुनानकपुरा द्वारा विशेष पैदल गस्त अभियान चलाया गया।

इस अभियान का नेतृत्व पुलिस चौकी गुरुनानकपुरा प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश द्वारा किया गया। गस्त के दौरान पुलिस टीम ने मोहल्ले की गलियों, मुख्य मार्गों तथा संवेदनशील स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। पुलिस टीम ने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए। साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

इस पैदल गस्त अभियान के माध्यम से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा की भावना को और सुदृढ़ किया गया। जिला पुलिस द्वारा इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे।।

एस.एन.डी. पब्लिक स्कूल, पलवल के छात्रों ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर बढ़ाया मान

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

पलवल। पलवल के एस एन डी पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर कौशल-आधारित शिक्षा एवं व्यावहारिक अधिगम के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता साबित की है। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है।

विद्यालय की छात्रा निशा का चयन संसद्~नेशनल यूथ पार्लियामेंट 2026 के लिए हुआ है, जो 9ङ्क10 अप्रैल 2026 को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। उन्हें लोकसभा समिति में शांतनु ठाकुर का पोर्टफोलियो प्रदान किया गया है। इस समिति का विषय है ङ्क ÷भारत में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर विचार~ सत्यापन की सटीकता एवं डिजिटल विश्वास की कमी।

इसी क्रम में विद्यालय की छात्रा तन्वी का चयन एनएसयूटी मॉडल यूनाइटेड नेशन्स 2026 के लिए हुआ है, जो 11-12 अप्रैल 2026 को आयोजित होगा। वह लोकसभा समिति में मनोहर लाल खट्टर का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यालय में मास मीडिया स्टडीज एक औपचारिक विषय के रूप में संचालित है, जिसे आधुनिक, इंडस्ट्री-स्तरीय मल्टीमीडिया एवं प्रोडक्शन स्टूडियो का सहयोग प्राप्त है। दोनों छात्राएं विद्यालय के मास मीडिया विभाग का हिस्सा हैं, जहाँ उन्हें मीडिया प्रोडक्शन, पब्लिक स्पीकिंग तथा प्रभावी संचार कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त, विद्यालय की छात्रा अस्मिता ने साइंस एसे राइटिंग प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि उनकी वैज्ञानिक सोच, लेखन क्षमता एवं विषय की गहरी समझ को दर्शाती है।

तीनों छात्राओं ने अपनी मेहनत, विश्लेषणात्मक क्षमता एवं आत्मविश्वास के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जो विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण को प्रतिबिंबित करती हैं।

विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकों ने तीनों छात्राओं को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रशासन ने कहा, यह उपलब्धि हमारे समग्र शैक्षणिक दृष्टिकोण एवं स्टूडियो-आधारित शिक्षण प्रणाली की प्रभावशीलता को प्रमाणित करती है।

एमसीएम कॉलेज में जीएसटी पर कार्यशाला के माध्यम से उद्यमिता के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 5 अप्रैल। मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग द्वारा, करियर काउंसलिंग सेल के सहयोग से तथा संस्थान के इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में 'लीगल एसेंशियल्स फॉर स्टार्टअप्स ~ जीएसटी रजिस्ट्रेशन, कंप्लायंस एंड रिटर्न फाइलिंग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में सीए डॉ. ज्योति सोई ने संसाधन वक्ता की भूमिका निभाई और विद्यार्थियों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था के मूलभूत पहलुओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञानवर्धक एवं व्यवहारिक सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने जीएसटी पंजीकरण, वैधानिक अनुपालन तथा रिटर्न फाइलिंग की प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और व्यवसायिक संचालन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने में जीएसटी की भूमिका को स्पष्ट किया। अनुभवात्मक अधिगम पर बल देते हुए डॉ. सोई ने जीएसटी पोर्टल पर पंजीकरण एवं रिटर्न फाइलिंग की चरणबद्ध प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया। इस सत्र में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण का प्रभावी समन्वय देखने को मिला, जिससे प्रतिभागियों को अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं की स्पष्ट और कार्यात्मक समझ विकसित करने में सहायता मिली, जो स्टार्टअप्स एवं उभरते उद्यमियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए व्यवसायिक नियमों एवं कानूनी ढाँचे की समझ को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच सिद्ध हुई। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती नीना शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ शैक्षणिक अध्ययन और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

FASTag रिचार्ज स्कैम से रहें सावधान : एसपी निकिता खट्टर

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

फतेहाबाद, 5 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस की ओर से आमजन को जागरूक करते हुए स्न्रस्ञ्जड्डद्द रिचार्ज स्कैम को लेकर विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हाल ही में FASTag रिचार्ज व एनुअल पास के नाम पर साइबर ठगी के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें ठग लोगों को सस्ते रिचार्ज, ऑफर या कैशबैक का लालच देकर फर्जी लिंक भेजते हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराधी खुद को बैंक, NHAI या अधिकृत एजेंसी का कर्मचारी बताकर कॉल करते हैं और FASTag अपडेट या KYC के नाम पर यूज़र से उसकी गोपनीय जानकारी जैसे ह्रञ्जक्क बैंक डिटेल, कार्ड नंबर आदि प्राप्त कर लेते हैं। जानकारी मिलते ही ठग पीड़ित के बैंक खाते से पैसे निकाल लेते हैं। कई बार फर्जी वेबसाइट या ऐप के माध्यम से भी लोगों को ठगी का शिकार बनाया जाता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अनजान लिंक पर क्लिक करना या किसी भी व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग जानकारी साझा करना अत्यंत जोखिम भरा है। केवल अधिकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही स्न्रस्ञ्जड्डद्द रिचार्ज करना सुरक्षित होता है।

जिला में रसोई गैस, पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य : उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ

कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, प्रशासन पूरी तरह सतर्क

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

पलवल। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिला वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पलवल जिले में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। सभी आवश्यक पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और उनकी आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रूप से जारी है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद (पैनिक बाइंग) से बचें। घरेलू गैस उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत सीधे उनके घर तक गैस सिलेंडर पहुंचाया जा रहा है।

कालाबाजारी व जमाखोरी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिले में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम कंपनियों के माध्यम से गैस, पेट्रोल और डीजल की नियमित आपूर्ति हो रही है तथा सभी कंपनियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कालाबाजारी, जमाखोरी या कृत्रिम कमी पैदा करने वाले तत्वों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखें और केवल वैध बुकिंग के आधार पर ही गैस सिलेंडर की डिलीवरी करें।

शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी : उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के स्टॉक की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। सभी एजेंसियों व पेट्रोल पंप संचालकों को अपने भंडारण व वितरण की सटीक जानकारी प्रशासन को देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तुरंत जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर ही पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध हो सकें। नागरिकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी जमाखोरी या कालाबाजारी की सूचना मिले तो जिला कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 01275-297850 व 01275-248911 पर तुरंत संपर्क करें। जिला प्रशासन आमजन को आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

डीसीआरयूएसटी मुरथल में आयोजित दीक्षांत समारोह में उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन करेंगे बतौर मुख्यातिथि शिरकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोनीपत, 05 अप्रैल। दीनबंधू छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) मुरथल में 06 अप्रैल को होने वाले दीक्षांत समारोह में देश के उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल प्रो0 असीम कुमार घोष व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भी शामिल होंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त नेहा सिंह ने रविवार को यूनिवर्सिटी का दौरा कर सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने उप-राष्ट्रपति के सुरक्षा में तैनात अधिकारियों तथा यूनिवर्सिटी व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग, अतिथियों के आगमन व प्रस्थान मार्ग, मीडिया व्यवस्था और आपातकालीन प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि कार्यक्रम का आयोजन बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह समारोह न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ करें।

शोक

जेजेपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रोहतक पहुंचे

दिवंगत पूर्व पार्षद विजेंद्र हुड्डा एवं रामधन हुड्डा, लक्ष्मी दत्त को दी श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक, 5 अप्रैल। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आज धर्मेंद्र हुड्डा के पिता रामधन हुड्डा चमारीया के आकस्मिक निधन पर उनके निवास स्थान रोहतक पर पहुँचे और परिवार जनों के साथ शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं। साथ में जिला रोहतक प्रभारी हरज्ञान मोखरा एवं जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा मौजूद रहे। पार्षद विजेंद्र हुड्डा के निधन पर उनके निवास स्थान जगबीर कालोनी पहुंचे और शोक व्यक्त किया और परिवार के साथ दुख साझा किया।।झज्जर चुंगी रोहतक गिरिराज शर्मा के पिता लक्ष्मी दत्त के निवास स्थान पहुंचकर उनके पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया।उन्होंने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकग्रस्त परिवार को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दुष्यंत चौटाला ने हाल ही में प्रदेश में हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए व्यापक नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि फसलों में अत्यधिक नमी (मॉइश्चराइजर) के कारण किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, ÷किसानों को अपनी फसल बेचने में मंडियों में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। यदि ऐसा होता है, तो जेजेपी हरियाणा प्रदेश के हर जिले में सड़कों पर उतरकर किसानों के हक में जोरदार प्रदर्शन करेगी और संबंधित अधिकारियों का घेराव करेगी।÷जिला प्रवक्ता एडवोकेट अजय कुमार इंदौरा ने बताया कि निम्नलिखित हरज्ञान मोखरा, डॉ.संदीप हुडा, रविंद्र सांगवान, राजेश सैनी, दलबीर भराण, कृष्ण घणघस, प्रवेश कंसाला, राजेश गुलिया, मीना मकड़ौली, हरिकिशन खटक, राजेश राठी, अमित सिंधु, अभिषेक देसवाल, खुशीराम प्रजापत, प्रवीण भूटानी,आजाद देशवाल, सुनीत राणा, भीम कुंडू ,भीरू देसवाल ,जयपाल हुड्डा चमारिया, बलराम किलोई, बबलू हुड्डा, सन्नी मोखरा, राज प्रधान मोखरा, धर्मवीर राठी, सिकंदर राठी, नीरज मलिक, वंश, साकेत आदि मौजूद थे।

दिल्ली में पार्किंग विवाद को लेकर महिला सब-इंस्पेक्टर ने बुजुर्ग दुकानदार को थप्पड़ मारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रोहिणी सेक्टर 7-8 की डिवाइडिंग रोड पर शनिवार रात पार्किंग को लेकर एक विवाद भड़क गया। जानकारी के अनुसार, कार सवार महिला ने 78 वर्षीय एक बुजुर्ग दुकानदार को थप्पड़ मार दिया, जिससे आसपास के दुकानदारों में हंगामा मच गया। घटना के दौरान आरोपित महिला ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए अन्य दुकानदारों को धमकी देना भी शुरू कर दिया। इस पर स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर महिला चालक को हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ जारी है। महिला ने अपना नाम सब-इंस्पेक्टर भारती तोमर बताया है। पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग दुकानदार के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना ने इलाके में तनाव पैदा कर दिया था। पुलिस ने लोगों को शांति बनाए रखने और जांच में सहयोग करने की अपील की है।

बहराइच में साधारण प्रिंटर से नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

बहराइच (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में पुलिस ने जाली मुद्रा तैयार करने और उसे बाजार में खपाने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी किसी अत्याधुनिक या हाईटेक मशीन के बजाय एक साधारण कलर प्रिंटर का इस्तेमाल कर नकली नोट छाप रहे थे। ये आरोपी इन नोटों को स्थानीय बाजारों में असली बताकर चला भी रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान इस गैंग के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से 500 रुपये के 23 नकली नोट बरामद हुए हैं, जिनकी कुल कीमत 11,500 रुपये है। इसके साथ ही पुलिस ने वह कलर प्रिंटर भी जब्त कर लिया है, जिसका उपयोग नोटों की छपाई के लिए किया जा रहा था। बहराइच के पुलिस अधीक्षक विजयजीत श्रीवास्तव ने बताया कि खैरिघाट इलाके में शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई थी, जिसमें चारों आरोपियों को रंगे हाथ दबोचा गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गुरूचरण सिंह उर्फ विजय, सलीम उर्फ सूरज, हरिराम लोधी और अर्जुन के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया है कि वे कलर प्रिंटर की मदद से नोट तैयार करते थे। उनकी कार्यप्रणाली यह थी कि वे नकली नोटों को असली जैसा दिखाने के लिए उन्हें छोटे-छोटे लेनदेन में इस्तेमाल करते थे, ताकि किसी को उन पर शक न हो। गिरोह अक्सर भीड़भाड़ वाले बाजारों और छोटी दुकानों को निशाना बनाता था, जहां व्यस्तता के कारण लोग नोटों की बारीकी से जांच नहीं कर पाते थे। इस सफल ऑपरेशन के बाद पुलिस अब इस नेटवर्क की गहराई तक जाने में जुटी है। जांच का मुख्य केंद्र यह है कि यह गिरोह कब से सक्रिय था और अब तक कितनी नकली करंसी बाजार में खपा चुका है। साथ ही पुलिस इस बात की भी पड़ताल कर रही है कि क्या इस रैकेट के तार अन्य जिलों या राज्यों से भी जुड़े हैं। फिलहाल, चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि वे बड़े नोटों का लेनदेन करते समय सतर्क रहें और उनकी प्रामाणिकता की जांच अवश्य करें।

माओवादी प्रशांत की अस्पताल में मौत, शव लेने नहीं पहुंचा परिवार का कोई सदस्य

-जेल में बंद पत्नी ने पत्र लिखकर कहा- प्रशासन करे अंतिम संस्कार की व्यवस्था

रांची(एजेंसी)। भाकपा माओवादी के वरिष्ठ नेता और पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस का 3 अप्रैल को निधन हो गया। उनके निधन के बाद अंतिम संस्कार को लेकर प्रशासन के सामने एक खास स्थिति बन गई, क्योंकि उनके परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं है। उनके निधन के बाद उनका शव रिम्स की मोर्चरी में रखा गया है। इस बीच उनकी पत्नी शीला मरांडी, जो खुद भी माओवादी संगठन की नेता हैं और फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में बंद हैं, उन्होंने जेल प्रशासन के जरिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि उनके पति का कोई अन्य परिजन नहीं है, इसलिए प्रशासन ही उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था करे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रशांत बोस पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के यादवपुर इलाके के रहने वाले थे। उन्हें 12 नवंबर 2021 को झारखंड पुलिस ने सरायकेला जिले के कांड्रा स्थित मुंडरी चेक पोस्ट के पास गिरफ्तार किया था। उस समय उनके साथ उनकी पत्नी शीला मरांडी और चार अन्य माओवादी भी पकड़े गए थे। गिरफ्तारी के वक्त प्रशांत बोस पर सरकार ने एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित किया था। बताया जाता है कि वह उस समय इलाज कराने जा रहे थे। गिरफ्तारी से पहले उन्होंने कई राज्यों में नक्सल गतिविधियों को फैलाने में अहम भूमिका निभाई थी। झारखंड में उनके खिलाफ 70 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वहीं, उनकी पत्नी शीला मरांडी भी माओवादी संगठन की सेंट्रल कमेटी की सदस्य और नारी मुक्ति संघ की प्रमुख रह चुकी हैं फिलहाल वह जेल में बंद हैं।

हिंद महासागर में 4.2 तीव्रता का आया भूकंप, जान-माल का नुकसान नहीं

नई दिल्ली(एजेंसी)। रविवार तड़के हिंद महासागर में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिसने क्षेत्र में भूगर्भीय हलचल पैदा की। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक यह भूकंप समुद्र तल से करीब 90 किलोमीटर की गहराई पर आया। सुबह के समय आए इस भूकंप से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। विशेषज्ञों ने इसे सामान्य और कम तीव्रता वाला भूकंप बताया है, जिसके कारण किसी बड़े खतरे की संभावना नहीं बनी। साथ ही, किसी भी प्रकार की सुनामी चेतावनी भी जारी नहीं की गई है। हालांकि वैज्ञानिकों का मानना है कि समुद्र के अंदर होने वाली ऐसी हलचलें भूगर्भीय गतिविधियों का संकेत होती हैं, जिन पर लगातार निगरानी बनाए रखना जरुरी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप केवल सतह पर ही नहीं, बल्कि पृथ्वी के अंदर कई गहराइयों पर भी उत्पन्न होते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भूकंपों को उनकी गहराई के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा जाता है। उथले भूकंप सतह से 70 किलोमीटर तक की गहराई में आते हैं, मध्यवर्ती भूकंप 70 से 300 किलोमीटर के बीच और गहरे भूकंप 300 से 700 किलोमीटर तक की गहराई में उत्पन्न होते हैं। वर्तमान भूकंप मध्यवर्ती श्रेणी में आता है, जो अपेक्षाकृत कम विनाशकारी होता है। हिंद महासागर का क्षेत्र भूगर्भीय दृष्टि से अत्यंत सक्रिय है।

सरकार ने की अपील: पैनिक न हों देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है, अफवाहों से बचें

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण होर्मुज स्ट्रेट में उत्पन्न बाधाओं के बीच, भारत सरकार ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि देश में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित और सुचारू है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर नागरिकों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पैनिक बाइंग यानी घबराहट में खरीदारी न करने की पुरजोर अपील की है।

सरकार ने भरोसा दिलाया है कि पेट्रोलियम उत्पादों से लेकर कुकिंग गैस तक की उपलब्धता बिना किसी रुकावट के बनी हुई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि सरकार घरेलू एलपीजी और पाइप्ड नेचुरल गैस की आपूर्ति को घरों, अस्पतालों और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कर रही है। रिफाइनरी उत्पादन बढ़ाकर मांग को नियंत्रित करने के लिए विशेष उपाय लागू किए गए हैं, जिसमें एलपीजी रिफिलिंग के अंतराल को

व्यवस्थित करना भी शामिल है। सरकार ने लोगों से आग्रह किया है कि वे केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें और ऊर्जा संरक्षण पर ध्यान दें।ईंधन की कालाबाजारी और अवैध जमाखोरी को रोकने के लिए सरकार सख्त कदम उठा रही है। जारी रिपोर्ट के अनुसार, अब तक देश भर में 3,700 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की गई है। इस कार्रवाई के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले एलपीजी वितरकों को लगभग 1,000 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और अब तक 27 डीलरों के लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि संकट का फायदा उठाने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

मंत्रालय द्वारा पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक, भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद वितरण केंद्रों पर एलपीजी की कमी की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। बीते शुक्रवार को ही देशभर में करीब 51 लाख एलपीजी सिलेंडर बांटे गए, जिनमें से 95 प्रतिशत मांग ऑनलाइन बुकिंग के जरिए पूरी की गई। एहतियात के तौर पर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई को फिलहाल 70 प्रतिशत तक सीमित किया गया है और विकल्प के रूप में केरोसिन व कोयले जैसे ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा रहा है। मंत्रालय ने अंत में पुष्टि की है कि सभी रिफाइनरियां कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार के साथ काम कर रही हैं और देश भर के पेट्रोल पंप पूरी तरह से भरे हुए हैं, इसलिए घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

हमें पैसे नहीं चाहिए, सच्चाई जाननी है, ब्लैक बॉक्स रिकॉर्डर डेटा सार्वजनिक किया जाए

-अहमदाबाद विमान हादसे के पीड़ित परिवारों ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर की मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे के 10 महीने बाद करीब 30 पीड़ित परिवारों ने शनिवार को पीएम मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने मोदी से फ्लाइट का ब्लैक बॉक्स और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर डेटा सार्वजनिक करने की मांग की है। परिजनों ने कहा कि हमें पैसे नहीं चाहिए। हमें सच्चाई जाननी है। हम जानना चाहते हैं कि हादसा क्यों हुआ और क्या इसमें कोई तकनीकी खराबी थी। परिजनों का कहना है कि अगर ब्लैक बॉक्स डेटा सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, तो कम से कम इसे निजी तौर पर परिवारों के साथ साझा किया जाए। बता दें 12 जून 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोइंग 787-8 विमान टेकऑफ के तुरंत बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिर गया था। इस हादसे में 241 यात्री और 19 अन्य लोगों समेत कुल 260 लोगों की मौत हो गई थी। पीड़ित परिवारों ने पीएम मोदी को लिखे पत्र में एअर इंडिया की तरफ से मदद की कमी का आरोप लगाया। हादसे में अपनी मां को खोने वाली किंजल पटेल ने एअर इंडिया की वेबसाइट के इस्तेमाल में आ रही दिक्कतों का जिक्र किया, जहां पीड़ितों के सामान की पहचान करनी होती है। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर 25,000 से ज्यादा सामानों की लिस्ट हैं, लेकिन तस्वीरें साफ नहीं हैं। इससे कुछ भी ढूंढ पाना या पहचान कर पाना नामुमकिन है। वहीं अपनी मां, भाई और बेटी को खोने वाले खेड़ा के रोमिन वोरा ने बताया कि डिजिटल साधनों की जानकारी न होने के कारण कई परिवारों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक ईमेल आईडी है और जवाब आने में 15 दिन तक लग जाते हैं। गांव के कई लोग ईमेल इस्तेमाल करना भी नहीं जानते। उन्होंने यह भी कहा कि वेबसाइट पर निजी सामान को सार्वजनिक रूप से दिखाना असंवेदनशील है। पीड़ित परिवारों ने पत्र की कॉपी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो, डीजीसीए और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को भी भेजी हैं। इस मामले में एअर इंडिया की प्रतिक्रिया का इंतजार है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने पिछले साल जुलाई में प्लेन क्रैश की शुरुआती जांच रिपोर्ट सौंपी थी। फाइनल रिपोर्ट इस साल जून में यानी हादसे की पहली बरसी के आसपास आने की संभावना है।

केरल में शशि थरूर के साथ अभद्रता और काफिला रोकने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

-पुलिस ने मामला दर्ज कर अन्य आरोपियों की कर रही तलाश

वंडूर (एजेंसी)। केरल में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के साथ चुनाव प्रचार के दौरान अभद्रता और काफिला रोकने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना शनिवार को केरल के वंडूर क्षेत्र में हुई थी, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई। पुलिस के मुताबिक चेल्लिथोडु इलाके में कुछ युवकों ने शशि थरूर के काफिले को रोक लिया और उनके साथ गाली-गलौज की थी। घटना के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने स्थिति को संभाला। मामले में थरूर के गनमैन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बताया जा रहा है कि घटना के समय शशि थरूर यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के उम्मीदवार एपी अनिल कुमार के समर्थन में प्रचार कर रहे थे। इस दौरान उनका काफिला जैसे ही चेल्लिथोडु क्षेत्र से गुजर रहा था, कुछ युवकों ने रास्ता रोककर विरोध प्रदर्शन किया। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता थरूर ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया, लेकिन स्पष्ट किया कि इससे उनके चुनाव प्रचार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वे अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक अभियान जारी रखेंगे।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। साथ ही बाकी आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें केरल में 9 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। ऐसे में चुनावी माहौल के बीच इस तरह की घटनाएं प्रशासन के लिए चुनौती बन सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जैसे-जैसे मतदान की तारीख करीब आ रही है, राज्य में चुनावी गतिविधियां तेज हो रही हैं और इसके साथ ही तनाव की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। ऐसे में प्रशासन और राजनीतिक दलों दोनों की जिम्मेदारी है कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो।

मच्छरों के आतंक पर अनोखा प्रदर्शन, विधायक ने मच्छरदानी पहनकर सरकार को घेरा

हैदराबाद (एजेंसी)। शहर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप और इससे फैलने वाली बीमारियों को लेकर विपक्ष ने एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया है। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक देविरेड्डी सुधीर रेड्डी गुरुवार को मच्छरदानी से बना कपड़ा पहनकर मीडिया के सामने पहुंचे। इस अनूठे लिबास में उन्होंने तेलंगाना की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और शहर की चिंताजनक स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया।

सुधीर रेड्डी ने आरोप लगाया कि हैदराबाद के नागरिक मच्छरों के बढ़ते आतंक से बेहाल हैं और रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार इस समस्या पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल रही है। विधायक ने दावा किया कि उनकी पार्टी के शासनकाल में झीलों और जलाशयों में मच्छरों को रोकने के लिए पांच चरणों वाली एक वैज्ञानिक प्रणाली लागू की गई थी, जिससे मच्छरों की संख्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया था। उनका आरोप है कि वर्तमान सरकार ने उन प्रभावी उपायों को बंद कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप अब शहर में मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के मामलों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। विधायक ने ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन (जीएचएमसी) पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नगर निकाय पर्याप्त फॉगिंग और एंटी-लार्वा अभियान चलाने में नाकाम रहा है, जिससे सरकारी अस्पतालों में बुखार के मरीजों की कतारें लंबी होती जा रही हैं। रेड्डी ने मांग की कि सरकार तत्काल बीआरएस शासनकाल के वैज्ञानिक नियंत्रण उपायों को फिर से शुरू करे

और एक आपातकालीन योजना बनाकर जनता को राहत दिलाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते मच्छर नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, तो हैदराबाद की एक वैश्विक शहर के रूप में बनी छवि को गहरा नुकसान पहुंच सकता है। हालांकि, विपक्षी विधायक के इन गंभीर आरोपों और अनोखे प्रदर्शन पर फिलहाल सत्ताधारी दल या नगर निगम प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है।

उत्तर भारत में तूफानी बारिश का कहर, यूपी-बिहार समेत 9 राज्यों में ओलावृष्टि का अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत के मौसम में एक बार फिर बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। एक के बाद एक सक्रिय हुए दो पश्चिमी विक्षोभों ने गर्मी के तेवरों को ढीला कर दिया है। मार्च के अंत में जहां भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी थी, वहीं अप्रैल की शुरुआत बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के साथ हुई है। मौसम विभाग ने 5 अप्रैल को दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब समेत देश के 9 राज्यों में आंधी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बेमौसम की इस मार ने आम जनजीवन को प्रभावित करने के साथ-साथ किसानों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। राजधानी दिल्ली में शनिवार को हुई जोरदार बारिश के बाद रविवार को भी ठंडी हवाओं का दौर जारी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 7 अप्रैल को दूसरा पश्चिमी विक्षोभ अपने चरम पर होगा, जिसके प्रभाव से 8 अप्रैल तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। हालांकि 6 अप्रैल को हल्की राहत की उम्मीद है, लेकिन बिजली गिरने की चेतावनी के चलते लोगों को बेवजह घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। राजस्थान के कई हिस्सों में कुदरत का अलग ही रूप देखने को मिला है, जहां भारी ओलावृष्टि के कारण जमीन पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। बीकानेर, जयपुर, जोधपुर और उदयपुर जैसे संभागों में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। वहीं, उत्तर प्रदेश के झांसी, मुजफ्फरनगर और अलीगढ़ जैसे पश्चिमी जिलों के साथ-साथ लखनऊ और कानपुर में भी मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। बिहार के पटना, गया और चंपारण इलाकों में भी बादलों की आवाजाही और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। पहाड़ी राज्यों का हाल भी जुदा नहीं है।

सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश पर सुप्रीम कोर्ट के 9 जज करेंगे सुनवाई, मस्जिदों पर भी असर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में 7 अप्रैल 2026 का दिन एक बड़े संवैधानिक बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की संविधान पीठ उन जटिल और व्यापक कानूनी सवालों पर सुनवाई शुरू करेगी, जिनका सीधा असर हिंदू, मुस्लिम, पारसी और दाऊदी बोहरा समुदायों की धार्मिक प्रथाओं पर पड़ना तय है। यह मामला केवल सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि अब यह एक ऐसी बड़ी बहस बन चुका है जो व्यक्तिगत अधिकारों और धार्मिक स्वायत्तता के बीच की रेखा स्पष्ट करेगा।

अदालत के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह तय करना है कि क्या किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकार किसी समुदाय के सामूहिक धार्मिक अधिकारों से ऊपर हो सकते हैं। इस सुनवाई का प्रभाव मस्जिदों में महिलाओं के प्रवेश, गैर-पारसी व्यक्ति से विवाह करने वाली पारसी महिलाओं के अग्नि मंदिर में प्रवेश के अधिकार और दाऊदी बोहरा समुदाय में प्रचलित प्रथाओं की वैधता पर भी पड़ेगा। गौरतलब है कि 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने 4-1 के बहुमत से सबरीमाला में सभी आयु वर्ग

की महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दी थी, तब कोर्ट ने कहा था कि भक्ति को लैंगिक आधार पर विभाजित नहीं किया जा सकता। हालांकि, 2019 में कोर्ट ने महसूस किया कि इस मुद्दे के तार कई अन्य धर्मों की प्रथाओं से भी जुड़े हैं, जिसके बाद इसे बड़ी बेंच को भेज दिया गया था।

सीजेआई सूर्य कांत के नेतृत्व वाली इस नई बेंच में जस्टिस बीवी नागरत्ना सहित देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के अनुभवी जज शामिल हैं। पीठ मुख्य रूप से संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 की व्याख्या करेगी। अदालत यह देखेगी कि धार्मिक स्वतंत्रता का दायरा क्या है और इसमें प्रयुक्त नैतिकता शब्द का अर्थ संवैधानिक नैतिकता है या सामाजिक। साथ ही, यह भी तय किया जाएगा कि क्या अदालतें यह निर्धारित करने का अधिकार रखती हैं कि कोई प्रथा किसी धर्म का अनिवार्य हिस्सा है या नहीं। इस मामले में अखिल भारतीय मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और कई जैन संगठनों ने भी हस्तक्षेप किया है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि जो प्रथाएं महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती हैं, उन्हें धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं माना जा सकता। वहीं, धार्मिक संस्थाओं का कहना है कि धर्म की अपनी आंतरिक स्वायत्तता होती है और सदियों पुरानी परंपराओं में न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं है। 7 अप्रैल से शुरू होने वाली यह दैनिक सुनवाई तय करेगी कि भविष्य का भारत संवैधानिक मूल्यों और धार्मिक मान्यताओं के बीच कैसा संतुलन बनाएगा।

दुष्कर्मी खरात पुलिस के चंगुल में... वीरान पड़ा मंदिर और फार्महाउस 'ब्रह्मसदन'

फार्महाउस का गार्डन एरिया चीकू, बेल, अंगूर और 5 हजार आम के पेड़

नासिक (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नासिक जिले के मीरगांव में मौजूद ईशान्येश्वर महादेव मंदिर और अशोक खरात उर्फ कैप्टन बाबा का 20 एकड़ का फार्महाउस 'ब्रह्मसदन' में अब सन्नाटा पसरा हुआ है। खरात के 58 अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद मंदिर और फार्महाउस चर्चा में आए। मंदिर कभी वीआईपी और नेताओं के लिए आकर्षण था, लेकिन अब पुजारी भी सुरक्षा और पूछताछ के डर से नियमित पूजा नहीं हो रही हैं।

पुजारी का कहना है कि मंदिर में कभी भी कोई अश्लील घटना नहीं हुई। मंदिर में विशेष पूजा केवल बड़े नेता और वीआईपी के आने पर होती थी। फरार पत्नी और पुलिस हिरासत में बेटे के कारण अब मंदिर में कोई भक्त नहीं आता। 18 मार्च को खरात की गिरफ्तारी के बाद एसआईटी ने फार्महाउस की 8 घंटे तक पूछताछ की, जहां रिवॉल्वर, 21 कारतूस और विजिटर बुक मिली। फार्महाउस अब

पुलिस द्वारा सील है।

फार्महाउस का गार्डन एरिया चीकू, बेल, अंगूर और रसभरी के पेड़ों से भरा है, और 5,000 आम के पेड़ों का बाग भी इस फार्महाऊस में मौजूद है। स्थानीय लोग आरोप लगाते हैं कि खरात ने नदी के बहाव और ग्राम जमीन पर कब्जा किया। 2004-05 में खरात ने गांव और आसपास की करीब 50 एकड़ जमीन खरीदी। उनका मंदिर निर्माण और संपत्ति बढ़ाना लोगों के लिए परेशानी बन गया।

स्थानीय पुलिस का कहना है कि गांववालों से कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली, जबकि सरकार ने उनके शिवनिका संस्थान को पानी की आपूर्ति दी थी, इस फिलहाल बंद किया गया है। गांव वाले बताते हैं कि खरात की लाइफस्टाइल बेहद आलीशान थी, जिसमें मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू और फॉर्च्युनर जैसी गाड़ियां शामिल थीं।

इस घटना से गांव का माहौल बदल गया है। मंदिर और फार्महाउस, जो पहले श्रद्धालुओं और वीआईपी के लिए केंद्र थे, अब खामोशी और पुलिस निगरानी के तहत हैं। खरात के खिलाफ 10 मामले दर्ज हैं, जिनमें 8 सेक्सुअल हैरेसमेंट से संबंधित हैं। एसआईटी लगातार जांच कर रही है और अब तक उनकी 1,500 करोड़ रुपए की संपत्ति का खुलासा हो चुका है। मंदिर और फार्महाउस का यह उजाड़ हाल ग्रामीण और श्रद्धालुओं के लिए एक चेतावनी बन गया है कि किसी भी व्यक्ति की प्रतिष्ठा उसके कृत्यों से प्रभावित हो सकती है। स्थानीय लोग और पुजारी अब केवल पुलिस जांच पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं।

तमिलनाडु में जोर पकड़ रही हिंदू पॉलिटिक्स, वैचारिक कट्टरता पर भारी पड़ती चुनावी रणनीति

चैन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु की राजनीति ऐतिहासिक रूप से आत्म-सम्मान आंदोलन, तर्कवाद और नास्तिकता के स्तंभों पर टिकी रही है। लेकिन 2026 के चुनावी समर में राज्य की राजनीतिक जमीन पर एक अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिल रहा है। जो नेता कल तक धार्मिक कर्मकांडों और रूढ़ियों के मुखर विरोधी हुआ करते थे, वे आज मंदिरों की चौखट पर नतमस्तक नजर आ रहे हैं। यह बदलाव द्रविड़ राजनीति के गढ़ में एक नई वैचारिक दिशा की ओर इशारा करता है, जिसे जानकार सॉफ्ट हिंदुत्व और सर्व-समावेशी छवि बनाने की कवायद मान रहे हैं।

द्रमुक के प्रमुख चेहरे और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, जो पूर्व में सनातन धर्म और धार्मिक प्रथाओं पर अपनी विवादित टिप्पणियों के लिए चर्चा में रहे हैं, हाल ही में अपने निर्वाचन क्षेत्र के मंदिर में पूजा-अर्चना करते देखे गए। द्रविड़ विचारधारा के कट्टर समर्थक माने जाने वाले उदयनिधि का यह बदला हुआ स्वरूप चौंकाने वाला है। इसी तरह, पूर्व सांसद डॉ. सेंथिल कुमार, जो पहले सरकारी परियोजनाओं में भूमि पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों का विरोध कर विवादों में घिरे थे, अब चुनाव प्रचार के दौरान सक्रिय रूप से मंदिरों का दौरा कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि नेता अब बहुसंख्यक मतदाताओं को किसी भी कीमत पर नाराज नहीं करना चाहते। इस बार के चुनाव में धार्मिक सीमाओं का धुंधला होना एक बड़ा ट्रेंड बनकर उभरा है। चुनावी रैलियों में जहां मुस्लिम उम्मीदवार माथे पर विभूति लगाए नजर आ रहे हैं, वहीं हिंदू उम्मीदवार मस्जिदों में जाकर वोट मांग रहे हैं। यह रणनीतिक बदलाव केवल धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि जातिगत समीकरणों को साधने के लिए भी इस्तेमाल किया जा रहा है। थेवर समुदाय से आने वाले मंत्री थंगम थेनारासु का दलित नेता इमैनुएल सेकरन के स्मारक पर जाना इस बात का प्रमाण है कि पार्टियां अब केवल अपने पारंपरिक वोट बैंक के भरोसे नहीं रहना चाहतीं। विशेषज्ञों का मानना है कि तमिलनाडु में सांप्रदायिक रेखाएं भले ही पहले से बहुत गहरी न रही हों, लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में दलित और अल्पसंख्यक वोटों की गोलबंदी के लिए प्रतीकों का सहारा लेना जरूरी हो गया है। राजनीति में प्रतिद्वंद्विता के बीच मानवीय गरिमा के उदाहरण भी सामने आ रहे हैं। गुम्मिडीपूंडी में अन्नाद्रमुक उम्मीदवार वी. सुधाकर द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वी द्रमुक उम्मीदवार के पैर छूकर आशीर्वाद लेना यह दर्शाता है कि उम्मीदवार अपनी छवि को विनम्र और सुसंस्कृत बनाने पर जोर दे रहे हैं। 2026 का यह चुनाव निश्चित रूप से वैचारिक कट्टरता के बजाय व्यावहारिक राजनीति और समावेशी रणनीतियों के नए अध्याय के रूप में याद किया जाएगा।

निर्णायक सप्ताह आरबीआई नीति और वैश्विक तनाव तय करेंगे बाजार की दिशा

– तेल की कीमत, रुपये की स्थिति और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर भी रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई । पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट का दौर रहा, जिससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई है।

नए वित्त वर्ष की शुरुआत में यह सप्ताह बाजार की दिशा तय करने वाला माना जा रहा है। घरेलू आर्थिक संकेतों के साथ-साथ वैश्विक अनिश्चितताओं ने निवेशकों की सोच में असमंजस पैदा कर दिया है। इस हफ्ते कई ऐसे प्रमुख कारक हैं, जो बाजार की चाल पर निर्णायक असर डाल सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक 6 से 8 अप्रैल तक होगी। इस बैठक में ब्याज दर, महंगाई और लिक्विडिटी जैसे अहम मुद्दों पर फैसला लिया जाएगा। निवेशकों की निगाह इस पर है कि आरबीआई महंगाई और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच किस तरह की नीति अपनाता है। यदि ब्याज दर बढ़ाई जाती है, तो बैंकिंग और रियल एस्टेट सेक्टर पर दबाव बढ़ सकता है। वहीं, उदार नीति से उपभोक्ता खर्च और कॉर्पोरेट निवेश को बढ़ावा मिल सकता है। पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा रहा है। इसी बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भारत जैसे आयातक देश के लिए दबाव बढ़ा दिया है। महंगे तेल का असर चालू खाता घाटे और महंगाई पर पड़ सकता है। इसके अलावा, कंपनियों की लागत बढ़ने और उपभोक्ताओं की जेब पर असर डालने से बाजार की नकारात्मक भावना को बढ़ावा मिल सकता है। पिछले सप्ताह रुपये का डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरना निवेशकों की चिंता का मुख्य कारण बना। आरबीआई के हस्तक्षेप से थोड़ी स्थिरता आई, लेकिन मुद्रा की अस्थिरता विदेशी निवेश और आयात लागत को प्रभावित कर सकती है। विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारी बिकवाली भी बाजार पर दबाव बनाए रख रही है। यदि यह रुझान जारी रहा, तो तेजी की उम्मीदें कमजोर पड़ सकती हैं। इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की दिशा आरबीआई

की नीति, तेल की कीमत, रुपये की स्थिति और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर निर्भर करेगी। निवेशकों को सतर्क रहना और इन संकेतकों पर नजर रखना जरूरी है, क्योंकि किसी भी बदलाव से बाजार में तेजी या गिरावट दोनों तेज़ी से देखने को मिल सकती है।

रिजर्व बैंक की ऐप से बिना बैंक जाए मिलेगा लोन

- किसानों, डेयरी संचालकों और पर्सनल लोन लेने वालों के लिए प्रक्रिया होगी आसान

नई दिल्ली ।

अब लोन लेने के लिए बैंकों के चक्कर लगाने और लंबी कागजी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही एक नई डिजिटल व्यवस्था शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत मोबाइल ऐप के माध्यम से मिनटों में लोन स्वीकृत किया जा सकेगा। इस पहल का उद्देश्य छोटे कर्जदारों, किसानों, डेयरी संचालकों और पर्सनल लोन लेने वाले ग्राहकों को त्वरित और पारदर्शी सुविधा उपलब्ध कराना है।नई प्रणाली के तहत जमीन के रिकॉर्ड, क्रेडिट स्कोर और आय संबंधी जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। इससे बैंक और वित्तीय संस्थानों को आवेदक की पात्रता जांचने में आसानी होगी और लोन प्रक्रिया तेज होगी। शुरुआत में छोटे कर्ज और कृषि से जुड़े ऋण दिए जाएंगे, जिससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।बताया जा रहा है कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से कई बैंक और डेटा सेवा प्रदाता जुड़ेंगे, जिससे सूचनाओं का आदान-प्रदान सुरक्षित और त्वरित होगा। इससे बैंकों की परिचालन लागत भी कम होगी और ग्राहकों को कम समय में ऋण मिल सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम देश में डिजिटल बैंकिंग को नई दिशा देगा और वित्तीय समावेशन को मजबूती प्रदान करेगा।

एफपीआई ने बाजारों से अप्रैल में की पहले दो सत्रों में 19,837 करोड़ की बिकवाली

- पश्चिम एशिया संघर्ष, बढ़ते तेल दाम और रुपये में कमजोरी ने विदेशी निवेशकों को बेचने पर मजबूर किया

नई दिल्ली ।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारतीय शेयर बाजार से निकासी का सिलसिला अप्रैल 2026 में भी जारी है। केवल अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में ही एफपीआई ने 19,837 करोड़ रुपये (लगभग 2.1 अरब डॉलर) के शेयर बेचे। यह मार्च में हुई रिकॉर्ड निकासी के बाद बाजार पर दबाव बनाए रखने वाला नया संकेत है। मार्च 2026 में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 1.17 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.7 अरब डॉलर) निकाले थे, जो किसी भी महीने की अब तक की सबसे बड़ी निकासी थी। वहीं फरवरी में निवेशकों ने शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये डाले थे, जो पिछले 17 महीनों का सबसे ऊँचा निवेश था। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 2026 में अब तक एफपीआई ने कुल 1.5 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की है। बाजार के जानकारों के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, कच्चे तेल के दाम के 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने, रुपये में लगातार कमजोरी और डॉलर की मजबूती ने बिकवाली को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि युद्ध के बाद रुपये में लगभग चार प्रतिशत की गिरावट आई है, और आगे भी कमजोरी की आशंका बिकवाली को और बढ़ा रही है।

अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से निश्चित आय वाली परिसंपत्तियों का आकर्षण बढ़ा है। ऐसे में निवेशक अपने निवेश को शेयरों से अन्य संपत्तियों की ओर संतुलित कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और घरेलू मुद्रा कमजोरी के बीच, एफपीआई की बिकवाली का दबाव बाजार पर और कुछ समय तक बना रह सकता है।

सोने के दामों में 18.5 फीसदी गिरावट

– गिरवी सोने को नीलामी से बचाने सावधान रहें, 50–60त्न से ज्यादा लोन लेने से बचें

मुंबई । अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच सोने के दामों में करीब 18.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। कीमतों में इस कमी का असर गोल्ड लोन लेने वाले ग्राहकों पर भी पड़ रहा है। जिन लोगों ने ऊंचे भाव पर सोना गिरवी रखकर अधिक राशि का कर्ज लिया था, उनके सामने अब 'मार्जिन कॉल' का खतरा बढ़ गया है।विशेषज्ञों के अनुसार, जब सोने की कीमत घटती है तो गिरवी रखे आभूषणों की वैल्यू कम हो जाती है और लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) अनुपात बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में बैंक या वित्तीय संस्थान अतिरिक्त रकम जमा कराने या आंशिक लोन चुकाने का नोटिस दे सकते हैं।

तय समय में भुगतान नहीं करने पर गिरवी सोने की नीलामी की प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है।वित्तीय सलाहकारों का कहना है कि मौजूदा अस्थिर बाजार में सोने के वर्तमान मूल्य का 50 से 60

फीसदी तक ही लोन लेना सुरक्षित माना जाता है। इससे कीमतों में गिरावट आने पर भी उधारकर्ता के पास सुरक्षा का पर्याप्त मार्जिन रहता है और नीलामी की नौबत नहीं आती। ग्राहकों को समय-समय पर बाजार भाव पर नजर रखने और जरूरत पड़ने पर लोन आंशिक रूप से चुकाने की सलाह दी गई है।

ईरान युद्ध की वजह से अमेरिका में भी बढ़ने लगी है महंगाई

वाशिंगटन ।

ईरान के खिलाफ संभावित युद्ध ने अमेरिका में आर्थिक दबाव बढ़ा दिया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी और डिलीवरी कंपनियों द्वारा अधिभार लगाने से आम उपभोक्ताओं की जेब पर असर दिखने लगा है। अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत शुक्रवार को 4.09 डॉलर प्रति गैलन पहुंच गई, जो अगस्त 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। डीजल की कीमत 3.64 डॉलर से बढ़कर 5.53 डॉलर प्रति गैलन हो गई है। डीजल का व्यापक उपयोग कृषि, निर्माण और परिवहन उद्योगों में होता है। ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने 17 अप्रैल से तीसरे पक्ष विक्रेताओं पर 3.5 फीसदी ईंधन अधिभार लगाने की घोषणा की। अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) भी अस्थायी रूप से 8 फीसदी ईंधन अधिभार लागू करने की योजना बना रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर युद्ध लंबा खिंचता है, तो अमेरिका की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होगी। शिकागो फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष ऑस्टन गूल्सबी ने चेताया कि बढ़ी हुई परिवहन लागत अन्य वस्तुओं की कीमतों पर भी असर डालेगी, जिससे जीवनयापन महंगा होगा।

एफएमसीजी कंपनियों की जनवरी-मार्च तिमाही में स्थिर मांग के बीच वृद्धि मजबूत रही

नई दिल्ली । रोजमर्रा के उपभोग के सामान बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों की वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में स्थिर मांग के बीच वृद्धि मजबूत रही। हालांकि, पश्चिम एशिया के बाजारों में जारी भू-राजनीतिक तनाव चिंता का विषय बना हुआ है। मैरिको, डाबर और एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस (पूर्व में अदाणी विल्मर) जैसी कंपनियों ने मात्रा और मूल्य दोनों में वृद्धि दर्ज की है। यह बढ़ोतरी मूल्य निर्धारण में बदलाव, विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में गति, मजबूत घरेलू खपत और संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय बाजारों में वृद्धि के कारण संभव हुई है। कंपनियों को उम्मीद है कि महंगाई में कमी आने से मार्जिन में सुधार होगा। हालांकि वे आने वाली तिमाहियों को लेकर सतर्कता के साथ आशावादी बनी हुई हैं। उनका मानना है कि स्थिर आर्थिक परिस्थितियों और बेहतर खपत रुझानों के कारण घरेलू मांग में सुधार जारी रहेगा। घरेलू कंपनी मैरिको ने अपनी की तिमाही की जानकारी में बताया कि इस अवधि में उसकी एकीकृत आय में सालाना आधार पर करीब 20



प्रतिशत के आसपास वृद्धि हुई है। यह वृद्धि मूल्य निर्धारण उपायों, केश तेल श्रेणी में मजबूत प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय कारोबार में बेहतर मांग से संभव हुई। डाबर ने भी अपेक्षाकृत संतुलित प्रदर्शन दर्ज करते हुए मार्च तिमाही में मध्यम एकल अंक की आय वृद्धि का अनुमान जताया है। कंपनी ने कहा कि घरेलू मांग में क्रमिक सुधार देखा गया और भारत में उसका त्वरित उपभोग वस्तु कारोबार उच्च एकल अंक की वृद्धि दर्ज कर सकता है।

मूडीज ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर घटाकर 6 फीसदी की, महंगाई बढ़ने का खतरा

- निजी उपभोग में कमी, औद्योगिकी गतिविधियों में सुस्ती और निवेश में गिरावट मुख्य कारण

नई दिल्ली ।

मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण ईंधन और खाद्य कीमतों में वृद्धि होगी, जिससे महंगाई पर दबाव बढ़ेगा और घरेलू उपभोग प्रभावित होगा। मूडीज की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की वृद्धि दर पहले अनुमानित 6.8 फीसदी से घटकर 6 फीसदी रहने की संभावना है। निजी उपभोग में कमी, औद्योगिकी गतिविधियों में सुस्ती और निवेश में गिरावट इसका मुख्य कारण हैं। ईंधन और रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ उर्वरक आयात पर निर्भरता से खाद्य मुद्रास्फीति में भी बढ़ोतरी हो सकती है। मूडीज ने चेताया है कि भूराजनीतिक तनाव महंगाई के जोखिम को ऊपर की ओर ले जा सकता है। एजेंसी ने 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 4.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया है, जो 2025-26 की 2.4 फीसदी से अधिक है। इस पर नीतिगत प्रतिक्रिया के रूप में रेपो दर या तो स्थिर रखी जाएगी या धीरे-धीरे बढ़ाई जाएगी। पश्चिम एशिया से भारत का कच्चा तेल आयात लगभग 55 फीसदी और एलपीजी का 90 फीसदी आता है। इसी कारण ईंधन और परिवहन लागत बढ़ सकती है। इसके अलावा खाड़ी देशों से भेजे जाने वाले रेमिटेंस पर भी असर पड़ेगा, क्योंकि इसके 40 फीसदी हिस्से की आपूर्ति वहीं से होती है। दूसरी एजेंसियों का भी अनुमान है। ओईसीडी ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.1 फीसदी, जबकि आईसीआरए ने 6.5 फीसदी बताई है। आईसीआरएने कहा कि निर्यात स्थिर रहेगा, लेकिन आयात बढ़ने से चालू खाता घाटा बढ़ सकता है।

मिडिल ईस्ट युद्ध से राजस्थान के बीकानेरी स्नैक्स निर्यात पर भारी असर

– माल ढुलाई की लागत में तेज़ी से वृद्धि हुई है और व्यापार पर दबाव बढ़ा

नई दिल्ली ।

अमेरिका-ईरान संघर्ष और होर्मुज स्ट्रेट की बंदिशों ने राजस्थान के बीकानेर के स्नैक्स उद्योग को भी झकझोर दिया है। भुजिया, पापड़ और मसालों का निर्यात अब महंगा और लंबा हो गया है, जिससे व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है।

निर्यातक बताते हैं कि पहले 30 दिनों में पहुंचने वाले कंटेनर अब लंबे और सुरक्षित मार्ग अपनाने के कारण 60 दिन तक ले जा रहे हैं। इससे माल ढुलाई की लागत में तेज़ी से वृद्धि हुई है और व्यापार पर दबाव बढ़ा है। बीकानेरी स्नैक्स खाड़ी देशों और यूरोप में बड़े पैमाने पर निर्यात होते हैं।

यूएस-ईरान युद्ध के कारण माल ढुलाई शुल्क बढ़ा, कंटेनरों की कमी हुई और सप्लाई चेन प्रभावित हुई। अरब देशों में मांग मजबूत है, लेकिन डिलीवरी में देरी के कारण नुकसान हो रहा है। खाद्य तेल की कीमत में पिछले एक महीने में लगभग 20 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि पैकेजिंग लागत में 30-40 फीसदी का इजाफा हुआ। ताड़ के तेल और सोयाबीन जैसे कच्चे माल के आयात में भी बाधा आई है। इन कारणों से उद्योग पर वित्तीय दबाव और बढ़ गया है।

बीकानेर से हर महीने 15-20 कंटेनर भुजिया और पापड़ तथा लगभग 60 कंटेनर अन्य स्नैक्स और मसाले निर्यात किए जाते हैं। मुख्य बाजार ईरान, इराक, ओमान, यूएई, कतर, बहरीन और यूरोप के ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली व स्पेन हैं। युद्ध और वैश्विक टेंशन के कारण करोड़ों रुपये का माल बंदरगाहों पर या रास्ते में फंसा हुआ है।

सेंसेक्स की शीर्ष छह कंप नियों का का बाजार पूंजीकरण 64,734 करोड़ घटा

– शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही

नई दिल्ली । बीते सप्ताह कम कारोबारी सत्रों वाले में सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 64,734.46 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 29,993.07 रुपये करोड़ घटकर 10,20,420.26 करोड़ रुपये पर आ गया।

आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 12,845.81 करोड़ रुपये घटकर 8,70,705.49 करोड़ रुपये रह गई।बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 11,169.36 करोड़ रुपये कम होकर 5,14,226.12 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 7,822.79 करोड़ रुपये घटकर 11,56,195.90 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 2,349.59 करोड़ रुपये घटकर 4,85,190.60 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 553.84 करोड़ रुपये घटकर 9,41,015.31 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 22,359.78 करोड़ रुपये बढ़कर 8,87,028.43 करोड़ रुपये हो गया।इंफोसिस का पूंजीकरण 12,374.76 करोड़ रुपये बढ़कर

5,27,409.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 6,575.43 करोड़ रुपये बढ़कर 4,97,111.62 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 3,518.45 करोड़ रुपये बढ़कर 18,28,034.07 करोड़ रुपये हो गई। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

सुजुकी मोटरसाइकिल का लक्ष्य वैश्विक बिक्री में 50 फीसदी योगदान

- खरखौदा नया संयंत्र घरेलू और निर्यात बिक्री बढ़ाएगा



नई दिल्ली ।

सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने अपनी वैश्विक बिक्री में योगदान बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। कंपनी का उद्देश्य सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन (एसएमएसी) की दुनिया भर में मोटरसाइकिल बिक्री में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा देना है। वित्त वर्ष 2025-26 में एसएमआईपीएल ने 14,39,415 इकाइयों की अब तक की सबसे ऊंची बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की 12,56,155 इकाइयों से 15 फीसदी अधिक है। घरेलू बिक्री 11,74,874 इकाई रही और निर्यात 26 फीसदी बढ़कर 2,64,541 इकाई हुआ। कंपनी हरियाणा के खरखौदा में नया संयंत्र बना रही है, जिसमें लगभग 1,174 करोड़ रुपये का निवेश होगा और इसकी सालाना उत्पादन क्षमता 7.5 लाख इकाई की होगी। वर्तमान खेरकी दौला संयंत्र 14 लाख इकाई का उत्पादन करता है।

सरसों की गिरावट के बीच सोयाबीन, पामतेल और बिनौला तेल में मजबूती

- शादी-विवाह के मौसम की मांग और विदेशी बाजार में गतिविधियों के कारण तेलों की कीमतें बढ़ीं

नई दिल्ली ।

बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों के दाम घटे, जबकि सोयाबीन, मूंगफली, पामतेल और बिनौला तेल की कीमतें मजबूती दिखाईं। शादी-विवाह के मौसम की मांग और विदेशी बाजार में गतिविधियों के कारण अन्य तेलों की कीमतें बढ़ीं। बड़ी तेल मिलों ने सस्ते दाम पर सरसों खरीदने के लिए उत्पादन अनुमान बढ़ाया और आयात शुल्क को लेकर अफवाहें फैलाईं। किसानों ने अपनी फसल रोक-रोक कर बाजार में उतारी, जिससे सरसों तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। सोयाबीन तेल की कीमत 1,390-95 डॉलर प्रति टन तक बढ़ गई। इंडोनेशिया में जुलाई से बायो-डीजल में पामतेल के बढ़ते उपयोग और मलेशिया में निर्यात में वृद्धि ने पाम और पामोलीन तेल के दामों को मजबूती दी। कपास नरमा की आवक घटने और मूंगफली तेल महंगा होने के कारण बिनौला तेल की मांग बढ़ी।

इसके चलते बिनौला तेल के दाम भी मजबूती के साथ बंद हुए, जबकि बाजार में कुल मिलाकर तेल-तिलहन विविधता में हलचल रही। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 100 रुपये की गिरावट के साथ 6,925-6,950 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 100 रुपये की गिरावट के साथ 14,725 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 20-20 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,440-2,540 रुपये और 2,440-2,585 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 5,800-5,850 रुपये और 5,475-5,550 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए।इसी प्रकार, दिल्ली में सोयाबीन तेल 375 रुपये के सुधार के साथ 16,825 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 475 रुपये के सुधार के साथ 16,225 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 175 रुपये के सुधार के साथ 13,475 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली तिलहन का दाम 50 रुपये की मजबूती के साथ 7,300-7,775 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 100 रुपये के सुधार के साथ 17,650 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 15 रुपये की मजबूती के साथ 2,785-3,085 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में कारोबारी धारणा में आम मजबूती के रुख के अनुरूप, सीपीओ तेल का दाम 100 रुपये के सुधार के साथ 13,725 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 250 रुपये सुधरकर 15,675 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव भी 250 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 14,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।तेजी के आम रुख के अनुरूप, बिनौला तेल का दाम 600 रुपये के सुधार के साथ 15,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

राष्ट्रीय लोक दल चंडीगढ़ ने नगर निगम चुनावों से पहले चंडीगढ़ इकाई को किया लॉन्च

(प्रदेश महासचिव, उत्तर प्रदेश), नरेंद्र चिकारा (प्रदेश महासचिव, हरियाणा) और अजीत सिंह मोहाली (प्रदेश अध्यक्ष, पंजाब) सहित अन्य नेता मौजूद रहे। मीडिया को संबोधित करते हुए त्यागी ने कहा कि यह पहल पार्टी के संगठन को मजबूत करने और पारंपरिक क्षेत्रों से बाहर राजनीतिक विस्तार करने की रणनीति

अर्थ प्रकाश संवाददाता

जे के बत्ता - न्यू- चण्डीगढ- खरड़
आगामी दिसंबर 2026 में होने वाले चंडीगढ़ नगर निगम चुनावों से पहले राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) ने अपने संगठनात्मक विस्तार के तहत रविवार को चंडीगढ़ इकाई की औपचारिक शुरुआत की। इसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान की। इस अवसर पर कई नेताओं और समर्थकों ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उनके साथ प्रभुद्ध कुमार (राष्ट्रीय सचिव), दिलप्रीत सिंह (प्रदेश प्रभारी, पंजाब), विनय प्रधान (प्रभारी, जम्मू-कश्मीर), ओ.डी. त्यागी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का संगठन अब देश के 14 राज्यों में सक्रिय है और अब चंडीगढ़ में भी संगठन को औपचारिक रूप से स्थापित किया जाएगा। साथ ही पंजाब में पार्टी की आवाज को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मजबूत आधार के बाद पार्टी ने पंजाब और हरियाणा में भी अपना आधार बनाया है और अब चंडीगढ़ में संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने विस्तार रणनीति के तहत हाल ही में जम्मू-कश्मीर में सभी सीटों पर चुनाव लड़ा था। चंडीगढ़ नगर निगम चुनावों के बारे में उन्होंने कहा कि पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। जल्द ही कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की जाएगी और शहर में सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा। पंजाब से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए त्यागी ने कहा कि हालिया बाढ़ के दौरान किसानों को भारी नुकसान हुआ, लेकिन उन्हें अभी तक पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि किसानों के अधिकारों और समस्याओं को लेकर जल्द ही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मिलने का समय लिया जाएगा। उन्होंने पंजाब में बढ़ते कैंसर मामलों पर भी चिंता जताई और कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर प्राथमिकता से काम करना चाहिए। इसके अलावा राज्य में रोजगार बढ़ाने के लिए लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की बात भी कही। इस अवसर पर विद्या शंकर

पाठक, रामायण कुशवाहा, उमा शंकर शुक्ला, सुनील कुमार पांडेय, सुधीर गोयल, विकास पाठक और हरीश वशिष्ठ सहित आज़ाद समाज पार्टी और बहुजन समाज पार्टी से जुड़े कई नेताओं ने पार्टी ज्वाइन की। त्यागी ने आगे कहा कि पार्टी पुडुचेरी और लद्दाख जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में भी संगठनात्मक विस्तार की योजना बना रही है। एनडीए के साथ गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि संगठन विस्तार का काम पार्टी संगठन देखता है, जबकि गठबंधन से जुड़े फैसले शीर्ष नेतृत्व स्तर पर किए जाते हैं।नगर निगम चुनावों से पहले चंडीगढ़ इकाई का गठन पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक कदम माना जा रहा है। पार्टी शहरी मतदाताओं, व्यापारियों, कर्मचारियों और उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा से चंडीगढ़ में रह रहे प्रवासी समुदाय के बीच अपना आधार मजबूत करने की योजना बना रही है। राष्ट्रीय लोक दल की स्थापना 1996 में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजीत सिंह ने की थी, जो पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पुत्र थे। त्यागी ने कहा कि पार्टी की मूल विचारधारा किसानों के अधिकार, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, संघीय ढांचा और धर्मनिरपेक्ष राजनीति पर आधारित है।

भारतीय जनता पार्टी (BJP) का स्थापना दिवस आज

अर्थ प्रकाश/भारतीय जनता पार्टी (BJP) का स्थापना दिवस हर साल 6 अप्रैल को मनाया जाता है। पार्टी की स्थापना आधिकारिक तौर पर 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में एक कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान हुई थी। इसके पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी थे। भाजपा का वैचारिक आधार 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित 'भारतीय जनसंघ' है।

भाजपा स्थापना दिवस के बारे में मुख्य तथ्य-

स्थापना तिथि: 6 अप्रैल 1980।

पहले अध्यक्ष: अटल बिहारी वाजपेयी।

मुख्यालय: 6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली।

संस्थापक सदस्य- अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, भैरव सिंह शेखावत आदि प्रमुख नेता शामिल थे।

ऐतिहासिक संदर्भ:1977 में जनता पार्टी के विघटन के बाद, भारतीय जनसंघ के पुराने सदस्यों ने 'भारतीय जनता पार्टी' के रूप में एक नई पार्टी बनाई।

विकास- 1984 में मात्र 2 सीटों से शुरुआत करने वाली भाजपा, आज के समय में देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

भाजपा इस दिन को 'स्थापना दिवस' या 'फाउंडेशन डे' (BJP Foundation Day) के रूप में मनाती है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक कार्यक्रम आयोजित करते हैं और पार्टी का झंडा फहराते हैं। आज पार्टी मुख्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस की अध्यक्षता श्री अश्वनी शर्मा ने की। इस मौक़े उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने अपने घरों में परिवार सहित झंडा फहराएँगे और पार्टी के शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे।

दर्शन अकादमी कालका में अभिभावक ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/कालका जग्गी/ कालका। दर्शन अकादमी कालका में नए शैक्षणिक सत्र के उपलक्ष्य में अभिभावकों के लिए एक ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय में नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आगंतुक अभिभावकों और विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और विद्यार्थियों को विद्यालय की संरचना, शैक्षिक सुविधाओं, कार्यप्रणाली तथा शैक्षिक नीतियों से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री निखिल खुराना ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय में प्रतिदिन की शुरुआत मेडिटेशन से होती है, जो बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक सिद्ध होती है। प्रधानाचार्य ने विद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों—जैसे खेल, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, विशेष प्रार्थना सभा, रोटी बैंक और 'नेकी की दीवार'—के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही अभिभावकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर भी दिए गए। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

न्यूज ब्रीफ

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'जल स्वावलंबी' बन रहा राजस्थान

अर्थ प्रकाश/जयपुर। भौगोलिक दृष्टि से देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान में कम वर्षा, अनियमित मॉनसून, भूजल के अत्यधिक दोहन और मरुस्थलीय क्षेत्र की अधिकता के कारण जल संसाधनों की कम उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती है। ऐसे में वर्षा के जल को व्यर्थ नहीं बहने देना और उसे भविष्य के लिए सहेजना ही एकमात्र उपाय है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पुनर्जीवित कर चलाए जा रहे 'मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0' के जरिए हजारों गांवों के लाखों परिवारों को राहत पहुंचाई जा रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य जल संकट से प्रभावित सभी गांवों को चरणबद्ध तरीके से कवर कर 'मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0' से जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण का समग्र मॉडल प्रस्तुत किया जा रहा है। वर्षा जल के अधिकतम संचयन के लिए एनिकट, चेक डैम, तालाब एवं जोहड़ का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही पुराने जल स्रोतों की मरम्मत कर पुनर्जीवित किया जा रहा है। वहीं भूजल स्तर में सुधार के लिए कुएं बनाए जा रहे हैं और सूखे बोरवेल को रिचार्ज पिट में बदला जा रहा है। इसी का परिणाम है कि कई स्थानों पर भूजल स्तर में सुधार हुआ है और गांवों में पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्धता बढ़ने लगी है। इसके अलावा कृषि उत्पादकता और हरित आवरण में वृद्धि, मिट्टी का कटाव कम होने और जैव विविधता में सुधार होने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के अवसर बढ़ रहे हैं। बजट 2024-25 में घोषित इस अभियान के लिए कुल 11 हजार 200 करोड़ रुपए का बजट रखा गया। जिससे 20 हजार गांवों में 5 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया। अभियान के पहले चरण में 349 पंचायत समितियों के 5 हजार 135 गांवों में कार्य करवाए गए। वहीं 1 लाख 10 हजार से अधिक कार्यों के लक्ष्य के विरुद्ध 1 लाख 16 हजार से अधिक कार्य किए जा चुके हैं। जिन पर 2 हजार 500 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। इसी प्रकार दूसरे चरण में 337 पंचायत समितियों में एक लाख से अधिक कार्य करवाने का लक्ष्य रखा गया। जिसके विरुद्ध 2 हजार 880 करोड़ रुपए के 1 लाख 4 हजार से अधिक कार्यों का अनुमोदन किया जा चुका है। इनमें से 1 हजार 48 करोड़ से अधिक के 45 हजार से ज्यादा कार्यों की स्वीकृतियां जारी हो चुकी हैं। इस चरण में अब तक 148 करोड़ रुपए से ज्यादा व्यय कर 8 हजार से ज्यादा कार्य पूरे किए जा चुके हैं और शेष कार्यों पर तेजी से काम जारी है। वहीं, बजट 2026-27 में इस अभियान के तृतीय चरण के तहत 2 हजार 500 करोड़ रुपए की लागत से 5 हजार गांवों में 1 लाख 10 हजार कार्य करवाने की घोषणा की गई है। जनकल्याण के लिए चलाए जा रहे 'मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0' में जनभागीदारी के लिए ग्राम पंचायतों की सक्रिय भूमिका तय की गई है। कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए ग्राम स्तर पर निगरानी समितियों का गठन किया है। स्वयंसेवी संगठनों के साथ सीएसआर के तहत निजी कंपनियों का सहयोग भी लिया जा रहा है, जिससे सरकारी खर्च में भी कमी आई है। योजना को प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों जैसे जीआईएस आधारित मैपिंग, ड्रोन सर्वे, जल संरचनाओं के डिजिटल रिकॉर्ड का उपयोग किया जा रहा है, जिससे योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और सतत निगरानी सुनिश्चित हुई है। वहीं, इस अभियान के जल जीवन मिशन, कर्मभूमि से मातृभूमि जैसी अन्य योजनाओं से समन्वय के कारण संसाधनों का बेहतर उपयोग और व्यापक प्रभाव सुनिश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के अनुरूप 'मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0' एक दूरदर्शी और प्रभावी पहल है, जिससे जल संकट का धीरे-धीरे समाधान हो रहा है, तथा ग्रामीण विकास, कृषि उन्नति और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। श्री शर्मा के नेतृत्व में किए जा रहे नवाचारों से आने वाले समय में राजस्थान जल संकट से उबरकर एक आदर्श मॉडल के रूप में उभरकर सामने आएगा।

मणिपुर सीएम ने शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिरीबाम को मॉडल जिला के रूप में किया जाएगा विकसित

अर्थ प्रकाश/इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनम खेमचंद सिंह ने रविवार को एक बार फिर कहा कि राज्य में भाजपा सरकार का सबसे बड़ा लक्ष्य शांति और आपसी सौहार्द को बहाल करना है। मुख्यमंत्री इस समय तीन दिन के दौरे पर जिरीबाम जिले में हैं, जो अलग-अलग समुदायों की आबादी वाला इलाका है और दक्षिण असम की सीमा से लगा हुआ है। उन्होंने घोषणा की कि जिरीबाम को एक मॉडल जिले के रूप में विकसित किया जाएगा। जिरीबाम में प्रस्तावित इंटर स्टेट ट्रक टर्मिनस स्थल पर मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शांति स्थापित करने के प्रयासों में इस जिले की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि जिरीबाम पहला ऐसा ज़िला बनकर उभरा है, जहां 3 मई, 2023 को शुरू हुए अभूतपूर्व जातीय संकट के बाद सभी समुदायों के लोग एक साथ इकट्ठा हुए और उन्होंने मिलकर भोजन किया। मुख्यमंत्री ने इस घटना को एक यादगार उपलब्धि बताते हुए कहा कि ट्रक टर्मिनस स्थल पर पर्यटन की संभावनाओं को भी देखा जाएगा। इसके लिए नगर योजना विभाग से सलाह ली जाएगी, क्योंकि इस क्षेत्र में पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने फिर दोहराया कि अलग-अलग समुदायों के बीच संबंध मजबूत करना और स्थाई शांति स्थापित करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। अपने दौरे के दौरान उन्होंने जिरीबाम वन प्रभाग द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और खुद पौधे लगाए। इस दौरान कई भाजपा विधायक और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इससे पहले शनिवार को, राज्य भाजपा अध्यक्ष अधिकारिमायुम शारदा देवी और पार्टी के नौ विधायकों के साथ, मुख्यमंत्री ने जिले की अपनी दूसरी यात्रा की। प्रतिनिधिमंडल ने इंफाल से जिरीबाम तक राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के रास्ते सड़क मार्ग से 220 किलोमीटर से अधिक की यात्रा की, और यह सफर लगभग छह घंटे में पूरा किया।

मोरनी में नि:शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित, भाजपा स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाने की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं संग बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कालका जग्गी
मोरनी क्षेत्र के गांव शेरला स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पंडित केदार नाथ शर्मा हॉस्पिटल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक विशाल नि:शुल्क मेडिकल कैंप एवं रक्त जाँच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

इस अवसर पर कालका विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने शिविर में आए लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं तथा कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। कई परिवार आर्थिक कारणों से समय पर स्वास्थ्य जांच नहीं करवा पाते, ऐसे में इस तरह की पहल उन्हें बड़ी राहत प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करवाना

उनकी प्राथमिकता है तथा जनसेवा के ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

कैंप में कुल 235 से अधिक मरीजों का पंजीकरण हुआ, जिनमें 68 सामान्य रोग, 63 हड्डी रोग, 56 नेत्र रोग के मरीज शामिल रहे, वहीं 48 लोगों की नि:शुल्क रक्त जाँच की गई। इसके अतिरिक्त मरीजों को आवश्यक दवाइयाँ भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान हैप्पी कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं फैमिली आईडी से संबंधित समस्याओं का समाधान भी मौके पर ही किया गया तथा नए कार्ड भी बनाए गए। इस दौरान सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. मुनेंद्र सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुणाल वर्मा एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आयुषी ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया। इसके उपरांत मोरनी मंडल के भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए भाजपा स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाने की तैयारियों को लेकर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी जी के मार्गदर्शन में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाएं।

विधायक शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की असली शक्ति हैं। स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि संगठन के प्रति समर्पण को पुनः संकल्पित करने का अवसर है। यह संगठन लाखों-करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और समर्पण से बना है। उन्होंने बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सभी को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

उपलब्धियां बताने के बजाय बेबुनियाद आरोप लगा रहे पलानीस्वामी : सीएम स्टालिन

अर्थ प्रकाश/विरुधुनगर। तमिलनाडु में चुनावी माहौल के बीच मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को विरुधुनगर के पास चथिरारेड्डियापट्टी में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस (एसपीए) के उम्मीदवारों का परिचय कराया और विपक्ष के नेता पलानीस्वामी पर जमकर निशाना साधा। सभा को संबोधित करते हुए सीएम स्टालिन ने गठबंधन की एकजुटता और मजबूती का जिक्र किया और विश्वास जताया कि इस क्षेत्र में उनकी बड़ी जीत होगी। उन्होंने खास तौर पर तिरुचुली सीट का जिक्र करते हुए कहा कि डीएमके उम्मीदवार और राज्य मंत्री थंगम थेनारासु के खिलाफ विपक्षी उम्मीदवार चुनाव लड़ने से हिचक रहे हैं। उन्होंने इसे मंत्री के मजबूत जनाधार और कामकाज का प्रमाण बताया। अपने भाषण में सीएम स्टालिन ने डीएमडीके उम्मीदवार विजय प्रभाकरन को 'भाई' कहकर संबोधित किया, जिससे चुनावी मुकाबले के बीच एक अलग राजनीतिक संकेत भी देखने को मिला। उनका मुख्य फोकस एआईएडीएमके और उसके नेतृत्व की आलोचना पर रहा। मुख्यमंत्री स्टालिन ने पलानीस्वामी पर आरोप लगाया कि वे अपनी उपलब्धियां बताने के बजाय बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीएमके सरकार की योजनाएं, खासकर गृहिणियों के लिए शुरू की गई कूपन योजना जनता के बीच काफी लोकप्रिय हो रही है। इस योजना के जरिए लोग अपनी जरूरत के अनुसार जरूरी सामान खरीद पा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जनता इस योजना से खुश है, लेकिन पलानीस्वामी शायद इसलिए नाराज हैं, क्योंकि इसमें किसी तरह के कमीशन की गुंजाइश नहीं है।' मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि सरकारी कर्मचारी आगामी चुनाव में एआईएडीएमके का समर्थन नहीं करेंगे, क्योंकि उनका भरोसा डीएमके सरकार पर है। उन्होंने पलानीस्वामी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि पर की गई टिप्पणियों को भ्रामक और अपमानजनक बताया। सीएम स्टालिन ने यह भी साफ किया कि चेन्नई के मरीना बीच पर के. कामराज और जानकी रामचंद्रन जैसे नेताओं के स्मारकों को जगह न देने के आरोप गलत हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कामराज के निधन पर करुणानिधि ने 'एक बेटे की तरह' अंतिम सम्मान दिया था, जो डीएमके की परंपरा को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री योगी ने भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारम्भ किया

रामायण महाभारत हमारी सांस्कृतिक प्रवाह का हिस्सा - योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन व दो प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कलाविदों व पूर्व छात्रों का सम्मान किया और रंगमंच पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय रचित उपन्यास आनंदमठ की नाट्य प्रस्तुति भी देखी।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण होता है। वह समाज की दिशा तय करती है। रंग मंच वही जहां भावनाएं शब्द बनती हैं और वह शब्द अभिनय बनते हैं। यही अभिनय

जनचेतना बनकर समाज को दिशा देते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामायण महाभारत हमारी सांस्कृतिक प्रवाह का हिस्सा है हर भारतीय परिवार इसे जीवन का हिस्सा बनाता था। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने नाटकों के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ाने का काम किया। भाषा के लिए काम किया। सच बोलने और करने का साहस नाटकों के माध्यम से किया। भारत की सनातन संस्कृति को बचाने के लिए, मातृभाषा के लिए हिन्दी के लिए, खड़ी बोली के लिए उनका योगदान अतुलनीय है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वोटबैंक पर असर न पड़े इसके लिए महाराजा सूहेलदेव,महाराजा बिजली पासी व रानी लक्ष्मीबाई का नाम नहीं लेते थे। हम अपने नायकों को सम्मान देने से परहेज करते रहे। यही कारण रहा कि पहले हमारे संस्थानों पर माफियाओं को हीरो के रूप में दिखाया जाता था। पहले की सरकार कमजोर थी। सालार मसूद एक माफिया था। महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांता को मारा%% एक हजार साल बाद हम महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक बना सके। संस्कृति पर प्रहार बर्दाश्त नहीं। खलनायकों ने जिन्होंने भारत की संस्कृति को रौंदने का काम किया उन्हें सम्मान नहीं मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गायन, वादन, नृत्य के लिए उत्तर प्रदेश बहुत समृद्ध रहा है। लोककला को आगे बढ़ाने का काम होना चाहिए। महाराजा सूहेलदेव, महाराजा बिजली पासी, महारानी लक्ष्मीबाई के बारे में नायकों व वीरांगनाओं के बारे में लघु नाटक बनाएं। स्कूलों में बच्चों के सामने राष्ट्रभक्ति से जुड़े नाटक का मंचन करायें। इसके लिए संस्कृति विभाग आगे आये। इसके पहले भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री के हाथों इन्हें मिला सम्मान

किरण बिसारिया, लखीमपुर खीरी,पद्मश्री रामगोपाल बजाज, नई दिल्ली,पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी, लखनऊ,प्रो. अजय मलकानी, रांची,रविशंकर खरे, गोरखपुर,चित्रा मोहन, प्रयागराज,मंजू ब्रजनंदन शर्मा सहारनपुर,मुनीश सप्पल मुंबई,डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी प्रयागराज,डॉ. अजीत सैगल, वाराणसी,राकेश निगम, लखनऊ, प्रमोद सिंह राणा, आगरा, आलोक पांडेय, शाहजहांपुर, कुशल दुबे, जौनपुर,राकेश पांडेय, भदोही. इस अवसर पर संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, भातखण्डे विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह,भाजपा के राज्यसभा सदस्य डा.दिनेश शर्मा, विधायक योगेश शुक्ला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जीसीसी स्कूल ने फाइनेंस एजुकेशन का भविष्य बनाने के लिए चंडीगढ़ और अंबाला के एजुकेशन लीडर्स को एक साथ लाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

जे के बत्ता - न्यू- चण्डीगढ- खरड़
जीसीसी स्कूल ने चंडीगढ़ और अंबाला में बहुत इंतज़ार किए जा रहे 'एजुकेशन लीडर्स से मिलें' इवेंट्स को सफलतापूर्वक होस्ट किया, जिसमें जाने-माने एजुकेशनिस्ट, इंडस्ट्री के अनुभवी लोग और फाइनेंस प्रोफेशनल्स को फाइनेंस एजुकेशन के भविष्य पर एक दिलचस्प और जानकारी भरी बातचीत के लिए एक साथ लाया गया। होटल माउंटव्यू, चंडीगढ़ और रमाडा एनकोर, अंबाला शहर में दो दिनों तक चले इन इवेंट्स में चंडीगढ़ और अंबाला के शिक्षकों और युवा प्रोफेशनल्स ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और यह नॉलेज एक्सचेंज और नेटवर्किंग के लिए एक शानदार प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा। इन इवेंट्स में अंबाला और चंडीगढ़ के कई जाने-माने एजुकेशनिस्ट, इंडस्ट्री के अनुभवी लोग और इंस्टीट्यूशनल रिप्रेजेंटेटिव शामिल हुए। खास मेहमानों में द लॉ क्राउन इंस्टीट्यूट, देव समाज कॉलेज, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, आर्य कॉलेज (अंबाला), आर्य कॉलेज, चंडीगढ़ विद्या ज्योति इंस्टीट्यूट, खालसा कॉलेज, सुमन कॉलेज, एस.डी. कॉलेज (अंबाला कैंट), आर्य कन्या कॉलेज (शाहबाद मारकंडा), एसजीएचएस कॉलेज (कैथल), सीएमके . नेशनल पीजी कॉलेज, सीएमएस कॉलेज, सीएमके कॉलेज (अंबाला कैंट), एमएम कॉलेज (शाहबाद), और विद्यावती कॉलेज, वगैरह, जिन्होंने अपनी कीमती जानकारी और नज़रिया शेयर करके बातचीत में अच्छा योगदान दिया। उनके शामिल होने से बातचीत में काफी गहराई आई और फाइनेंशियल एजुकेशन के भविष्य को बेहतर बनाने और इंडस्ट्री-एकेडेमिया पार्टनरशिप को मजबूत करने पर फोकस करने वाला एक मिलकर काम करने वाला माहौल बना। इस सेशन को प्रो. (डॉ.) मनप्रीत सिंह मन्ना ने संबोधित किया और केसी ग्लोबीड और जीसीसी स्कूल के फाउंडर और सीईओ डॉ. कमल छाबड़ा जाने-माने स्पीकर्स में से थे। लीडर्स ने नए ज़माने की एजुकेशन के असर और दुनिया भर में काबिल फाइनेंस प्रोफेशनल्स को डेवलप करने में जीसीसी स्कूल की अहम भूमिका पर अपने नज़रिए शेयर किए। ऑडियंस को संबोधित करते हुए, जीसीसी स्कूल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, प्रो. (डॉ.) मनप्रीत सिंह मन्ना ने इंडस्ट्री की मांगों के साथ एकेडमिक फ्रेमवर्क को अलाइन करने की बढ़ती ज़रूरत पर ज़ोर दिया, और बताया कि बदलते फाइनेंशियल माहौल के लिए स्टूडेंट्स को तैयार करने में एक्सपीरिएंशियल लर्निंग और ग्लोबल एक्सपोजर बहुत ज़रूरी हैं। डॉ. कमल छाबड़ा, फाउंडर और सीईओ , केसी ग्लोबीड और जीसीसी स्कूल, कमल छाबड़ा ने कहा, ÷ जीसीसी स्कूल में, हमारा फोकस ऐईआईऐपी जैसे स्पेशल प्रोग्राम के ज़रिए एक सिंपल कॉमर्स ग्रेजुएट को फ्यूचर के लिए तैयार प्रोफेशनल के तौर पर तैयार करना है, जिसके लिए स्टूडेंट्स नेशनल फाइनेंस एंट्रेंस टेस्ट (नीट) के ज़रिए एडमिशन ले सकते हैं। ये कोशिशें एकेडमिक एजुकेशन और इंडस्ट्री की उम्मीदों के बीच के गैप को कम करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। नेशनल और ग्लोबल सर्टिफ़िकेशन, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और रियल-वर्ल्ड एक्सपोज़र को मिलाकर, हम अपने

स्टूडेंट्स को सही स्किल्स और माइंडसेट के साथ भारत की बीग 4 फर्मों और लीडिंग एमएनसी में कॉन्फिडेंस के साथ कदम रखने में काबिल बनाते हैं और चुने हुए कैंडिडेट्स को 10 एलपीऐ से शुरू होने वाले पैकेज के साथ अच्छे करियर के मौके देते हैं। यह प्रोग्राम ÷फ्यूचर वर्कफ़ोर्स - फाइनेंस प्रोफेशनल्स को बेहतर बनाने पर नए ज़माने की लर्निंग का असर÷ थीम से जुड़ा था, जिसका मकसद इंडस्ट्री की थ्योरेटिकल एजुकेशन और प्रैक्टिकल ज़रूरतों के बीच के गैप को कम करना था। फोकस रुकावटों को दूर करने पर था। गेस्ट्स ने चर्चाओं में एक्टिवली हिस्सा लिया, आइडिया शेयर किए और ग्लोबल फाइनेंस सेक्टर में करियर में आगे बढ़ने के मौके तलाशने में मिलकर काम किया।

आईपीएल 2026: सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर लखनऊ सुपर जाएंट्स ने दर्ज की जीत, ऋषभ पंत की बेहतरीन पारी

हैदराबाद (एजेंसी)। आईपीएल 2026 का 10वां लीग मैच सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेला गया। जिसे लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 1 गेंद शेष रहते हुए 5 विकेट से अपने नाम किया। ये मुकाबला आखिरी ओवर तक रोमांचक रहा। इस दौरान लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने दमदार अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और आवेश खान ने 2-2 विकेट अपने नाम किए।

वहीं टॉस गंवा कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने हेनरिक क्लासेन और नितीश कुमार रेड्डी के अर्धशतकों के दम पर 156 रन बनाए। जिसके जवाब में लखनऊ ने 5 विकेट खोकर 19.5 ओवर में 157 रनों का टारगेट चेज कर लिया। इस दौरान पंत ने 68 रन बनाकर नाबाद लौटे।

इस दौरान एडेन मार्करम और मिचेल मार्श की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की। मार्श ने 12 गेंदों पर 14 रन बनाकर आउट हुए वहीं मार्करम ने 27 गेंदों पर 45 रन का योगदान दिया। उन्होंने 6 और 2 छक्के जड़े। आयुष बडोनी 12 रन बनाकर आउट हुए वहीं निकोलस पूरन एन रन बनाकर रनआउट हो गए। पंत ने 50 गेंदों पर नाबाद 68 रन बनाए। उन्होंने चौका जडकर टीम को पहली जीत दिलाई। पंत ने अपनी मैच विनिंग पारी में 9 चौके लगाए।

इससे पहले शमी के करिश्माई स्पैल के बाद हेनरिक क्लासेन और नीतिश कुमार रेड्डी की आक्रामक शतकीय साझेदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 9 विकेट पर 156 रन बनाए। शुरुआती 10 ओवर में 35 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही हैदराबाद के लिए क्लासेन और नीतिश रेड्डी ने आक्रमण ही सर्वश्रेष्ठ बचाव की रणनीति पर अमल किया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 63 गेंदों में 116 रन की रिकॉर्ड साझेदारी के दौरान सात छक्के जड़े। दोनों के जल्दी- जल्दी आउट होते ही लखनऊ ने मैच पर फिर से पकड़ बना ली और मेजबान टीम को 160 रन से नीचे रोकने में सफलता हासिल की।

एक दिवसीय वर्ल्ड कप 2027 पर हार्दिक पांड्या की नजर

– 10 ओवर गेंदबाजी के लिए कर रहे खास तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अभी से वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पांड्या ने चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट को स्पष्ट कर दिया है कि वह 2027 विश्व कप का हिस्सा बनना चाहते हैं। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए वह पिछले कुछ महीनों से अपनी गेंदबाजी पर खास काम कर रहे हैं। टीम मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स की सबसे बड़ी शर्त यह है कि पांड्या वनडे क्रिकेट में जरूरत पड़ने पर पूरे 10 ओवर गेंदबाजी करने के लिए पूरी तरह फिट रहें। हालांकि हर मैच में उनसे पूरा स्पेल नहीं कराया जाएगा, लेकिन टीम को जब जरूरत हो, तब वह यह जिम्मेदारी निभा सकें। यही कारण है कि पांड्या अपनी फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

इस दिशा में उनकी प्रगति का संकेत विजय हजारे ट्रॉफी में देखने को मिला, जहां उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ मुकाबले में पूरे 10 ओवर गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। इस प्रदर्शन ने यह साफ कर दिया कि वह लंबा स्पेल डालने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्हें इसी वजह से शामिल नहीं किया गया था क्योंकि तब वह 10 ओवर गेंदबाजी के लिए पूरी तरह फिट नहीं माने गए थे। वर्ल्ड कप 2027 दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा, जहां की पिचें तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती हैं। ऐसे में हार्दिक पांड्या जैसे सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर की भूमिका टीम के लिए बेहद अहम हो सकती है। हालांकि, चयनकर्ता उनकी फिटनेस को लेकर सतर्क हैं, क्योंकि वह पहले भी चोट के कारण लंबे समय तक टीम से बाहर रह चुके हैं।

पांड्या के बैकअप के तौर पर चयनकर्ताओं की नजर नितीश कुमार रेड्डी पर भी बनी हुई है। उन्होंने भी घरेलू क्रिकेट में अपनी गेंदबाजी पर काम किया है और वर्कलोड बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। अगर पांड्या के पिछले रिकॉर्ड पर नजर डालें, तो 2018 में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर उन्होंने 6 वनडे मैचों में 44 ओवर गेंदबाजी कर 4 विकेट लिए थे और उनका इकॉनमी रेट 4.90 रहा था। हालांकि बल्लेबाजी में वह ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके थे। कुल मिलाकर, हार्दिक पांड्या का फोकस साफ है फिटनेस, निरंतरता और ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर वह 2027 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के लिए अहम भूमिका निभाना चाहते हैं।

ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में समीर, बिश्नोई शीर्ष पर पहुंचे

मुम्बई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के अब तक हुए मुकाबलों के बाद सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप के लिए दावेदार सामने आये हैं। आईपीएल में अबतक 9 मुकाबलों के बाद आरेंज कैप की दौड़ में दिल्ली कैपिटल्स के समीर रिजरी शीर्ष पर पहुच गये हैं। उनके पीछे ईशान किशन और रोहित शर्मा के अलावा आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी भी हैं। वहीं पर्पल कैप की दौड़ में रवि बिश्नोई पहले नंबर पर है उनके पीछे विजयकुमार वैशाक, टी नटराजन, लुंगी एनगिडी, जयदेव उनादकट और प्रसिद्ध कृष्णा हैं।

पिछले सीजन के पर्पल कैप विजेता प्रसिद्ध कृष्णा ने इस बार भी बेहतर प्रदर्शन कर दौड़ में अपने को बरकरार रख हैं। इस बार समीर और आयुष जैसे नये खिलाड़ी भी पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं।

ऑरेंज कैप के पहले नंबर के दावेदार

समीर ने 2 मैचों में 160 रन बनाए हैं, दोनों मुकाबलों में अर्धशतक लगाय है। वे जाहिर तौर पर ऑरेंज कैप के बड़े दावेदार दिख रहे हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के रोहित ने एक अर्धशतक सहित113 रन बनाए लिए हैं। वहीं केकेआर के अंगकृष रघुवंशी ने अब तक दोनों मैचों में अर्धशतक लगाते हुए कुल 103 रन बना लिए हैं। पंजाब किंग्स के कूपर कॉनोली ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी कर 108 रन बनाये हैं।

वहीं पर्पल कैप की बात करें तो रवि विश्नोई के पांच विकेट है और वह सबसे आगे हैं। प्रसिद्ध कृष्णा 4 विकेट के साथ ही दूसरे नंबर पर हैं।

आईपीएल में आज होगा केकेआर और पंजाब किंग्स का मुकाबला

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम सोमवार को आईपीएल में अपने तीसरे मुकाबले मे पंजाब किंग्स के खिलाफ ईडन गार्डन में जीत की उम्मीद से उतरेगी। केकेआर का लक्ष्य किसी प्रकार ये मैच जीतकर अपना खाता खोलना रहेगा। 2024 की विजेता केकेआर के लिए अब तक का सत्र बेहद खराब रहा है और उसे अपने दोनो ही मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पहले मैच में उसे मुम्बई इंडियंस जबकि दूसरे मैच में सनराइजर्स से हार का सामना करना पड़ा है। इससे टीम पर काफी दबाव है। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स अपने शुरुआती दोनो मैच जीतकर उत्साह से भरी है उसने पहले मैच में गुजरात टाइटंस और दूसरे मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स को हराया था। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो केकेआर और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल में कड़ी टक्कर हुई है, जिसमें कुल 35 मैचों में से केकेआर ने 21 और पंजाब ने 13 मैच जीते हैं पर ईडन में केकेआर हावी रही है उसने यहां 14 में से 9 मैच जीते हैं। केकेआर की कप्तानी आजिंक्य रहाणे जबकि पंजाब की श्रेयस अय्यर कर रहे हैं।

केकेआर की गेंदबाजी इस बार कमजोर है। उसे हर्षित राणा, आकाश दीप और मथीशा पथिराना जैसे तेज गेंदबाजों के बिना उतरना पड़ रहा है। इसके अलावा उसके कप्तान रहाणे की रणनीति भी अबतक विफल रही है। कप्तान के तौर पर रहाणे ने सबसे अधिक रन बनोय हैं पर वह टीम को प्रेरित नहीं कर पाये हैं। टीम के अन्य बल्लेबाजी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। फिन एलेन, टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र जैसे बल्लेबाजों का भी केकेआर सही तरीके से प्रयोग नहीं कर पायी है। अब तक केवल सिर्फ एलेन को मौका मिला है जबकि सीफर्ट और स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रविंद्र अबक अंतिम ग्यारह से बाहर हैं। केकेआर के सुनील नारायण भी इस बार प्रभावित नहीं कर पाये। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन केवल बल्लेबाजी ही कर रहे है और गेंदबाजी नहीं कर रहे जिसका नुकसान कभी केकेआर को हो रहा है। इसके अलावा रोवमैन पावेल को भी अंतिम ग्यारह में अब तक अवसर नहीं मिला है। टीम के लिए राहत की बात ये है कि युवा कार्तिक त्यागी और युवा अंगकृष रघुवंशी का प्रदर्शन अच्छा रहा है पर इसके बाद भी टीम की बल्लेबाजी बेहद सामान्य रही है। रहाणे के सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरने से भी कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। पांचवें नंबर के बाद बल्लेबाज क्रम कमजोर हुआ है। अपने मैच में केकेआर टीम सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 16 ओवर में 161 रन ही बना पायी निचले मध्य क्रम में रमनदीप सिंह और अनुकूल रॉय भी विफल रहे हैं। दूसरी ओर श्रेयस की कप्तानी में पंजाब के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। युवा कूपर कोनोली ने दो मैच में 108 रन बनाकर तीसरे नंबर पर प्रभावित किया है जबकि प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने भी टीम को अच्छी शुरुआत दी है। अय्यर ने बीच के ओवरों में अच्छीसाथ बल्लेबाजी की है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो अर्शदीप सिंह, मार्को यानसेन और विजयकुमार वैशाख के होने से गेंदबाजी बेहतर हुई है। स्पिन की कमान लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल संभालेंगे। कुल मिलाकर इस मैच में देखा जाये तो पंजाब का पलड़ा भारी है और वह अपने जीत के सिलसिले को बरकरार रखने उतरेगी।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

कोलकाता नाइट राइडर्स : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), फिन एलेन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पावेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रविंद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाख, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पायला अविनाश और शशांक सिंह।

सूर्यकुमार ने हार पर निराशा जतायी , हम 15 से 20 रन कम बना पाये

नई दिल्ली । सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस को आईपीएल के दूसरे ही मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली हार पर निराशा जताया है । नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के फिट नहीं होने के कारण सूर्या ने इस मैच में टीम की कप्तानी की थी । सूर्या के अनुसार इस मैच में उनकी टीम अगर 15 से 20 रन और बनाती तो परिणाम कुछ और होता । सूर्यकुमार ने कहा, जब आप पहले बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो कितना स्कोर पर्याप्त रहेगा ।इस बारे में नहीं जान सकते हैं । आप बस बल्लेबाजी करते रहते हैं ।बाद में अंदाजा आया कि 180 से 185 एक अच्छा स्कोर होता ।हम 15 से 20 रन पीछे रह गए ।जहां तक विकेट की बात है वह ठीक था ।फिर भी बल्लेबाजी को देखें हम 15-20 रन पीछे रह गए ।हालांकि गेंदबाजों से अपनी भूमिका ठीक से निभाई ।सूर्यकुमार ने इस मैच में 51 रन बनाये पर इसके बाद भी उनकी टीम 6 विकेट पर 162 रन ही बना पायी ।नमन ने भी 21 गेंदों में 28 रन बनाये । मुम्बई की बल्लेबाजी को लेकर सूर्यकुमार ने कहा, मैं और नमन, हम दोनों गलत समय पर आउट हो गए, अगर ऐसे नहीं होते तो हम औसत से अधिक स्कोर बना देते। साथ ही कहा कि ऐसा भी होता है जब प्रयास के बाद भी सफलता नहीं मिलती ।

शुभमन के अगले मैच तक फिट होने की संभावना : पार्थिव पटेल

मुम्बई । गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल के अनुसार कप्तान शुभमन गिल के अगले मैच में खेलने की काफी संभावनाएं हैं । शुभमन चोटिल होने के कारण राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच से बाहर रहे थे ।इस मैच में टीम को उनकी कमी खली थी ।इसी कारण प्रशंसक उम्मीद कर रहे हैं कि शुभमन अगले मैच तक फिट हो जाएंगे । इसी को लेकर पार्थिव ने कहा, इंजरी मैनेजमेंट के बारे में मुझे जानकारी नहीं है पर मैं इतना जरूर कह सकता हूं कि वह ठीक हो जाएंगे ।इससे अंदाजा होता है कि कि शुभमन की चोट अधिक गंभीर नहीं है ।पार्थिव ने कहा कि शुभमन को कुछ दिन पहले ही मांसपेशियों में खिंचाव आया था ।जिसके कारण उन्हें पिछले मैच में जगह नहीं दी गयी थी ।उन्होंने कहा, उन्हें पहले गर्दन में मोच आई थी और कुछ दिन पहले मांसपेखी में खिंचाव आया था ।हमें उम्मीद है कि वह अगले मैच तक फिट हो जाएंगे ।यह चोट ज्यादा गंभीर नहीं लग रही है ।टीम प्रबंधन उनकी फिटनेस पर नजर रख रहे हैं ।गिल के बाहर होने से पिछले मैच में टीम की कप्तानी राशिद खान ने संभाली थी पर वह टीम को जीत नहीं दिला पाये ।वहीं मैच के बाद राशिद ने भी शुभमन की फिटनेस को लेकर कहा, वह ठीक हैं ।उम्मीद है कि अगले मैच तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे ।उन्हें केवल मांसपेशी में खिंचाव है ।इसलिए उम्मीद है कि वह जल्द वापसी करेंगे ।शुभमन जैसे बेहतरीन बल्लेबाज के होने से टीम बड़ा स्कोर बना सकती है ।गुजरात टाइटंस का अगला मैच 8 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से होगा ।गुजरात की टीम अभी तक दोनों मैच हार चुकी है, जबकि दिल्ली ने अपने दोनों मैच जीते हैं ।ऐसे में टीम को जीत की राह पर लौटने के लिए शुभमन की वापसी बेहद जरूरी मानी जा रही है ।

आईपीएल 2026: 'अब टी20 में फिनिशर जैसी कोई भूमिका नहीं', स्टीफन फ्लेमिंग का बड़ा बयान



चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि आधुनिक टी20 क्रिकेट में पारंपरिक फिनिशर की भूमिका अब पहले जैसी अहम नहीं रह गई है। उनका कहना है कि आज के खेल में बल्लेबाज शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हैं, जिससे मैच का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि अब टी20 क्रिकेट में हर बल्लेबाज पहली ही गेंद से बड़े शॉट खेलने की कोशिश करता है। पहले जहां टीमें 15-16 ओवर तक पारी को संभालकर खेलती थीं और अंत में तेजी लाती थीं, अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में शुरुआत से ही 10-12 रन प्रति ओवर की दर बनाए रखना जरूरी हो गया है, इसलिए टीमों को ऐसे बल्लेबाजों की जरूरत है जो पूरे मैच में आक्रामक खेल सकें।

सीएसके की टीम संरचना पर बात करते हुए फ्लेमिंग ने माना कि टीम में टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों की संख्या ज्यादा है, जिससे मिडिल और लोअर ऑर्डर में पारंपरिक फिनिशर की कमी महसूस हो सकती है। हालांकि उन्होंने भरोसा जताया कि टीम के पास पर्याप्त बल्लेबाजी ताकत मौजूद है। उन्होंने बताया कि डेवाल्ड ब्रेविस चोट के कारण बाहर हैं, जबकि महेंद्र सिंह धोनी भी फिट नहीं हैं। इन दोनों की अनुपस्थिति टीम के संतुलन को प्रभावित कर रही है। फ्लेमिंग ने संजू सैमसन का भी समर्थन किया, जो शुरुआती मुकाबलों में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि सैमसन नेट्स में अच्छा अभ्यास कर रहे हैं और जब वह फॉर्म में आते हैं तो मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। इसलिए उनके खराब प्रदर्शन को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।

कोच ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बल्लेबाजों के पक्ष में झुक गया है। उनका मानना है कि इस नियम ने मैच की गति और रणनीति दोनों को प्रभावित किया है, जिससे गेंदबाजों के लिए चुनौती बढ़ गई है। वहीं, पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य की तेज पारी की भी चर्चा रही। इस पर उनके साथी शशांक सिंह ने कहा कि प्रियांश मानसिक रूप से बेहद मजबूत खिलाड़ी हैं और अपनी भूमिका को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने कम उम्र में जिस तरह की परिपक्वता दिखाई है, वह काबिल-ए-तारीफ है। कुल मिलाकर, फ्लेमिंग का मानना है कि टी20 क्रिकेट का नया दौर पूरी तरह आक्रामक बल्लेबाजी का है, जहां हर खिलाड़ी को शुरुआत से अंत तक तेज रन बनाने की जिम्मेदारी निभानी होती है।

हेनरिच क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी से किया इनकार

नई दिल्ली । दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की संभावनाओं को खत्म करते हुए साफ कर दिया है कि वह अब दोबारा राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलेंगे ।34 वर्षीय क्लासेन ने यह फैसला अपने परिवार को प्राथमिकता देने के कारण लिया है ।गौरतलब है कि केंद्रीय अनुबंध नहीं मिलने के बाद उन्होंने पिछले साल जून में क्रिकेट के सभी अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और तब से वह दुनियाभर की टी20 लीग में सक्रिय हैं ।हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग से जुड़े एक वीडियो में क्लासेन ने नीतिश कुमार रेड्डी के साथ बातचीत के दौरान अपने फैसले का खुलासा किया ।उन्होंने बताया कि वापसी को लेकर उन्होंने करीब दो हफ्तों तक गंभीरता से विचार किया, लेकिन अंतत : यह तय किया कि अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटना सही नहीं होगा ।क्लासेन ने स्वीकार किया कि टी20 विश्व कप के दौरान अपने साथियों को अच्छा प्रदर्शन करते देख उनके मन में वापसी का विचार जरूर आया था ।उन्होंने कहा कि उस समय उन्हें महसूस हुआ कि वह टीम का हिस्सा क्यों नहीं हैं और उन्होंने दोबारा खेलने की इच्छा भी जताई थी ।इस दौरान उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान एडन मार्करम से भी बातचीत की थी ।हालांकि, क्लासेन ने बताया कि बातचीत के बाद भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई और विश्व कप के बाद उन्हें यह एहसास हुआ कि उनकी वापसी की संभावना कम है ।इसके चलते उन्होंने दोबारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट न खेलने का अंतिम निर्णय ले लिया ।बता दें कि क्लासेन ने 2024 में ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था और अब वह पूरी तरह से फ्रेंचाइजी क्रिकेट पर फोकस कर रहे हैं ।उनका यह फैसला दिखाता है कि आधुनिक क्रिकेट में खिलाड़ी अपने करियर और निजी जीवन के बीच संतुलन को कितना महत्व देने लगे हैं ।

मेसी और सुआरेज के गोल से इंटर मियामी ने ऑस्टिन एफसी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला

नई दिल्ली ।इंटर मियामी सीएफ ने 5 अप्रैल को मियामी के बीचों-बीच बने अपने नए और आधुनिक स्टेडियम में ऐतिहासिक होम ओपनर खेला ।इंटर मियामी का मुकाबला ऑस्टिन एफसी से था। मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच की शुरुआत में ऑस्टिन एफसी ने आक्रामक रुख अपनाते हुए छठे मिनट में बढ़त हासिल कर ली। गुइलहर्मे बिरो ने शानदार गोल दागकर मेहमान टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि, इंटर मियामी ने जल्द ही वापसी की। टीम के कप्तान लियोनल मेसी ने बॉक्स के अंदर से बेहतरीन हेडर लगाकर क्लब का पहला ऐतिहासिक गोल किया और स्कोर 1-1 कर दिया। यह इस एमएलएस सीजन में मेसी का पहला गोल भी रहा। पहले हाफ के अंत तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, लेकिन दूसरे हाफ में ऑस्टिन ने 53वें मिनट में एक और गोल कर बढ़त बना ली। इससे इंटर मियामी पर दबाव बढ़ गया, लेकिन टीम ने हार नहीं मानी। मैच के अंतिम चरण में कोच जेवियर माशेरानो ने रणनीतिक बदलाव करते हुए लुइस सुआरेज को मैदान पर उतारा। सुआरेज ने कोच के भरोसे को सही साबित करते हुए 82वें मिनट में कॉर्नर के बाद शानदार गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। यह इस सीजन में उनका पहला गोल था और इसी के साथ इंटर मियामी ने अपने नए स्टेडियम में कम से कम एक अंक सुनिश्चित कर लिया। मैच के बाद माशेरानो ने स्वीकार किया कि टीम ने आखिरी 20-25 मिनट में काफी जोखिम उठाए, लेकिन घरेलू मैदान पर आक्रामक खेल दिखाना जरूरी था। उन्होंने यह भी कहा कि टीम अपने चैंपियन होने का दर्जा बनाए रखना चाहती है। पहला मैच ड्रॉ रहने के बावजूद इंटर मियामी के लिए यह एक सकारात्मक शुरुआत रही। क्लब पहले ही एमएलएस कप 2025, 2024 सपोर्टर्स शील्ड, और लीग्स कप 2023 जैसे बड़े खिताब जीत चुका है, और अब वह इस नई शुरुआत को और भी यादगार बनाने के इरादे से आगे बढ़ रहा है।

टॉमी पॉल ने टियाफो को हराकर पहले एटीपी टूर क्ले फाइनल में जगह बनाई

ह्यूसटन। टॉमी पॉल ने 5 अप्रैल को ह्यूस्टन में यूएस मेन्स क्ले कोर्ट चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में फ्रांसिस टियाफो को हराकर अपने पहले एटीपी टूर क्ले फाइनल में जगह बनाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में 7-5, 4-6, 7-6(7) से जीत हासिल की। इस जीत के साथ, पॉल ने ह्यूस्टन में एटीपी 250 इवेंट में लगातार चौथे चैंपियनशिप मैच में पहुंचने की उम्मीदों को समाप्त कर दिया। मैच लगभग दो घंटे और 45 मिनट तक चला ।मैच की शुरुआत पॉल ने बेहतरीन खेल से की और पहला सेट 7-5 से जीत लिया ।टियाफो ने दूसरे सेट में जल्दी ब्रेक लेकर मुकाबले में वापसी की और सेट 6-4 से अपने नाम किया। मैच के दौरान 90 मिनट की बारिश की देरी ने पॉल के मोमेंटम को थोड़ा बाधित किया, लेकिन उन्होंने फिर भी मजबूती दिखाते हुए ब्रेक पॉइंट बचाया और सेट को अपने पक्ष में किया। तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने कड़ा संघर्ष किया ।टियाफो ने शुरुआती ब्रेक लिया, लेकिन पॉल ने वापसी की और 4-2 से बढ़त बनाई। टियाफो ने फिर 4-4 से बराबरी कर ली, जिससे मुकाबला टाई-ब्रेक में चला गया ।टाई-ब्रेक में पॉल 6/4 से आगे थे, लेकिन टियाफो ने दो मैच पॉइंट बचाए । अंतत : चौथे सीड वाले पॉल ने अंतिम गेम में दबाव में रहते हुए रोमांचक मुकाबला अपने नाम किया ।पॉल ने मैच के बाद कहा, 'जब मुझे जरूरत थी, मैंने अच्छा खेला ।यह टियाफो के साथ एक शानदार मुकाबला था। वह हमेशा देखने में सबसे एंटरटेनिंग खिलाड़ियों में से रहे हैं । मुझे खुशी है कि हमें यह मैच यहां खेलने का मौका मिला ।' अब पॉल फाइनल में रोमन एंड्रेस बुरुचागा का सामना करेंगे । बुरुचागा ने सेमीफाइनल में अपने ही देश के खिलाड़ी थियागो अगस्टिन तिरांटे को 6-1, 6-1 से हराकर पहले एटीरी टूर फाइनल में प्रवेश किया ।

आईपीएल 2026: 'पिछला सीजन काफी खराब रहा', भारतीय स्पिनर ने खुद बताई अपनी बड़ी कमजोरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई ने अपने खराब पिछले सीजन और अपनी सबसे बड़ी कमजोरी को लेकर खुलकर बात की है। राजस्थान रॉयल्स के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद बिश्नोई ने बताया कि उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अपनी गेंदबाजी की सबसे बड़ी कमी पर काम किया, जिसका फायदा अब आईपीएल में मिल रहा है।

पिछला सीजन रहा मुश्किल

रवि बिश्नोई ने मैच के बाद कहा कि 'पिछला सीजन काफी कठिन रहा था, लेकिन मैंने अपने प्रोसेस पर भरोसा रखा।' उन्होंने कहा कि अगर उनकी लेंथ सही नहीं होती थी तो बल्लेबाज उन्हें आसानी से चौके-छक्के मार देते थे। यही उनकी सबसे बड़ी कमजोरी थी, जिस पर उन्होंने पूरे घरेलू सीजन में काम किया।

बिश्नोई ने बताया कि 'जब उनकी लेंथ सही जगह पर पड़ती है तो बल्लेबाजों के लिए रन बनाना मुश्किल हो जाता है, लेकिन जब गेंद ज्यादा फुल हो जाती है तो उन्हें मार पड़ती है।'

घरेलू क्रिकेट में किया सुधार

बिश्नोई ने बताया कि उन्होंने ऑफ सीजन और घरेलू क्रिकेट के दौरान अपनी गेंदबाजी पर काफी मेहनत की। उन्होंने मानसिक, तकनीकी और शारीरिक - तीनों पहलुओं पर काम किया, जिसका परिणाम अब देखने को मिल रहा है।

आईपीएल में शानदार वापसी

आईपीएल 2026 में रवि बिश्नोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में चार महत्वपूर्ण विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। यह गुजरात के खिलाफ किसी स्पिनर का बेहतरीन प्रदर्शन भी रहा।

LSG के लिए ऐसा रहा प्रदर्शन

रवि बिश्नोई 2022 में लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़े थे। पहले दो सीजन में उन्होंने 13 और 16 विकेट लिए, लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन गिर गया। आईपीएल 2024 में उन्होंने 14 मैच में 10 विकेट लिए, जबकि पिछले सीजन में 11 मैच में सिर्फ 9 विकेट ही ले सके और उनका इकॉनमी रेट भी काफी ज्यादा रहा।

पर्पल कैप की रेस में आगे

आईपीएल 2026 में बिश्नोई शानदार फॉर्म में हैं और दो मैचों में पांच विकेट लेकर पर्पल कैप की रेस में आगे चल रहे हैं। अब उनका अगला मुकाबला मुंबई इंडियंस के खिलाफ 7 अप्रैल को गुवाहाटी में खेला जाएगा।